# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–09–09–2025

## रिवाल्वर के बट से मारा, मुकदमा

**गोला (एसएनबी)।** जेसीबी लेकर निकल रहे व्यक्ति को गांव के ही युवकों ने रिवाल्वर सटाया और बट से मारा। गोला पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 115,(2) 352, 351 (2) 126 (2) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच कर रही है। गौर निवासी राहुल सिंह पुत्र वकील सिंह ने थाने में तहरीर दिया है कि मैं अपने परिवार के जीविकोपार्जन के लिए जेसीबी मशीन खरीदा हूं। किराए पर जेसीबी चलाकर परिवार का भरण- पोषण करता हूं। जब काम खत्म हो जाता है तो वापस पुनः अपने दरवाजे पर लाकर जेसीबी खड़ा कर देता हूं। गांव के ही शिवम सिंह पुत्र कुंवर सिंह व कुंवर सिंह पुत्र भार्गव सिंह द्वेषवश जेसीबी रोक कर मुझे गाली गुप्ता देने लगे व कहे की जेसीबी मशीन दोबारा गांव में दिखनी नहीं चाहिए। यही कहते हुए पास में रखे रिवाल्वर को निकालकर सटा दिए और उसके बट से मारकर घायल कर दिए। इस संबंध में कोतवाल राहुल शुक्ला का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे, अन्य की तलाश

**चिलुआताल (एसएनबी)।** बरगदवा में पुरानी रंजिश को लेकर सब्जी बेचने वाले युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने नामजद समेत एक अन्य की पहचान कर उनका चालान कर दिया। फरार चल रहे अभियुक्त की पुलिस तलाश कर रही है। बरगदवा निवासी राहुल चौहान ( 28 ) पुत्र लालू चौहान 6 सितम्बर की शाम लगभग 8 बजे के आसपास बरगदवा चौराहे से घर की तरफ जा रहा था। वह राज मेडिकल स्टोर्स के पास पहुंचा ही था कि बरगदवा का ही रहने वाला दीपू उर्फ संदीप चौहान अपने दो अज्ञात साथियों के साथ राहुल को घेर कर गाली देते हुये ताबड़तोड़ चाकू से वार कर अधमरा कर दिया। राहुल जान बचाने के लिए भागने लगा मगर कुछ दूर गिर कर तड़पने लगा। जानकारी पाकर पहुंचे परिजनों ने चाकू से घायल सब्जी बेचने वाले राहुल को इलाज के लिये मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था, इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। इस मामले में मृतक के भाई अशोक चौहान ने मुकदमा दर्ज कराया था। मुख्य आरोपी दीप उर्फ संदीप चौहान के हाथ से खून निकलता देख अपने अभिरक्षा में इलाज के लिये उसे भी मेडिकल कालेज भर्ती करा दिया, जहाँ उसका अभी भी इलाज चल रहा है। चिलुआताल पुलिस द्वारा घटना स्थल का सीसी टीवी फुटेज खगालने पर दूसरे सहयोगी हरिओम पुत्र रामकिसुन को दबोच लिया। अभी भी एक अन्य अभियुक्त फरार चल रहा है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।टेज के आधार पर नामजद सहित दूसरे युवक की पहचान कर जेल भेज दिया।

## तीन के खिलाफ लूट का मुकदमा

**पिपराइच (एसएनबी)।** बगैर नंबर की बाइक सवार तीन बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर मजदूर से तीन हजार रुपये लूट लिया। यही नहीं मजदूर को बदमाशों ने गालियां भी दी। इस मामले में मजदूर की तहरीर पर पिपराइच पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुलंदशहर थाना शिकारपुर के ग्राम आचरूकला निवासी रंजीत जाट जो इन दिनों पिपराइच क्षेत्र में निर्माणाधीन रिंग रोड में मजदूरी का काम करता है। सड़क का कार्य पिपराइच क्षेत्र के बेलवां में चल रहा है। चार सितम्बर की रात मोगलपुरा गांव में किराना का सामान लेने रंजीत नामक मजदूर गया था। रास्ते में बिना नम्बर प्लेट की स्पलेंडर बाइक सवार राज ,दीपक तथा विशाल निवासी मोगलपुरा ने पिस्टल दिखाकर मजदूर को रोक लिया। डरा-धमकाकर गाली देते हुए मजदूर के पास रखा तीन हजार रुपए लूट लिया। इसके बाद मजदूर को बाइक सवारों ने जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गये। पुलिस ने पीड़ित रंजीत के तहरीर पर बीती रात मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बदमाशों को दबोच लिया है। उनके पास से लूट का 1900 रुपये, एयरगन और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली है।

# झंगहा चौराहा ग्रामीणों ने किया जाम

### टावर पर लगे तिरंगा झंड़ा को फाड़ने का आरोप, दो समुदायों में बढ़ा विवाद

**गोरखपुर (एसएनबी )।** टावर पर लगे तिरंगा झंडा को फाड़ने के प्रकरण से नाराज ग्रामवासियों ने झंगहा चौराहा जाम कर दिया। वह भी लगभग तीन घंटे तक जिससे आवागमन लगभग ठप रही। ग्रामीणों का आरोप है कि झंगहा पुलिस ने इस मामले में एक पक्षीय कार्रवाई की। दूसरे पक्ष के लोगों की गिरफ्तारी अब तक क्यों नहीं हुई? इस दौरान विधायक सरवन निषाद जा पहुंचे और भीड़ को समझाया-बुझाया, तब कहीं जाकर जाम हटा।

**झंगहा प्रतिनिधि के अनुसार** शुक्रवार को ग्राम सभा झंगहा के पाण्डेय टोला में एक टावर पर राष्ट्रीय तिरंगा झंडा और दूसरे समुदाय का झंडा लगा था जिसको लेकर आपस में विवाद शुरू हुआ। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने थाने पर तहरीर दे दिया कि मेरे झंडे को नीचे झुका दिया गया। पुलिस हरकत में आयी और पांडेय टोला निवासी अमित गौंड को शांति भंग में चालान कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से नाराज झंगहा के युवकों ने आरोप लगाते हुए रविवार शाम को थाने का घेराव किया तथा तथा दूसरे समुदाय का मिली भगत होने का आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी का मांग शुरू कर दी। आरोप यह भी है कि झंगहा पुलिस ने तिरंगा झंडा फाड़ने वालों की शिकायत करने वाले को ही एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए उसी का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया। इस मामले को लेकर झंगहा थाना का घेराव लोगों ने किया। इधर झंगहा पुलिस ने दूसरे पक्ष के तीन लोगों को बुलाया और थाने पर बैठा लिया। पुनःसोमवार को सुबह भारी संख्या में लोग थाना गेट पर पहुंचे और नारेबाजी एवं गिरफ्तारी की मांग शुरू कर दी। उसके बाद झंगहा चौराहा पहुंच कर बरही-मोतीराम मार्ग को जाम कर दिया। मामले कि जानकारी होने पर विधानसभा चौरीचौरा भाजपा विधायक सरवन निषाद मौके पर पहुंच कर युवाओं को समझा-बुझा कर जाम को खुलवाया। विधायक ने कहा कि दोषियों को कठोर दण्ड मिलेगा। ऐसे कुत्सित मानसिकता के लोगों को हिन्दुस्तान में रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। इस संबंध में थानाध्यक्ष झंगहा जयंत कुमार सिंह का कहना है कि आरोपियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इधर झंगहा के निवासी दीपराज पासवान पुत्र सुग्रीव पासवान ने तहरीर देकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। झंगहा पुलिस ने टावरकर्मी सहित पांच लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था।

झंगहा पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई से आक्रोशित है ग्रामवासी, लगभग तीन घंटे तक रहा रास्ता जाम, चौरीचौरा के विधायक सरवन निषाद के समझाने पर माने ग्रामीण, तब कहीं जाकर जाम हुआ खत्म

# अतिक्रमण हटाने गई टीम से भिड़े दुकानदार, चार गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बीआरडी मेडिकल कालेज के पास गोरखपुर-महराजगंज फोरलेन पर सोमवार को निगम की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची। जिसका सर्विस लेन पर कब्जा कर दुकान चला रहे लोगों ने विरोध करते हुए फुटपाथ पर ठेले लगाकर सड़क जाम कर दिया। इस दौरान आगजनी भी करने लगे जिससे सड़क पर अफरा-तफरी मच गई।



नगर निगम की टीम ने मेडिकल चौकी पुलिस के सहयोग से बीआरडी मेडिकल कालेज गेट के पास सड़क किनारे अवैध रूप से लगी दुकानों को हटाने की कार्रवाई शुरू की थी। इसी दौरान मोगलहा स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के समीप चाय की दुकान हटाने को लेकर दुकानदारों में विवाद शुरू हो गया। इन लोगों ने ठेले लगा कर फोरलेन को जाम कर दिया। राहगीरों से भी बहस और हाथापाई की नौबत आ गई। जिसके बाद मेडिकल चौकी पुलिस ने आरोपितों को हिरासत में लेकर शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया। जिसके बाद प्रवर्तन दल ने 2500 रुपए जुर्माना वसूला और तीन ठेला, दो काउंटर और तीन मेज भी जब्त किया।

- फोरलेन पर लगाया जाम, राहगीरों से भी हुई हाथापाई
- आगजनी के बाद सड़क पर मची अफरा-तफरी

### नाले पर से हटा अतिक्रमण, जेई ने दी चेतावनी

सोमवार को शाहपुर थाना के पास हो रहे नाला और फुटपाथ को लेकर अतिक्रमण हटाने का अभियान चला। अस्थाई रूप से लगे अवैध ठेलों और दुकानों को हटाया गया। जेई अविनाश भारती से सभी को चेताया कि नाला पर दोबारा दुकान लगाने पर जुर्माना वसूल जाएगा। साथ ही नियमानुसार विधिक कार्यवाही भी की जाएगी।

# छात्रा की ट्रक की चपेट में आने से मौत, साथी फरार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** तबीयत खराब होने की बात कहकर इंटर कालेज से निकली कक्षा 9 की छात्रा महिमा की ट्रक की चपेट में आ जाने से खोराबार क्षेत्र के कड़जहां के पास मौत हो गई। साथ रहा युवक बाइक लेकर फरार हो गया। दुर्घटना में छात्रा की मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जसवल माथाबारी के पास कुछ समय के लिए ग्रामवासियों ने परिजनों संग जाम भी लगाया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थानाप्रभारी प्रभु दयाल सिंह ने लोगों को समझाया-बुझाया।

- मौत की जानकारी मिलते ही ग्रामवासियों ने लगा दिया जसवल माथाबारी सड़क पर जाम
- मृतका के परिजनों ने दी थाने में तहरीर

पीपीगंज के माथाबारी साखी की रहने वाली छात्रा सुबह पीपीगंज कस्बे में स्थित एक इन्टर कालेज में रोज की तरह क्लास करने पहुंची। कालेज पहुंच कर तबीयत खराब होने की बात कहकर कालेज से छुट्टी लेकर घर जाने के लिए निकली। बताया जाता है कि वह घर न जाक र धर्मेंद्र सहानी नामक युवक के साथ बाइक से निकल गई। वह खोराबार थाना क्षेत्र के कडजहा चौकी क्षेत्र के अमरदीप स्कूल के पास ट्रक की चपेट में आ गई जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। **जसवल बाजार एवं पीपीगंज प्रतिनिधि** के अनुसार साथ में गया युवक दुर्घटना होने के बाद वहां से भाग निकला। इधर परिजनों को जब महिमा सहानी की दुर्घटना में मौत की खबर लगी तो कोहराम मच गया। इधर खोराबार पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर सुनकर गांव की महिलाएं एवं पुरुष जसवल माथाबारी सड़क को कुछ देर के लिए जाम कर दिए।

इधर जाम की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष प्रभु दयाल सिंह ने ग्रामीणों एवं परिजनों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। बता दें कि छात्रा महिमा दो भाई एवं दो बहन में सबसे बड़ी थी। परिजनों की ओर से खोराबार थाने पर तहरीर दे दी गयी है। पोस्टमार्टम के बाद शव आने पर माहौल बिगड़ता देख गांव के पास कई थानों की पुलिस व एसपी नार्थ जितेन्द्र श्रीवास्तव मौजूद रहे और परिजनों को समझाया, तब कहीं जाकर वे शव का अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए।

## पेड़ से टकराई कार, चालक की मौत

**पाली (एसएनबी)।** सहजनवां थाना क्षेत्र के तिलौरा गांव के पास एक काले रंग की कार बीती रात 1 बजे बरगद के पेड़ से टकराकर गड्ढे मे जा गिरी। कार चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि बगल में बैठने वाला गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक अभय यादव उर्फ छोटू भीटी सहजनवां का रहने वाला है। कार चालक के बगल में बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। बताया जाता है कि बीती रात अभय अपने दोस्तों के साथ कार से नौका बिहार घुम करके वापस आ रहे था। कार को अदल-बदल के लोग चलाकर जा रहे थे। इस बीच कार अनियंत्रित होकर पेट से टकरा गई। इधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मृतक अभय के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# असलहों की खरीद-फरोख्त करने वाले पांच चढ़े हत्थे

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गश्त के दौरान रामगढ़ताल पुलिस ने असलहों की खरीद-फरोख्त करने वाले पांच शातिरों को मुठभेड़ में दबोच लिया। इनके पास से पुलिस ने दो असलहा, जिंदा व एक खोखा कारतूस, चार मोबाइल और बाइक बरामद किया। गिरफ्तार शातिरों के ऊपर मुकदमों की लंबी लिस्ट है। पुलिस ने इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

- गश्त के दौरान मुठभेड़ में रामगढ़ताल पुलिस ने शातिरों को दबोचा
- अवैध असलहा, कारतूस, चार मोबाइल व दो बाइक बरामद

पुलिस ने मनीष साहनी पुत्र स्व. बेचूलाल निवासी रामपुर थाना रामगढ़ताल, अनुज कुमार पुत्र रामचन्द्र प्रसाद निवासी सर्राफा रेजिडेंसी बेतियाहाता थाना कैंट हाल पता पथरा निकट आरके मेमोरियल स्कूल थाना रामगढ़ताल, शैलेन्द्र निषाद पुत्र चन्द्रकान्त प्रसाद निवासी ग्राम लहसड़ी खैरा टोला थाना रामगढ़ताल, वीरु साहनी उर्फ गौरव पुत्र गणेश निषाद निवासी लहसड़ी टोला बरबसपुर थाना रामगढ़ताल एवं सुनील कुमार पुत्र मुखनाथ निवासी गायघाट थाना रामगढ़ताल को रोका। दो बाइक से रहे बदमाशों ने हरकतें भी की लेकिन पुलिस ने उनको दबोच लिया। इसके बाद उनके पास से असलहा से लगायत अन्य सामान बरामद हुआ। गुडवर्क करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक आशीष कुमार तिवारी, अनित कुमार राय, प्रदीप कुमार सिंह, कुश कुमार राय, अशोक शर्मा, राम सिंह व सिपाही कृष्ण कुमार सिंह यादव, रामभरत यादव, पवन यादव एवं जगरनाथ यादव शामिल रहे।

**चोरी की स्कूटी संग धराया :** गोरखनाथ पुलिस ने चोरी गई स्कूटी के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया है। स्कूटी भी बरामद हो गई है। प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ के नेतृत्व में एसआई संतोष कुमार यादव द्वारा मय पुलिस टीम के साथ स्कूटी चोरी के मुकदमें की जांच में अली शेर उर्फ सिराज निवासी ग्राम गौनर थाना चौरीचौरा को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी की स्कूटी भी मिल गई। पुलिस पहले से दर्ज मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर अभियुक्त का चालान कर दिया।

# शहर में लगा जाम, डीआइजी ने संभाली कमान

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: यातायात का दबाव बढ़ने पर सोमवार की दोपहर में शहर के कई चौराहों पर लोग जाम से जूझे। धर्मशाला, कालीमंदिर, छात्रसंघ चौराहा, मोहद्दीपुर, असुरन, शास्त्री चौक, बेतियाहाता और नौसढ़ जैसे प्रमुख इलाकों में राहगीर परेशान हुए। हालात का जायजा लेने निकले डीआइजी रेंज डा. एस चनप्पा ने खुद मोर्चा संभाला। एसपी यातायात संजय कुमार के साथ ही चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीआइजी ने



मोहद्दीपुर में यातायात व्यवस्था की जानकारी लेते डीआइजी रेंज डा. एस चनप्पा●

पाया कि कई जगह पर स्थानीय चौकी प्रभारी मौजूद ही नहीं थे। जबकि पहले से निर्देश था कि सोमवार को यातायात पुलिस के साथ-साथ चौकी प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्र में सड़क पर उतरकर आवागमन को सुचारु करेंगे। डीआइजी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन चौकी प्रभारियों की अनुपस्थिति पाई गई, उन्हें चेतावनी दी गई है। सोमवार को अगर वे सड़क पर नहीं उतरे तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। शहर के कई इलाकों में सुबह से शाम तक यातायात का दबाव बना रहा।छात्रसंघ चौराहे पर राहगीर देर शाम तक परेशान रहे।मोहद्दीपुर और असुरन चौराहे पर पर भी लोग जाम में फंसे रहे। वहीं गोरखनाथ क्षेत्र में भी थोड़ी देर के लिए जाम की स्थिति बनी रही।

# अतिक्रमण हटाया तो भिड़े दुकानदार, ठेले में लगाई आग



बीआरडी मेडिकल कालेज के सामने अतिक्रमण हटाने का विरोध करते दुकानदार ● जागरण

जासं, गोरखपुर : बीआरडी मेडिकल कालेज के सामने से अतिक्रमण हटाने के दौरान सोमवार को ठेले-खोमचे वालों ने हंगामा किया। सड़क पर ठेला लगाकर जाम लगाने की कोशिश की। हटाने पर प्रवर्तन दल और पुलिस से भिड़ गए। एक दुकानदार ने अपने ही ठेले में आग लगाने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने हंगामा करने वालों को हटाने के साथ चार को हिरासत में लेकर चालान कर दिया। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल के निर्देश पर मेडिकल कालेज के सामने से अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान चलाया गया था।

मेडिकल कालेज के गेट के पास और सर्विस लेन पर काफी संख्या में ठेले-खोमचे वाले अपनी दुकान लगाए रहते हैं। इनकी वजह से यहां आने वाले मरीज और तीमारदारों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। कई बार एंबुलेंस को आने-जाने में भी दिक्कत होती है।

सोमवार को शिकायत मिलने के बाद नगर आयुक्त ने इंफोर्समेंट टीम को विशेष अभियान के तहत अतिक्रमण हटाने को भेजा। दोपहर बाद जब निगम की टीम मौके पर पहुंची तो स्थानीय पुलिस की मदद से अतिक्रमण हटाना शुरू किया। तभी मोगलहा स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के समीप चाय-पानी की दुकान हटाने की बात को लेकर विद्या, राजन जायसवाल, गोपाल, काजू आदि ने गोरखपुर-महराजगंज फोरलेन पर ठेला लगाकर जाम लगा दिया। राहगीरों ने जब इसका विरोध किया तो दुकानदार उनसे भी हाथापाई पर उतारू हो गए। नगर निगम के प्रवर्तन दल के अशोक सिंह ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के साथ ही फिर से ऐसा नहीं करने के संबंध में अनाउंसमेंट भी किया गया। मंगलवार को फिर से वहां अभियान चलाया जाएगा।

# गोल्डेन फ्यूचर निधि लिमिटेड के निदेशक पर धोखाधड़ी का केस

- निवेशकों से 3.14 लाख रुपये लेने का आरोप,पुलिस कर रही जांच
- धोखाधड़ी का एहसास होने पर रीतम ने थाने में दर्ज कराया केस

जासं,गोरखपुर: गोल्डेन फ्यूचर निधि लिमिटेड नामक प्राइवेट बैंकिंग कंपनी के नाम पर निवेश कराने और परिपक्वता पर रकम लौटाने से मुकरने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कंपनी के निदेशक सुनील सिंह चौहान, उनकी पत्नी बंटी चौहान और सहयोगियों ने एक सराफा व्यापारी समेत तीन लोगों से 3.14 लाख रुपये लेकर धोखाधड़ी की। रुपये मांगने पर दिए गए चेक बाउंस हो गए। पीड़ित की तहरीर पर शाहपुर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गायत्री नगर, कूड़ाघाट निवासी सराफा व्यापारी रीतम वर्मा की अलंकार ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। उन्होंने बताया कि 15 महीने पहले उनके पास सुनील सिंह चौहान और उनकी पत्नी पहुंचे। खुद को गोल्डेन फ्यूचर निधि लिमिटेड का मैनेजिंग डायरेक्टर बताते हुए उन्होंने दावा किया कि वह प्राइवेट बैंक राष्ट्रीयकृत बैंकों से ज्यादा ब्याज देता है। रीतम वर्मा, उनकी पत्नी खुश्बू वर्मा और परिचित अंजू शुक्ला ने इस योजना में रकम लगाना शुरू कर दिया। एजेंट नितेश कुमार रोजाना दुकान व घर जाकर पैसे जमा करता और रसीद देता। एक साल में करीब 3.14 लाख रुपये जमा हो गए। धोखाधड़ी का एहसास होने पर रीतम वर्मा ने शाहपुर थाने में सुनील सिंह चौहान, बंटी चौहान और नितेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# उपचार के नाम पर मांगी ज्यादा रकम, विरोध पर पीटा, केस

जासं, चौरी चौराः सोनबरसा सिनेमा हाल के पास निजी अस्पताल चलाने वाले एक डाक्टर पर उपचार के दौरान अतिरिक्त रुपये मांगने और विरोध करने पर रोगी के परिजनों से मारपीट का आरोप लगा है। भटहट निवासी युवती अपने परिवार के साथ सोमवार को उपचार कराने वहां पहुंची थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

परिजनों का कहना है कि डाक्टर ने उपचार के दौरान ज्यादा रुपये मांगे। जब उन्होंने विरोध किया तो हंगामा हो गया और डाक्टर व उसके समर्थकों ने परिवारजनों से मारपीट कर दी। इस दौरान युवती के भतीजे का सिर फट गया। परिजनों का आरोप है कि जब वे मदद के लिए चिल्ला रहे थे तो कोई आगे नहीं आया। घटना की जानकारी होते ही डायल 112 और सोनबरसा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति संभाली। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने पीड़िता के साथ ही परिजनों के बयान दर्ज किए। एसपी उत्तरी जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। डाक्टर पंजीकृत है या नहीं, इसकी जांच के लिए सीएमओ को रिपोर्ट भेजी गई है।

**लगाया था छेड़खानी का आरोप**

विवाद की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों को युवती ने बताया था कि डाक्टर ने उसके साथ छेड़खानी की थी। विरोध करने पर मारपीट किया। थाने पहुंचने पर उसने बताया कि गुस्से में आकर यह बात बोली थी। डाक्टर उपचार के नाम पर अधिक रुपये मांग रहा था। विरोध करने पर परिवार से मारपीट की गई।

# निजी बैंकिंग कंपनी के एमडी समेत पांच पर हुआ केस दर्ज

**जन सेवा केंद्र के संचालक ने धोखाधड़ी कर 64 हजार रुपये हड़पने का लगाया आरोप**

**शाहपुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर शुरू की मामले की जांच**




**GORAKHPUR ( 8 Sep):** शाहपुर थाना एरिया में संचालित जन सेवा केंद्र के एक संचालक ने निजी बैंकिंग कंपनी जाहरवीर इनफिनिट प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और कर्मचारियों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है. पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच भी शुरू कर दी है. शाहपुर एरिया के जटेपुर उत्तरी, राजेंद्र नगर कॉलोनी निवासी कृष्ण मोहन गुप्ता ने बताया कि वह जन सेवा केंद्र चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं. कुछ समय पहले उनकी कंपनी जाहरवीर इनफिनिट प्राइवेट लिमिटेड से रिटेलर आईडी जुड़ी थी. कंपनी ने उन्हें यूजर आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराया था, जिसके माध्यम से वे ग्राहकों को आधार से नकद निकासी, मोबाइल रिचार्ज और अन्य बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराते थे. ग्राहकों से मिलने वाली रकम कंपनी के बैंकिंग सिस्टम में जाती थी और सेटलमेंट के बाद वह इसे अपने खाते में ट्रांसफर कर लेते थे. आरोप है कि पिछले छह माह से कंपनी ने सेटलमेंट की प्रक्रिया रोक दी. इस कारण उनका करीब 64,661 रुपये कंपनी के पास फंस गए. कई बार संपर्क करने के बावजूद रकम वापस नहीं की गई और केवल टालमटोल किया गया. इसके बाद उन्होंने शाहपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई. थाना प्रभारी नीरज राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर जितेंद्र नंदा, वर्तमान डायरेक्टर चेतन श्रीधर मोर, कर्मचारी अभय चमनलाल विश्वकर्मा, अनवर और एचआर पद पर तैनात चीना भट्ट के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# शहर में कई जगह लगा जाम, डीआइजी ने संभाली कमान

**GORAKHPUR (8 Sep):** यातायात का दबाव बढ़ने पर सोमवार की दोपहर में शहर के कई चौराहों पर लोग जाम से जूझे. धर्मशाला, कालीमंदिर, छात्रसंघ चौराहा, मोहद्दीपुर, असुरन, शास्त्री चौक, बेतियाहाता और नौसढ़ जैसे प्रमुख इलाकों में राहगीर परेशान हुए. हालात का जायजा लेने निकले डीआइजी रेंज डा. एस चनप्पा ने खुद मोर्चा संभाला. एसपी यातायात संजय कुमार के साथ ही चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए.

## ढिलाई बर्दाश्त नहीं

निरीक्षण के दौरान डीआइजी ने पाया कि कई जगह पर स्थानीय चौकी प्रभारी मौजूद ही नहीं थे. जबकि पहले से निर्देश था कि सोमवार को यातायात पुलिस के साथ-साथ चौकी प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्र में सड़क पर उतरकर आवागमन को सुचारु करेंगे. डीआइजी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

# असलहों की खरीद-फरोख्त करने वाले गैंगस्टर अरेस्ट



**GORAKHPUR (8 Sep):** रामगढ़ताल थाना पुलिस ने अवैध असलहों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन गैंगस्टर समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इनके कब्जे से दो अवैध पिस्टल, कारतूस, एक खोखा कारतूस, चार मोबाइल और दो बाइक बरामद किए हैं.

## दोनों का आपराधिक इतिहास

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि आरोपियों की पहचान रामगढ़ताल थाना एरिया के रामपुर निवासी मनीष साहनी, कैंट के बेतियाहाता निवासी अनुज कुमार, लहसड़ी खैरा टोला निवासी शैलेन्द्र निषाद, वीरु साहनी उर्फ गौरव और गायघाट निवासी सुनील कुमार के रूप में हुई है. पकड़े गए आरोपियों में गैंगस्टर मनीष साहनी और अनुज कुमार का लंबा आपराधिक इतिहास है. दोनों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर केस दर्ज हैं. वहीं अनुज कुमार पर एनडीपीएस एक्ट में भी कार्रवाई हो चुकी है. जबकि शैलेन्द्र निषाद पर हत्या और गैंगस्टर एक्ट के केस दर्ज हैं. वहीं वीरु साहनी और सुनील कुमार पर भी कई आपराधिक मामले चल रहे हैं.

# चाकू मार कर हत्या में शामिल एक आरोपित गया जेल

**GORAKHPUR:** चिलुआताल थाना एरिया के बरगदवा में चाकूबाजी में राहुल चौहान की हत्या के एक आरोपित को पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है. वहीं एक अन्य आरोपित का इलाज चल रहा है. चाकूबाजी के दौरान उसे भी चोट आई थी हालांकि कहा जा रहा था कि उसने अपने बचाव में खुद को ही घायल कर लिया है.

## राहुल गंभीर रूप से घायल

बरगदवा निवासी राहुल चौहान (28) पुत्र लालू चौहान को 6 सितम्बर की रात में बरगदवा चौराहे से घर की तरफ जा रहा था अभी राज मेडिकल स्टोर्स के पास ही पहुंचा था कि बरगदवा का ही निवासी दीपू उर्फ संदीप चौहान ने अपने दो साथियो के साथ घेर कर उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया था. गंभीर रूप से घायल राहुल की मेडिकल कालेज में मौत हो गई थी. पुलिस की जांच में पता चला कि सभी एक साथ बैठकर शराब पी रहे थे वहीं पर किसी बात को लेकर विवाद होने के बाद यह घटना हुई है. हालांकि राहुल के भाई अशोक चौहान की तहरीर पर पुलिस ने दीप उर्फ संदीप सहित तीन के खिलाफ केस दर्ज किया था. चाकूबाजी में दीप उर्फ संदीप चौहान को भी चोट आई थी उसका अभी इलाज चल रहा है. वहीं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने हरिओम पुत्र रामकिसुन को हिरासत में लिया था.

# संतान न होने से परेशान महिला ने किया सुसाइड

GORAKHPUR ( 8 Sep): कैंट थाना एरिया के बेतियाहाता में रविवार को एक महिला ने सुसाइड कर लिया. कमरे में उसका शव फंदे से लटकता मिला. परिजनों की सूचना पर फॉरेंसिक टीम के साथ पुलिस मौके पर पहुंची. टीम ने मोबाइल को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. स्थानीय लोगों के अनुसार, शादी के बाद से संतान नहीं होने से वह काफी परेशान थी. इसलिए उसने यह कदम उठाया. हालांकि, पुलिस मामले की जांच कर रही है.

जानकारी के अनुसार, उरुवा बाजार निवासी दीपिका की शादी नवंबर 2021 में बेतियाहाता निवासी मंटू मौर्या से हुई थी. परिवार और पड़ोसियों के मुताबिक पति-पत्नी के बीच किसी तरह का विवाद नहीं था. हालांकि, दीपिका अक्सर मां न बन पाने की वजह से मानसिक तनाव में रहती थी. शनिवार की रात उसका पति मंटू घर से बाहर था और देर रात करीब तीन बजे लौटा. थकान की वजह से वह बाहर वाले कमरे में सो गया. सुबह जब उसने दीपिका को आवाज दी और दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला. काफी देर तक दरवाजा बंद रहने पर उसने पिता राम निरंजन और भाई निशु मौर्या को बुलाया. तीनों ने मिलकर दरवाजा तोड़ा तो अंदर दीपिका का शव फंदे से लटकता मिला. सूचना पर कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

### सदमे में परिवार

दीपिका की अचानक मौत से परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है. पति और परिजन गहरे सदमे में हैं. पड़ोसियों का कहना है कि दीपिका स्वभाव से मिलनसार थी, लेकिन मां बनने की इच्छा पूरी न होने से वह लंबे समय से परेशान रहती थी.

> प्रथम दृष्टया मामला मानसिक तनाव का लग रहा है. परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ में संतान न होने को मुख्य वजह बताया गया है. हालांकि, पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है.
>
> योगेंद्र सिंह, सीओ कैंट

# अमान्य डिग्री पर छात्रों ने किया हंगामा, कार्रवाई की मांग

GORAKHPUR: पिपराइच थाना एरिया के सिसोदिया नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज द्वारा जारी की गई डिग्रियों को लेकर छात्रों ने सोमवार को प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है. दर्जनों छात्र-छात्राओं ने डीएम को ज्ञापन देने के बाद पिपराइच थाने में तहरीर दी. छात्रों का आरोप है कि कालेज प्रबंधन ने उन्हें गुमराह कर अमान्य डिग्री दी, जिससे उनके भविष्य पर संकट आ गया है. इस मामले में प्रशासन द्वारा भी जांच कर पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया गया.

### फीस के नाम पर लाखो वसूले

छात्रों ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें नामांकन के लिए प्रेरित किया और फीस के नाम पर 1.20 लाख रुपए वसूले. अन्य खर्च अलग से लिया गया. उन्होंने आरोप लगाया कि डिग्री न तो सरकारी अस्पतालों में मान्य है और न ही किसी प्राइवेट अस्पताल में. छात्रों ने कहा कि कालेज प्रबंधन ने गलत वेबसाइट दिखाकर उन्हें परीक्षा दिलवाई और डिग्री बांटी. एएनएम की छात्रा मुस्कान ने कहा कि यह डिग्री किसी सरकारी या प्राइवेट हास्पिटल में मान्य नहीं है. छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया कि कालेज प्रबंधन ने 19 मई 2025 को फीस वापस करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब वह अपने वादे से मुकर रहा है. पिपराइच थानाध्यक्ष पुरूषोत्तम आनंद सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं ने तहरीर दी है. जांच करते हुए केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी. वहीं, सिसोदिया नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज के डायरेक्टर अशोक कुमार सिंह ने कहा कि कालेज को पैरामेडिकल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग कौंसिल दिल्ली से मान्यता प्राप्त है.

# असलहा सप्लायर गिरोह का भंडाफोड़, पांच दबोचे

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** शहर में असलहों की सप्लाई करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अनुज समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से दो अवैध पिस्टल, खोखा, कारतूस, दो बाइक व मोबाइल फोन बरामद कर लिया। आरोपितों ने पूछताछ में कैंट इलाके के कूड़ाघाट में रहने वाले अपने सरगना व अन्य साथियों का नाम भी बता दिया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि बाहर से असलहा ले आकर गोरखपुर व आसपास के जिलों में 20 से 40 हजार में बेचते थे। पुलिस सरगना समेत अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

शहर में अवैध रूप से असलहा बेचे जाने की जानकारी पुलिस को मिली थी। रामगढ़ताल पुलिस भी जांच में लगी थी। इस बीच एसओ रामगढ़ताल नितिन रघुनंदन श्रीवास्तव की टीम ने बाइक जांच के दौरान दो युवक अवैध असलहे के साथ पकड़े। इसमें से एक कैंट थाने का हिस्ट्रीशीटर अनुज भी था। पुलिस दोनों को थाने पर लाकर पूछताछ की तो उन लोगों ने अपने साथियों का नाम भी उगल दिया। बताया कि सरगना कूड़ाघाट का निवासी है। वह असलहों को कहां से मंगाता है, यह नहीं मालूम, हम लोग उससे 15 हजार रुपये में असलहा खरीदते थे और फिर इसे 20 से 40 हजार रुपये में बेच देते थे। दोनों ने अपने कई साथियों का नाम बताए, जिनके घर पुलिस पहुंच गई। तीन अन्य आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़ गए, लेकिन सरगना समेत कई बदमाश घर से फरार हो गए थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई है।



पुलिस ने पांच असलहा सप्लायर को गिरफ्तार किया।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

सर्राफा रेजिडेंसी के पास का निवासी व हिस्ट्रीशीटर अनुज कुमार, रामपुर निवासी मनीष साहनी उर्फ कट्टा, लहसड़ी खैरा टोला निवासी शैलेंद्र निषाद, लहसड़ी के टोला बरबसपुर निवासी वीरू साहनी उर्फ गौरव, गायघाट निवासी सुनील कुमार की गिरफ्तारी की गई। इसमें से अनुज कैंट थाने का हिस्ट्रीशीटर है और पुलिस से बचने के लिए परिवार से अलग रामगढ़ताल इलाके के पथरा के पास किराये के मकान में रह रहा था। आरोपितों ने व्हाट्सएप की मदद से एक दूसरे को असलहों की फोटो भेजने के साथ ही दाम भी तय किया है। मोबाइल की मदद से ही पुलिस को गिरोह में शामिल बदमाशों के नाम व सबूत मिले हैं। खबर है कि सरगना इस वक्त मुंबई भाग गया है।

बॉर्डर के सटे भैरहवा में भंसार कार्यालय हुआ बंद, रात दस बजे तक कर्फ्यू से बिगड़े हालात

# नेपाल में बवाल से सीमा पर बढ़ाई चौकसी, पर्यटकों के फंसने से चिंता

**सतर्कता**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** नेपाल सरकार द्वारा फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब सहित कुल 28 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन के बाद युवाओं के विरोध-प्रदर्शन को लेकर नेपाल में अशांति पसर गई है। जिसका असर बॉर्डर पर दिख रहा है। सोनौली बार्डर पर नेपाल का भंसार कार्यालय बंद कर दिया गया है। भंसार नहीं होने से सोनौली बार्डर पर मालवाहक गाड़ियों की कतार लगनी शुरू हो गई है। वहीं, नेपाल गए कई सैलानी फंस गए हैं। परिवार के लोग उनके कुशलक्षेम को लेकर परेशान हैं। उधर, सीमा पर एसएसबी और सुरक्षा एजेंसियों ने चौकसी बढ़ा दी है।

सोनौली बॉर्डर से सटे भैरहवा और बुटवल में शाम 4 बजे से लेकर रात 10 बजे तक कर्फ्यू लगा दिया गया है। रात दस बजे के बाद नेपाल बॉर्डर में प्रवेश प्रतिबंधित हो जाता है। वहीं सिद्धार्थनगर जिले के बढ़नी बॉर्डर पर भी नेपाल आर्मी सक्रिय हो गई। बॉर्डर से सटे कृष्णा नगर में सभा पर रोक लगा दी गई है। हालांकि दोनों देशों के लोग सामान्य तौर आ जा रहे हैं। वहीं, सोनौली बॉर्डर पर भैरहवा के कस्टम चीफ शिव प्रसाद न्यौपाने ने बताया कर्फ्यू के कारण बेलहिया भंसार को बंद कर दिया गया है। भंसार बंद होने से भारतीय मालवाहक से लेकर सैलानियों की गाड़ियों का प्रवेश बंद हो गया है।

बता दें कि सोनौली बॉर्डर से रोज करीब 400 गाड़ियां नेपाल जाती हैं। नेपाल में दशहरा सबसे प्रमुख त्यौहार होता है। ऐसे में भारत से रोजमर्रा की वस्तुओं को खेप नेपाल पहुंच रही है। गोरखपुर गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष सिंह ने बताया कि गोरखपुर के ट्रांसपोर्टरों की 40 से 50 गाड़ियां रोज नेपाल जाती हैं। जिसमें फल, सब्जी, रोजमर्रा की वस्तुओं के साथ फर्नीचर आदि जाता है। भंसार बंद होने से लोड हो चुकी गाड़ियां बॉर्डर पर खड़ा करने की मजबूरी है। इससे ई-वे बिल से लेकर कई तरह के पेपर वर्क बढ़ जाएंगे। फल, सब्जी के साथ कच्चा माल को लेकर अधिक दिक्कत है। बड़ी मात्रा में दवाएं भी नेपाल जाती हैं। बंदी बढ़ी तो संकट बढ़ने वाला है।



सोनौली बॉर्डर पर सोमवार को एसएसबी की सक्रियता बढ़ी। • हिन्दुस्तान

## एसएसबी और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

**सोनौली।** नेपाल के काठमांडू, पोखरा के बाद रूपनदेही जिले के भैरहवा और बुटवल में भी प्रदर्शन भड़क उठा है। प्रशासन ने सोमवार शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक चार किलोमीटर क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया है। इसको लेकर सीमा पर एसएसबी और सुरक्षा एजेंसियों ने चौकसी बढ़ा दी है। नेपाल में यह कर्फ्यू पेट्रोल पंप व धागा फैक्ट्री पुल से लेकर बेलवास चौक, चिड़िया नदी, मंगलपुर, रोहिणी नदी पुल, बैथरी ब्रिज, बुद्ध चौक और मेथादिहावा तक के क्षेत्रों में लागू है। इसका असर भारतीय सीमावर्ती क्षेत्रों में भी दिखने लगा है।

## परिजन कुशल क्षेम को लेकर परेशान

पितृ पक्ष को लेकर नेपाल जाने वाले सैलानियों की संख्या कम है। लेकिन जो लोग नेपाल गए हैं, उनके परिजन कुशल क्षेम को लेकर परेशान है। ट्रैवल एजेंसी संचालित करने वाले वासुकी नाथ का कहना है कि जिन्होंने नवरात्र से काठमांडू से लेकर पोखरा की बुकिंग करा रखी है। वे पूछताछ कर रहे हैं। उनका कहना है कि दो से तीन दिन में हालात सामान्य नहीं हुए तो बुकिंग रद कर दें। वहीं ट्रांसपोर्टर से लेकर सैलानी परेशान हैं। ट्रांसपोर्टर मनीष सिंह का कहना है कि तीन से चार माल वाहक गाड़ियां नेपाल गई हैं। ड्राइवरों से संपर्क नहीं होने से परेशानी बढ़ी है। केसरवानी ट्रैवल्स के विवेक केसरवानी का कहना है कि तीन से चार टूरिस्ट बसें नेपाल में है। ड्राइवरों से बात हो रही है। महाराष्ट्र के सैलानी इन बसों में हैं। सभी सुरक्षित हैं। बसों की वापसी हो रही है।

**गोरखपुर के मिनी नेपाल में पसरी चिंता :** कूड़ाघाट, नंदानगर और झरना टोला क्षेत्र में बड़ी संख्या में नेपाली मूल के लोग रहते हैं। यहां रहने वाले तमाम नागरिक अपने परिजनों को लेकर परेशान दिखे। कूड़ाघाट निवासी बाबू गुरुंग का कहना है कि परिवार दांग जिले में रहता है। अभी काठमांडू में ही तनाव है। लेकिन जल्द ही पूरे नेपाल में इसका असर दिखने की संभावना है।

# बापू चिल्ड्रेन एकेडमी का गेट खुला, क्षेत्र में चर्चा तेज

- स्कूल को बिना मान्यता मिलने पर सील हुआ था
- बीएसए बोले, कक्षा एक से आठ तक मान्यता है

**पीपीगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** पीपीगंज स्थित बापू चिल्ड्रेन एकेडमी एक बार फिर चर्चा में है। बीते 25 अगस्त को जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अमरकान्त सिंह और बीएसए रविंद्र कुमार सिंह के आदेश पर विद्यालय को बिना मान्यता संचालित किए जाने पर सील कर दिया गया था। लेकिन सोमवार को मेन गेट का ताला खुलने से एक बार फिर चर्चा तेज हो गया।

दरअसल, विद्यालय में दो प्रबंधक हैं। एक कक्षा एक से 8 तक और दूसरा नौ से 12 तक का संचालन करता है। जांच में स्पष्ट चला था कि कक्षा नौ से 12 तक की मान्यता नहीं है, जबकि एक से आठ तक की मान्यता किसी अन्य विद्यालय से है। इसी आधार पर पूरे परिसर को सील किया गया था। सूत्रों के अनुसार प्रबंधक कमाल जावेद ने इस की शिकायत की थी। वहीं बीएसए रमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय कक्षा एक से आठ तक मान्यता प्राप्त है इसलिए संचालित हो सकता है। लेकिन नौ से 12 तक की जांच जारी है, मान्यता सिद्ध नहीं हुई तो कक्षाएं बंद होंगी।

# सिसोदिया नर्सिंग कॉलेज की डिग्री अवैध

**दी तहरीर**

**पिपराइच, हिन्दुस्तान संवाद।** बेलाकांटा स्थित सिसोदिया नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने फीस वापसी व संस्थान के खिलाफ कानूनी कार्यवाई की मांग को लेकर सोमवार को पिपराइच थाने में तहरीर दिया। छात्रों का आरोप है कि संस्था का प्रमाण पत्र सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में मान्य नहीं है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दिया है।

कॉलेज द्वारा सत्र 2021 से 2025 तक करीब 280 छात्र छात्राओं का एएनएम पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश दिया गया। इसके एवज में प्रति छात्र 1 लाख 20 हजार से ज्यादा तक की फीस वसूली गई। उत्तीर्ण विद्यार्थियों को जब पता चला की यहां का प्रमाण पत्र सरकारी या गैरसरकारी संस्थाओं में मान्य नहीं है तो फीस वापसी को कालेज का चक्कर लगाने लगे। बताया कि 19 मई को निदेशक अशोक कुमार सिंह एवं परिषद अध्यक्ष डॉ दिनेश कुमार शुक्ल ने आश्वासन दिया था कि सभी छात्र छात्राओं को फीस वापस की जाएगी। लेकिन एक महीने बाद कालेज जाने पर वहां ताला बंद मिला।

## बोले निदेशक, छात्राओं के लगाए गए आरोप गलत

कॉलेज के निदेशक अशोक सिंह ने कहा, छात्राओं के आरोप गलत है। छात्रों को यह कभी नहीं बताया गया कि कॉलेज की मान्यता यूपी स्टेट मेडिकल फैकेल्टी से है। डीएम के निर्देश पर टीम जांच कर रही है। सभी पेपर को प्रशासन को सौंपा जा चुका है। छात्रों को लिखित जानकारी दी जा चुकी है। कॉलेज पैरामेडिकल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता है। नेशनल कमीशन ऑफ एलायड हेल्थ केयर प्रोफेशनल एक्ट के प्रदेश में लागू होने पर समस्या खत्म हो जाएगी।

## डीएम से भी मिलीं छात्राएं, केस दर्ज कराने का आश्वासन

सिसोदिया नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा से भी मुलाकात की। उन्होंने जिलाधिकारी को बताया कि वह शुल्क वापसी और संस्थान के खिलाफ कार्रवाई चाहती हैं। वहीं जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि संस्थान के खिलाफ केस दर्ज कराया जाएगा, उन्हें न्याय मिलेगा।

# एयरगन सटाकर लूट करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** पिपराइच में निर्माणाधीन रिंग रोड में काम करने वाले मजदूरों के सुपरवाइजर संग हुई लूट का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों ने एयरगन सटाकर नकदी लूटी थी। आरोपितों के पास से नकदी व नकली पिस्टल पुलिस ने बरामद कर लिया है। सोमवार को पुलिस ने आरोपितों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

बुलंदशहर जिले के शिकारपुर थाना के ग्राम आचरूकला निवासी व सुपरवाइजर रंजीत जाट चार सितंबर की रात साढ़े आठ बजे मोगलपुरा गांव में किराना का सामान खरीदने जा रहे थे। इस दौरान, बाइक सवार तीन युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया। फिर पिस्टल दिखाकर तीन हजार रुपये छीन लिए और फरार हो गए। रंजीत ने पुलिस को तहरीर दी। उसने पुलिस को बाइक के नंबर प्लेट पर अंकित दो अक्षर को बता पाया था। उसी के आधार पर पुलिस ने छानबीन शुरू की और आरोपितों तक पहुंच गई। पूछताछ में आरोपितों की पहचान मोगलपुरा निवासी विशाल कुमार, जंगल सुभान अली, बेलवा निवासी राज और दीपक कुमार के रूप में हुई। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एसओ पुरुषोत्तम आनंद सिंह की टीम ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से लूट के तीन हजार रुपये, एअर गन और बाइक बरामद की गई है।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम से भिड़े दुकानदार

- फोरलेन पर लगाया जाम, राहगीरों से हुई हाथापाई, आगजनी
- पुलिस ने शांतिभंग में चार का चलान कर गिरफ्तार किया

**मेडिकल कॉलेज, हिन्दुस्तान।** बीआरडी मेडिकल कॉलेज के पास गोरखपुर-महराजगंज फोरलेन पर सोमवार सुबह उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची। सड़क किनारे सर्विस लेन पर कब्जा कर दुकान चला रहे दुकानदारों ने विरोध करते हुए फुटपाथ पर ठेला लगाकर सड़क जाम लगाकर आगजनी करने लगे, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

बीआरडी गेट के पास सड़क किनारे अवैध रूप से लगी दुकानों को हटाने के दौरान दौरान मोगलहा स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के समीप चाय की दुकान हटाने को लेकर दुकानदारों से विवाद शुरू हो गया। विरोध करने वालों में विद्या, राजन जैसवाल, गोपाल और काजू चरगांवा थाना शाहपुर शामिल थे। इन लोगों ने ठेला लगा कर फोरलेन पर जाम लगा दिया। मौके पर राहगीरों से बहस और हाथापाई की नौबत आ गई। स्थिति संभालते हुए मेडिकल चौकी पुलिस ने चारों आरोपितों को हिरासत में लेकर शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया है।

# निजी बैंकिंग कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर समेत पांच के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

अमर उजाला ब्यूरो

**जन सेवा केंद्र के संचालक ने धोखाधड़ी कर 64 हजार रुपये हड़पने का लगाया आरोप**

**गोरखपुर।** शाहपुर क्षेत्र में संचालित जन सेवा केंद्र के संचालक ने जाहरवीर इनफिनिट प्रा. लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर और कर्मचारियों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पुलिस ने मैनेजिंग डायरेक्टर जितेंद्र नंदा, वर्तमान निदेशक चेतन श्रीधर मोर, कर्मचारी अभय चमनलाल विश्वकर्मा, अनवर व एचआर पद पर तैनात चीना भट्ट के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शाहपुर क्षेत्र के जटेपुर उत्तरी, राजेंद्रनगर कॉलोनी निवासी कृष्ण मोहन गुप्ता ने बताया कि वह जन सेवा केंद्र चलाते हैं। कुछ समय पहले निजी बैंकिंग जाहरवीर इनफिनिट से जुड़ा था। कंपनी ने उन्हें यूजर आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराया था। इसके माध्यम से वे ग्राहकों को आधार से नकद निकासी व बैंकिंग सेवाएं आदि उपलब्ध कराते थे। आरोप है कि पिछले छह माह से सेटलमेंट की प्रक्रिया रोक दी है। इस कारण उनका करीब 64,661 रुपये कंपनी के पास फंस गए। अब कंपनी रकम वापस नहीं कर रही है।

# जीएसटी : बोगस फर्म बनाकर की छह करोड़ की चोरी, दो संचालकों पर केस

## जीएसटी अफसरों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज, रामगढ़ताल थाना पुलिस ने शुरू की जांच

अमर उजाला ब्यूरो

**कंपनी के निदेशकों पर छह करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी का आरोप**

**गोरखपुर।** शहर में दो बोगस फर्मों का पंजीकरण कराकर करीब छह करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का मामला सामने आया है। जीएसटी अफसरों ने भौतिक सत्यापन कर बोगस फर्म को चिह्नित किया। इसके बाद रामगढ़ताल थाने में जीएसटी अफसरों की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

फर्म के मालिक एटा के अलीगंज निवासी अजय कुमार व लखीमपुर खीरी निवासी हारुन अली को आरोपी बनाकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पहला केस सहायक कमिश्नर खंड एक असीम राजपूत ने दर्ज कराया। उन्होंने पुलिस को बताया कि सिनेमा रोड स्थित श्रीकुमार ट्रेडर्स के नाम से पंजीकृत फर्म फर्जी मिली है। फर्म का पंजीकरण एटा निवासी अजय कुमार के नाम से है। आरोप है कि अजय कुमार ने पांच करोड़, 79 लाख, 77 हजार, 855 रुपये की हेराफेरी की है।

दूसरा केस जीएसटी के सहायक आयुक्त खंड तीन अजय कुमार ने दर्ज कराया। उन्होंने पुलिस को बताया कि भौतिक सत्यापन में बोगस फर्म के बारे में पता चला। छह अगस्त को कैंसिल करने का नोटिस भी भेजा गया। फर्म घासीकटरा के पते पर हारुन अली के नाम पर पंजीकृत की गई थी। स्टार इंटरप्राइजेज को सप्लाई करके जीएसटी चोरी की गई है। सात मार्च को फर्म का पंजीकरण हुआ था।

विभागीय पोर्टल की जांच में सामने आया कि फर्म की ओर से स्टार इंटरप्राइजेज को केवल पेपर में सप्लाई दिखाकर 55 लाख 84 हजार 158 रुपये की कर चोरी की गई है। दोनों फर्म बोगस हैं और करोड़ों में आर्थिक चोट पहुंचाई गई है। दोनों फर्मों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

जीएसटी के अधिकारियों की तहरीर पर रामगढ़ताल थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आगे की जांच चल रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। - **अभिनव त्यागी**, एसपी सिटी

## फर्जी फर्मों के खिलाफ कार्रवाई तेज, कई और जीएसटी विभाग के रडार पर

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** राज्य वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने फर्जी फर्मों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग ने हाल ही में कई बोगस फर्मों को नोटिस जारी किया है जो लंबे समय से फर्जी पते पर टैक्स चोरी कर रही थीं। यही नहीं कई और बोगस फर्म विभाग के रडार पर हैं।

लखनऊ मुख्यालय के निर्देश पर स्थानीय जीएसटी अधिकारी इन फर्जी फर्मों की जांच में जुट गए हैं। इसी क्रम में शहर में भी बड़े पैमाने पर जांच चल रही है। बीते छह अगस्त को ही टीम ने तीन बोगस कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इससे पहले विभाग ने ऐसे गिरोह का भी पर्दाफाश किया था, जो आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के पैन और आधार कार्ड का इस्तेमाल कर फर्जी फर्म चला रहा था। इन फर्मों के जरिये एक करोड़ रुपये से अधिक का लेन-देन पकड़ा गया था। इसके बाद आयकर विभाग ने भी नोटिस जारी किया था। सूत्रों के अनुसार, बोगस फर्मों को नोटिस भेजे गए हैं। सभी की जांच की जा रही है। इनमें से कुछ फर्मों के खिलाफ पहले भी केस दर्ज किए गए हैं।

### हाल ही में इनके खिलाफ हुई थी कार्रवाई

**केस 1** कोतवाली के घासीकटरा में कागजों में संचालित श्रीलकी इंटरप्राइजेज के संचालक अविनाश उत्तम गाडे पर केस दर्ज हुआ था। मूल रूप से महाराष्ट्र के अंबेनगर रोड के निवासी अविनाश ने सात अप्रैल 2025 को फर्म का पंजीकरण कराकर एक करोड़ 97 लाख 77 हजार 418 रुपये की जीएसटी की चोरी की है। फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद पांच मई 2025 में पंजीकरण रद्द कर दिया गया।

**केस 2** अशोक नगर कॉलोनी स्थित हिमांशु ट्रेडर्स हुमायुपुर के हिमांशु ने बीते 26 नवंबर 2024 को रजिस्टर्ड इस फर्म ने एक करोड़ 94 लाख, 38 हजार 557 रुपये का फायदा दूसरे फर्म को पहुंचाकर आईजीएसटी, एसजीएसटी और सीजीएसटी की चोरी की थी। इस फर्म ने रुपयों के लेनदेन के लिए नई दिल्ली के एक प्राइवेट बैंक के एकाउंट का प्रयोग किया है। पकड़े जाने के बाद इसे भी पांच मई को ही रद्द किया गया।

**केस 3** सहारा एस्टेट के वृंदावन कॉलोनी निवासी शैलेश तिवारी के फर्म तिवारी इंटरप्राइजेज का 24 अक्टूबर 2024 को फर्म का पंजीकरण कराकर दो करोड़ सात लाख 71 हजार 103 रुपये की कर चोरी की और दूसरे फर्म को फायदा पहुंचा था। जिसे पांच मई को रद्द कर दिया गया था। आरोप है कि इस फर्म की कंपनियों ने फायदा भी लिया है।

# फोरलेन पर जाम की वजह बने कब्जे हटवाने पर हंगामा, ठेले में लगाई आग

## मेडिकल कॉलेज रोड पर अतिक्रमण से रहता है जाम, कब्जा हटवाने गई निगम की टीम का हुआ विरोध

संवाद न्यूज एजेंसी

गुलरिहा (गोरखपुर)। बीआरडी मेडिकल कॉलेज रोड पर मोगलहा के पास सोमवार सुबह करीब 10 बजे अतिक्रमण हटवाने गई नगर निगम टीम को दुकानदारों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई के विरोध में कुछ दुकानदारों ने ठेला लगाकर फोरलेन सड़क पर जाम लगा दिया। इस दौरान एक ठेले में आग लगाने की कोशिश की गई। राहगीरों से धक्का-मुक्की भी की गई। करीब आधे घंटे तक सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने मामला शांत कराते हुए चार दुकानदारों का शांतिभंग करने के आरोप में चालान कर दिया।

गोरखपुर-महराजगंज रोड पर बीआरडी मेडिकल कॉलेज के पास सड़क के किनारे अवैध रूप से लगीं दुकानों के चलते आवागमन प्रभावित होता है। आए दिन सड़क जाम के चलते हादसे भी होते हैं।

नगर निगम की टीम सुबह करीब 10 बजे मेडिकल कॉलेज से लगभग 200 मीटर पहले मोगलहा के सामने अतिक्रमण हटवा रही थी। यहां अंग्रेजी शराब की दुकान के समीप पहुंची टीम ने चाय की एक दुकान का अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदार ने विरोध शुरू किया। समर्थन में अन्य दुकानदार भी एकजुट हो गए।

मेडिकल कॉलेज पुलिस चौकी के सिपाहियों ने बताया कि दुकानदार विद्या, राजन, गोपाल और काजू आदि ने ठेला लगाकर फोरलेन जाम कर दिया। पुलिस ने जाम हटवाने का प्रयास किया तो एक ने अपने ठेले में ही आग लगा दी। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। सड़क जाम के दौरान कई राहगीरों से भी धक्का-मुक्की की नौबत आ गई। पुलिस ने किसी तरह से मामला शांत कराया। इसके बाद जाम लगाने व शांति भंग करने के आरोप में विद्या, राजन, गोपाल और काजू को जेल भेजा गया। इसके चलते करीब आधे घंटे तक मौके पर अफरा- तफरी की स्थिति बनी रही।









**खबरदार...हाथ मत लगाना**

पुलिस और नगर निगम की टीम ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज रोड पर अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो एक महिला टीम से भिड़ गई। कुछ दुकानदार विरोध में बुलडोजर पर चढ़ गए। एक ने ठेले में आग लगा दी।

स्रोत: संवाद

### राहगीर बोले-अवैध कब्जे से अक्सर लगता है जाम

*राहगीरों का कहना था कि अवैध कब्जे की वजह से आए दिन जाम लगता है और उन्हें समय पर ऑफिस या काम पर पहुंचने में दिक्कत होती है। दूसरी ओर दुकानदारों का कहना था कि ठेला ही उनके परिवार की आजीविका का साधन है और नगर निगम हर दो-तीन महीने में इन्हें हटाता है, जबकि पक्का निर्माण करने वालों पर कार्रवाई नहीं होती।*

### शाहपुर में भी हटाया गया अतिक्रमण

*मेडिकल कॉलेज रोड का हंगामा शांत होने के बाद नगर निगम टीम दोपहर में शाहपुर थाना क्षेत्र पहुंची। यहां नाला और फुटपाथ पर अवैध कब्जे हटवाए गए। जेई अविनाश भारती ने दुकानदारों को चेताया कि अगर दोबारा नाले पर दुकान लगाई गई तो कड़ी कार्रवाई के साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा। करीब एक घंटे की इस पूरी कार्रवाई के चलते शहर में माहौल तनावपूर्ण बना रहा। हालांकि पुलिस और नगर निगम की टीम ने समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया, जिससे कोई बड़ा हादसा होने से बच गया।*

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-09-09-2025

# खलिहान की भूमि पर बने भवन ध्वस्त

**बरियारपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** क्षेत्र के राउतपार गांव में सोमवार को जिला प्रशासन ने हाईकोर्ट के आदेश पर खलिहान की भूमि पर बने करीब 40 साल पुराने तीन भवनों को बुलडोजर लगाकर ध्वस्त करा दिया। वहीं दो भवनों को शाम होने के कारण छोड़ दिया गया, जिसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई मंगलवार को की जाने की बात बताई जा रही है। ध्वस्तीकरण के दौरान मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही।



बरियारपुर के राउतपार में खलिहान की भूमि पर बने भवन को ध्वस्त करती जेसीबी।

जानकारी के अनुसार बरियारपुर के राउतपार में वर्ष 1978 में खलिहान की भूमि पर पांच भवन बने थे। इन भवनों के स्वामियों को प्रशासन की तरफ से तीन बार भवन खाली कर ध्वस्त करने को नोटिस दिया गया था, लेकिन भवन स्वामियों ने कब्जा खाली नहीं किया था। हाईकोर्ट के आदेश पर सोमवार को नायब तहसीलदार, लेखपाल और बरियारपुर समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और खलिहान की भूमि पर बने भवनों को जेसीबी लगाकर ध्वस्त करना शुरू कर दी। जिसमें रमेश पुत्र बसंत, अनिरुद्ध व लक्ष्मण के मकान को ध्वस्त कर दिया गया। जबकि शाम होने के कारण भारत व रामचंद्र पुत्रगण रामध्यान के मकान को ध्वस्त नहीं किया जा सका। इन दोनों भवनों को मंगलवार को ध्वस्त करने की बात कही जा रही है।

## साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

**देवरिया।** संकल्प इंदिरा गांधी बालिका इण्टर कालेज सुगही में रविवार को सलेमपुर की साइबर सेल टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के लिए छात्राओं को जागरूक किया। टीम ने छात्राओं को विभिन्न साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से बताया एवं उनसे बचाव के लिए सावधानियां बरतने की सलाह दी।

साइबर सेल की टीम के उपनिरीक्षक सुशांत सिंह, महिला आरक्षी अपाला राय व सरिता द्वारा छात्राओं व विद्यालय के शिक्षकों को डिजिटल युग में साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, हैकिंग, पहचान चोरी, साइबर बुलिंग और फर्जी कॉल से बचाव के लिए टेम्पलेट वितरित कर उन्हें जागरूकता किया।

# जवान का शव गांव पहुंचने पर मचा कोहराम

**खुखुन्दू, हिन्दुस्तान संवाद।** सीआरपीएफ के एक जवान का शव सोमवार को पैतृक गांव बरडीहा ठाकुर पहुंचने पर कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों की चीख-पुकार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। भटनी के छोटी गंडक नदी घाट पर गार्ड ऑफ ऑनर देने के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बड़े पुत्र ने मुखाग्नि दी।



रामदयाल यादव की फाइल फोटो।

■ **बीमारी के कारण इलाज के दौरान हुई जवान की मौत**



जवान को गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए जवान। • हिन्दुस्तान

थाना क्षेत्र के बरडीहा ठाकुर गांव निवासी रामदयाल यादव (40) पुत्र परमानंद यादव सीआरपीएफ में हवलदार के पद पर तैनात थे। कुछ दिन पहले ही उनका हवलदार के पद पर प्रमोशन हुआ था। वर्तमान में उनकी तैनाती श्रीनगर में थी। वह तीन माह से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज एक्शन कैंसर हॉस्पिटल दिल्ली में चल रहा था, जहां छह सितंबर की शाम को उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके बाद शव दिल्ली से वाराणसी एयरपोर्ट लाया गया। वहां से जवान के शव के साथ सीआरपीएफ 95वीं बटालियन के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह के साथ अन्य पंद्रह जवान सुबह सात बजे गांव पहुंचे। स्थानीय पुलिस के एसआई परवेज आलम समेत अन्य पुलिसकर्मी भी गार्ड ऑफ देने के लिए गांव पहुंचे। मृतक जवान का बड़ा पुत्र अजय यादव बीकॉम प्रथम वर्ष का छात्र है। इसके अलावा दो बेटियां अंजली यादव 17 वर्ष, खुशी 14 वर्ष एवं सबसे छोटा बेटा यश यादव 13 वर्ष है। जवान के किसी बेटे या बेटियों की शादी नहीं हुई है। रामदयाल ही परिवार का एकमात्र सहारा थे। उनकी असामयिक मौत से वृद्ध मां राजकुमारी देवी, पत्नी शैला देवी समेत अन्य परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल हो गया है।

# अफसरों ने रेलवे स्टेशन पर की गश्त

**देवरिया, निज संवाददाता।** सदर रेलवे स्टेशन पर सोमवार को शाम को एसपी विक्रांत वीर व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा ने पैदल गश्त किया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग भी की गई।

अपराध नियंत्रण व कानून एवं शांति-व्यवस्था को कायम रखने के लिए एसपी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी सदर संजय कुमार रेड्डी , क्षेत्राधिकारी विनी सिंह ने रेलवे स्टेशन सदर परिसर में गश्त करने के साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की।

इस दौरान रेलवे पुलिस बल की टीम, जीआरपी सदर की टीम, डॉग स्क्वाड, यातायात पुलिस बल भी मौजूद रही।

**शहर में भी पुलिस ने किया गश्तः** एसपी ने सुभाष चौक से होते हुए मालवीय रोड, कसया रोड, स्टेशन रोड, अबूबकनगर में भारी पुलिस बल के साथ गश्त कर स्थानीय नागरिकों ,राहगीरों से संवाद स्थापित किया । उन्होंने कहा कि जनपद के किसी क्षेत्र में किसी भी आपराधिक गतिविधि , अराजक तत्वों, आपत्तिजनक कार्यों, महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा को लेकर किसी भी संवेदनशील सूचना से तत्काल पुलिस को अवगत करायें। जिससे जनपद में बेहतरी से अपराध नियंत्रण के साथ ही कानून-व्यवस्था को कायम रखा जा सके ।



सोमवार को सदर रेलवे स्टेशन पर गश्त करते एसपी विक्रांत वीर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा व पुलिसकर्मी। ● हिन्दुस्तान

## जनपद में बिना मान्यता के चिह्नित किए गए हैं 82 विद्यालय

# बिना मान्यता चल रहे 22 विद्यालय कराए गए बंद

### शिकंजा

- विभाग द्वारा बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों को बंद कराया जा रहा है
- इन विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को पास के विद्यालयों में किया गया है शिफ्ट

**देवरिया, निज संवाददाता।** जिले में बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों पर बेसिक शिक्षा विभाग का शिकंजा अब कसने लगा है। विभिन्न विकास खण्डों में संचालित हो रहे बिना मान्यता वाले करीब 22 विद्यालयों को बंद कराया जा चुका है। वहीं चिन्हित किए गए अन्य विद्यालयों को भी बन्द कराने की तैयारी चल रही है। बन्द कराए गए विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को पास के विद्यालयों में शिफ्ट किया गया है।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ने अभियान चलाकर जिले के विभिन्न विकास खण्डों में बिना मान्यता के कक्षा आठवीं तक संचालित हो रहे 82 विद्यालयों को चिन्हित किया गया था। जिसके बाद इन विद्यालयों को बीएसए कार्यालय द्वारा दो- दो बार नोटिस जारी करने के बाद तीसरी बार अंतिम नोटिस जारी करते हुए दण्ड स्वरूप अधिरोपित जुर्माने की धनराशि एक- एक लाख रुपये जमा कराने के निर्देश दिए गए थे। अब इन विद्यालयों पर शिकंजा कसते हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बन्द कराया जा रहा है।

जिले के विभिन्न विकास खण्ड क्षेत्रों में बिना मान्यता के संचालित हो रहे करीब 22 विद्यालयों को संबंधित बीईओ द्वारा बन्द कराए जा चुके हैं, वहीं अन्य चिन्हित किए गए विद्यालयों को भी बन्द कराने की तैयारी की जा रही है। बिना मान्यता के चल रहे इन विद्यालयों को बन्द कराने के साथ ही उसमें अध्ययनरत बच्चों को पास के परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शिफ्ट किया गया है। ताकि उनकी शिक्षा प्रभावित न हो। बिना मान्यता के चल रहे इन विद्यालयों के बन्द होने से अन्य बिना मान्यता वाले विद्यालय के संचालकों में खलबली मच गई है।

# परिवार रजिस्टर में युवती का नाम दर्ज करने को दी गवाही

- पिपरहिया में परिवार रजिस्टर में नाम न दर्ज करने का मामला
- पीड़िता ने एक सप्ताह पूर्व दी थी आत्मदाह की चेतावनी

भाटपाररानी, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के पिपरहिया में परिवार रजिस्टर में नाम न दर्ज होने से परेशान एक युवती को ग्राम सभा की खुली बैठक में न्याय की आस जगी है। ग्राम सभा की बैठक में युवती के समर्थन में 72 ग्रामीणों ने गवाही दी है तो वहीं उसके विरोध में मात्र 67 लोगों ने गवाही दी है।

सुनंदा धोबी पुत्री स्व. बनारसी धोबी ने परिवार रजिस्टर में नाम न दर्ज होने से परेशान होकर सात दिन पूर्व एसडीएम को पत्रक सौंप कर न्याय की गुहार लगाई थी। न्याय न मिलने की दशा में युवती ने आत्मदाह की चेतावनी दी थी। मामलें को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी द्वारा टीम गठित कर ग्राम सभा की खुली बैठक करने का निर्देश दिया गया। सोमवार को दो बजे एडीओ पंचायत राजेश राय के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम गांव के प्राथमिक विद्यालय में पहुंची। जहां ग्राम प्रधान राधा कृष्ण यादव द्वारा खुली बैठक की कार्रवाई आरंभ की गई। बैठक में टीम ने ग्रामीणों से पहले हाथ उठवा कर पक्ष और विपक्ष की गिनती करवाई। इसके बाद हस्ताक्षर अभियान चलाया। जिसमें पीड़ित महिला सुनंदा के समर्थन में 72 और विरोध में 67 ग्रामीणां ने हस्ताक्षर किया। इसके अलावा एक दर्जन से अधिक ग्रामीणां ने शपथ पत्र देकर सुनंदा के पिता को पिपरहिया का निवासी बताया है।

# समय से पहले भागा अभ्यर्थी पुलिस से दूर

- पीईटी परीक्षा में अभ्यर्थी और दो कक्ष निरीक्षक पर दर्ज हुआ है मुकदमा
- मुकदमा दर्ज होने के बाद अभ्यर्थी है फरार, पुलिस तलाश में जुटी हुई है

**रामपुर कारखाना, हिसं।** पेट परीक्षा में समय से पहले बाहर निकल गया अभ्यर्थी का अभी तक पता नहीं चला है। पुलिस ने अभ्यर्थी और दो कक्ष निरिक्षकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। अभ्यर्थी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

रामपुर कारखाना के अशोक इंटर कालेज को दो दिवसीय प्रारंभिक अर्हता परीक्षा का केंद्र बनाया गया था। शनिवार की दूसरी पाली में परीक्षा के दौरान अमेठी जिले का रहने वाला प्रवीण कुमार यादव नामक एक अभ्यर्थी परीक्षा दे रहा था। परीक्षा समाप्ति होने से कुछ देर पहले ही वह अपना ओएमआर भर लिया था और कक्ष निरीक्षकों से तबीयत खराब होने का हवाला देते हुए बाहर निकल गया। थोड़ी देर बाद जब इसकी जानकारी हुई तो केंद्र व्यवस्थापक सहित ड्यूटी कर रहे कक्ष निरीक्षकों के बीच अफरा तफरी मच गई। चौराहे सहित आसपास उसकी खोज होने लगी। लेकिन उसका कहीं अता पता नहीं चला। मामले को गंभीरता से लेते हुए केंद्र व्यवस्थापक देवेंद्र नाथ तिवारी ने परीक्षा में शामिल आरोपित अभ्यर्थी प्रवीण कुमार यादव तथा कक्ष निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह व सुरेंद्र प्रसाद के विरुद्ध रामपुर कारखाना पुलिस को तहरीर दी। जिसके क्रम में पुलिस ने परीक्षार्थी सहित दो कक्ष निरीक्षकों के विरुद्ध सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम मुकदमा दर्ज कर लिया।

मुकदमा दर्ज होने के बाद अभ्यर्थी फरार है। पुलिस तलाश में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार राय ने बताया कि मामले में केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत अभ्यर्थी सहित दो कक्ष निरीक्षकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# हाईकोर्ट के आदेश पर राउतपार में हटा अतिक्रमण

जागरण संवाददाता, बरियारपुरः राउतपार गांव में सोमवार को प्रशासन का बुलडोजर गरजा। प्रशासनिक टीम ने खलिहान से अतिक्रमण हटवाया। तीन थानों के पुलिस फोर्स की मौजूदगी में नायब तहसीलदार सदर शिवेंद्र कौंडिल्य ने राजस्व टीम के साथ हाईकोर्ट के आदेश पर की बेदखली की कार्रवाई। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन पर पक्षपात करने का आरोप लगाया।

गांव के खलिहान की भूमि पर कुछ लोगों का वर्षों से कब्जा था, जिसके विरुद्ध गांव के ही महेंद्र सिंह ने हाईकोर्ट में अपील की थी। जिस पर निर्णय सुनाते हुए कोर्ट ने गांव के पांच लोगों के विरुद्ध बेदखली का आदेश दिया था। जिला प्रशासन ने धारा 67 के तहत बेदखली की कार्रवाई करते हुए सोमवार को रमेश प्रसाद पुत्र वसंत और अनिरुद्ध वर्मा व लक्ष्मण वर्मा पुत्र गण रामध्यान वर्मा की 1978 से किए गए खलिहान की भूमि से अतिक्रमण को खाली करा दिया गया।



बुलडोजर से मकान ध्वस्त करता बुलडोजर • जागरण

कार्रवाई के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बरियारपुर थाने के साथ ही खुखुंदू व सलेमपुर थाने की पुलिस फोर्स मौके पर तैनात रही। नायब तहसीलदार सदर शिवेंद्र कौंडिल्य ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश पर धारा 67 के तहत तीन लोगों के विरुद्ध बेदखली की कार्रवाई की गई है और शेष बचे दो विरुद्ध कल कार्रवाई की जाएगी।

# फ्रैंचाइजी के नाम पर पांच लाख हड़पे, जांच शुरू

जासं, रुद्रपुरः दुग्धेश्वरनाथ वार्ड निवासी अश्वनी द्विवेदी ने लखनऊ स्थित अटल पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट की फ्रैंचाइजी और प्रवेश के नाम पर पांच लाख 19 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच कर रही है।

उसने तहरीर में बताया कि 2021 में रुद्रपुर में लखनऊ का रहने वाला एक व्यक्ति उनसे मिला, खुद को अटल पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट का मालिक बताया। उसके झांसे में उन्होंने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की इंदुपुर शाखा से आरटीजीएस के माध्यम से पैसे भेज दिए। प्रवेश दिलाने के लिए मथुरा के कॉलेजों में अतिरिक्त शुल्क भी चुकाना पड़ा। फिर भी न तो अंक पत्र मिला और न ही ग्रीन कार्ड। रुपये मांगने पर एक चेक दिया गया, जो बाउंस हो गया। कोतवाल अनिल कुमार ने कहा कि तहरीर प्राप्त हुई है।

# बंदियों को विधिक सहायता की दी जानकारी

जागरण संवाददाता, देवरिया: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने सोमवार को जिला कारागार का हाल जाना। उन्होंने उन बंदियों से बातचीत की, जिनकी जमानत न्यायालय से स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन जमानतदार उपलब्ध न होने के कारण वे कारागार में निरुद्ध हैं। उन्हें विधिक जानकारी प्रदान करते हुए निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।



जिला कारागार का निरीक्षण करते अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी (दाएं)● सौ. प्राधिकरण

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल लीगल क्लीनिक के अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्हें सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। कहा कि यदि किसी बंदी को निशुल्क विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रार्थना-पत्र देकर अपनी समस्या का समाधान करा सकता है। उन्होंने भोजन व्यवस्था की समीक्षा की। कहा कि भोजन नियमित रूप से निर्धारित मेन्यू के अनुसार ही तैयार कराएं। महिला बंदियों के लिए पौष्टिक आहार, बच्चों के लिए दूध, शिक्षा की व्यवस्था, साफ-सफाई और दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने में कोताही न बरतें।

उन्होंने बंदियों की समस्याएं भी सुनीं। उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर जेल के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रश्नपत्र लेकर भागने वाले की तलाश में जुटी पुलिस

- प्रारंभिक अर्हता परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र लेकर जाने का मामला
- अभ्यर्थी व दो कक्ष निरीक्षकों पर दर्ज किया गया है मुकदमा

जासं, रामपुर कारखाना: अशोक इंटरमीडिएट कालेज डुमरी में आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे बाद प्रश्नपत्र लेकर बाहर निकलने के मामले की पुलिस जांच करेगी।

सीसी कैमरे से अभ्यर्थी के प्रश्नपत्र लेकर बाहर निकलने के समय का पता लगाएगी। इस मामले में केंद्र व्यवस्थापक ने अभ्यर्थी व दो कक्ष निरीक्षकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। शनिवार की दूसरी पाली में प्रवीण कुमार यादव नामक अभ्यर्थी परीक्षा दे रहा था। उसने तबीयत खराब होने की बात कहकर परीक्षा समाप्त होने से काफी पहले ही प्रश्नपत्र लेकर बाहर निकल गया। इसकी जानकारी जब केंद्र व्यवस्थापक को हुई तो उन्होंने कक्ष निरीक्षकों से जानकारी ली। इसके बाद उसकी तलाश शुरू हो गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। जब सीसी फुटेज देखा गया तो वह विद्यालय के छोटे गेट से बाहर जाते हुए दिखाई दिया। इसके बाद केंद्र पर तैनात प्रशासनिक अधिकारियों में खलबली मच गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए केंद्र व्यवस्थापक देवेंद्र नाथ तिवारी ने आरोपित अभ्यर्थी प्रवीण कुमार यादव, कक्ष निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह व सुरेंद्र प्रसाद के विरुद्ध सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम मुकदमा दर्ज कराया। थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार राय ने बताया कि सीसी फुटेज से समय का पता लगाया जाएगा।

# फरियादियों की लगी लंबी कतार, गर्मी से रहे बेहाल

## एसपी रहे मौजूद, डीएम की गैर मौजूदगी में एसडीएम ने **सुनी फरियाद** संपूर्ण समाधान दिवस में मिली निराशा

जासं, देवरिया: सोमवार को दोपहर के करीब 12:20 बजे थे। सदर तहसील का सभागार फरियादियों व अधिकारियों से खचाखच भरा था। कतार में खड़े बूढ़े, जवान व महिलाएं पसीने से तरबतर थीं। एसी चलने के बाद भी उमस भरी गर्मी से बेहाल थे। हाथों में प्रार्थना पत्र दबे थे। चेहरे पर थकान थी। उन्हें उम्मीद थी कि शायद इस बार उनकी पीड़ा सुन ली जाए व समाधान के रास्ते खुल जाएं, लेकिन अधिकतर को निराशा हाथ लगी। एसपी विक्रांत वीर व डीएम की गैर मौजूदगी में एसडीएम सदर श्रुति शर्मा ने उनकी फरियाद सुनी।

देवरिया सदर तहसील में कुल 61 मामले आए, जिसमें 10 का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। इसमें सर्वाधिक मामले राजस्व व पुलिस के थे। सलेमपुर संवाददाता के अनुसार, तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 शिकायतें मिलीं, जिसमें राजस्व के दो मामलों का निस्तारण किया गया। राजस्व के 44 पुलिस के पांच विकास के पांच आपूर्ति के 10 नगर पंचायत व विद्युत के तीन-तीन मामले आए। एसडीएम दिशा श्रीवास्तव व सीओ मनोज कुमार ने फरियाद सुनी। इस दौरान नायब तहसीलदार गोपालजी, हरी प्रसाद आदि मौजूद रहे।



सदर तहसील में फरियाद सुनते एसपी विक्रांत वीर बाएं एवं एसडीएम श्रुति शर्मा दाएं •



फरियादियों और अधिकारियों से खचाखच भरा सदर तहसील का सभागार • जागरण



दरवाजे पर आने के लिए रास्ता नहीं है। बरसात में मुश्किल हो गई है। भूमि विवाद तेरह वर्षों से नहीं सुलझ रहा है। न्याय के लिए यहां आए हैं।

रामस्वरूप, अकटहिया, महुआडीह



सीमांकन के बाद भी कुछ लोग जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। धमकी दे रहे हैं। पुलिस को भी प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है। डीएम से मिलने आया हूं।

धर्मदेव, वांकी, सदर तहसील



सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण खाली नहीं किया जा रहा है। 16 वर्ष से न्याय के लिए लड़ रहे हैं। अभी तक सुनवाई नहीं हुई है। उम्मीद लेकर फिर आया हूं। वावूलाल, लाहिलपार खास, सदर तहसील



एसडीएम के आदेश पर राजस्व टीम ने पत्थर गाड़ दिया है। एक व्यक्ति की झोपड़ी मेरी भूमि में पड़ी है। उसे हटाने के लिए 10 दिन का समय मांगा था। अभी तक नहीं हटाया। अभिषेक सिंह, पिपरा मदनगोपाल, सदर तहसील

बरहज संवाददाता के अनुसार, एडीएम वित्त एवं राजस्व रामशंकर ने फरियाद सुनी। कुल 19 मामले आए, जिसमें एक मामले का निस्तारण हो सका। राजस्व व पुलिस के छह-छह मामले शामिल हैं। इस मौके पर एसडीएम विपिन द्विवेदी, तहसीलदार अरुण कुमार, सीओ अंशुमन श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार रविंद्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर संवाददाता के अनुसार, एडीएम प्रशासन जैनेंद्र सिंह ने फरियाद सुनी। कुल 49 मामले आए, जिसमें मौके पर आठ मामलों का निस्तारण हो सका। तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा, नायब तहसीलदार अनिल तिवारी, सीओ हरीराम यादव, नीतेश गौरव आदि मौजूद रहे। भाटपाररानी संवाददाता के अनुसार, सीआरओ जलराजन चौधरी ने फरियाद सुनी। कुल 19 मामले आए। एसडीएम रत्नेश तिवारी व सीओ आदित्य कुमार भी मौजूद रहे।

# मनबढ़ तमंचा सटाकर देता है धमकी, जांच के निर्देश

## समाधान दिवस में छाये रहे राजस्व और पुलिस के मामले, एक निस्तारित

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरहज।** पेट परीक्षा को लेकर शनिवार को आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित किया गया। इसमें पूरे दिन राजस्व और पुलिस के मामले छाये रहे। दिवस में आये कुल 19 मामलों में मौके पर राजस्व के एक मामे का निस्तारण कर दिया गया।

हालांकि खुखुंदू थाना क्षेत्र के बंजरिया निवासी राजेश यादव ने गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ शिकायत किया है। उनका कहना था कि साहब! गांव का ही एक मनबढ़ व्यक्ति करपटी पर तमंचा सटाकर जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौज कर रहा है। वहीं सभागार में आरोपी के मौजूद होने की जानकारी होने पर कुछ देर के लिए खलबली मच गई। अधिकारियों ने जांच का निर्देश दिया है।

एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में दिवस की कार्रवाई शुरु किया गया। मौके पर एडीएम प्रशासन भी पहुंच गए। दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र में बंजरिया निवासी राजेश का कहना है कि गांव का ही एक गोलबंद और बदमाश किस्म का व्यक्ति है। जिसका आपराधिक छवि वालों से साथ भी है। शख्स ने 30 अगस्त की सुबह दरवाजे पर चढ़कर गाली-गलौज करते हुए कनपटी पर तमंचा सटा दिया, जबकि जान से मारने की धमकी भी दिया।

अधिकारियों ने मामले के जांच के निर्देश दिए हैं। दिवस में राजस्व-पुलिस के छह-छह, विकास तीन, खाद्य एवं रसद और अन्य दो-दो सहित कुल 19 मामले आये। मौके पर तहसीलदार अरुण कुमार, नायब तहसीलदार रवींद्र मौर्य, सीओ अंशुमन श्रीवास्तव, ईओ निरुपमा प्रताप, जेई विवेक कुमार, इंस्पेक्टर राहुल सिंह, एडीओ पंचायत मदनमोहन पाठक, अमरेंद्र यादव, योगेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## पीईटी : समय से पहले निकला अभ्यर्थी, पकड़ से दूर

**रामपुर कारखाना।** पीईटी परीक्षा में शनिवार को ड्यूटी पाली में समय से पहले बाहर निकल गया अभ्यर्थी का अभी तक पता नहीं चला है। पुलिस ने अभ्यर्थी और दो कक्ष निरीक्षकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। अभ्यर्थी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। रामपुर कारखाना के अशोक इंटर कालेज को दो दिवसीय प्रारंभिक अर्हता परीक्षा का केंद्र बनाया गया था। शनिवार की दूसरी पाली में परीक्षा के दौरान प्रवीण कुमार यादव नामक एक अभ्यर्थी परीक्षा दे रहा था। परीक्षा समाप्ति होने से कुछ देर पहले ही वह अपना ओएमआर भर लिया था और कक्ष निरीक्षकों से तबीयत खराब होने का हवाला देते हुए बाहर निकल गया। संवाद

# खलिहान की जमीन पर बने दो मकानों पर चला बुलडोजर

## हाईकोर्ट के आदेश पर खाली कराया गया अतिक्रमण, 40 साल से मकान बनवाकर रह रहे थे लोग

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरियारपुर।** थाना क्षेत्र के राउतपार गांव में सोमवार को हाईकोर्ट के आदेश पर खलिहान की जमीन पर बने दो मकानों पर प्रशासन का बुलडोजर चला। एक मकान पर मंगलवार की सुबह चलेगा। करीब 40 साल से खलिहान की जमीन पर मकान का निर्माण कराकर लोग रह रहे थे। इसके अलावा दो और मकान कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार की मौजूदगी में तीन थानों की पुलिस तैनात रही।



राउतपार गांव में खलिहान की भूमि पर बने मकान को ध्वस्त करता बुलडोजर। संवाद

राउतपार गांव में वर्ष 1978 से कुछ परिवार खलिहान की जमीन पर कब्जा कर मकान का निर्माण करा लिए थे। प्रशासन ने जमीन खाली कराने के लिए तीन बार नोटिस जारी किया, मगर कब्जा खाली नहीं किया। इसके बाद गांव के महेंद्र सिंह ने तहसीलदार कोर्ट की ओर से की गई बेदखली के आदेश व नोटिस देने के बाद कब्जा खाली नहीं करने पर हाईकोर्ट में वाद दाखिल किया।

हाईकोर्ट के आदेश पर सोमवार को नायब तहसीलदार सदर शिवेंद्र कौंडिल्य के नेतृत्व में राजस्व टीम, लेखपाल और बरियारपुर पुलिस मौके पर पहुंची। मौके की नजाकत को भांपते हुए कुछ देर बाद खुखुंदू व सलेमपुर कोतवाली पुलिस को भी बुला ली गई। खलिहान की जमीन पर बना गांव के रमेश, अनिरुद्ध का मकान बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया।

वहीं लक्ष्मण का मकान मंगलवार को तोड़ा जाएगा। अनिरुद्ध का कहना है कि घर टूटने के बाद अब आसमान तले रहना पड़ेगा। क्योंकि महंगाई के दौर में मकान का निर्माण कराना आसान नहीं है। नायब तहसीलदार शिवेंद्र कौंडिल्य ने बताया कि कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश पर हुई है। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद की गई है। रमेश और अनिरुद्ध का मकान तोड़ दिया गया। लक्ष्मण का मकान मंगलवार को तोड़ा जाएगा। इसके अलावा दो और मकानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो सकती है।

# स्कूल के कमरे का दरवाजा तोड़ 16 बोरी अनाज उठा ले गए चोर

संवाद न्यूज एजेंसी

**खुखुंदू।** मुंडेरा खुर्द प्राथमिक विद्यालय में रविवार की रात चोर मध्याह्न भोजन के कमरे का दरवाजा तोड़ उसमें रखा 16 बोरी गेहूं-चावल चुरा ले गए। एक बॉक्स का ताला तोड़कर उसमें रखें अभिलेख को इधर-उधर बिखेर दिया।

प्रधानाध्यापक का कहना है कि 20 दिन के अंदर दूसरी बार और एक साल के अंदर तीसरी बार विद्यालय में चोरी हुई है। प्रधानाध्यापक ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रधानाध्यापक उज्ज्वल नारायण राय का कहना है कि 20 दिन पहले भी चोरी हुई तो चोर अनाज ही उठा ले गए थे। इधर, तीन दिन लगातार छुट्टी के बाद सोमवार को विद्यालय पहुंचने पर देखा गया कि अनाज के कमरे में लगे ताले को चोर तोड़ने के लिए भरपूर कोशिश की।

जब उन्हें सफलता नहीं मिली तो दरवाजा ही तोड़ कर उसमें रखा 16 बोरी अनाज उठा ले गए। इसमें 10 बोरी गेहूं और छह बोरी चावल था।



प्राथमिक विद्यालय का टूटा दरवाजा। स्रोत-स्कूल

## विद्यालय का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**गौरीबाजार।** ग्राम चरियांव खास के मठवाल गिरी चौराहे के पास स्थित एक विद्यालय के कार्यालय का ताला तोड़कर चोर इलेक्ट्रॉनिक सामान तथा कार्यालय अभिलेख चुरा ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में चरियांव खास निवासी सुनील प्रजापति ने कहा है कि गांव के मठवालगिरी चौराहे के पास उनका स्कूल है। रविवार की रात चोर विद्यालय के मेनगेट का ताला तोड़कर विद्यालय में घुस गए। कार्यालय में रखा इनवर्टर, बैटरी, प्रोजेक्टर, टीवी, मॉनिटर, मोटरपंप आदि चुरा ले गए।

# बाइक की टक्कर से महिला घायल

**गौरीबाजार।** गौरीबाजार9रुद्रपुर मार्ग पर सोमवार की देर शाम भृगसरी मोड़ के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर 40 वर्षीय महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। सीएचसी गौरीबाजार से रेफर किए जाने के बाद घायल महिला को मेडिकल कॉलेज देवरिया में भर्ती कराया गया है। महिला की हालत नाजुक बताई गई है। रुद्रपुर क्षेत्र के ग्राम रामनगर तुलसीपुर निवासी रीता सिंह पत्नी श्रवण सिंह घर जाने के लिए भृगुसरी मोड़ के पास सड़क पार कर रही थीं। इसी बीच बाइक सवार नटक्कर मार दी। संवाद

# आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से खफा हैं परिजन

## रिटायर्ड फौजी हत्याकांड : गोरखपुर के एसपी नार्थ ने तलब की केस से जुड़ी फाइल

फॉलोअप

### सीओ बोले- वारदात से जुड़े साक्ष्य जुटाने में लगी है पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**रुद्रपुर।** फतेहपुर गांव के बड़का टोला में 28 जुलाई को जमीन विवाद में रिटायर्ड फौजी की हत्या में फरार चल रहे तीन आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर परिजन स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं।

वारदात में पीड़ित पक्ष की मांग पर प्रकरण की जांच अब देवरिया पुलिस के सहयोग से गोरखपुर के एसपी नार्थ कर रहे है। हत्याकांड में दो नामजदों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि अन्य आरोपी प्रधान के पति, उसके बेटे और एक अन्य की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

आरोप है कि गांव में जमीन के विवाद में अवकाश प्राप्त सेना के जवान राम दयाल कुशवाहा की 28 जुलाई को लाठी-डंडे से पीटकर और गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने राम दयाल के बेटे अमित की तहरीर पर प्रधान पति राम अशीष निषाद, विजय, रामजीत निषाद, रामप्रकाश निषाद और राजा चौहान पर केस दर्ज किया।

पुलिस ने रामजीत और राम प्रकाश को गिरफ्तार किया। वहीं मृतक के पोस्टमार्टम के बाद विसरा सुरक्षित रखा गया है। मृतक के परिवार वालों ने वारदात में शामिल बचे तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर डीआईजी से मांग की। जिस पर यह जांच एसपी नार्थ जितेन्द्र श्रीवास्तव को सौंपी गई है। पा सितंबर को जांच अधिकारी ने वारदात की फाइल रुद्रपुर पुलिस से तलब की है। राम दयाल के बेटे ने तीन हत्यारोपियों के गिरफ्तारी में स्थानीय पुलिस पर भेदभाव का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि केस में नामजद तीनों आरोपी घूम रहे है। सीओ हरिराम यादव ने कहा कि प्रकरण में गंभीरता से जांच चल रही है। पुलिस वारदात के हर साक्ष्य पर काम कर रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# डीजे संचालक हत्याकांड में पुलिस अब भी खाली हाथ, अपनों पर घूमी शक की सुई

## मोबाइल में मिले फोटो की पत्नी से पुलिस कराई पहचान, पुलिस की सुस्त जांच से गांव वालों में उबाल

### पत्नी से हुए विवाद को घटनाक्रम से जोड़कर जांच कर रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**तरकुलवा।** चर्चित डीजे संचालक हीरालाल शर्मा हत्याकांड में पुलिस की जांच अपनों के इर्द गिर्द घूम रही है। हालांकि, एक माह बाद भी पुलिस किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। इससे गांव वालों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। कभी भी लोग सड़क पर उतर सकते हैं।

वहीं रविवार की शाम को डीजे संचालक के घर पहुंची पुलिस हीरालाल शर्मा के मोबाइल से कुछ फोटो उसकी पत्नी नीतू को दिखाकर पहचान कराई, मगर उसने वारदात में शामिल किसी भी चेहरे को पहचानने से इन्कार कर दिया। वहीं पुलिस की जांच में अपनों पर ही हत्या का संदेह गहराता नजर आ रहा है, मगर पुलिस कुछ भी कहने से परहेज कर रही है।

थाना क्षेत्र के बंजरिया गांव निवासी डीजे संचालक हीरालाल शर्मा नौ अगस्त की रात करीब 11:30 बजे बाइक से घर से निकला था, मगर लौट कर नहीं आया। 10 अगस्त की सुबह उसका शव गांव के बाहर एक निजी स्कूल के पास धान के खेत में मिला था। मौके पर एसपी विक्रांत वीर डॉग


डीजे संचालक की पत्नी के बदलते बयानों से उलझी जांच

2 सितंबर को प्रकाशित खबर।

स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे थे। हीरालाल की पत्नी ने एसपी को बताया कि अज्ञात नंबर से फोन आने पर पति घर से निकले थे, उसने अंदेशा जताया था कि फोन करने वाले ही हत्या में शामिल हैं।

इसके बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी। थानाध्यक्ष ने हीरालाल की पत्नी से दोबारा पूछताछ के लिए संपर्क किया तो पत्नी बात से पलट गई और बताया कि पति के मोबाइल पर फोन नहीं मिस्ड कॉल आई थी और नंबर मोबाइल से डिलीट हो गया। इसके बाद पुलिस हीरालाल का मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया, क्योंकि हीरालाल का हत्या जिस रात को हुई, वह अपने साथ मोबाइल नहीं ले गया था, उसका मोबाइल घर पर था।

पूछताछ में पत्नी के बदलते बयानों से पुलिस की जांच उलझने लगी। हीरालाल के मोबाइल नंबर के सीडीआर की मदद से पुलिस घटना में शामिल लोगों के करीब पहुंच गई है, मगर वारदात में कितने लोग शामिल रहे, इसकी जानकारी के लिए पुलिस अब काम कर रही है। हीरालाल के मोबाइल में कुछ लोगों का फोटो है, उसकी पहचान के लिए पुलिस मोबाइल लेकर उसके घर पत्नी के पास पहुंची थी, करीब एक घंटे तक एक-एक फोटो दिखाकर पहचान कराने की कोशिश की, मगर उसने एक भी लोगों की फोटो पहचान नहीं पाई।

जानकारी के अनुसार, हीरालाल की पत्नी नीतू ने बैनामे से मिली रकम को कई बार अपने खाते में ट्रांसफर कराने के लिए पति से विवाद किया था। पारिवारिक कलह की वजह से पत- पत्नी के बीच तनाव चल रहा था। पुलिस इस पहलू को भी जांच का केंद्र बिंदु मानकर जांच कर रही है।

### हत्या के खुलासे के लिए सड़क पर उतर सकते हैं ग्रामीण

एक माह बाद भी वारदात का पर्दाफाश नहीं होने से गांव वालों व परिजनों का गुस्सा पुलिस के खिलाफ बढ़ता जा रहा है। गांव से लेकर चौराहे तक सोमवार को इसकी चर्चा लोगों में रही, कभी भी गांव वाले सड़क पर उतर सकते हैं। पुलिस के अनुसार करीब एक माह पहले डीजे संचालक हीरालाल शर्मा और उसकी पत्नी नीतू के बीच खेत बैनामे को लेकर विवाद हुआ था। यह मामला इतना बढ़ा कि दोनों के बीच कहासुनी थाने तक पहुंच गई थी। पुलिस इस पुराने विवाद को भी वर्तमान घटनाक्रम से जोड़कर देखने का प्रयास कर रही है।

*डीजे संचालक की हत्या का तार अपनों से जुड़ा है। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है। वारदात में शामिल बाकी लोगों की पहचान करने में पुलिस जुटी है। जल्दबाजी करना ठीक नहीं होगा। सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। डीजे संचालक की हत्या पारिवारिक विवाद, आर्थिक लेनदेन या किसी और रंजिश का नतीजा है। यह सीडीआर रिपोर्ट और गहन पूछताछ से स्पष्ट हो जाएगा।*

***-संजय कुमार रेड्डी, सीओ सिटी***

# लापता मोबाइल में राजू की हत्या का राज खोज रही पुलिस

## राजू पाल हत्याकांड : सुलझने के बजाय उलझती जा रही पुलिस की जांच, लार से बिहार तक दबिश

**फॉलोअप**

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेहरौनाघाट/सुतावर।** मेहरौनाघाट निवासी 25 वर्षीय राजू पाल की हत्या की जांच में लगी पुलिस की चार टीमें उलझती जा रही हैं। एक सप्ताह तक शराब तस्करी और करीबियों पर संदेह होने का दावा करने वाली पुलिस अब लापता मोबाइल में राजू की हत्या का राज ढूंढने में लगी है।

पुलिस राजू के मोबाइल नंबर का सीडीआर निकाल कर उसकी मदद से वारदात में शामिल आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।


50 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ...अब शराब तस्कर जांच के घेरे में

8 सितंबर को प्रकाशित खबर।

सोमवार को हिरासत में लिए गए कुछ लोगों से पूछताछ पूरे दिन हुई, मगर ठोस जानकारी हाथ नहीं लग सकी। सूत्रों की मानें तो पुलिस की जांच आशनाई की ओर इशारा कर रही है। हालांकि, पुलिस कुछ भी कहने से परहेज कर रही है।

> राजू पाल की हत्या के लिए एसओजी समेत चार टीमें लगाई गई हैं। लापता मोबाइल का सीडीआर निकाला गया है। पुलिस वारदात की कड़ियां जोड़ने और बदमाशों को पहचान करने में जुटी है। आशनाई से जुड़े बिंदु पर भी जांच शुरू की गई है। जल्द ही पर्दाफाश कर दिया जाएगा। **-सुनील सिंह,** एएसपी देवरिया

राजू की मंगलवार की रात बदमाशों ने धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी थी। बिहार बॉर्डर से सटा गांव होने के कारण पुलिस सक्रिय हुई।

पुलिस की शुरुआती जांच शराब तस्करों की ओर रही। वारदात के बाद बदमाशों ने राजू का मोबाइल भी लापता कर दिया था। मोबाइल का अंतिम लोकेशन वारदात के इर्द गिर्द था।

रविवार की रात और सोमवार को पुलिस मोबाइल को ढूंढने की कोशिश की। बदमाशों ने कोई ऐसा साक्ष्य नहीं छोड़ा है, जो पुलिस की जांच में मददगार बन सके। वहीं घर वाले तथा इलाके के लोगों का सब्र भी पुलिस की सुस्त जांच के चलते कभी भी टूट सकता है। सोमवार को सीओ मनोज कुमार के नेतृत्व में एसओजी समेत सर्किल क्षेत्र के थानों की पुलिस टीम मेहरौना पहुंची। फिर वारदात स्थल पर पहुंची।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-09-09-2025

# नियमों की अनदेखी से हाईवे क्रासिंग पर हो रहे हादसे

**लापरवाही**

- जोलहिनिया व तितला क्रासिंग पर आएदिन होती हैं दुर्घटनाएं
- कड़ाई न होने से गलत साइड से बेकाबू वाहन अक्सर आते-जाते रहते हैं

**सुकरौली, हिन्दुस्तान संवाद।** फोरलेन के डेंजर जोन के रूप में चिह्नित तितला, जोलहिनिया व सुबुधिया खुर्द के पास बने क्रासिंग पर आये दिन यातायात नियमों की अनदेखी के चलते सड़क हादसे हो रहे हैं।

स्थानीय प्रशासन द्वारा ऐसे वाहनों पर कार्रवाई नहीं किये जाने से बेखौफ वाहन चालक यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा कर गलत साइड से तेज रफ्तार में चलते हैं।

हाटा कोतवाली के फोरलेन पर स्थित तितला, जोलहिनिया व अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के सुबुधिया खुर्द के पास हाइवे पार करने के लिए क्रासिंग बना हुआ है। एनएचआई द्वारा इसे डेंजर जोन के रूप में चिह्नित किया गया है। यातायात नियमों की अनदेखी कर वाहन चालक आये दिन इन क्रासिंग को पार कर आया जाया करते हैं। डेंजर जोन में गुजरने वाले वाहनों की गति सीमा भी निर्धारित की गई है, बावजूद इसके आये दिन वाहन चालक अक्सर गति सीमा व यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं।

इसी का असर है कि सोमवार को बिहार के पूर्वी चम्पारण के जनपद के थाना मेहसी निवासी जायरीनों स्लीपर बस में ट्रक ने टक्कर मार दी थी। अजमेर शरीफ से लौट रही बस हाटा कोतवाली के जोलहिनिया क्रासिंग के समीप एक ढाबे पर रुकने के बाद गलत साइड से जा रही था। हादसे में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई तथा बस का खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। बस में सवार 25 लोग घायल हो गये।

बीते 4 फरवरी 2024 को गोरखपुर से आंख का इलाज कर टैंपों से लौट रहे लोगों को जोलहिनिया क्रासिंग के पास पीछे से अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी थी। टैम्पों में सवार आठ लोगों में से हाटा कोतवाली के पिड़रा गोविन्द टोला निवासी श्रीराम, गुलाबी देवी, पैकौली लाला निवासी इन्द्रावती देवी व शखापार माफी निवासी उषा देवी समेत चार की मौत हो गई थी। बीते 19 अप्रैल 2023 को जोलहिनिया क्रासिंग के समीप बेकाबू ट्रक ने पंचर बनाने की गुमती में सो रहे बिहार के वैशाली थाना भगवानपुर के रसुलपुर तुर्की निवासी सुकदेव पासवान को रौंद डाला था। 29 मार्च 2022 को जोलहिनिया क्रासिंग के समीप खड़े ट्रक में पीछे से कन्टेनर भिड़ गया था। इस हादसे में चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गये थे। 17 दिसम्बर 2022 को तितला क्रासिंग पर स्कूटी सवार अहिरौली बाजार थाना के भगवानपुर बुजुर्ग निवासी मनोज शर्मा को गाड़ी ने कुचल डाला था। 13 मई 2019 को जोलहिनिया क्रासिंग पर रामकोला थाना क्षेत्र के अजही उर्फ चौरही निवासी अरविन्द अपनी पत्नी को गोरखपुर से दवा कराकर बाइक से लौट रहे थे। पीछे से बेकाबू ट्रक ने कुचल दिया।29 अक्टूबर 2019 को हाटा कोतवाली के फोरलेन पर जोलहिनिया चौराहे पर खडी कार में पीछे से ट्रक ने ठोकर मार दी। स्थानीय लोगों की मांग है कि डेंज जोन घोषित स्थलों पर प्रशासन को गार्ड लगाकर नियम तोड़ने वाले वाहनों पर कार्रवाई करनी चाहिए। बिना सख्ती हालात सुधरने वाले नहीं है।

# दुकान से चोरी का सामान बरामद, दो हिरासत में

**फाजिलनगर।** पिपरा रज्जब गांव के पास स्थित एक कबाड़ी के दुकान से सोमवार की शाम पुलिस ने चोरी का सामान बरामद किया है। पुलिस कबाड़ी सहित एक अन्य को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है

पिछले काफी दिनों से क्षेत्र के कई गांवों से दरवाजे पर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली की पटिया चोरी होने की घटनाएं होती रही हैं। इसकी जानकारी पीड़ितों ने पुलिस को दिया था। इस दौरान महुअवा खुर्द के कर्मा टोला निवासी पीड़ित व्यक्ति ट्रैक्टर के लिए पिपरा रज्जब स्थित एक कबाड़ के दुकान से पटिया खरीदने पिपरा रज्जब स्थित एक कबाड़ की दुकान पहुंचे तो, वहां पर वह अपने ट्रैक्टर की पटिया देखकर स्तब्ध रह गए। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दिया।

# महिला नदी में कूदी, नाविकों ने बचाई जान

**खड्डा/छितौनी, हिन्दुस्तान संवाद।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के बैरा टोला निवासिनी तीन बच्चों की मां ने सोमवार की सुबह पनियहवा पुल के नीचे बड़ी गंडक नारायणी नदी में छलांग लगाकर जान देने की कोशिश की। संयोग ठीक था कि मौके पर मौजूद नाविकों ने उसे उफनाई नदी में डूबने से बचा लिया। मौके पर पहुंचे छितौनी नपं के चेयरमैन अशोक निषाद ने महिला को समझा-बुझाकर घर भेजवाया।

नगर पंचायत छितौनी के बैरा टोला निवासी मनोज यादव की शादी मीरा से हुई है। दोनों के तीन बच्चे हैं। लोगों के अनुसार मनोज अत्यधिक शराब पीता है और शराब के नशे में पत्नी की पिटाई करता है। पति के उत्पीड़न से मीरा त्रस्त हो गयी थी। सोमवार की सुबह घर में कहासुनी होने के बाद मीरा घर से निकल गयी। तीन किमी की पैदल दूरी तय कर छितौनी-बगहा रेलपुल पर पहुंची और नारायणी नदी में छलांग लगा दी। वह ऊफनाई बड़ी गंडक नदी में डूबने लगी। तब अपनी मोटर बोट के साथ नाविक मुन्ना और उसके सहयोगी नदी में ही थे। नाविक मोटरबोट लेकर मौके पर पहुंच गये और मीरा को बचाकर नदी के बाहर निकाला। इसकी सूचना पुलिस से लगायत छितौनी नपं के चेयरमैन को दिया। इस पर चेयरमैन अशोक निषाद, सहयोगी राकेश निषाद के साथ मौके पर पहुंचे। महिला ने उन्हें बताया कि पति के उत्पीड़न से वह त्रस्त हो गयी थी। चेयरमैन ने समझा-बुझाकर उसे



पनियहवा घाट स्थित नारायणी नदी में कूदी महिला को बचाने के बाद मौके पर पहुंचे छितौनी चेयरमैन अशोक निषाद। • हिन्दुस्तान

घर भेजवाया। इसकी जानकारी होने पर सालिकपुर चौकी पर तैनात कांस्टेबल शशिकेश गोस्वामी, अरविन्द गोंड, रणजीत यादव मौके पर पहुंच गये, लेकिन तब तक महिला घर जा चुकी थी। परिजनों ने पुलिस को मीरा का मानसिक संतुलन ठीक नहीं होने की बात बतायी है।

# 11 माह पूर्व चोरी की गई बाइक पूर्व प्रधान की मशीन से बरामद

जागरण संवाददाता, बभनौली : सेवरही के तिवारी पट्टी देसी शराब की दुकान के पास से 11 माह पूर्व गायब हुई बाइक सोमवार को तिवारीपट्टी के ही एक पूर्व प्रधान की आरा मशीन से पुलिस ने बरामद किया है।

थाना क्षेत्र के ही तिवारी पट्टी के रहने वाले मनोज कुशवाहा चार नवंबर 2024 में गांव में देसी शराब की दुकान के सामने ठेला के पास बाइक खड़ी कर किसी से बात करने लगे। इसी बीच किसी ने बाइक गायब कर दी। उन्होंने पांच नवंबर को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना के 11 माह बाद मुखबिर के जरिये पुलिस को सोमवार की शाम सूचना मिली कि बाइक पूर्व प्रधान जटाशंकर जायसवाल के आरा मशीन पर खड़ी है। एसओ धीरेंद्र राय ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि बाइक आरा मशीन पर काम करने वाला एक मजदूर चला रहा था वह बाइक आरा मशीन पर खड़ी कर कहीं चला गया, उसकी तलाश की जा रही है। मजदूर बिहार का रहने वाला है।

# मां को प्रलोभन दे पुत्र का कराया मतांतरण

## जबरन किशोर को मदरसे में रखा था आरोपित मजीबुर्रहमान, स्वजन को दी धमकी, गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, कुशीनगर : अब तक महिलाओं के मतांतरण को लेकर ही क्षेत्र में चर्चा बनी हुई थी कि गरीब परिवार को आर्थिक प्रलोभन देकर बालक के मतांतरण कराने व जबरन मदरसे में रखने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मतांतरण कराने के आरोपित खड्डा के कोहरगड्डी मदरसे के प्रधानाचार्य मजीबुर्रहमान ने 15 वर्षीय हिंदू विपिन कुशवाहा का नाम बदलकर नूर आलम रख दिया था। हनुमानगंज थाना के गांव मंसाछापर निवासी पीड़ित मां राबड़ी देवी की तहरीर पर सोमवार को खड्डा थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को न्यायालय भेजा, जहां से उसको जेल भेज दिया गया।

राबड़ी देवी के पति महेंद्र कुशवाहा को एक मामले में जेल जाना पड़ा था। उसको दस वर्ष तक जेल में रहना पड़ा। परिवार के मुखिया के लंबे समय तक जेल में रहने के कारण घर की माली हालत काफी खराब हो गई। इसी बीच लगभग चार वर्ष पूर्व महराजगंज के भिटौली थाना के पकड़ी दीक्षित गांव का रहने वाला मजीबुर्रहमान, जो खड्डा थाना के गांव कोहरगड्डी के मदरसे में प्रधानाचार्य था, ने अपने जाल में महिला को फंसाया। कपड़ा, भोजन, शिक्षा व धन आदि का प्रलोभन देकर उसके पुत्र का मतांतरण कराया और मदरसे में ही रख लिया। महिला पर भी जबरन नमाज पढ़ने व धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। बताया जा रहा है कि डर के मारे महिला भी नमाज पढ़ने व मजार पर जाने लगी। वह जब भी अपने पुत्र को वापस घर लाने की बात करती तो मजीबुर्रहमान मारपीट के साथ ही धमकी भी देता था। इस बीच जब पति बीते चार सितंबर को जेल से छूट कर घर आया तो पूरी बात जानकर अवाक रह गया। पत्नी को भी बल मिला तो वह पति संग थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर सौंपी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार भी कर लिया। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि, आरोपित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई है। इस पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।



खड्डा थाना में पकड़े गए आरोपित के साथ मौजूद पुलिस टीम। • जागरण

**पति के दस वर्ष से जेल में रहने से परेशान थी महिला, उस पर भी बनाया था दबाव**

### दूसरे पुत्र के मतांतरण की चर्चा, पुलिस कर रही जांच

बिपिन के छोटे भाई बिट्टू का भी मतांतरण करा शाह आलम नाम रखने की चर्चा है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि, मामले की जांच की जा रही है। शीघ्र ही इसका भी पर्दाफाश करने का प्रयास किया जाएगा।

# अश्लील वीडियो प्रसारित करने की धमकी, मुकदमा

जासं,रामकोलाः अश्लील वीडियो प्रसारित कर महिला को परेशान करने वाले के विरुद्ध पुलिस ने सोमवार को मुकदमा पंजीकृत कर लिया। आरोपित की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है।

सोमवार को पति संग थाने पहुंची रामकोला इलाके की महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसके पति रोजगार के सिलसिले में बाहर रहते हैं। गांव का ही युवक बीते चार वर्षों से घर आता जाता था। वीडियो काल कर बात करता था। चुपके से उसने अश्लील वीडियो बना ली। एक वर्ष से फोन कर मिलने को बुलाने लगा। शिकायत करने पर वह वीडियो प्रसारित करने की धमकी देने लगा। एक सप्ताह पूर्व घर में घुस आया और गलत इरादे से पकड़ लिया। शोर मचाने पर फरार हो गया।

# उत्कर्ष हत्याकांड के छठें आरोपित का कोर्ट में समर्पण

जागरण संवाददाता,पडरौना (कुशीनगर) : आरएसएस के जिला सह संघचालक के पुत्र उत्कर्ष की हत्या में नामजद छठवें आरोपित गोविंद यादव ने न्यायालय में समर्पण कर दिया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया। चर्चित इस हत्याकांड में नामजद छह में पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

- नामजद छह में पांच आरोपितों को पहले ही किया जा चुका है गिरफ्तार
- फरार आरोपित की तलाश में लगीं थी तीन टीमें, चल रही थी छापामारी

कुबेरस्थान के सेमराहर्दो गांव के 39 वर्षीय उत्कर्ष सिंह की बीते 29 अगस्त की देर शाम को हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता इंद्रजीत सिंह की तहरीर पर गांव के ही सच्चिदानंद यादव, चंद्रदीप यादव, श्रीनिवास यादव उर्फ बुल्लू, ज्ञान उर्फ ज्ञानेंद्र यादव, राजू यादव व गोविंद यादव तथा अज्ञात के विरुद्ध हत्या सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने जांच शुरू की। घटना की रात ही नामजद आरोपित सच्चिदानंद, चंद्रदीप, श्रीनिवास व ज्ञान उर्फ ज्ञानेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया गया था। जबकि राजू यादव व गोविंद यादव फरार थे। बीते दिनों राजू को यूपी-बिहार बार्डर पर बरवापट्टी बाजार से गिरफ्तार किया गया था। गोविंद फरार चल रहा था। उसकी तलाश में पुलिस की तीन टीमें छापेमारी कर रहीं थीं। इस बीच पुलिस को चकमा देकर बीते शनिवार को उसने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में समपर्ण कर दिया। सीओ सदर डा.अजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है। शीघ्र ही साक्ष्य संकलन आदि का कार्य पूर्ण कर आरोप-पत्र न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मृत्यु, हत्या का आरोप

जागरण संवाददाता, हाटा : 75 वर्षीय वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। स्वजन ने सोमवार को हत्या का आरोप लगा कार्रवाई की मांग की। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। हाटा कोतवाली के रामपुर पौटवा में रास्ते को लेकर रविवार को दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि कहासुनी के दौरान गिरने से 75 वर्षीय बंधू घायल हो गए। सिर में गंभीर चोट लगने पर स्वजन उन्हें सीएचसी फिर मेडिकल कालेज गोरखपुर ले गए। उपचार के बाद डाक्टरों ने शाम को छुट्टी दे दी। रात में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। स्वजन अस्पताल ले जाने की तैयारी में थे कि उनकी मृत्यु हो गई।

## पुलिस स्वजन के आरोप को बता रही निराधार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का अब हो रहा है इंतजार

मृतक की पत्नी उषा ने सोमवार को 112 नंबर डायल पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरवी टीम ने जांच कर थाने को सूचना दी। उषा ने पिटाई से पति की हत्या का आरोप लगाया। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मारपीट का आरोप निराधार पाया गया। मृत्यु स्वाभाविक प्रतीत हो रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर स्थिति साफ हो जाएगी।

# महिला ने पुल से नदी में लगाई छलांग, नाविकों ने बचाई जान

जासं,खड्डाः छितौनी बगहा रेल सह सड़क पुल से महिला ने सोमवार को नारायणी नदी में छलांग लगा दी। नाविकों ने नदी की तेज धारा के बीच से निकाल कर जान बचा ली।

नगर के छितौनी के बैरा टोला की मीरा पत्नी मनोज के स्वजन का कहना है कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उनका गोरखपुर के एक निजी अस्पताल से उपचार चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार को वह पैदल ही छितौनी बगहा पुल पर पहुंचीं। कुछ देर तक खड़ी रहीं और अचानक उफनाई नारायणी नदी में छलांग लगा दी। चेयरमैन अशोक निषाद ने अपने वाहन से महिला को अस्पताल भिजवाया।

# छात्राओं की सुरक्षा के लिए लगाई गई शिकायत पेटिका

संवाद न्यूज एजेंसी

**मथौली।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छात्राओं की सुरक्षा को लेकर मथौली चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार ने सराहनीय कदम उठाया है।

क्षेत्र के प्रमुख इंटरमीडिएट कॉलेजों और स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के मुख्य द्वार पर सूचना पेटिकाएं (शिकायत पेटी) लगवाई गई है। इन पेटियों का उद्देश्य है कि पढ़ाई के लिए घर से निकलने वाली छात्राएं यदि किसी तरह की कटाक्ष या असामाजिक तत्वों की हरकतों का सामना करती हैं

## मथौली क्षेत्र के कॉलेजों के सामने पुलिस ने लगवाई पेटिका

तो वे बिना झिझक अपनी शिकायत गोपनीय तरीके से दर्ज करा सकें। इन सभी पेटिकाओं की चाबियां पुलिस के पास रहेंगी और चौकी इंचार्ज स्वयं रोजाना इन्हें खोलकर मिलने वाले पत्रों की समीक्षा करेंगे।

चौकी इंचार्ज ने बताया कि कई बार छात्राएं लोकलज्जा और बदनामी के डर से अपनी बात घरवालों या शिक्षकों से साझा नहीं कर पातीं।

# किशोर का कराया धर्मांतरण...मदरसा प्रधानाचार्य गिरफ्तार

## हनुमानगंज थाना क्षेत्र की एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई, बेटे को मुक्त कराया

संवाद न्यूज एजेंसी

खड्डा (कुशीनगर)। हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की हिंदू महिला के कुरान पढ़ने व उसके बेटे के मदरसे में शिक्षा ग्रहण करने के मामले में सोमवार को नया मोड़ सामने आया। महिला ने एक मदरसा के प्रधानाचार्य पर मजबूरी का फायदा उठाने, प्रलोभन देकर उसके बेटे का धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस अब आगे की तफ्तीश में जुटी है।


मुजीबुर्रहमान। स्रोत : सोशल मीडिया

जानकारी के मुताबिक हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि खड्डा इलाके के कोहरगड्डी के एक मदरसे का प्रधानाचार्य मुजीबुर्रहमान उसकी आर्थिक मजबूरी का फायदा उठाते हुए उसके नाबालिग बेटे का धर्म परिवर्तन कराकर उसका नाम नूर आलम रख दिया।


पकड़ी दीक्षित स्थित मुजीबुर्रहमान का घर। स्रोत : ग्रामीण


8 सितंबर को प्रकाशित खबर।

उसके बेटे को आरोपी अपने पास ही रखा हुआ था। बेटे को मांगने पर आरोपी मदरसा प्रधानाचार्य उनके साथ दुर्व्यवहार और जान से मारने की धमकी दे रहा था।

खड्डा पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में मदरसा के प्रधानाचार्य मुजीबुर्रहमान निवासी ग्राम पकड़ी दीक्षित, थाना भिटौली, महराजगंज के विरुद्ध केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का वर्तमान पता कोहरगड्डी थाना खड्डा लिखा गया है। प्रभारी निरीक्षक खड्डा गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी मदरसा प्रधानाचार्य को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया है कि महिला की आर्थिक तंगी का फायदा उठाते हुए भोजन, कपड़ा और निशुल्क शिक्षा का प्रलोभन देकर उसके बेटे का धर्म परिवर्तन कराकर नाम नूर आलम करा दिया। उसे अपने पास रखा था। पुलिस के हस्तक्षेप व पिता के प्रयास से किशोर अपने घर पहुंच गया।

### पति के जेल जाने के बाद मजारों पर जा रही थी महिला

खड्डा। महिला के पति के एक मामले में जेल जाने और एक बेटे की मृत्यु के बाद वह मजारों के चक्कर लगाने लगी। इसी दौरान वह मौलाना, मौलवी आदि के संपर्क में आई। इसी बीच उसके मन में दूसरे धर्म के प्रति झुकाव पैदा हुआ। गांव के लोगों ने बताया कि महिला मजारों पर अक्सर झाड़फूंक कराने जाती थी। इसी दौरान वह मदरसा के प्रधानाचार्य के संपर्क में आ गई। वहां निशुल्क पढ़ाई, भोजन, कपड़ा के प्रलोभन में फंसकर इस तरह का कदम उठा ली। दूसरी ओर चर्चा इस बात की भी है कि सरकारी स्कूलों में कई सुविधाओं के बावजूद महिला ने मदरसे में पढ़ाने के लिए क्यों सोचा, इसके पीछे वह कौन से लोग थे जो उसे बहका रहे थे। बताया जा रहा है कि मदरसे में गया किशोर जो कपड़ा पहना था, उसे उतारने को भी तैयार नहीं था। संवाद

> महिला की तहरीर पर प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने समेत अन्य मामलों में केस दर्ज कर लिया गया है। कोहरगड्डी गांव के मदरसा के प्रधानाचार्य मुजीबुर्रहमान को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।
> – गिरिजेश उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक, खड्डा।

महिला भी घर पर है। वह अभी ज्यादा किसी से बात करने को तैयार नहीं है। महिला का एक और बेटा पिपरा बाजार क्षेत्र के एक मदरसे में पढ़ता था। यह मामला सामने के बाद संचालक ने उसे घर पहुंचा दिया। उसका धर्म परिवर्तन नहीं कराया गया था।

# कट्टरपंथी विचारधारा का व्यक्ति है मुजीबुर्रहमान

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। कुशीनगर में धर्मांतरण के खेल में शामिल मुजीबुर्रहमान कट्टरपंथी विचारधारा का व्यक्ति है। ऐसा गांव के लोग कहते हैं।

उसका नाम सामने आने के बाद लोग सन्न रह गए। इस मामले में उसके घर वाले कुछ कहने से बचते रहे। वह गांव में तकरीर कराने आता था। लोगों को गुमराह करने में लगा रहता था।

भिटौली थाना क्षेत्र के पकड़ी दीक्षित निवासी मुजीबुर्रहमान मजहबी व कट्टरपंथी विचारधारा का व्यक्ति है। वह कुशीनगर के कोहड़गड्डी के मदरसे में करीब 15 साल से बच्चों को तालिम देता था।

आसपास के लोगों के मुताबिक चुनाव के दौरान वह घर आता था। युवाओं को अपनी मजहबी व कट्टरपंथी बातों से आकर्षित करने का प्रयास करता था।

### धर्मांतरण में नाम आने के बाद सन्न रह गए गांव के लोग

गांव में जब भी आता है तकरीर निश्चित रूप से कराता था। अपने अनुयायियों की संख्या बढ़ाने का प्रयास करता था। उसकी पत्नी व चार बच्चे हैं, जो घर पर ही रहते हैं। मां-बाप का इंतकाल हो चुका है। दो और भाई हैं, जो बाहर रहते हैं।

गांव के लोगों के मुताबिक जिले में उसकी ओर से धर्मांतरण जैसी कोई गतिविधि करने की बात सामने नहीं आई है। यहां उसके खिलाफ स्थानीय थाने में केस भी नहीं दर्ज है। गांव के लोग कहते हैं कि मजहबी बातों को लोगों के बीच करके वह कट्टरपंथी विचारधारा को आगे बढ़ाने में जुटा था।

# अश्लील वीडियो वायरल करने की दी धमकी, युवक पर केस

## रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला

**रामकोला।** थाना क्षेत्र के एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने गांव के ही एक युवक पर वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित महिला ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उनके गांव का एक युवक बीते करीब चार वर्ष से फोन कर परेशान कर रहा है। पति घर पर नहीं रहते हैं तो वह घर में घुसकर छेड़खानी करता है। बात करने के दौरान ही वह वीडियो भी बना लिया है। अब मिलने को बुलाता है। इसका विरोध करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। उनके पति युवक के घर शिकायत करने गए तो उन्हें भी अपशब्द बोलते हुए उन्हें जान माल की धमकी दे रहा है। इस संबंध में एसएचओ राज प्रकाश सिंह ने कहा कि महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# तस्करों पर कसेगा शिकंजा, सक्रिय किए गए सीसीटीवी कैमरे

## बिहार सीमा पर शराब व पशु तस्करी रोकने के लिए पुलिस ने उठाया कदम, कैमरों की थानों से होगी निगरानी

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीराज।** क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों से बिहार में प्रवेश करने वाले मार्गों पर पुलिस की ओर से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों को लगाने करने का उद्देश्य शराब व पशु तस्करी और अन्य गतिविधियों के पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

बिहार जाने वाले मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पुलिस जरूरत से अधिक कई फेरा लगाने वाले वाहनों चिन्हित करेगी। पुलिस टीम तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सक्रिय है।

क्षेत्र के समउर, गंगुआ बाजार, डिबनी बंजरवा, सरेया, नैनुपहरू, हाईवे स्थित बहादुरपुर, हफुआ, तिनफेड़िया, अहिरौलीदान आदि रास्तों के माध्यम से



सम्उर बाजार में लगाया गया सीसीटीवी कैमरा। संवाद

तस्करी का सामान लेकर गुर्गे बिहार सीमा में आसानी से प्रवेश कर जाते हैं। इनकी निगरानी में पुलिस टीमें सक्रिय रहती हैं, बावजूद इसके तस्कर कार्रवाई की जद में नहीं आ पाते थे। इसके अलावा सीमावर्ती इलाकों में कुछ ऐसे भी पगडंडी रास्ते हैं, जिन रास्तों से तस्कर आसानी से बिहार सीमा में प्रवेश



बिहार चुनाव : शराब की तस्करी बढ़ी, पुलिस अलर्ट

8 सितंबर को प्रकाशित खबर।

कर जाते हैं। कई बार तस्करी के धंधेबाजों के सहयोगी कुछ पुलिसकर्मी कार्रवाई की गुप्त सूचनाएं लीक कर देते हैं। कार्रवाई की सूचना मिलते ही तस्कर रूट परिवर्तित कर लेते हैं।

तस्करी पर रोक लगाने के लिए तमकुहीराज पुलिस ने वर्ष 2022 में इलाके के बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगवाए, लेकिन उचित देखरेख के अभाव में यूपी-बिहार बार्ड पर लगे कई कैमरे खराब हो गए, जिससे तस्कर बेखौफ होकर बिहार सीमा में तस्करी का सामान लेकर दाखिल होने लगे। जिले के सीमावर्ती थाना क्षेत्र के इलाकों में तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए एसपी संतोष कुमार मिश्र ने सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने बहादुरपुर, समउर बाजार, पिपरा घाट, अहिरौली दान, बहादुरपुर सहित विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए।

इसके अलावा तमकुहीराज व तरयासुजान पुलिस ने बिहार में प्रवेश करने वाले सीमावर्ती इलाकों के रास्तों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। इन कैमरों में कैद होने वाली गतिविधियों पर निगरानी के लिए इंटीग्रेटेड रूम भी बनाया गया है। वहां पुलिस कर्मी की नियमित रूप से ड्यूटी लगाई गई है। तैनात पुलिसकर्मी संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी कर अफसरों को रिपोर्ट करते हैं। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों की मानिटरिंग भी की जा रही है। इसके कारण तस्कर रूट बदल कर तस्करी का सामान लेकर बिहार की सीमा में दाखिल हो रहे हैं। बावजूद तस्करों पर नकेल कसने के लिए पुलिस टीमें सक्रिय हैं।

> बिहार सीमा में दाखिल होने वाले तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस टीमें नियमित सक्रिय हैं। पुलिस की तरफ से कार्रवाई भी हो रही है। सीसीटीवी कैमरों में कैद संदिग्ध गतिविधियों का अवलोकन व परीक्षण किया जा रहा है। चिन्हित संदिग्धों के खिलाफ शीघ्र ही अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- राकेश प्रताप सिंह, सीओ, तमकुहीराज।**

# पांच साल पुराना वीडियो वायरल, दो गिरफ्तार

**पडरौना, निज संवाददाता।** चौराखास थाने के एक गांव में आधा दर्जन से अधिक युवकों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। इसमें एक युवक भोजपुरी गीत पर असलहे के साथ डांस करते हुये फायरिंग कर रहा था। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की पुलिस ने जांच की। पुलिस की जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि वायरल वीडियो करीब 5 वर्ष पुराना है। इस मामले में थाना पटहेरवा पुलिस द्वारा पूर्व में नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई की गयी थी। रायल 100 ग्रुप के संबंध में शान्ति व्यवस्था के मद्देनजर थाना चौराखास पुलिस ने सोनू यादव व अनूप साहनी को पुलिस हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई में जुटी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः–09–09–2025

हिन्दुस्तान

### खड्डा के कोहरगड्डी स्थित मदरसे में जेल से छूट कर लौटे व्यक्ति के हंगामा किए जाने का मामला गंभीर हुआ

# धर्म परिवर्तन कराने वाला मौलवी गिरफ्तार

**कुशीनगर का मामला**

- पुलिस की जांच में जेल के दौरान मौलावी के करीब आई महिला
- मौलवी ने किशोर का नाम धर्म परिवर्तन कर रखा नूर आलम



धर्म परिवर्तन कराने वाले मौलवी के साथ खड्डा पुलिस। • हिन्दुस्तान

**खड्डा (कुशीनगर), हिन्दुस्तान संवाद।** कुशीनगर के खड्डा तहसील क्षेत्र के ग्राम कोहरगड्डी स्थित एक मदरसे में महराजगंज जिले के एक गांव निवासी मौलवी ने हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक हिन्दू किशोर को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करा कर नाम विपिन से नूर आलम कर दिया है। एक दिन पूर्व जेल से छूट कर लौटे पिता को इसकी जानकारी होने पर मदरसे में पहुंच कर जमकर हंगामा किया था। इसके बाद सक्रिय हुई पुलिस की जांच में यह मामला सामने आया है। किशोर की मां के तहरीर पर पुलिस ने मौलवी के खिलाफ केस दर्ज उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

हनुमानगंज थाना क्षेत्र के मंसाछापर निवासी महेंद्र कुशवाहा वर्ष 2015 में एक युवती के साथ बलात्कार करने के मामले में जेल चला गया था। उसकी पत्नी राबड़ी देवी बेटे विपिन कुशवाहा के बीमार पड़ने पर उसे खड्डा क्षेत्र के ग्राम कोहरगड्डी स्थित एक मदरसे में मौलाना से झाड़-फूंक कराने ले गयी। झाड़ फूंक के बाद विपिन मदरसा में आने जाने लगा और वह मदरसे में ही पढ़ने लगा। इस दौरान मदरसे के बगल में रहने वाली एक लड़की से उसकी नजदीकी बढ़ गई और वह वहीं पर रहने लगा। दस साल बाद जेल से छूटने के बाद पिता महेंद्र घर पहुंचा, तो पत्नी से विपिन के बारे में पूछा। पत्नी विपिन को गोरखपुर में पढ़ाई करने की बात बताई, लेकिन रविवार को महेंद्र को विपिन के गोरखपुर नहीं बल्कि कोहरगड्डी स्थित एक मदरसे में पढ़ने की बात का पता चला तो वह आग बबूला हो गया और वह कोहरगड्डी पहुंच जमकर हंगामा किया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पिता-पुत्र को थाने ले गई। पुलिस की जांच में मौलवी पर हिन्दू किशोर को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करने का मामला सामने आया है। पीड़िता राबड़ी देवी पत्नी महेंद्र कुशवाहा निवासी मंशा छापर थाना हनुमानगंज ने खड्डा पुलिस को सौंपि तहरीर में बताया है कि कोहरगड्डी मदरसा के प्रधानाचार्य मुजीबुर्रहमान ने उनकी आर्थिक स्थिति का लाभ उठाकर बेटे का धर्म परिवर्तन कराकर उसका नाम नूर आलम रख कर मदरसे में रख लिया है तथा बेटे को वापस मांगने पर मुजीबुर्रहमान ने धक्का-मुक्की व गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में पुलिस ने खड्डा थाने में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 के तहत अभियोग पंजीकृत कर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त मुजीबुर्रहमान पुत्र मुहम्मद हुसैन निवासी पकड़ी दीक्षित थाना भितौली बाजार जनपद महाराजगंज व हाल मुकाम कोहरगड्डी मदरसा (प्रधानाचार्य) थाना खड्डा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने अभियुक्त से पूछताछ के आधार पर बताया कि उसने वादिनी की आर्थिक तंगी का फायदा उठाकर मुफ्त भोजन, कपड़े व शिक्षा का प्रलोभन देकर उसके बेटे का धर्मपरिवर्तन कराया। इसके बाद उसका नाम नूर आलम रखकर उसे मदरसे में रख लिया।

आरोपी प्रधानाचार्य को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय के अलावा दरोगा शर्मा सिंह यादव, शंशाक राय व सिपाही विश्वजीत यादव शामिल रहे।

## किशोरी का धर्म परिवर्तन करा दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** कसया थाने के दो अलग-अलग स्थानों से किशोरियों को भगाकर दुष्कर्म के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एक मामला चार साल पुराना है। इसमें पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार को किशोरी को बरामद किया। दूसरे मामले में पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर धर्म परिवर्तन कराकर दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेज दिया है। कसया थाने के हल्का दरोगा लालबहादुर शर्मा के मुताबिक कसया थाना क्षेत्र के एक गांव से दो दिन पूर्व दूसरे गांव के एक युवक ने अपहरण कर दुष्कर्म किया था तथा किशोरी का कुछ दिन पूर्व धर्म परिवर्तन भी कराया था। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण, पाक्सो एक्ट व उप्र विधि विरूद्ध धर्म परिवर्तन एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त मेराज अली पुत्र शहीद अंसारी निवासी ग्राम बैजनाथपुर बाबू टोला थाना कसया को सोमवार को घेरा चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कोर्ट में बयान कराने में जुटी है। चौकी इंचार्ज हाइवे विवेक पांडेय ने बताया कि कसया कस्बा से एक आरोपी चार साल पूर्व एक किशोरी को भगा ले गया था। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता को बरामद करने के साथ आरोपी युवक को फोरलेन से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पहले से दर्ज पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सत्या पुत्र मूरत प्रसाद निवासी कांशीराम आवास थाना कसया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# धर्म परिवर्तन करा दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

- जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव का है यह मामला
- पुलिस ने पीड़िता के बयान पर धारा बढ़ाकर आरोपी को भेजा जेल

**पडरौना, निज संवाददाता।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को भगाकर धर्म परिवर्तन कराने के बाद दुष्कर्म के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने पहले से दर्ज मुकदमे में धारा बढोत्तरी कर उसका मेडिकल परीक्षण कराने में जुटी है।

एक गांव निवासिनी नाबालिग किशोरी के भाई ने एक दिन पूर्व पुलिस को सूचना दिया कि 16 वर्षीय नाबालिग बहन को अभियुक्त नसरे आलम पुत्र हसबुल्लाह खान निवासी खेसिया मंसाछापर थाना जटहां बाजार ने प्रेम जाल में फंसा कर घर से भगा कर प्रलोभन देकर धोखे से धर्म परिवर्तन करा दिया है। इस सम्बन्ध में थाना नेबुआ नौरंगिया में पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। सोमवार को थाना नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने मंसाछापर रोड से अभियुक्त नसरे आलम पुत्र हसबुल्लाह खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस इस मामले में बरामद पीड़िता के बयान के आधार पर पाक्सो एक्ट व उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धाराओं की बढोत्तरी की है। पुलिस आरोपी के पास से एक मोबाइल तथा पीड़िता का एक आधार कार्ड भी बरामद किया है। जिसमें पीड़िता का नाम नफीसा खातून पत्नी नसरे आलम दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, दरोगा विश्वजीत कुमार, विकास मौर्या, संदीप यादव व सत्येन्द्र चौहान आदि शामिल रहे।

हिन्दुस्तान

# खाद की बरामदगी, दर्ज हुआ मुकदमा

**सख्ती**

- बीते 3 सितम्बर को बॉर्डर सटे झुलनीपुर में पकड़ी गई थी 45 बोरी खाद
- डीएम के आदेश और जिला कृषि अधिकारी की तहरीर पर दर्ज हुआ केस

**निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद।** थानाक्षेत्र के बार्डर से सटे झुलनीपुर गांव में एक गोदाम से बीते तीन सितम्बर को पुलिस और प्रशासन की टीम ने 45 बोरी खाद पकड़ा था। इस मामले में डीएम के आदेश पर जिला कृषि अधिकारी ने तहरीर दिया। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि बीते तीन सितम्बर को मुखबिर की सूचना पर उन्होंने एसडीएम निचलौल और पुलिस बल के साथ झुलनीपुर गांव में एक कटरैन के गोदाम में छापामारी किया। इस दौरान 33 बोरी यूरिया और 12 बोरी सिंगल सुपर फॉस्फेट खाद बरामद किया गया। मौके पर खाद स्टोर करने वाला शख्स मौजूद नहीं था, उसके परिजन खाद के संबंध में वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए। गांव में आसपास के लोगों ने बताया कि खाद को तस्करी के जरिए नेपाल भेजने के लिए रखा गया है। पुलिस ने खाद को कब्जे में लेकर कस्टम अधिनियम में कार्रवाई करते हुए निचलौल कस्टम को सौंप दिया था। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि बरामद खाद अनुदानित है तथा आवश्यक वस्तु के रूप में प्रमाणित है। इसे अवैध ढंग से डंप करके नियम विरुद्ध कार्य किया जा रहा था और इससे सरकार को राजस्व की भारी क्षति पहुंचाई जा रही थी। एसओ अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि जिला कृषि अधिकारी की तहरीर पर झुलनीपुर निवासी दीनानाथ उर्फ भोला जायसवाल के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

[redacted]

# पुलिस ने चार मोबाइल चोरों को किया गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, भिटौली: भिटौली पुलिस ने मोबाइल चोरी की वारदात में संलिप्त चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार चोरों के पास से एक चोरी की बाइक, एक मोबाइल फोन और 230 रुपये नकद बरामद हुए हैं। थानाध्यक्ष भिटौली, मदन मोहन मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम पिपरा खादर से पकड़ी दीक्षित मार्ग पर छापेमारी की और चारों आरोपियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शुभम कुमार, आकाश यादव, राज यादव और सुजीत विश्वकर्मा के रूप में हुई है, सभी ग्राम शाहपुर, थाना कप्तानगंज, जनपद कुशीनगर के निवासी हैं। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पांच सितंबर को छपिया नहर पुल के पास मोबाइल चोरी की थी। पुलिस ने चारों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# फिनायल पीने से अधेड़ की हालत गंभीर

निचलौल : हिंदी वार्ड निवासी एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा गृह कलह से ऊबकर घर में फिनायल पी लिया। जिसके चलते उसकी हालत गंभीर हो गई। स्वजन ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। हिंदी वार्ड निवासी राम आशीष सोमवार को घर पर ही कुछ सदस्यों से अनबन के चलते नाराज होकर साफाई के काम आने वाली फिनायल को पी लिया। उनकी हालत बिगड़ते देख उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। (जासं)

# वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा

बृजमनगंज : बृजमनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बृजमनगंज धानी मार्ग पर रेलवे ढाले के पास 12 दिन पूर्व हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना के मामले में पुलिस ने मृतक के मां प्रभावती देवी निवासी सिकंदरा जीतपुर की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध लापरवाही से हुए मृत्यु का मामला दर्ज किया है। इस मामले में थानाध्यक्ष बृजमनगंज सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मृतक के मां की तहरीर पर लापरवाही से वाहन चलाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# यूरिया तस्करी के मामले में कृषि अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

जासं, निचलौल: सीमा से सटे झुलनीपुर गांव में एक गोदाम से तीन सितंबर को पुलिस और प्रशासन की टीम ने 45 बोरी यूरिया बरामद किया। इस मामले में जिला कृषि अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह की तहरीर पर पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में बताया गया है कि तीन सितंबर को उन्होंने एसडीएम निचलौल और पुलिस बल के साथ झुलनीपुर गांव में एक गोदाम में छापामारी की। इस दौरान 33 बोरी यूरिया और 12 बोरी सिंगल सुपर फॉस्फेट उर्वरक बरामद किया गया। मौके पर यूरिया स्टोर करने वाला व्यक्ति मौजूद नहीं था, और उसके परिजन खाद के संबंध में वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए। गांव के आसपास के लोगों ने बताया कि खाद को तस्करी के जरिए नेपाल भेजने के लिए रखा गया था। पुलिस ने यूरिया को कब्जे में लेकर कस्टम अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए निचलौल कस्टम को सौंप दिया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि बरामद खाद को अवैध तरीके से डंप करके नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था, जिससे सरकार को राजस्व की भारी क्षति हो रही थी।

# अपराधियों पर गिरेगी गाज, पीड़ित को मिलेगा त्वरित न्याय

## प्रश्न पहर में एडीजी ने कहा थानों में फरियादी से होगा अच्छा व्यवहार, सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को करें ठीक से निर्वहन

जागरण संवाददाता, गोरखपुर: थानों पर आने वाला हर फरियादी सम्मान पाएगा और अपराधी किसी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे। सोमवार को दैनिक जागरण कार्यालय में आयोजित 'प्रश्न पहर' कार्यक्रम में

जागरण प्रश्न पहर

एडीजी जोन मुथा अशोक जैन ने अपराधियों और तस्करों को सीधा संदेश देते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने साफ कर दिया कि जो लोग कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करेंगे, उनके खिलाफ गुंडा एक्ट तक की कार्रवाई होगी। एडीजी ने फोन पर एक घंटे तक गोरखपुर, बस्ती व देवीपाटन रेंज के जिलों से आयी शिकायतें और सुझाव सुनें। इस दौरान सीमा पार से होने वाली तस्करी पर खास चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि नेपाल और बिहार सीमा से सटे इलाकों में सक्रिय तस्करों की पहचान कर कार्रवाई चल रही है। किसी के पास इस बारे में गोपनीय जानकारी हो तो वह बताए, हर सूचना पर जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। शहर और कस्बों में यातायात बाधित करने वालों पर न सिर्फ कानूनी कार्रवाई होगी, बल्कि अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलेगा।

भूमि विवादों से जुड़े मामले थाना व तहसील दिवस पर निस्तारित कराए जाएंगे। जुआ, कच्ची शराब और अवैध धंधों पर रोक लगाने के साथ ही इसमें लिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी।

- तस्करी-जुआ में लिप्त लोगों पर होगी कार्रवाई, यातायात-व्यवस्था होगा सुगम
- एक घंटे तक फोन पर सुनी शिकायतें, हर मामले में दिया समाधान का भरोसा



प्रश्न पहर में लोगों के सवालों का जवाब देते एडीजी मुथा अशोक जैन• जागरण

- त्योहार के समय में तेज आवाज में डीजे बजाया जाता है। इसको लेकर पुलिस को पहले ही पहल कर देनी चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन हो।

सत्यनारायण पाठक, सिसवा, महराजगंज

– आपस का सुझाव व चिंता सही है।सभी जिलो के पुलिस अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। पूजा समिति के संचालकों के साथ बैठक कर इसका अनुपालन कराया जाएगा।

- शौचालय के पास सीसी कैमरा लगा दिया गया है जिसकी वजह से सबकी गतिविधि इसमें कैद होती है। शिकायत करने पर पुलिस कोई कार्रवाई नही करती।

सोनू, मिठौरा बाजार-महराजगंज

– थाने पर जाकर आप अपनी शिकायत दर्ज कराएं। स्थानीय पुलिस इसकी जांच करेगी, अगर कैमरा गलत जगह या आशय से लगाया गया होगा तो हटेगा।

- कुशीनगर जिले के लक्ष्मीगंज में पुलिस चौकी के लेकिन भवन नही है। टिनशेड में पुलिस चौकी चलती है जो जर्जर हालत में है कृपया इसको सही कराइए।

अरविंद अग्रवाल, लक्ष्मीगंज-कुशीनगर

– पुलिस चौकी का निर्माण क्यों नहीं हो पाया इस बारे में जिले की पुलिस से जानकारी ली जाएगी। प्रस्ताव लेकर चौकी बनवाया जाएगा ताकि आमजन के साथ ही पुलिसकर्मियों को परेशानी न हो।

- नेपाल से सटे इलाकों में यूरिया व चीनी की तस्करी हो रही है।शिकायत पर कार्रवाई होती है लेकिन तस्करी बंद नही हो रही। इसको लेकर प्रभावी कार्ययोजना बनवाइए।

हृदयनारायण मिश्र, दूटीबारी-महराजगंज

– हाल के दिनों में यूरिया व चीनी की तस्करी करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई हुई है। इसको लेकर अभियान चलाने के साथ ही जोन स्तर से मानीटरिंग की जा रही है।

- गांव में मनबढ़ युवक सबको परेशान करता है। रास्ता अवरुद्ध करने के साथ ही शराब पीकर रात में अभद्रता करता है। शिकायत करने पर स्थानीय पुलिस कोई कार्रवाई नही करती। रामनंद गुप्ता, किशुनपुर-महराजगंज

– आप प्रार्थना पत्र लेकर थाने जाइए। थानेदार को बताया जा रहा है कि मामले की जांच करें। अगर कोई कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

- पुलिसकर्मी दुकान से सामान ले जाते हैं। बकाया लगाने के बाद उसे देते नहीं है। बहुत परेशान हूं। शिकायत करने पर कार्रवाई भी नही होती है। बकाया भुगतान दिलवा दीजिए।

आत्माराम, राजीनगर-महराजगंज

– अब अगर कोई उधार सामान मांगे तो मत दीजिए। जो लोग बकाया रुपये नहीं दे रहे हैं उनके विरुद्ध पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसपी को प्रार्थना पत्र दीजिए, कार्रवाई होगी।

- एक सप्ताह पहले सात वर्ष का बच्चा कजरी गांव से गायब हो गया। अनहोनी को लेकर परिवार परेशान है। बच्चे को ढूंढने के लिए ठोस प्रयास करने की जरूरत है। परिवार की मदद कराइए।

अर्जुन जायसवाल, नौतनवां, महराजगंज

– मामले की जानकारी है। घटना के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली गई थी। बच्चे को बरामद करने के लिए टीम गठित करायी जाएगी। परिवार की पूरी मदद होगी।

- पथरदेवा कस्बा में बड़े पैमाने पर जुआ होता है। शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की लेकिन यह पूरी तरह से बंद नही हुआ है। प्रभावी कार्रवाई करने की जरूरत है।

सुशील पांडेय, पथरदेवा-देवरिया

– जुआ कौन खेलवाता है, अब तक क्या कार्रवाई हुई इसकी छानबीन कराई जाएगी। इसमें लिप्त लोगों के अलावा संरक्षण देने वालों को भी चिह्नित कर कार्रवाई होगी।

- गांव के चौराहे पर देशी शराब की दुकान है। शाम के समय महिलाओं व लड़कियों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। शिकायत के बाद भी कार्रवाई नही हो रही।

अनिल तिवारी, बढ़वलिया, कुबेरस्थान कुशीनगर

– शराब की दुकान के पास अगर किसी को परेशान किया जा रहा है। सड़क पर बैठकर लोग पी रहे हैं तो इसे बंद कराने के साथ ही दोषियों पर कार्रवाई होगी।

- परिवार के लोग घर में नही जाने दे रहे है। शिकायत लेकर बांसगांव थाने जाने पर कोई मदद नही मिल रही। कृपया मदद करिए। एक माह से बहुत परेशान हूं।

निर्मला गौड़, बांसगांव, गोरखपुर

– आप प्रार्थना पत्र लेकर थाने जाइए। सीओ के साथ ही थानेदार को बताया जा रहा है। अगर शिकायत सही है तो पुलिस पूरी मदद करेगी।

# दर्द के स्थाई समाधान के लिए करें फिजियोथेरेपी

- विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर एसपी ने ने किया सम्मानित
- फिजियोथेरेपी आज के समय में उपयोगी: डा. धनंजय कुशवाहा

जासं, महराजगंज: केएमसी मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल के फिजियोथेरेपी विभाग ने विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उत्कृष्टता दिखाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। डिप्लोमा इन फिजियोथेरेपी के गोल्ड मेडल विजेताओं में गुलफसा, पूजा यादव, प्रिया सहानी, अभिषेक चौधरी और रोहन सुमन शामिल हैं। इसके अलावा, सिल्वर मेडल पाने वाली मनसा, सुलेखा, प्रिया गुप्ता, साहिबा, शालिनी मिश्रा और श्रुति को भी सम्मानित किया गया। ब्रॉन्ज मेडल विजेताओं में मरियम, पूजा, सोफिया, किरन और राकेश यादव का नाम शामिल है।

कार्यक्रम में बेहतर अनुशासन और पूर्ण उपस्थिति के लिए संध्या, वंदना, रागिनी और अभय को भी मेडल प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक ने




केएमसी मेडिकल कालेज में छात्रा को सम्मानित करते एसपी सोमेंद्र मीना • जागरण

अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में फिजियोथेरेपी की उपयोगिता काफी बढ़ गई है, और यह एक ऐसी विधा है जिससे व्यक्ति बिना दवा और इंजेक्शन के अपने दर्द से राहत प्राप्त कर सकता है। आयोजन फिजियोथेरेपी विभाग के अध्यक्ष डा. धनंजय कुशवाहा ने किया। शांति फाउंडेशन के सीईओ डा. एस एम रफीक, नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डा. भानुप्रिया, डा. समसुल, डा. प्रकाश विश्वास और डा. देव भी उपस्थित रहे।

# गो तस्कर और पुलिस में मुठभेड़, घायल आरोपित गिरफ्तार

- चोरी की अपाची मोटरसाइकिल तमंचा व कारतूस बरामद
- बिहार-बंगाल तक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश

जागरण संवाददाता, (परतावल) महराजगंज : स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) और स्पेशल विपंस एंड टैक्टिक्स (स्वाट) की संयुक्त टीम ने सोमवार की भोर में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। गो तस्कर से हुई मुठभेड़ में पुलिस ने अंतरजनपदीय गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। पैर में गोली लगने से घायल आरोपित की पहचान भिटौली थाना क्षेत्र के पकड़ी खुर्द निवासी सलीम के रूप में हुई है। आरोपित लंबे समय से श्यामदेउरवा थाने में दर्ज गो तस्करी के मामले में वांछित था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसओजी प्रभारी योगेश प्रताप सिंह को सूचना मिली थी कि कुख्यात गोतस्कर सलीम सेमरा मोड़ के पास मौजूद है। इसके बाद स्वाट प्रभारी अखिलेश सिंह, भिटौली थाना प्रभारी मदनमोहन मिश्रा और श्यामदेउरवा थाना प्रभारी अभिषेक सिंह के साथ टीम ने घेराबंदी की। जैसे ही पुलिस ने उसे घेरने का प्रयास किया, सलीम ने अवैध तमंचे से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और उसे पकड़ लिया गया। उसके पास से चोरी की एक अपाची मोटरसाइकिल, अवैध देशी तमंचा .315 बोर, दो खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन और 720 रुपये नगद बरामद हुए।



मुठभेड़ के बाद आरोपित को लेकर इलाज के लिए जाती पुलिस टीम● जागरण

पुलिस पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से गोवंशीय पशुओं को पकड़कर तेज रफ्तार पिकअप वाहनों में बिहार और बंगाल तक तस्करी करता था। रास्ते में रोकने पर यह गिरोह न केवल पुलिस बल्कि ग्रामीणों पर भी जानलेवा हमले करने से नहीं चूकता था। जुलाई में इसी गिरोह की पिकअप से पांच गोवंशीय पशु बरामद हुए थे, जिनमें से एक की मृत्यु हो गई थी। सलीम पर महराजगंज और गोंडा जनपद में गोवध निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट और पशु क्रूरता अधिनियम समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने कहा कि जनपद पुलिस ने गोतस्करी में लिप्त अंतरजनपदीय गिरोह को रोकने में बड़ी सफलता हासिल की है। सलीम की गिरफ्तारी से गिरोह की गतिविधियों पर अंकुश लगेगा और आगे भी इस तरह की अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# अवैध रूप से खाद जमा करने पर गोदाम मालिक के खिलाफ केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

निचलौल। थाना क्षेत्र के भारत-नेपाल बॉर्डर से सटे झुलनीपुर गांव स्थित एक हार्डवेयर की दुकान के टिन शेड के गोदाम में अवैध रूप से खाद जमा करने के मामले में पुलिस से सोमवार को केस दर्ज किया। जिला कृषि अधिकारी की तहरीर पर आरोपी गोदाम मालिक के खिलाफ पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि तीन सितंबर को पुलिस उपनिरीक्षक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने पत्र के माध्यम से बताया कि एक सूचना पर टीम के साथ उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में दीनानाथ उर्फ भोला जायसवाल निवासी झुलनीपुर के टिन शेड से बने गोदाम पर छापा मारकर 33 बोरी यूरिया व 12 बोरी सुपर फास्फेट उर्वरक बरामद किया था।

## झुलनीपुर में हार्डवेयर की दुकान के गोदाम से बरामद हुई थी यूरिया और फॉस्फेट

हालांकि उस वक्त गोदाम मालिक दीनानाथ उर्फ भोला जायसवाल मौजूद नहीं थे। कार्रवाई के दौरान उनके परिजनों से खाद से संबंधित दस्तावेज की मांग की गई, जिसे दिखा नहीं सके। इतना ही नहीं आसपास के लोगों ने पूछताछ में बताया कि उक्त खाद नेपाल भेजने के लिए रखी गई है। वही छह सितंबर को मामले में कार्रवाई के लिए डीएम के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत किए गए।

वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार वर्मा के अनुसार मामले में जिला कृषि अधिकारी की तहरीर पर आरोपी दीनानाथ उर्फ भोला जायसवाल, निवासी झुलनीपुर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# किशोर का कराया धर्मांतरण मदरसा प्रधानाचार्य गिरफ्तार

## हनुमानगंज क्षेत्र की महिला की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**खड्डा/महराजगंज।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की हिंदू महिला के कुरान पढ़ने व उसके बेटे के मदरसे में शिक्षा ग्रहण करने के मामले में सोमवार को नया मोड़ सामने आया। महिला ने एक मदरसा के प्रधानाचार्य पर मजबूरी का फायदा उठाने, प्रलोभन देकर उसके बेटे का धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस अब आगे की तफ्तीश में जुटी है।



मुजीबुर्रहमान।

जानकारी के मुताबिक हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि खड्डा इलाके के कोहरगड्डी के एक मदरसे का प्रधानाचार्य मुजीबुर्रहमान उसकी आर्थिक मजबूरी का फायदा उठाते हुए उसके नाबालिग बेटे का धर्म परिवर्तन कराकर उसका नाम नूर आलम रखवा दिया।

उसके बेटे को आरोपी अपने पास ही रखा हुआ था। बेटे को मांगने पर आरोपी मदरसा प्रधानाचार्य उनके साथ दुर्व्यवहार और जान से मारने की धमकी दे रहा था। खड्डा पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में मदरसा के प्रधानाचार्य मुजीबुर्रहमान निवासी ग्राम पकड़ी दीक्षित, थाना भिटौली, महराजगंज के विरुद्ध केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी का वर्तमान पता कोहरगड्डी थाना खड्डा लिखा गया है। प्रभारी निरीक्षक खड्डा गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी मदरसा प्रधानाचार्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया है कि महिला की आर्थिक तंगी का फायदा उठाते हुए भोजन, कपड़ा और निशुल्क शिक्षा का प्रलोभन देकर उसके बेटे का धर्म परिवर्तन कराकर नाम नूर आलम करा दिया। उसे अपने पास रखा था।



भिटौली थाना क्षेत्र के पकड़ी दीक्षित निवासी मुजीबुर्रहमान का घर। स्रोत-ग्रामीण

### तकरीर कराने आता था गांव

**महराजगंज।** मुजीबुर्रहमान कट्टरपंथी विचारधारा का व्यक्ति है। ऐसा गांव के लोग कहते हैं। इस मामले में उसके घर वाले कुछ कहने से बचते रहे। भिटौली थाना क्षेत्र के पकडी दीक्षित निवासी मुजीबुर्रहमान मजहबी व कट्टरपंथी विचारधारा का व्यक्ति है। वह कुशीनगर के कोहड़गड्डी के मदरसे में करीब 15 साल से बच्चों को तालिम देता था। आसपास के लोगों के मुताबिक चुनाव के दौरान वह घर आता था। युवाओं को अपनी मजहबी व कट्टरपंथी बातों से आकर्षित करने का प्रयास करता था। गांव में जब भी आता है तकरीर कराता था। उसकी पत्नी व चार बच्चे हैं, जो घर पर ही रहते हैं। मां-बाप का इंतकाल हो चुका है। दो और भाई हैं, जो बाहर रहते हैं। गांव के लोगों के मुताबिक जिले में उसकी ओर से धर्मांतरण जैसी कोई गतिविधि करने की बात सामने नहीं आई है। संवाद

महिला की तहरीर पर धर्म परिवर्तन कराने समेत अन्य मामलों में केस दर्ज कर लिया गया है। कोहरगड्डी गांव के मदरसा के प्रधानाचार्य मुजीबुर्रहमान को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया गया है। - **गिरिजेश उपाध्याय,** प्रभारी निरीक्षक, खड्डा

# गो-तस्कर गिरोह का सदस्य मुठभेड़ में पकड़ा

## बिहार से बंगाल तक सक्रिय हैं तस्कर

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जनपद पुलिस को गो तस्कर गिरोह पर लगाम लगाने में बड़ी सफलता मिली है। बिहार और बंगाल तक सक्रिय अंतरजनपदीय गो-तस्कर गिरोह के शातिर अपराधी सलीम निवासी पकड़ी खुर्द, थाना कोतवाली सदर को पुलिस ने मुठभेड़ में सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर कई केस दर्ज हैं। वह लंबे समय से फरार चल रहा था।



आरोपी सलीम।

श्यामदेउरवा थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि 24 जुलाई की रात पिकअप पर क्रूरतापूर्वक गोवंशीय पशुओं को बांधकर बिहार ले जाया जा रहा था। रास्ते में वाहन खराब होने पर पुलिस ने पांच गोवंशीय पशुओं से लदी गाड़ी बरामद की थी, जिसमें एक पशु की मृत्यु भी हो गई थी। इस घटना पर थाना श्यामदेउरवा में मामला दर्ज कर वाहन चालक और तस्करों की

### चोरी की बाइक, तमंचा व कारतूस बरामद

### गोवध और आर्म्स एक्ट सहित कई केस

तलाश शुरू की थी।

इसी सिलसिले में रविवार रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी सलीम ने अवैध तमंचे से पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे सेमरा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक चोरी की बाइक, अवैध देशी तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह संगठित होकर विभिन्न जनपदों व भिन्न भिन्न स्थानों से गोवंशीय पशुओं को पकड़कर तेज रफ्तार पिकअप वाहनों में लादकर बिहार और बंगाल तक तस्करी करता था।

पशुओं को क्रूरतापूर्वक बांध दिया जाता और रास्ते में पुलिस या आम नागरिकों द्वारा रोकने पर यह गिरोह जानलेवा हमला करने से भी नहीं चूकता था। सलीम के खिलाफ गोंडा, महराजगंज जिले में कई केस दर्ज हैं।

# नेपाल से कुशीनगर में खैर की लकड़ी बेचकर मालामाल हो रहे हैं तस्कर

## लकड़ी तस्करों के लिए नारायणी नदी बनी मुफीद, वन कर्मियों ने कसा शिकंजा

संवाद न्यूज एजेंसी

निचलौल। सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग के अंतर्गत निचलौल और शिवपुर वन रेंज के जंगलों से होकर गुजरी नारायणी नदी के रास्ते तस्कर खैर की लकड़ी नेपाल के जंगलों से कुशीनगर पहुंचाकर मालामाल हो रहे हैं। तस्करों को इस औषधीय लकड़ी के बदले अच्छी कीमत मिलती है।

बीते चार सितंबर को इसकी बरामदगी हुई तो इस धंधे का पोल खुला। वहीं वन विभाग लकड़ी तस्करों पर शिकंजा कसते हुए उनके नेटवर्क को खंगालना शुरू कर दिया है। नेपाल के जंगलों से तस्कर खैर की लकड़ी की अवैध तरीके से कटान कर नारायणी नदी के रास्ते सरहद पार कर नदी से सटे भेड़ियारी गांव के पास डंप किए थे। इस दौरान वन कर्मियों को इसकी भनक लग गई थी।

इसके बाद वन कर्मियों ने छापा मारकर डंप खैर की लकड़ी बरामद कर लिया था। माना जाता है कि सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग के निचलौल वन रेंज के कुछ हिस्सों के साथ ही नेपाल के जंगलों में भारी मात्रा में खैर के पेड़ हैं। अब खैर तस्करी का कुशीनगर से कनेक्शन जानने के लिए वन विभाग की टीमें सुबूत जुटा रही हैं।



भेड़ियारी गांव के पास डंप की गई खैर की लकड़ी। फाइल फोटो

खैर की लकड़ी की नदी के रास्ते हो रही तस्करी पर लगाम लगाने के लिए सतर्कता बढ़ा दी गई है। बीते दिनों भेड़ियारी गांव के पास से खैर की लकड़ी की बड़ी खेप बरामद की गई थी। यह लकड़ी कत्था बनाने में काम आती है। इसकी बाजार कीमत काफी ज्यादा होता है। तस्करों के नेटवर्क को खंगालने के साथ ही कई पहलुओं पर जांच-पड़ताल की जा रही है।

**-सुनील राव**, वन क्षेत्राधिकारी, निचलौल

अभी तक की जांच में सामने आया है कि नेपाल के जंगलों में पर्याप्त मात्रा में मिलने वाली खैर की लकड़ी को तस्कर अवैध तरीके से कटान कर नारायणी नदी में फेंक देते हैं। फिर तस्कर लकड़ी को नाव की मदद से नदी के रास्ते बेरोकटोक कुशीनगर जिले में विभिन्न सुरक्षित जगहों पर पहुंचा देते हैं। जहां पर तस्कर लकड़ी के बदले मोटी रकम लेकर बेच देते हैं। सूत्रों के मुताबिक खैर की लकड़ी के इस धंधे में नेपाल से लेकर कुशीनगर जिले तक के धंधेबाजों का तार जुड़ा हुआ है।

हर शख्स का अलग-अलग क्षेत्र तक लकड़ी को सुरक्षित पहुंचाना रहता है, जिसके बदले उन्हें अच्छी रकम मिलती है। धंधेबाज रात के वक्त नदी के रास्ते नाव की मदद से इस करतूत को अंजाम देते है।

### गुणों की वजह से खैर के पेड़ों पर तस्करों की नजर

वन विभाग के विशेषज्ञ के मुताबिक, इस पेड़ का इस्तेमाल औषधि बनाने से लेकर पान और पान मसाला में इस्तेमाल होने वाले कत्था, चमड़ा उद्योग में इसे चमकाने के लिए किया जाता है। प्रोटीन की अधिकता के कारण ऊंट और बकरी के चारे के लिए इसकी पत्तियां काफी महत्वपूर्ण हैं। चारकोल बनाने में भी इस लकड़ी का उपयोग होता है। आयुर्वेद में इसका इस्तेमाल डायरिया, पाइल्स जैसे रोग ठीक करने में होता है। मांग अधिक होने की वजह से खैर के पेड़ों को अवैध रूप से जंगल से काटा जाता है। वन विभाग के मुताबिक तस्करी के मामलों में पुलिस व वन विभाग की ओर से वाइल्ड लाइफ एक्ट 1972 की धारा 50 के अंतर्गत गिरफ्तारी करके कार्रवाई होती है। तस्करों के पकड़े जाने पर तीन वर्ष की सजा व जुर्माने का भी प्रावधान है।

# विश्व फिजियोथेरेपी दिवस : गोल्ड मेडल पाने वाली छात्राएं सम्मानित



केएमसी मेडिकल कॉलेज में छात्रा को प्रमाणपत्र देते एसपी सोमेंद्र मीणा। स्रोत मेडिकल कॉलेज

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज।** केएमसी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने फिजियोथेरेपी में गोल्ड मेडल पाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया।

डिप्लोमा इन फिजियोथेरेपी में गोल्ड मेडल पाने वालों में गुलफसा, पूजा यादव, प्रिया सहानी, अभिषेक चौधरी, रोहन सुमन। सिल्वर मेडल पाने वालों में मनसा, सुलेखा, प्रिया गुप्ता, साहिबा, शालिनी मिश्रा, श्रुति व ब्राउज मेडल पाने वालों में मरियम, पूजा, सोफिया, किरन, राकेश यादव को सम्मानित किया गया। अनुशासन और पूर्ण उपस्थिति के लिए संध्या, वंदना, रागिनी, अभय को मेडल से सम्मानित किया गया।

बैचलर इन फिजियोथेरेपी में बेहतर प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल से शर्मा ज्योति, सृष्टि, कामना तिवारी, सुधांशु पांडे।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–09–09–2025

# छावनी व हरैंया थाना क्षेत्र के तीन गांव में चोरी

**छावनी(एसएनबी)।** छावनी थाना क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन क्षेत्र में कहीं न कहीं चोरी की घटना हो जा रहीं है। पुलिस चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है। रविवार की रात में चोरों ने तीन घरों व एक स्कूल को निशाना बनाया, जिसमें एक स्कूल और दो घरों में सफलता मिल गई, वहीं एक घर में सेंध काटते समय लोगों को भनक लग गई और शोर मचा दिया जिससे चोर भाग गए।

जानकारी के अनुसार रविवार की रात में कस्बे से सटे गांव साईं तकिया में तौफीक अहमद उर्फ सैलाबी के घर को चोरो ने निशाना बनाया। सैलाबी विदेश में नौकरी करने गए हैं, उनकी पत्नी समीदा बानों बच्चों के साथ छत पर सो रही थीं। देर रात चोर घर के पीछे से छत पर चढ़े और आंगन में उतर कर कमरे में घुस गए। एक कमरे में रखे आलमारी का लाक तोड़कर लाखों रूपये का जेवरात चुरा ले गए। चोरी की जानकारी समीदा बानों को सुबह हुई जब कमरे में आलमारी खुली और कपड़े बिखरा देखा। गांव के लोगों का कहना हैं कि रात में करीब 11बजे के आसपास ड्रोन उड़ा था। उड़ते ड्रोन को गांव के कुछ लोगों ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद भी किया है। इसके बाद रात में चोरी हो गई। दूसरी चोरी पचवस गांव के कंपोजिट विद्यालय में हुई। जहां से चोर किचन के कमरे का दरवाजा तोड़ कर एक सिलेंडर, दो कूकर, एक बोरी चावल चुरा ले गए। पैंतिपुर गांव में मुन्ना सिंह के घर में घुसे चोरआलमारी और बक्से को तोड़ कर उसमें रखे दो लाख रूपये से अधिक के जेवरात पर हाथ साफ कर लिया। बीरपुर गांव में राजकुमार गुप्ता के घर में पीछे से सेंध काटते समय लोग जग गए और



गुहार माचा दिए। यहां से चोरों को खाली हाथ जाना पड़ा। क्षेत्र में हो रही ताबड़तोड़ चोरियों की घटनाओं से लोग काफी दहशत में हैं। लोगों को रतजगा करना पड़ रहा है। थानाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद का कहना है कि चोरियों के घटनाओं की जानकारी है। पुलिस गहनता से छानबीन कर रही है।

**महराजगंज प्रतिनिधि** के अनुसार हरैया थाना क्षेत्र के बेहरा भलुहिया गांव में रविवार देर की रात सोहित पुत्र दयाराम के घर में घुसकर चोर बक्सा अटैची कमरे से बाहर ले जाकर घर के कुछ दूरी पर ताला तोड़कर कीमती जेवरात कुछ रुपए उठा ले गए । सेमवार को प्राताः परिवार के लोग जागे तो देखा कि सामान बिखरा पड़ा हुआ था दोनों बाक्स अटैची कुछ दूरी पर पडा हुआ था ।यह देखकर परिवार के होश उड़ गए। सारा सामान गायब था जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस घटना स्थल का छानबीन किया। समाचार लिखे जाने पर मुकदमा नही लिखा गया था।

# जन्म के दो दिन बाद मां-बेटी की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**बभनान(एसएनबी)।**पैकोलिया थानांतर्गत नगर पंचायत बभनान के लक्ष्मी बाई वार्ड में चल रहे न्यू कृष्णा हास्पिटल में इलाज के दौरान एक प्रसूता की मृत्यु का मामला प्रकाश में आया है।परिजनों ने अस्पताल की लापरवाही के चलते प्रसूता की मृत्यु का आरोप लगाया है। मामले की जानकारी होने पर मौके पर पैकोलिया पुलिस पंहुच गई।

सीमावर्ती जनपद गोण्डा के खोड़ारे थाना अंतर्गत फतेहपुर गांव निवासी जितेंद्र की पत्नी कांति देवी को प्रसव पीड़ा हुआ।परिजनों ने उन्हें बभनान के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।आपरेशन द्वारा छः सितम्बर को कांति देवी ने एक पुत्र को जन्म दिया। दो दिन बाद सोमवार को दोपहर बाद प्रसूता की मौत हो गई। इसी बीच परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया।मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर है।थानाध्यक्ष पैकोलिया सुभाष मौर्य ने बताया कि मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की जा रही है।

# अवर अभियन्ता पर अभद्रता का आरोप डीएम से कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

**बस्ती (एसएनबी)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मण्डल अध्यक्ष बलराम सिंह 'राहुल' ने सोमवार को जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि बिजली विभाग के अवर अभियन्ता द्वारा उपभोक्ताओं के साथ आये दिन बदसलूकी और अभद्रता मामले में जांच कर दोषी को दण्डित किया जाय।

डीएम को सौंपे ज्ञापन में भाजपा नेता बलराम सिंह 'राहुल' ने कहा है कि गत 5 सितम्बर को दोपहर 9 बजे तक विद्युत उप केन्द्र भानपुर पर विद्युत आपूर्ति बाधित थी। मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क किया जो बंद था। इसके बाद अवर अभियन्ता राम मिलन यादव के सीयूजी नम्बर पर फोन किया, अपना परिचय दिया और पूछा कि विद्युत आपूर्ति 2 बजे से बाधित है कब तक बहाल हो जायेगी। तो उन्होंने मुझसे कहा बिजली घर पर फोन लगाइए। मैंने बताया कि बिजली घर का नम्बर बन्द है तो उन्होंने मुझसे अभद्रतापूर्वक बात करते हुए कहा कि तुम इतने बड़े काबिल हो गये हो कि बिजली के लिए ज़ेई व एसडीओ. को फोन मिलाओगे। उनकी भाषा शैली से ऐसा प्रतीत हुआ कि शायद व नशे में हैं। इसीलिए मैंने स्वयं फोन काट दिया। अवर अभियन्ता द्वारा उपभोक्ताओं के साथ आये दिन बदसलूकी



एवं अभद्रता किया जाता है। उन्होने मांग किया है कि अभद्र व्यवहार करने वाले अवर अभियन्ता राम मिलन यादव के विरूद्ध कार्रवाई के साथ ही ऐसी व्यवस्था किया जाय कि उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार न हो और उन्हें समुचित जानकारी दी जाय। बलराम सिंह 'राहुल' ने कहा ऐसे अधिकारी सरकार और विभाग की छबि धूमिल कर रहे हैं। यदि दो दिन के भीतर समुचित कार्रवाई न हुई तो आन्दोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन देने के दौरान मुख्य रूप से विश्व हिन्दू महासंघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह, मनोज सिंह, राजेश शर्मा (विक्की), दुर्गेश सिंह, अजय सिंह, रवि यादव, रामपाल आदि शामिल रहे।

# पैकोलिया पुलिस नें अज्ञात को तो गिरफ्तार कर लिया मगर चार नामजद अरोपी नही लगे हाथ

**बभनान (एसएनबी)**। बस्ती से वापस लौटते वक्त रास्ते में पत्नी के सामने पति की पिटाई मामले में पुलिस के लीपापोती के बढते मामले मे उच्चाधिकारियो के निर्देश पर चार नामजद लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज तो दर्ज कर लिया मगर उन्हे गिरफ्तार नहीं किया जा सका । पुलिस ने अज्ञात को गिरफ्तार करने का दावा किया है। चर्चा है कि पुलिस की नामजद आरोपियो से खासी साठगांठ है। थानेदार मामले को रफादफा करने के फिराक में है।

थानाध्यक्ष पैकोलिया सुभाष मौर्य के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर सोमवार की सुबह 10:40 बजे सुमित यादव उर्फ मिथिलेश यादव पुत्र गब्बू लाल यादव निवासी कटरा खुर्द थाना कप्तानगंज को विवेचक उपनिरीक्षक अवधराज द्वारा विवेचना के दौरान प्रकाश में लाया गया जिसे पुलिस टीम ने कटरा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।

गोण्डा जनपद के छपिया थानाअतंगर्त सिसई रानीपुर निवासी अनामिका चौधरी पत्नी अखिलेश वर्मा ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया था कि 11 अगस्त को पति के साथ किसी कार्य वश बस्ती गई थी।

लौटते वक्त शाम करीब साढ़े सात बजे जिलबीगंज बाजार और असनहरा गांव के बीच सूनसान जगह पर मोटरसाइकिल पर सवार राकेश यादव पुत्र रामबदन निवासी सरनागी,अमित यादव पुत्र अज्ञात निवासी आमा टिनिच व संजय यादव निवासी आमा टिनिच थाना गौर, सम्राट शुक्ल पुत्र मुन्ना शुक्ल निवासी बावरपारा और 2/3 अज्ञात पीछे से आकर जान से मारने की नियत से उसके पति को लोहे की राड,धारदार हथियार और पिस्तौल से जानलेवा हमला कर दिया था। उसके पति का सिर फट गया और हाथ-पैर की हड्डियां टूट गईं।

मारने-पीटने से उसके पति बेहोश हो गए थे और पिस्तौल लहराते उसकी चेन और पर्स भी छीनकर लेकर चले गए। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। प्रभारी निरीक्षक सुभाष मौर्य ने बताया है कि सुमित यादव उर्फ मिथिलेश यादव को संबंधित मामले में गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा जहां से जेल गया।



सोमवार को डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता।

## भाजपा नेता ने जेई पर लगाया अभद्रता का आरोप

**बस्ती।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ने सोमवार को डीएम को संबोधित प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। विद्युत उपकेंद्र भानपुर के जेई राममिलन यादव पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। कहा है कि पांच सितम्बर को विद्युत आपूर्ति बाधित थी। उनके मोबाइल पर सम्पर्क किया जो बंद था। इसके बाद अवर अभियंता राममिलन यादव के सीयूजी नंबर पर फोन किया, अपना परिचय दिया और आपूर्ति बहाल के बारे में पूछा। इस पर अभद्रतापूर्वक बात करने लगे। अखिलेश सिंह, मनोज सिंह, राजेश शर्मा, दुर्गेश सिंह आदि शामिल रहे।

# थन्हवा मुड़ियारी में एक सप्ताह में दो बार फुंक गया ट्रांसफॉर्मर

**परेशानी**

**गायघाट।** कुदरहा ब्लॉक के थन्हवा मुड़ियारी गांव में लगा 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर एक सप्ताह में दूसरी बार फुंक गया। उपभोक्ताओं की ओर से ट्रांसफॉर्मर के ओवरलोडेड होने की शिकायत विभाग से की जा रही है, उपभोक्ता पत्र देकर क्षमता वृद्धि की मांग कर रहे हैं। एक बार उपभोक्ता फुंकने के बाद ग्रामीणों को कई-कई दिन में अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। गांव के निवासी लोकेंद्र प्रताप सिंह, राजेश यादव, धर्मेंद्र शर्मा, राम ललित यादव और रामचंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर जलने के बाद इसकी शिकायत ऑनलाइन की जा चुकी है।

कई दिन के इंतजार के बाद भी जब ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला गया तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है। जब तक ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ाई नहीं जाएगी, इसी तरह फुंकता रहेगा और समस्या बरकरार रहेगी।

**आयोजन** | जिले की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ समाधान दिवस, शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का एडीएम ने अफसरों को दिया निर्देश

# संपूर्ण समाधान दिवस में 148 मामले आए, 18 निस्तारित

**बस्ती, निज संवाददाता।** जिले के चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। चारों तहसीलों में 148 मामले आए, जिसमें से 18 का मौके पर निस्तारण किया गया। एडीएम प्रतिपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय से शिकायतों का निस्तारण करें और कोई शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं आए।

बस्ती सदर तहसील में दिवसाधिकारी एडीएम प्रतिपाल सिंह अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। एसडीएम सदर शत्रुहन पाठक ने बताया कि यहां पर कुल 42 मामले आए, जिसमें आठ का मौके पर निस्तारण किया गया। सर्वाधिक 13 मामले राजस्व विभाग के थे। इसके अलावा पुलिस, विकास और चकबंदी विभाग की शिकायतें रहीं। रुधौली तहसील में एसडीएम मनोज कुमार की अध्यक्षता में शिकायतों का निस्तारण हुआ। यहां पर कुल 21 मामले आए, जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष 19 मामलों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।


बस्ती सदर तहसील में शिकायतों का निस्तारण करते एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान।

हर्रैया संवाद के अनुसार तहसील सभागार में एसडीएम हर्रैया उमाकांत तिवारी और सीओ संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। यहां पर आए कुल 47 मामलों में सात का मौके पर निस्तारण हुआ। इन मामलों में राजस्व के 23, पुलिस के 10, विकास के 10, विद्युत दो, अन्य दो मामले आए। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे। भानपुर संवाद के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में बस्ती सदर के एसडीएम न्यायिक राकेश यादव ने फरियादियों के समस्याओं की सुनवाई की।

फरियादियों की ओर से कुल 33 मामले पेश हुए, जिसमें मौके पर एक मामले का निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में सर्वाधिक राजस्व विभाग के 17 मामले आए। तहसीलदार पंकज गुप्ता सहित सभी तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कबाड़ की दुकान के पास पड़ा मिला ड्रोन, मुकदमा

**बस्ती, निज संवाददाता।** ड्रोन को लेकर फैली अफवाह के बीच दुबौलिया पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज किया है। थानाक्षेत्र के विशेषरगंज के पास एक कबाड़ की दुकान के पास ड्रोन पड़ा मिला था। काफी प्रयास किया, लेकिन यह पता नहीं चल सका कि यह द्रोन किसका है।

गजपुर विशेषरगंज के पास कबाड़ की दुकान चलाने वाले कैलाशचंद्र ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि गत पांच सितंबर की रात करीब नौ बजे आसपास एक संयंत्र उड़ता दिखा। जिसके आगे लाल रंग की लाइट चल रही थी। यह उनकी कबाड़ की दुकान के पास गिरा पड़ा था। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। देखने में ड्रोन की तरह भ्रामक प्रकाश उत्पन्न करने वाला संयंत्र निकला। इस बारे में पता करने पर भी कुछ पता नहीं चल सका। उनकी तहरीर पर दुबौलिया पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बरगदवा में मिला उड़ने वाला खिलौना हेलीकॉप्टर

**सल्टौआ।** सोनहा थानाक्षेत्र के बरगदवा में गत रविवार की देर रात करीब पौने एक बजे एक ड्रोन नुमा उपकरण उड़ता दिखा। ग्रामीणों ने लाइट जलता देख पुलिस को बताया। पुलिस मौके पर पहुंची तो बच्चों का खिलौना वाला हेलीकाप्टर निकला। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

# केला लदी डीसीएम पलटी, लगा जाम

**सल्टौआ, हिन्दुस्तान संवाद।** बस्ती-डुमरियागंज मार्ग पर वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के भुजैनिया के पास रविवार/सोमवार की देर रात एक केला लदी डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। डीसीएम संग उस पर लदा हुआ केला सड़क पर बिखर गया। जिससे सड़क पर दोनों तरफ जाम लग गया। डीसीएम चालक शफीक निवासी ताजपुर थाना नानपारा जनपद बहराइच ने बताया कि वह लखीमपुरखीरी जनपद के धौरहरा से डीसीएम पर केला लादकर गोरखपुर जनपद के कौड़ीराम जा रहा था। रविवार की देर रात करीब ढ़ाई बजे डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई और केला



सड़क पर पलटी केला लदी डीसीएम। इस दौरान सड़क पर जाम लग गया।

सड़क के किनारे गिरकर बिखर गया। हादसे में चालक को हल्की चोटें आईं, जबकि खलासी अमन बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद सड़क के दोनों तरफ वाहनों का लंबा जाम लग गया। डीसीएम व बिखरे केले को हटवाकर पुलिस ने यातायात पूरी तरह बहाल कराया।

25 अगस्त से सात सितंबर तक शोषण का शिकार हुई छात्रा, बेचने के लिए बिहार की तरफ ले जाते समय घेराबंदी कर पुलिस ने कराया मुक्त

# हर कदम पर बदमाशों के चंगुल में फंसती गई छात्रा

**अपहरण कांड**

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** जिले के कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा के साथ हुई वारदात ने हर किसी को झकझोर दिया है। छात्रा ने जिनसे भी मदद मांगी, वह सब उसकी लाचारी का फायदा उठाते गए। इस पूरे प्रकरण में छह लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जबकि अन्य की संलिप्तता की जांच पुलिस कर रही है। गत 25 अगस्त को रात करीब साढ़े आठ बजे कक्षा छह में पढ़ने वाली छात्रा रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। प्रकरण में कस्तूरबा की वार्डन ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया था।

एसपी के अनुसार महिला आरक्षी ने नियमानुसार पीड़िता से पूछताछ किया तो उसने बताया कि 25 अगस्त को वह खुद ही स्कूल से निकल से बिना किसी को कुछ बताए निकल गई थी। पैदल ही घर की तरफ पैदल जा रही थी। रास्ते में नगर बाजार से आगे कलवारी रोड पर एक ट्रक चालक मिला। जिसने अपना नाम पंकज निवासी कलवारी मुस्तहकम थाना कलवारी बस्ती बताया। उसने मेरे बगल में ट्रक रोककर पूछा कि कहां जाओगी। छात्रा ने बताया



सोमवार को नगर थानाक्षेत्र में हुई मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अफसर।



सोमवार को पुलिस लाइन में एसपी अभिनंदन ने छात्रा अपहरण कांड का खुलासा किया।

## देह व्यापार के लिए ट्रक चालकों को बुलाते थे

एसपी के अनुसार सीमा व सुभाष छात्रा को अयोध्या आरटीओ आफिस के पास नेशनल हाईवे के बगल में अपने किराए के मकान में लेकर आ गए। सात सितंबर को छात्रा को अपने पास रखे थे। इस दौरान राहुल व सीमा का रिश्तेदार सुभाष भी सीमा के घर आता-जाता रहा और उसने भी छात्रा के साथ जबरन संबंध बनाया। सुभाष और सीमा के बीच यह तय हुआ था कि लड़की के देह व्यापार से जो भी रकम मिलेगा, उसमें से कुछ हिस्सा सुभाष को देगी। जिसमें से तीन-चार दिन पहले सुभाष को सीमा ने दो हजार रुपया दी थी। इस दौरान उसी के साथ दूरदराज के आने वाले ट्रक चालकों से छात्रा को संबंध बनाने पर विवश किया और इससे सीमा ने करीब 25 से 30 हजार रुपये की कमाई की थी।

## एसपी ने बताया, जान बचाकर भागी थी छात्रा

एसपी के अनुसार छात्रा किसी तरह अपनी जान बचाने के लिए सीमा के घर से छह सितंबर की शाम को भागी। लेकिन पास में खड़े एक ट्रक ड्राइवर आरोपी राहुल पांडेय निवासी एरिया विश्वकर्मा थाना हरमाड़ा, जयपुर राजस्थान से मदद मांगी तो राहुल ने छात्रा को अपनी गाड़ी में बैठा लिया। वह उसे बेचने के उद्देश्य से बिहार/ बंगाल की तरफ जा रहा था। जिसे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने तिलकपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया और छात्रा उसके चंगुल से मुक्त हुई। इसके बाद टीम ने अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि इस गिरोह का पूरा ब्योरा खंगाला जा रहा है। संगठित गिरोह चलाने वाले इस गैंग पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जाएगी।

## टीम को 25 हजार का मिला इनाम

दो इनामिया वांछितों की मुठभेड़ में गिरफ्तारी व खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एसपी ने 25 हजार का इनाम दिया है। इस टीम में थानाध्यक्ष नगर विश्वमोहन राय, चौकी प्रभारी करहली सर्वेश कुमार, एसआई अवधेश शर्मा, एसआई रामेश्वर सिंह, हेड कांस्टेबल महेन्द्र यादव, कृष्णचन्द तिवारी, कांस्टेबल कमलेश यादव, विनोद गुप्ता, वीरेन्द्र यादव, शालू वर्मा, विजयलक्ष्मी सिंह शामिल रहीं।

कि लालगंज थानाक्षेत्र की तरफ जाना है। इस पर वह बोला कि आओ मेरे ट्रक में बैठ जाओ, मैं तुम्हें छोड़ दूंगा। छात्रा ने उसके साथ से मना किया तो उसने जबरन उसे उठाकर ट्रक में बैठा लिया। इसके बाद उसे ट्रक से किसी सुनसान स्थान पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही अपने फोन से एक सुनील नाम के आदमी से बात की। आगे ले जाकर टाण्डा के पास छात्रा को आरोपी सुनील निवासी कठौतिया थाना दुबौलिया बस्ती के गाड़ी में बैठा दिया। सुनील ने भी सुनसान स्थान पर ले जाकर छात्रा के साथ कई बार दुष्कर्म किया।

अगली सुबह सुनील ने अपने दोस्त सुभाष निवासी केदपुर थाना दुबौलिया बस्ती को फोन करके बुलाया। सुभाष एक ट्रक लेकर महोबा से आ रहा था। वह सुल्तानपुर कटका के पास मिला। ट्रक में उसके साथ एक महिला सवार थी, जिसका नाम सीमा निवासी पुराना डाकखाना थाना कोतवाली जिला बस्ती है। छात्रा को उसके सुपुर्द कर वहां से चला गया।

# शैक्षिक प्रकल्प के भूमि पूजन में आज एक घंटे मौजूद रहेंगे सीएम



बसहवा में सीएम के कार्यक्रम को लेकर तैयारियों का जायजा लेते अफसर।

- बसहवा में बनना है विद्या मंदिर का नया प्रकल्प
- मौके पर पूरी हुईं तैयारियां खींचा सुरक्षा का खाका
- बसहवा में बने हेलीपैड पर उतरेगा हेलीकॉप्टर

**बस्ती, निसं।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को बस्ती आ रहे हैं। वह शहर से कुछ दूर स्थित बसहवा में सरस्वती वरिष्ठ विद्या मंदिर के नए शैक्षिक प्रकल्प भवन के भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह में भाग लेंगे। इस कार्य में मुख्यमंत्री एक घंटे तक मौजूद रहेंगे।

आरएसएस के अनुषांगिक संगठन विद्या भारती की ओर से संचालित सरस्वती वरिष्ठ विद्या मंदिर रामबाग का बसहवा में स्थापित होने वाले नवीन प्रकल्प का शिलान्यास नौ सितम्बर को होगा। शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीएम योगी भाग लेंगे। वह हेलीकॉप्टर से आएंगे। हेलीकॉप्टर के लिए बसहवा में ही हेलीपैड बनाया गया है। जहां पर उतरने के बाद दिन के 11 बजे से 12 बजे तक भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। उसके बाद मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की रूपरेखा बाद में जारी की जाएगी।

प्रशासनिक स्तर पर कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री की सुरक्षा जेड प्लस श्रेणी की है, उसके अनुसार सुरक्षा लेयर तैयार किया जा रहा है। उनकी मुख्य सुरक्षा में छह एनएसजी कमांडो भी शामिल किए गए हैं। उनके एबी पॉजिटिव ग्रुप के ब्लड की भी व्यवस्था की गई है। बसहवा से शहर तक की मुख्य सड़कों की सफाई करा दी गई है। समारोह की अध्यक्षता विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संगठन मंत्री हेमचंद्र करेंगे। आरएसएस के प्रांत प्रचारक रमेश विशिष्ट अतिथि के रूप में भागीदारी करेंगे। आयोजन में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष गोपाल गाडिया, प्रबंधक डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष प्रहलाद मोदी और प्रधानाचार्य गोविन्द सिंह अंतिम रूप देने में जुटे रहे।

## छह जोन बनाकर संचालित होगी व्यवस्था, मजिस्ट्रेट तैनात

बस्ती। डीएम रवीश गुप्ता ने सीएम योगी के कार्यक्रम में आवागमन, शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी है। पूरे कार्यक्रम के लिए एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान को नोडल बनाया गया है। यह व्यवस्था छह जोन में बांटकर की गई है। हेलीपैड और सेफ हाउस को पहले जोन में रखा गया है। इस जोन के प्रभारी एसडीएम रुधौली मनोज प्रकाश होंगे। दूसरे जोन में हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल के प्रभारी एसडीएम भानपुर हिमांशु कुमार, तीसरे जोन आउटर कार्डन के प्रभारी शशि बिन्द द्विवेदी एसडीएम न्यायिक हर्रैया, चौथे जोन कार्यक्रम स्थल के ही क्षेत्र में एसडीएम हर्रैया उमाकांत तिवारी, पांचवें जोन मंच के बगल स्थित सिंघल कॉटेज, मीडिया गैलरी में एसडीएम सदर शत्रुघ्न पाठक व छठवें जोन शिलान्यास स्थल और भूमि पूजन स्थल पर एसडीएम न्यायिक सदर रश्मि यादव को तैनात किया गया है।

# बस्ती में छात्रा से दुष्कर्म देह व्यापार कराने वालों को मुठभेड़ में लगी गोली

**कार्रवाई**

- पुलिस ने महिला समेत कुल छह आरोपियों को दबोचा
- कस्तूरबा स्कूल की छात्रा से अयोध्या में करा रहे थे देह व्यापार

**बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद।** कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की छात्रा के साथ दुष्कर्म कर देह व्यापार के धंधे में धकेलने वाले दो युवकों को पुलिस ने सोमवार को मुठभेड़ में दबोच लिया। पैर में गोली लगने से दोनों घायल हो गए। उनकी निशानदेही पर देह व्यापार कराने वाली महिला समेत चार अन्य को भी गिरफ्तार किया गया है। इनमें राजस्थान का एक ट्रक चालक भी शामिल है।

एसपी अभिनंदन ने सोमवार को घटना का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की कक्षा छह की छात्रा (15 वर्ष) 25 अगस्त को शिक्षिकाओं को बिना बताए घर जाने के लिए निकली थी। रास्ते में बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र स्थित कठौतिया गांव निवासी सुनील और कलवारी क्षेत्र स्थित कलवारी मुस्तकहम निवासी पंकज ने उसे रोक लिया। दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर उसे अयोध्या में सीमा नाम की महिला के पास पहुंचा दिया। वहां महिला ने छात्रा से देह व्यापार करवाया।

सात सितंबर को छात्रा किसी तरह वहां से भाग निकली। रास्ते में उसने एक ट्रक चालक से मदद मांगी। चालक ने उसे ट्रक में बैठा लिया और बेचने के लिए बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल जाने लगा। जानकारी मिलने पर पुलिस ने तिलकपुर के पास ट्रक को रोक कर छात्रा को मुक्त करा लिया। राजस्थान के जयपुर निवासी चालक राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया।

छात्रा ने पूछताछ में पुलिस को पूरी कहानी बताई। पुलिस सुनील और पंकज की तलाश में जुट गई। सोमवार को कुरहा पट्टी गांव के पास बाइक से भाग रहे दोनों आरोपितों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लग गई। पुराना डाकखाना निवासी सीमा, उसके पति रामसहाय और दुबौलिया क्षेत्र के बेदपुर निवासी सुभाष को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी देह व्यापार कराने में संलिप्त थे। ➤ संबंधित खबर P03

## महराजगंज में हुई मुठभेड़ पशु तस्कर को लगी गोली

**परतावल (महराजगंज)।** पुलिस, स्वॉट व एसओजी की रविवार की रात सैमरा-चंद्रौली नहर पुल के पास गो-तस्कर से मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने से गो-तस्कर घायल हो गया। उसे दबोच लिया गया। ➤ P05

## दुबौलिया क्षेत्र में गिरा मिला ड्रोन, अज्ञात पर केस

**जासं, बस्ती:** दुबौलिया क्षेत्र में ड्रोन गिरने की घटना सामने आई है। ग्राम गजपुर विशेषरगंज के पास ड्रोन मिला जिसमें लाल रंग की लाइट जल रही थी। पुलिस ने कैलाशचन्द्र की तहरीर पर अज्ञात संचालक पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## स्टांप मूल्य को लेकर अधिवक्ता से अभद्रता

**जासं, भानपुर:** तहसील में स्टांप का दोगुना दाम लिए जाने की शिकायत की जाती रही है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। अधिवक्ता धर्मेंद्र कन्नौजिया ने डीएम से शिकायत किया है कि उन्होंने 50 रुपये का स्टांप व इतनी ही कीमत का टिकट लिया गया। स्टांप विक्रेता द्वारा 200 रुपये मांगा गया। उन्होंने 150 रुपये दिया तो स्टांप विक्रेता ने उनसे अभद्रता की।

# अज्ञात युवक का मिला शव, हत्या की आशंका

जागरण संवाददाता, मखौड़ाधाम: प्राथमिक विद्यालय हैदराबाद परसरामपुर के निकट अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शराब में जहर देकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो पाया। ग्रामीणों के मुताबिक शव के पास शराब का बोतल और डिस्पोजल गिलास भी मिला है।

मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष बताई जा रही है। शरीर पर कोई चोट के निशान या घाव नहीं मिले, लेकिन मुंह से झाग निकलता देखा गया है। इससे पुलिस अनुमान लगा रही है कि युवक की मृत्यु अधिक शराब के सेवन या जहर से हुई है। पुलिस ने शव की पहचान के लिए उसे 72 घंटे के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। तीन बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# सीएम योगी आज करेंगे सरस्वती विद्या मंदिर बसहवा का शिलान्यास

## कार्यक्रम स्थल के निकट बना हेलीपैड चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

- प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा
- अलर्ट मोड पर प्रशासन, सीसी कैमरे और ड्रोन से होगी निगरानी

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को सुबह सरस्वती विद्या मंदिर बसहवां का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम करेंगे। मुख्यमंत्री 10 बजकर 55 मिनट पर बसहवा के नव निर्मित हेलीपैड पर पहुंचेंगे और वहां से कार द्वारा कार्यक्रम स्थल तक जाएंगे। वह दिन में 12 बजे तक भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है।

चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके साथ ही खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी की जा रही है और आने-जाने वाले हर व्यक्ति की जांच की जा रही है। जनपद पुलिस के अलावा बाहर से एक एएसपी, पांच सीओ, 38 निरीक्षक, 198 एसआइ, दो महिला एसआइ, 501 मुख्य आरक्षी, 152 महिला आरक्षी, 34 यातायात पुलिस कांस्टेबल समेत 925 पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं।

प्रशासनिक अमला पूरी तरह सतर्क है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थलों के आसपास 100 से अधिक सीसी कैमरे लगाए गए हैं। सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरों का भी उपयोग किया जा रहा है, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

कमिश्नर अखिलेश सिंह, डीआइजी संजीव त्यागी, जिलाधिकारी रवीश गुप्ता और पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन लगातार कार्यक्रम स्थल पर रहकर तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। सुरक्षा में लगे अधिकारियों को डीआइजी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं, ताकि कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराया जा सके। एसपी ने बताया कि सीएम सुरक्षा प्रोटोकाल के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं।



मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए तैयार किया जा रहा पंडाल ● जागरण



सीएम की सुरक्षा में लगाए पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को ब्रीफ करते डीआइजी रेंज संजीव त्यागी व प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी ● जागरण

# मारपीट व छिनैती का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, पैकोलिया:** दंपती की पिटाई करने व छिनैती के मामले में आरोपित सुमित यादव उर्फ मिथिलेश निवासी कटरा खुर्द थाना कप्तानगंज को कटरा मोड़ से घटना के करीब एक माह बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पिस्तौल लहराते हुए दंपती की चेन व पर्स भी छीनकर लेकर चला गया था।

# किशोरी के साथ छेड़खानी केस दर्ज

बस्ती : दवा लेकर घर जा रही साइकिल सवार किशोरी के साथ छेड़खानी की घटना सामने आई है। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर हरीशचन्द्र पुत्र आंधी यादव निवासी हरनहवा थाना परसरामपुर पर केस दर्ज किया है।

# औपचारिकता में निपटा समाधान दिवस, 18 मामले निस्तारित

- सदर तहसील में एडीएम व एसडीएम ने सुनी समस्याएं
- अन्य तहसीलों में एसडीएम ने की पीड़ितों की सुनवाई

जागरण टीम, बस्ती: जिले के सभी तहसील मुख्यालयों पर सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस औपचारिकता की भेंट चढ़ गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के कारण उच्चाधिकारी इस आयोजन में भाग नहीं ले सके। बस्ती सदर को छोड़कर अन्य तहसील मुख्यालयों पर एसडीएम ने ही पीड़ितों की समस्याओं को सुना। इस दौरान कुल 143 शिकायतों का पंजीकरण किया गया, जिनमें से केवल 18 का ही निस्तारण हो सका। सदर तहसील में एडीओ प्रतिपाल सिंह चौहान और एसडीएम शत्रुघ्न पाठक ने शिकायतें सुनीं। यहां कुल 42 शिकायतों का पंजीकरण हुआ, जिनमें से आठ का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार विनय प्रभाकर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



हरैया तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते एसडीएम उमाकांत तिवारी, क्षेत्राधिकारी संजय सिंह व अन्य • जागरण

हरैया तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां कुल 47 शिकायतें पंजीकृत की गईं, जिनमें से सात का मौके पर ही निस्तारण किया गया। एसडीएम ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों को गंभीरता से निस्तारित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की हीलाहवाली क्षम्य नहीं होगी। इस मौके पर सीओ संजय सिंह, तहसीलदार अभय राज, नायब तहसीलदार शौकत अली, पूर्ति निरीक्षक राजनरायन, बीईओ हरैया विजय आनंद, गौर बड़कऊ वर्मा आदि उपस्थित रहे।

रुधौली में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम मनोज प्रकाश ने की। यहां कुल 21 मामले आए, जिनमें से केवल दो का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष 19 मामलों को संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। एसडीएम ने शिकायतों को गुण-दोष के आधार पर निष्पक्ष तरीके से निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर तहसीलदार रवि यादव, नायब तहसीलदार नीरज सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी राम अशोक आदि उपस्थित रहे। भानपुर में उपजिलाधिकारी न्यायिक राकेश कुमार यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां कुल 33 शिकायतों का पंजीकरण किया गया, जिसमें से केवल एक का ही मौके पर निस्तारण हो सका। तहसीलदार पंकज कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार कृष्ण मोहन यादव, खंड विकास अधिकारी सल्टौआ अनिल कुमार यादव, रामनगर राजेश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सड़क पर पलटी डीसीएम, यातायात रहा प्रभावित

जासं, सल्टौआ: ओवरटेक करते समय एक अनियंत्रित डीसीएम पलट गई, जिससे चालक और खलासी को मामूली चोटें आईं। इस घटना के कारण मार्ग पर दो घंटे तक जाम लगा रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर की सहायता से सड़क को खाली कर यातायात को बहाल किया। चालक शफीक निवासी ताजपुर थाना नानपारा, बहराइच ने बताया कि वह डीसीएम पर केला लादकर गोरखपुर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार रात करीब दो बजे दो डीसीएम तेज गति से गुजर रही थीं। अचानक एक डीसीएम अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराते हुए सड़क पर पलट गई। सोमवार सुबह नौ बजे तक बगल से गाड़ियां निकल रही थीं, लेकिन तभी एक ट्रक फंस गया, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हुई।

# जांच रिपोर्ट मिलने के बाद प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी

## कुदरहा विकास खंड के ग्राम पंचायत रैनिया का मामला, पोखरे की खोदाई मनरेगा श्रमिकों ने न कराकर बुलडोजर से कराया

जासं, बस्तीः कुदरहा विकास खंड के ग्राम पंचायत रैनिया के प्रधान रामदौड़ को जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्हें 15 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट में इंगित आरोपों के संबंध में साक्ष्यों के साथ स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

रैनिया ग्राम पंचायत निवासी श्रवण कुमार ने डीएम को शपथ पत्र के साथ शिकायती पत्र देकर ग्राम प्रधान व सचिव पर विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच एवं कार्रवाई का अनुरोध किया गया था। डीएम की ओर से शिकायतों की प्रारंभिक जांच के लिए श्रम प्रवंतन अधिकारी बस्ती, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायत, अवर अभियंता नलकूप खंड-बस्ती की संयुक्त जांच टीम का गठन किया गया। जांच टीम ने 19 अगस्त को ग्राम पंचायत रैनिया में जाकर शिकायतों की जांच की। संयुक्त जांच आख्या 22 अगस्त को डीएम को प्रेषित की गई। जांच आख्या में बताया गया कि ग्राम पंचायत में स्थित पोखरे की खोदाई कार्य श्रमिकों से न कराकर बुलडोजर से कराई गई है, जबकि मनरेगा में मशीन का प्रयोग प्रतिबंधित है। इस प्रकार पोखरे की खोदाई श्रमिकों से न कराकर मनरेगा की गाइड लाइन के विपरीत कार्य कराने के प्रधान प्रथम दृष्टया दोषी हैं। इसी प्रकार प्रधान स्वयं मनरेगा योजना के अंतर्गत मनरेगा कर्मी बनकर इसका पैसा अपने खाते में प्राप्त करने के लिए भी प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए हैं। डीएम ने जांच रिपोर्ट मिलने के बाद दोनों बिंदुओं पर 15 दिन के अंदर स्पष्टीकरण अपने कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा है, साथ ही चेतावनी दी है कि क्यों न उनके विरुद्ध संबंधित आरोपों में कार्रवाई अमल में लाई जाए।

# दुष्कर्म के दो इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार, एसओ घायल

## जयपुर के ट्रक चालक ने कस्तूरबा विद्यालय के बाहर से छात्रा को उठाकर देह व्यापार के रैकेट को सौंपा था

जागरण संवाददाता, बस्ती: पुलिस ने रविवार रात 11.30 बजे मुठभेड़ के बाद कस्तूरबा की छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे दो इनामियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके ऊपर बस्ती पुलिस की ओर से 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। दोनों पुलिस को चकमा देकर कई दिन से फरार चल रहे थे। जिले के नगर क्षेत्र के कुढ़ा पट्टी गांव में सोमवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि इनामी सुनील पुत्र रामराज निवासी कठौतिया थाना दुबौलिया व पंकज पुत्र रामजीत निवासी कलवारी मुस्तहकम थाना कलवारी छात्रा को छिपा हुए हैं। इसके बाद नगर पुलिस की टीम ने तत्काल घेराबंदी की और उसे पकड़ने का प्रयास किया। खुद को घिरा देख दोनों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान एसओ नगर विश्वमोहन राय के बाएं हाथ में गोली लगी, वह घायल हो गए।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपितों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। इन दोनों के कब्जे से दो तमंचा, कारतूस व एक बाइक बरामद किया गया है। इसके अलावा इसी मामले वांछित चल रहे सुभाष पुत्र राम संवारे वेदपुर दुबौलिया, सेक्स रैकेट की सीमा व उसके पति रामसहाय निवासी पुराना डाकखाना कोतवाली को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपितों पर लगेगा गैंग्सटर:** पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने बताया कि नगर क्षेत्र के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय से छठवीं की छात्रा 25 अगस्त को घर के निकली थी। रास्ते में ट्रक चालक ने उसका अपहरण कर लिया था। अपहरण के इसी मामले में बरामदगी के लिए पुलिस की टीम गठित की गई थी। सात सितंबर की सुबह साढ़े चार बजे ट्रक चालक राहुल पुत्र जयराम पांडेय निवासी वीकेआइ एरिया विश्वकर्मा थाना हरमाड़ा जनपद जयपुर, राजस्थान के कब्जे से तिलकपुर थाना नगर के पास से नाबालिग छात्रा मिली। पकड़े गए ट्रक चालक राहुल ने अपने अन्य साथियों की जानकारी दी।

ट्रक चालक उसे लेकर बिहार जाने वाला था। इसी मामले में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने व उसे देह व्यापार के रैकेट में ढकेलने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ, जिसमें दो 25-25 हजार के इनामी सुनील व पंकज को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया।

एक महिला समेत तीन अन्य आरोपितों को भी फुटहिया ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। इनके विरुद्ध दुष्कर्म, अपहरण, धमकी, देह व्यापार व शस्त्र अधिनियम समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता है। सभी आरोपितों पर गैंग्सटर लगाया जाएगा। बहुत जल्द विवेचना कर आरोपपत्र अदालत में पेश स्पीडी ट्रायल कराकर सजा दिलवाया जाएगा।





मुठभेड़ स्थल कुढ़ा पट्टी का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक, साथ में पुलिस अधिकारी व पुलिस लाइन सभागार में पुलिस मुठभेड़ की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन साथ में सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी एवं सीओ कलवारी प्रदीप त्रिपाठी व गिरफ्तार आरोपित • जागरण



पुलिस मुठभेड़ बदमाशों की गोली से घायल नगर थानेदार • जागरण

- छात्रा के अपहरण में मददगार व दुष्कर्म के आरोपितों पर घोषित था 25-25 हजार का इनाम
- नगर क्षेत्र के कुढ़ा पट्टी में हुई मुठभेड़, महिला समेत तीन अन्य गिरफ्तार

**11.30** बजे मुठभेड़ के बाद कस्तूरबा की छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे दो इनामियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### यह था घटनाक्रम

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पढ़ने वाली छठीं कक्षा की छात्रा 25 अगस्त को रात करीब साढ़े आठ बजे वार्डेन की डांट से नाराज होकर परिसर से बाहर निकल गई। सड़क पर ट्रक चालक ने जबरजस्ती उसे ट्रक में बैठा लिया और फरार हो गया। वार्डेन ने नगर थाने में अज्ञात पर अपहरण का केस दर्ज कराया था। बीते रविवार को सुबह साढ़े चार बजे ट्रक चालक राहुल पांडेय पुत्र जयराम निवासी वीकेआइ एरिया विश्वकर्मा थाना हरमाड़ा जनपद जयपुर, राजस्थान के कब्जे से पुलिस ने नगर क्षेत्र के तिलकपुर से छात्रा को छुड़ाया था। गिरफ्तार ट्रक ड्राइवर से पूछताछ व मुखबिर की सूचना के बाद देह व्यापार के रैकेट के अन्य सदस्यों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफाश किया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम

25-25 हजार के दो इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ देह व्यापार के रैकेट का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विश्वमोहन राय, एसआइ सर्वेश कुमार, अवधेश वर्मा, मुख्य आरक्षी महेन्द्र यादव, कृष्णचंद तिवारी, आरक्षी कमलेश यादव, विनोद गुप्ता, वीरेन्द्र यादव, शालू वर्मा, विजयलक्ष्मी शामिल रहीं।

# आज आएंगे मुख्यमंत्री, सैनिक स्कूल का करेंगे भूमि पूजन

## हेलिपैड से कार्यक्रम स्थल तक चप्पे-चप्पे पर फोर्स रहेगी तैनात, गैर जनपदों से भी पुलिस अफसरों समेत 925 कर्मियों की लगाई गई ड्यूटी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** सैनिक स्कूल का भूमि पूजन करने मंगलवार को सुबह साढ़े 10 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचेंगे। नगर क्षेत्र के बसहवा स्थित स्कूल के प्रस्तावित भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। सोमवार को कार्यक्रम स्थल पर डीआईजी संजीव त्यागी, डीएम रवीश गुप्ता व एसपी अभिनंदन ने सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद पुलिस अफसरों व कर्मियों को उनका दायित्व समझाया।

सीएम सुरक्षा के लिए जोन के विभिन्न जिलों से पुलिस फोर्स पहुंच चुकी है। पुलिस कार्यालय के अनुसार, गैर जनपद से एक अपर पुलिस अधीक्षक, पांच क्षेत्राधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। गैरजनपद से 38 इंस्पेक्टर, 198 सब-इंस्पेक्टर, 501 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल, 152 महिला कांस्टेबल के अलावा 34 यातायात कर्मियों की ड्यूटी लगी है। जिले की फोर्स भी सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहेगी। करीब एक घंटे मुख्यमंत्री जिले में रुकेंगे और कार्यक्रम में शामिल होंगे। ब्रीफिंग के दौरान एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, एएसपी ओमप्रकाश सिंह, सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी व अन्य अफसर मौजूद रहे।

**दो सेफ हाउस तैयार :** सीएम के लिए दो सेफ हाउस तैयार किए गए हैं। इसके साथ ही एंबुलेंस भी तैयार कर दी गई है, जिसमें जीवन रक्षक दवाइयों के साथ उनका ब्लड ग्रुप बी. पॉजिटिव भी सुरक्षित कर लिया है। सीएमओ डॉ. राजीव निगम ने सभी डॉक्टरों व स्टाफ को अलर्ट कर दिया है।

सोमवार को सीएम की सुरक्षा को लेकर जिला अस्पताल के हृदय रोग विभाग के पास बने वार्ड में सेफ हाउस बनाया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल के निकट की सीएचसी कप्तानगंज में भी एक सेफ हाउस बनाया गया है।



बसहवा में कार्यक्रम स्थल के पास हेलिपैड बनाते कर्मी। स्रोत- विज्ञप्ति

### जिले में 1:10 घंटे रहेंगे मौजूद

**बस्ती।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को जनपद पहुंचेंगे। सुबह 10.55 बजे उनका हेलीकॉप्टर शहर से आठ किमी दूर बसहवा में उतरेगा। यहां से कार में सवार होकर कार्यक्रम स्थल सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण बसहवा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री यहां विधि विधान से भूमि पूजन के साथ सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल की आधारशिला रखेंगे। इस कार्यक्रम में उनकी 12 बजे तक कुल एक घंटे मौजूदगी रहेगी। इसके बाद 12.05 बजे वह प्रस्थान कर जाएंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री के सर्किट हाउस में भी पहुंचने की उम्मीद है। इस वजह से प्रशासनिक अमला पूरे दिन तैयारियों में जुटा रहा। संवाद

### तैयारी में जुटा रहा प्रशासन, दौड़भाग करते रहे अधिकारी

**बस्ती।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 9 सितंबर को जनपद आगमन की तैयारियों में प्रशासनिक अमला दिन भर जुटा रहा। आला अफसर कार्यालयों में कम समय ही दे पाए। दिन भर मातहतों को निर्देश देने के साथ सर्किट हाउस से लेकर कार्यक्रम स्थल तक दौड़भाग करते नजर आए। उम्मीद जताई जा रही है कि कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री सर्किट हाउस भी पहुंच सकते हैं। हालांकि अभी इसकी कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन, इसको लेकर प्रशासन पहले से अलर्ट है। डीआईजी संजीव त्यागी, डीएम रवीश गुप्ता, एसपी अभिनंदन, एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, एएसपी ओपी सिंह समेत जिले के आला अफसरों ने सर्किट हाउस से लेकर कार्यक्रम स्थल, हेलिपैड पर तैयारियों का जायजा लिया। रूट चार्ट भी निर्धारित कर लिया गया है। मुख्य फोकस बसहवा गांव में बने हेलिपैड से कार्यक्रम स्थल तक है। यहां सीओ, विभिन्न थानों के प्रभारी निरीक्षक के अलावा बड़ी संख्या में फोर्स तैनात रहेगी। मुख्यमंत्री फ्लीट निकलने के समय संबंधित रूट पर किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन के उच्चाधिकारियों ने ड्यूटी में तैनात में एएसपी, सीओ एवं थानाध्यक्ष स्तर के अधिकारियों की ब्रीफिंग की गई है। संवाद

# कबाड़ की दुकान के पास मिला ड्रोन, केस

**दुबौलिया।** ड्रोन को लेकर फैले कौतूहल के बीच दुबौलिया क्षेत्र के विशेषरगंज के पास से पुलिस को कबाड़ में ड्रोन पड़ा मिला। काफी प्रयास किया, लेकिन यह पता नहीं चल सका कि वह ड्रोन किसका है कबाड़ की दुकान चलाने वाले कैलाशचंद्र ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि पांच सितंबर की रात करीब नौ बजे आसपास एक संयंत्र उड़ता दिखा। जिसके आगे लाल रंग की लाइट चल रही थी। यह उनकी कबाड़ की दुकान के पास गिरा पड़ा था। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। देखने में ड्रोन की तरह भ्रामक प्रकाश उत्पन्न करने वाला संयंत्र निकला। संवाद

# देह व्यापार गिरोह के चंगुल में फंस गई थी स्कूल से भागी छात्रा

## बस्ती का दंपती अयोध्या में चलाता था जिस्मफरोशी का धंधा, दंपती और चार ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** विद्यालय से घर के लिए निकली 15 वर्षीय छात्रा अनैतिक देह व्यापार गिरोह के हाथ लग गई थी। उसे अयोध्या के एक मकान में रखकर ट्रक चालकों को बुलाकर देह व्यापार कराया गया।

छात्रा ने एक ट्रक चालक से मदद मांगी तो वह उसे बिहार बेचने के लिए ले जाने लगा। पुलिस ने ट्रक चालक जयपुर राजस्थान के राहुल को तिलकपुर में दबोचकर छात्रा को मुक्त करा लिया और आरोपी दंपती सीमा व राम सहाय मूल निवासी पुराना डाकखाना थाना कोतवाली बस्ती को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के आधार पर दुबौलिया के कठौतिया निवासी सुनील व कलवारी के पंकज नाम के दो मुख्य आरोपियों की सोमवार दोपहर पुलिस टीम ने नगर थानाक्षेत्र के कुरहा पट्टी गांव के पास घेराबंदी की। एसपी अभिनंदन ने बताया कि बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया।

गोली एसओ नगर विश्वमोहन राय की कलाई को छीलते हुए निकल गई। जवाबी फायरिंग में दोनों के पैर में गोली लगी और गिरफ्तार किए गए। उनके कब्जे से दो तमंचे, बिना नंबर की बाइक व कुछ रुपये बरामद किए गए हैं। एसपी ने नगर थाने की टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया है।

26 अगस्त की रात करीब साढ़े आठ बजे 14 वर्षीय छात्रा लापता गायब हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। जांच में छात्रा खड़ौआ के पास तक सीसीटीवी में देखी गई लेकिन उसके बाद से लापता हो गई। पुलिस की टीमें लगातार छानबीन करती रहीं। एसपी अभिनंदन ने बताया कि छह सितंबर को एसओ विश्वमोहन राय व चौकी इंचार्ज करहली सर्वेश



मुठभेड़ में घायल पंकज संवाद



मुठभेड़ में घायल सुनील। संवाद



आरोपी सीमा। संवाद

चौधरी को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि जिस छात्रा को पुलिस ढूंढ़ रही है, उसे एक व्यक्ति ट्रक से बेचने के लिए कहीं ले जा रहा है।

पुलिस टीमों ने हाईवे पर सघन तलाश शुरू की तो रविवार को तड़के 04:30 बजे तिलकपुर में एक ट्रक पर छात्रा चालक राहुल निवासी रोड नंबर-14 बीकेआई एरिया विश्वकर्मा थाना हरमाड़ा जिला जयपुर राजस्थान के साथ मिली।

पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि अयोध्या आईटीआई के पास की रहने वाली सीमा पत्नी राम सहाय मूल निवासी पुराना डाकखाना थाना कोतवाली के यहां से लेकर बिहार या बंगाल बेचने के लिए जा रहा था। राहुल ने ही पुलिस को बताया कि सीमा अयोध्या में जिस्मफरोशी का धंधा चलाती है।

**कलवारी के पंकज ने जिस्मफरोशी के दलदल में धकेलाः** महिला पुलिस ने नियमानुसार पीड़िता से पूछताछ की तो उसने बताया कि 25 अगस्त को स्कूल से निकल कर बगैर किसी को बताए घर की तरफ पैदल जा रही थी।

नगर बाजार से आगे कलवारी रोड पर एक ट्रक रुका। कलवारी निवासी पंकज उसे चला रहा था। उसने जबरदस्ती गाड़ी में यह कहकर बैठा लिया कि वह उसे लालगंज छोड़ देगा। छात्रा के मुताबिक, ट्रक चालक पंकज ने सुनसान स्थान पर उससे दुष्कर्म किया।

पीड़िता के मुताबिक, पंकज ने फोन से सुनील नाम के आदमी से बात की। आगे ले जाकर टांडा के पास दुबौलिया थानाक्षेत्र के कठौतिया निवासी सुनील के ट्रक में बैठा दिया। सुनील ने भी सुनसान स्थान पर कई बार दुष्कर्म किया। अगली सुबह सुनील ने अपने दोस्त सुबास निवासी वेदपुर थाना दुबौलिया को फोन करके बुलाया। सुबास ट्रक लेकर महोबा जा रहा था। सुल्तानपुर जिले के कटका के

### कई अन्य के गिरोह में शामिल होने का शक

जिस्मफरोशी के इस रैकेट में कई अन्य लोग भी शामिल बताए जा रहे हैं। एसपी अभिनंदन ने बताया कि इस गिरोह के चंगुल में और कितनी युवतियां-किशोरियां आ चुकी हैं और गिरोह में कौन-कौन शामिल है? इसका ब्योरा खंगाला जा रहा है। इनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जाएगी।

पास सुबास मिला तो उसके साथ सीमा निवासी पुराना डाकखाना थाना कोतवाली भी बैठी थी। सुनील छात्रा को सुबास और सीमा के हवाले करके वहां से चला गया।

सीमा व सुबास छात्रा को हाईवे के किनारे अयोध्या आरटीओ ऑफिस के पास किराये के मकान में लेकर गए। तब से 07 सितंबर तक छात्रा को अपने पास रखे थे। पुलिस के अनुसार, इस दौरान राहुल व सीमा का रिश्तेदार सुबास भी सीमा के घर आता-जाता और छात्रा से जबर्दस्ती संबंध बनाता था। सुबास और सीमा के बीच यह तय हुआ था कि देह व्यापार से जो रकम मिलेगी उसमें से कुछ हिस्सा रोज सुबास को देगी। इस दौरान दूरदराज से आने वाले ट्रक चालकों से संबंध बनवाकर सीमा ने लगभग 25-30 हजार रुपये की कमाई थी।

छात्रा अपनी जान बचाने के लिए सीमा के चंगुल से 06 सितंबर शाम को भागी और पास में खड़े ट्रक ड्राइवर राहुल निवासी रोड नंबर-14 बीकेआई एरिया विश्वकर्मा थाना हरमाड़ा जिला जयपुर राज्य राजस्थान से मदद मांगी। राहुल उसकी मदद करने के बजाए बेचने के उद्देश्य से बंगाल बिहार ले जाने लगा। हालांकि, तब तक पुलिस उस तक पहुंच गई।

# सीएम आज बस्ती में, सैनिक स्कूल का करेंगे भूमिपूजन

**बस्ती/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार बस्ती में सैनिक स्कूल के भूमि पूजन करेंगे। इसके लिए वह सुबह साढ़े 10 बजे शहर में पहुंच जाएंगे। नगर क्षेत्र के बसहवा स्थित स्कूल के प्रस्तावित भूमि पूजन कार्यक्रम के सभी तैयारियों लगभग पूरी कर ली गई है। सीएम वहां से शाम को गोरखपुर जाएंगे। वह गोरखनाथ मंदिर में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर 10 और 11 सितंबर को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होंगे। ब्यूरो

# देह व्यापार कराने वाले गिरोह के चंगुल में मिली स्कूल से भागी छात्रा, दंपती समेत छह गिरफ्तार

## बस्ती : मुठभेड़ में दो आरोपियों के पैर में लगी गोली, थानेदार भी जख्मी

संवाद न्यूज एजेंसी



गिरफ्त में सुनील, राम सागर, राहुल व सीमा। स्रोत-पुलिस

**बस्ती।** नगर थाना क्षेत्र स्थित एक विद्यालय से 26 अगस्त की रात लापता हुई 15 वर्षीय छात्रा हाईवे पर जिस्मफरोशी कराने वाले गिरोह चंगुल में फंस गई थी। गिरोह में शामिल एक ट्रक चालक राहुल उसे बेचने पश्चिम बंगाल ले जा रहा था। इसी दौरान सोमवार को पुलिस ने नगर थानाक्षेत्र के तिलकपुर के पास घेरकर ट्रक उसे गिरफ्तार कर छात्रा को मुक्त करा लिया।

राहुल से पूछताछ के बाद पुलिस ने अयोध्या के आरटीओ कार्यालय के निकट किराए के मकान में जिस्मफरोशी का धंधा कराने की आरोपी सीमा, उसके पति राम सहाय और सुभाष निवासी वेदीपुर को फुटहिया के पास से पकड़ा। इन दोनों के माध्यम से दो अन्य ट्रक चालकों कलवारी मुस्हकम निवासी पंकज और कठौतिया निवासी सुनील के बारे में पता चला। पुलिस ने इन दोनों को भी कुरहा पट्टी के पास मुठभेड़ में पकड़ लिया। दोनों के पैर में गोली लगी। वहीं एक गोली एसओ नगर विश्वमोहन राय की कलाई को छीलते हुई निकल गई। पंकज और सुनील के कब्जे से दो तमंचे, बिना नंबर की बाइक व कुछ रुपये बरामद किए गए हैं।

मालूम हो कि 26 अगस्त की रात करीब साढ़े आठ बजे एक विद्यालय की 14 वर्षीय छात्रा अचानक गायब हो गई। उसकी सहपाठियों से जानकारी मिलते ही वार्डेन ने पुलिस को जानकारी दी। सीसीटीवी में छात्रा खड़ौआ के पास तक देखी गई थी मगर उसके बाद से लापता हो गई। पूछताछ में पता चला कि खड़ौआ के पास पंकज ने उसे अपने ट्रक में बैठा लिया था, जिसके बाद वह सीमा तक पहुंची, जो छात्रा से देह व्यापार कराने लगी।

# दंपती पर हमला कर लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार

**पैकोलिया।** गोंडा के छपिया थानाक्षेत्र निवासी दंपती पर जानलेवा हमले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एसएचओ सुभाष मौर्य ने बताया कि कप्तानगंज थानाक्षेत्र के कटरा खुर्द गांव निवासी सुमित यादव उर्फ मिथिलेश को सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे कटरा खुर्द मोड़ से गिरफ्तार किया गया। 11 अगस्त को गोंडा जनपद के छपिया थाना क्षेत्र के सिसई रानीपुर निवासी अनामिका चौधरी अपने पति अखिलेश वर्मा के साथ बस्ती से लौट रही थी।

शाम करीब साढ़े सात बजे जिलेबीगंज बाजार और असनहरा गांव के बीच सुनसान जगह पर कुछ लोग पहुंचे और लूटपाट के इरादे से लोहे की रॉड से वार कर दिया। अनामिका चौधरी का सिर फट गया। चेन व पर्स छीनकर पिस्तौल लहराते बदमाश भाग गए थे। घायल महिला की तहरीर पर पुलिस ने सरनागी निवासी राकेश यादव, गौर थानाक्षेत्र के आमा टिनिच निवासी अमित यादव, संजय यादव, पैकोलिया के बावरपारा निवासी सम्राट शुक्ल और दो-तीन अज्ञात पर केस दर्ज कर उनकी तलाश कर रही थी। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–09–09–2025

# परसा शुकुरुल्लाह के एक मकान में चोरी

**उसका बाज़ार(एसएनबी)।** उसका थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसा शुकुरुल्लाह स्थित एक मकान में चोरों ने रविवार की रात शटर का ताला तोड़कर जेवर, कुछ नगदी, कपड़ा आदि गृह उपयोगी सामान से भरे बक्स को चुरा लिया। चोरों ने इतने शातिर ढंग से चोरी की घटना को अंजाम दिया कि घर में सो रहे लोगों को इसकी भनक नही लगी, घटना को अंजाम देकर चोर आसानी से फरार हो गए। पीड़ित चांद खान ने बताया कि रात में जब वह जगे तो घर का फाटक खुला देखा, शक के आधार पर कमरे में घुसे तो वहां से दो बक्स जिसमें जेवर, कपड़ा और कुछ नगद रुपए रखे थे गायब मिला। इसकी जानकारी रात में उन्होंने पुलिस को दी। चोरी की घटना के बारे में जानकारी जुटाकर पुलिस वापस लौट आई। सुबह लोग जब बाहर निकले तो गांव के पश्चिम बभनी लंगड़ी के तरफ जाने वाले रास्ते पर दो बक्स मिला जिसका कुंडा टूटा था और कुछ सामान भी बिखरा पड़ा था। इस संबंध में एसओ हरेष्ण उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित चांद खान ने अभी तक इस संबंध में कोई तहरीर नही दी है, फिलहाल पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है।

# खाद विक्रेता को कट्टा दिखा धमकाया

**सोहास बाजार।** उसकाबाजार थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहास सुमाली टोला खजुरिया निवासी राकेश कुमार यादव पुत्र अशर्फी सोहास मोहाना मार्ग पर खाद की दुकान करते हैं। आज 3बजे शाम को एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तीन लोग आकर यूरिया खाद मांग रहे थे। जिसमें एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर बैठा था शेष दो लोग दुकान के अंदर जाकर खाद न मिलने पर कट्टा दिखाकर दुकानदार को दहशत में डाल दिय।।जबतक दुकानदार कुछ समझ पाता तबतक उक्त तीनों लोग कट्टा लहराते हुए मोहाना के तरफ चले गए। उक्त घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा में है।उप निरीक्षक जगदीश पांडेय का कहना है कि इस सम्बंध में किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं मिली है।

# चाकू के साथ हत्यारोपित गिरफ्तार

**बानगंगा।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र ग्राम नकथर के टोला बंजारा डीह में ईद ए मिलादुन्नबी की रात सिद्धार्थ नगर थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत कोड़रा ग्रांट टोला इस्लामनगर निवासी सोनू उर्फ जहीर को चाकू से गोदकर उसकी निर्मम हत्या कर दी और फरार हो गया था।पुलिस टीम उसकी तलाश में लगी हुई थी कि सोमवार को निर्माणाधीन पुलिया नकथर के पास वह कहीं भागने की फिराक में था कि मुखबिर द्वारा सूचना मिलते ही उसे दर दबोचा और उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू को भी बरामद कर लिया गया।पुलिस ने मृतक सोनू के पिता इदरीश की तहरीर पर हत्या करने का मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया।मृतक सोनू ईद ए मिलादुन्नबी के चार दिन पहले ग्राम नकथर में अपने बहन के घर आया था।ईद ए मिलादुन्नबी के एक दिन पहले उसकी बहन का पड़ोसी फोटू से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था उसके बाद सोनू से भी विवाद कर लिया।विवाद बढ़ता देख आवेश में आकर फोटू ने रात में सोनू की चाकू से गोदकर हत्या कर दी और फरार हो गया था। शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि सोनू और फोटू में किसी बात को लेकर विवाद हो गया और आवेश में आकर फोटू ने उसकी चाकू से गोदकर हत्या कर दी।आरोपित मुर्गा काटकर बिक्री करता था। आरोपित को न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय के आदेश पर उसे हत्या करने के जुर्म में जेल भेज दिया गया।

# नेपाल में बवाल के बाद सीमा पर बढ़ी जवानों की चौकसी

- सोशल मीडिया बैन के विरोध में नेपाल में कई जगहों पर लगा है कर्फ्यू
- नेपाल के कृष्णानगर में शाम से नेपाल पुलिस व आर्मी हो गई है सतर्क

**बढ़नी, हिन्दुस्तान संवाद।** नेपाल सरकार की ओर से सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के विरोध में नेपाल के काठमांडू, पोखरा में हुए प्रदर्शन को देखते हुए नेपाल के कपिलवस्तु जिले के कृष्णानगर में सोमवार की शाम से नेपाल पुलिस व आर्मी सतर्क हो गई है। कृष्णानगर सहित अन्य जगहों पर कोई भी सभा, आंदोलन आदि पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया गया है। वहीं नेपाल सीमा पर एसएसबी व अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने भी चौकसी बढ़ा दी है।

वहीं आंदोलन की सुगबुगाहट को देखते हुए सीमा क्षेत्र कृष्णानगर आदि जगहों पर आर्मी को अलर्ट मोड पर कर दिया गया है। सीमा क्षेत्र में आंदोलन को दबाने के लिए कई नेपाल पुलिस लोगों को चिन्हित भी कर रही है। फिलहाल सीमा क्षेत्र में कर्फ्यू की घोषणा नहीं है, लेकिन आर्मी आदि की कड़ाई एवं सक्रियता देखते हुए कर्फ्यू जैसा माहौल बनने लगा है। हालांकि सोमवार की शाम तक बढ़नी से सटे नेपाल के कृष्णानगर कस्बे समेत अन्य जगहों पर आवाजाही हर दिन की तरह सामान्य रही पर देर शाम से नेपाल आर्मी की दस्तक से लोग सतर्क हो गए और आवाजाही थोड़ी कम हो गई।

# 240 टैबलेट नशीली दवा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

जासं ककरहवा: एसएसबी 43वीं वाहिनी और पुलिस चौकी ककरहवा की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान प्रतिबंधित नशीली दवा की 240 टैबलेट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में चालान कर जेल भेज दिया। रविवार की रात्रि ककरहवा चौकी प्रभारी वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में पुलिस व एसएसबी के जवान पिलर संख्या 544 के पास संयुक्त रूप से गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पगडंडी रास्ते से भारत से नेपाल की तरफ जाता हुआ दिखा। व्यक्ति को रुकने का इशारा करने पर वह नेपाल की तरफ भागने लगा। संयुक्त टीम ने



बरामद नशीली दवा के साथ एसएसबी व पुलिस की अभिरक्षा में अभियुक्त●

घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया।

जांच करने पर उसके पास से 240 टैबलेट प्रतिबंधित नशीली दवा बरामद हुई। अभियुक्त की पहचान नेपाल के लुम्बिनी थाना क्षेत्र के तेनुहवा गांव निवासी कुतुबुद्दीन जुलाहा के रूप में हुई है।

# बार्डर पर अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर





ककरहवा बॉर्डर पर अवैध रूप से बने मकान को गिराता जेसीबी व ककरहवा बॉर्डर पर अवैध अतिक्रमण को हटवाते सदर एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य व सीओ सदर विश्वजीत सोरयान●

- नोटिस के बाद भी अतिक्रमण ने नहीं हटाया था कब्जा
- निर्माणाधीन स्वागत द्वार के आस-पास हुई कार्रवाई

जागरण संवाददाता ककरहवा: नेपाल सीमा से सटे ककरहवा बॉर्डर पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर बनाये गये मकानों को जेसीबी द्वारा गिरा दिया गया है। कुल पांच मकानों पर कार्रवाई की गयी है। इसके लिए प्रशासन ने पहले ही नोटिस देकर डुग्गी मुनादी करा दी थी।

मोहाना थाना क्षेत्र के ककरहवा बार्डर पर सोमवार को प्रशासन का बुलडोजर गरजा। शासन द्वारा पर्यटकों के स्वागत के लिए स्वागत द्वार का निर्माण कार्य चल रहा है। स्वागत द्वार निर्माण में अतिक्रमण के दायरे में परमात्मा, तिलकराम, रमेश चंद, पशुपतिनाथ कसौधन, राजेश मिश्रा, दीपक, रूपचंद के मकान चिन्हित किये गए थे। इन मकानों के अवैध अतिक्रमण को पूर्व में ही प्रशासन ने चिन्हांकन कर खाली करने का आदेश दिया था। बावजूद इसके किसी ने भी अतिक्रमण नहीं हटाया। प्रशासन ने कुछ दिन पूर्व डुग्गी मुनादी कर सात सितंबर तक अवैध कब्जा बेदखली करने का निर्देश दिया था। सोमवार को पूरे दल बल के साथ पहुंचे एसडीएम सदर कल्याण सिंह मौर्य के नेतृत्व में अवैध निर्माण को जेसीबी द्वारा गिरा दिया गया।

इस दौरान सीओ सदर विश्वजीत सोरयान, नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक शीतल द्विवेदी, लेखपाल शिवशंकर यादव, रवि पांडेय, शशांक, सौरभ, आनंद, दुर्गेश, , एसएसबी निरीक्षक नीरज कुमार सिंह, मोहाना थानाध्यक्ष रोहित कुमार , ककरहवा चौकी प्रभारी वीरेंद्र यादव सहित कई थानों की पुलिस फोर्स व महिला सिपाही मौजूद रहीं।

## एक नजर में

### फायरिंग की आवाज से दहशत में रहे लोग

डुमरियागंज : अगया गांव में रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे फायरिंग की आवाज सुनकर लोग दहशत में आ गए। पहले ग्रामीणों ने इसे मज़ाक या पटाखा समझकर अनदेखा किया, लेकिन जब घरों में धुआं और बारूद की गंध भरने लगी तो अफरा-तफरी मच गई। मौके पर भीड़ जुट गई और लोग इधर-उधर खोजबीन करने लगे, पर कोई व्यक्ति नहीं मिला। अगया निवासी धर्मेंद्र पांडेय ने बताया कि आवाज उनके घर के पीछे से आई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### संदिग्ध व्यक्ति ग्रामीणों के हत्थे चढ़ा, पुलिस को सौंपा

डुमरियागंज : महतिनियां खुर्द गांव में सोमवार सुबह ग्रामीणों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वह गांव में सामान बेचते घूम रहा था और पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। ग्रामीणों ने प्रधान लालजी शुक्ल को सूचना दी, जिन्होंने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस बुला ली। मौके पर पहुंची पीआरवी की टीम युवक को थाने ले गई।

# सोनू हत्या कांड का मुख्य आरोपित फोटू बंजारा गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़: नकथर गांव के टोला बंजाराडीह में सोनू उर्फ जहीर मोहम्मद की चाकू से हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित फोटू बंजारा को गिरफ्तार कर लिया है। उसे नकथर गांव के पास निर्माणाधीन पुलिया से पकड़ा गया, जहां से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी ने बताया कि सोनू के पिता इदरीश ने रविवार को तहरीर दी थी कि उनका पुत्र मुंबई से 13 दिन पहले बहू के प्रसव के लिए आया था। प्रसव के बाद वह अपनी बहन के घर गया था। शुक्रवार को लगभग तीन बजे वह फोटू बंजारा के साथ गया था। देर रात लौटने पर किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके परिणामस्वरूप फोटू ने सोनू पर चाकू से कई वार किए। इदरीश की तहरीर के आधार पर फोटू बंजारा सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। सोमवार को



पुलिस के अभिरक्षा में हत्या आरोपित • सौ पुलिस टीम

- पुलिस ने आरोपित के पास से प्रयुक्त चाकू बरामद किया
- नशे में विवाद के कारण किया गया था हमला

सूचना मिली कि फोटू बंजारा निर्माणाधीन पुलिया के पास है और भागने की कोशिश कर रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में फोटू ने बताया कि नशे की हालत में विवाद के बाद उसने चाकू से हमला किया।

# मंदिर के रास्ते पर अतिक्रमण करने का आरोप

इटवा। क्षेत्र के ग्राम बुड्ढी खास के ग्राम प्रधान पंकज सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम इटवा को शिकायती पत्र देकर गांव के एक परिवार पर मंदिर के रास्ते में अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है।

सोमवार को दिए शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया कि गांव के एक परिवार ने घर में बाइक आदि ले जाने के लिए रास्ते में लंबा एप्रोच बना लिया है, जिसके चलते मंदिर तक चार पहिया वाहनों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। इस संबंध में एसडीएम इटवा कुणाल का कहना है कि जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# ककरहवा सीमा के पास हुए अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

संवाद न्यूज एजेंसी

**ककरहवा कस्बा में अतिक्रमण कर बने पांच मकानों पर हुई कार्रवाई**

ककरहवा। नेपाल सीमा से सटे ककरहवा बॉर्डर पर अतिक्रमण कर बनाए गए पांच मकानों को प्रशासन ने सोमवार को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। इसके लिए प्रशासन ने पहले ही नोटिस देकर डुग्गी मुनादी करा दी गई थी।

मोहाना थाना क्षेत्र के ककरहवा बॉर्डर के पास हुए अतिक्रमण पर सोमवार को जमकर प्रशासन का बुलडोजर गरजा। ककरहवा बॉर्डर पर शासन की ओर से पर्यटकों के स्वागत के लिए स्वागत द्वार का निर्माण कार्य चल रहा है।

इसके रास्ते में अतिक्रमण के दायरे में परमात्मा, तिलकराम, रमेश चंद, पशुपतिनाथ कसौधन, राजेश मिश्रा, दीपक, रूपचंद के मकान चिह्नित किए गए थे। इन मकानों के अवैध अतिक्रमण को पूर्व में ही प्रशासन ने चिह्नांकन कर अवैध कब्जे को खाली करने का आदेश दिया गया था।

इसके बाद अवैध अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी दिया गया था। बावजूद इसके किसी ने भी अपना अतिक्रमण नहीं हटाया। प्रशासन ने कुछ दिन पूर्व डुग्गी मुनादी कर सात सितंबर तक अवैध कब्जा बेदखली करने के निर्देश दिए थे।

सोमवार को पूरे दल बल के



नेपाल सीमा से सटे ककरहवा बॉर्डर पर अतिक्रमण को जेसीबी द्वारा गिराया गया। संवाद

साथ पहुंचे एसडीएम सदर कल्याण सिंह मौर्य के नेतृत्व में ककरहवा बॉर्डर पर बने अवैध निर्माण को जेसीबी के से गिरा दिया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक शीतल द्विवेदी, लेखपाल शिवशंकर यादव, सीओ सदर विश्वजीत सोरयान, एसएसबी निरीक्षक नीरज कुमार सिंह सहित कई थानों के पुलिस फोर्स व महिला सिपाही मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने संदिग्ध को पकड़कर पुलिस को सौंपा



तैय्यबपुर में चोरी की वारदात के बाद बिखरा सामान। संवाद

**भनवापुर।** त्रिलोकपुर क्षेत्र के महतिनिया खुर्द गांव में सोमवार को सुबह करीब नौ बजे ग्रामीणों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है।

यह संदिग्ध गांवों में बर्तन का व्यापार करता था। ग्रामीणों के पूछने पर संतोष जनक जवाब नहीं दे पाने पर 112 पर पीआरवी को फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे थाने ले गई।

त्रिलोकपुर क्षेत्र में इन दिनों चोरी की वारदात रुकने का नाम नहीं ले रही है। रविवार की रात क्षेत्र के कुसम्ही तैय्यबपुर गांव में एक घर को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों के जेवर उड़ा लिए। इसके बाद सोमवार को क्षेत्र के महतिनिया खुर्द गांव में सुबह करीब नौ बजे गांव में एक संदिग्ध व्यक्ति बर्तन बेचते ग्रामीणों को मिला। ग्रामीणों को संदेह होने पर उसका आधार कार्ड और नाम पता पूछा जिसपर वह सही जानकारी नहीं दे सका। मौके पर पहुंचे प्रधान लालजी शुक्ल ने इसकी सूचना 112 पर पीआरवी को फोन कर पुलिस को दी।

**त्रिलोकपुर क्षेत्र के महतिनिया खुर्द गांव का मामला**

मौके पर पहुंची पीआरवी टीम संदिग्ध व्यक्ति को थाने ले गई। इस संबंध प्रभारी थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर शिवाकांत राय ने बताया कि संदिग्ध को पकड़ कर थाने लाया गया है, उसके कुछ साथी डुमरियागंज में रहकर व्यापार करते हैं। उन्हें बुलाया गया है। पूछताछ जारी है।

# नशीली दवा के साथ युवक गिरफ्तार

**ककरहवा।** एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने पिलर संख्या 544 के पास चेकिंग के दौरान प्रतिबंधित नशीली दवा प्रॉक्सीको स्पास 240 टैबलेट के साथ कुतुबुद्दीन जुलाहा (26) को गिरफ्तार किया है।

रुपनदेही नेपाल के तेनुहवा निवासी रूप पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में चालान कर उसे जेल भेज दिया है। रविवार की रात एसएसबी 43वीं वाहिनी की सीमा चौकी ककरहवा और पुलिस के जवान गश्त पर थे। इसी दौरान एक व्यक्ति रात के अंधेरे में पगडंडी के रास्ते नेपाल की तरफ जाता हुआ नजर आया।

संयुक्त टीम के रोकने पर वह भागने लगा। टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। में हुआ है। अभियुक्त को एनडीपीएस एक्ट में चालान कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# संदिग्ध महिला को थाने ले जा रही पुलिस की गाड़ी पर हमला, 13 पर केस

## जोगिया थाना क्षेत्र के नादेपार का मामला, लाठी-डंडे से पुलिस की गाड़ी पर किया हमला

संवाद न्यूज एजेंसी

**जोगिया।** कोतवाली क्षेत्र के नादेपार चौराहे पर रविवार की रात करीब 11 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रही एक महिला को चोर समझ ग्रामीणों ने पकड़ लिया।

मौके पर पहुंची पुलिस उसे वाहन में बैठा थाने लाने लगी तो ग्रामीणों ने लाठी-डंडे से पुलिस की गाड़ी पर धावा बोल दिया। इससे पुलिस के वाहन का शीशा टूट गया। मामले में 13 लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्जकर पुलिस छानबीन में जुट गई है। वर्तमान में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के कारण गांवों में लोग जग रहे हैं। जोगिया थाना क्षेत्र के नादेपार चौराहे पर भी रतजगा कर रहे लोगों ने एक महिला को संदिग्ध अवस्था में घूमते देख शक होने पर पकड़ लिया।

चोर पकड़ने की सूचना पर लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। इसी बीच गांव के लोगों ने महिला से उसका नाम-पता पूछने का प्रयास शुरू कर दिया। इस दौरान वहां से जा रहे एक सिपाही ने बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों के तेवर देखकर उसने जोगिया पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे वाहन पर बिठाकर थाने ले जाने लगी। तभी कुछ लोगों ने महिला को रोकने का प्रयास किया। इस बीच लाठी-डंडे लेकर पहुंचे कुछ ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ी के पिछले हिस्से पर हमला कर दिया।

इससे पुलिस वाहन का पिछला शीशा टूट गया। पुलिस महिला को थाने लाई और पूछताछ कर उसकी पहचान कर अभिभावकों को सुपुर्द कर दिया। वहीं, पुलिस पर हमला करने के मामले में 13 लोगों पर केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष जोगिया मीरा चौहान ने बताया कि महिला का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। उसका मेडिकल कराया जा रहा है। कुछ ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ी का पीछे शीशा तोड़ दिया गया है। उन पर केस दर्ज किया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।



पूछताछ कर रहे ग्रामीण। स्रोत वीडियो का स्क्रीनशॉट




जोगिया पुलिस की गाड़ी का शीशा तोड़ा गया। स्रोत वीडियो का स्क्रीनशॉट

### महिला की हुई पहचान, अभिभावक को सौंपा

पुलिस के अनुसार महिला की पहचान रीता पुत्री स्व. उदयभान यादव निवासी कोडरी थाना बांसी के रूप में हुई है। रीता अपने मामा रामनाथ पुत्र सीताराम डडियां थाना जोगिया में रहती थी। उस का मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। जोगिया पुलिस ने महिला को मामा को सौंप दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के आसपास इलाके में चोरों का शोर मचा हुआ है। जिससे संदिग्ध स्थिति में महिला को देख उसे ग्रामीणों ने पकड़ लिया गया।

### संदिग्ध हाल में घूम रही थी महिला, ग्रामीणों ने पकड़ा

### इन लोगों पर दर्ज हुआ केस

पुलिस पर हमला के मामले में जोगिया थाना क्षेत्र के नादेपार गांव निवासी शिवकुमार, शनि, वकील, उनिल, सुनील, राजू, चंद्रशेखर, शनिकुमार, सुग्रम, सिंटू व जोगिया थाने के भिटिया गांव निवासी मिथुन उर्फ गोलू पर केस दर्ज हुआ है। साथ ही मामले जोगिया में किराये के मकान में रहकर चाट-फुल्की की दुकान लगाने वाले मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के झांसी आधारताल निवासी अखिलेश और करन सिंह पर भी पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन में शुरू कर दी है।

## शटर का ताला तोड़ जेवरात सहित अन्य सामान उठा ले गए चोर

**उसका बाजार।** उसका थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसा शुकुरुल्लाह स्थित एक मकान में चोरों ने रविवार की रात शटर का ताला तोड़कर जेवर, नकदी, कपड़े सहित जरूरी सामान बॉक्स को चुरा लिया।

घर में सो रहे लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। वारदात को अंजाम देकर चोर आसानी से चंपत हो गए।

पीड़ित चांद खान ने बताया कि रात में जब वह जगे तो घर का फाटक खुला देखा। शक होने पर कमरे में घुसे तो वहां से दो बॉक्स, जिसमें जेवर, कपड़े और कुछ नकद रुपये रखे थे, वह वहां नहीं था। इसकी जानकारी रात में उन्होंने पुलिस को दी। वारदात की जानकारी जुटाकर पुलिस वापस लौट गई।

### उसका के परसा शुकुरुल्लाह में हुई वारदात

सुबह लोग जब बाहर निकले तो गांव के पश्चिम बभनी लंगड़ी के तरफ जाने वाले रास्ते पर दो बॉक्स मिला, जिसका कुंडा टूटा था और कुछ सामान भी बिखरा पड़ा था।

इस संबंध में एसओ हरेकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित चांद खान ने अभी तक इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी है, फिलहाल पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है। संवाद

# सोनू हत्याकांड : आरोपी फोटू को किया गिरफ्तार

## हत्या में कुछ और लोगों के भी शामिल होने का संदेह, पुलिस कर रही जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** थाना क्षेत्र के नकथर गांव के टोला बंजाराडीह में बहन के घर गए सोनू उर्फ जहीर मोहम्मद की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी फोटू बंजारा को गिरफ्तार कर लिया।



**जहीर।** (फाइल फोटो)

नकथर गांव पास निर्माणाधीन पुलिया से सोमवार को उसे गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चाकू बरामद कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष संतोष तिवारी ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के कोडरा गांव के टोला इस्लामनगर बंजारा डीह निवासी सोनू उर्फ जहीर मोहम्मद के पिता इदरीश ने रविवार को तहरीर देकर बताया कि बहू की डिलीवरी की वजह से उसका पुत्र मुंबई से 13 दिन पहले गांव आया था।

डिलीवरी होने के बाद वह अपनी बहन के घर गया था। शुक्रवार को लगभग तीन बजे दूर के रिश्तेदार फोटू बंजारा के साथ कहीं चला गया था। देर रात दोनों घर लौटे उसे बाद किसी बात को लेकर कहासुनी और उसके बाद विवाद हो गया।

पिता ने आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी कि फोटू ने उसके पुत्र के सीने और सिर सहित अन्य जगहों पर ताबड़तोड़ चाकू से मार कर हत्या कर दी है। इस हत्या और लोग के शामिल होने का भी आरोप है। तहरीर के आधार फोटू बंजारा सहित कई अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश पुलिस टीम कर रही थी। सोमवार सूचना मिली कि



शोहरतगढ़ क्षेत्र में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

7 सितंबर को प्रकाशित खबर।


मुख्य आरोपी फोटू बंजारा गांव के निर्माणाधीन पुलिया के पास है और भागने के फिराक में है। मौके पर टीम के साथ पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया गया।

उसके कब्जे एक चाकू भी बरामद किया। उसके बाद थाने लाकर हत्या के पीछे क्या कारण है, इसकी पूछताछ में आरोपी ने नशे की हालत में विवाद की बात कबूल की है।

उसके बाद गुस्से में घर में रखे चाकू से कई वार कर दिए थे, जिसमें उसकी मौत हो गई। उसे जेल भेज दिया गया।

# बिथरिया राप्ती पुल मार्ग पर फंसा ट्रक जाम की स्थिति

**भवानीगंज (एसएनबी)।** डुमरियागंज चन्द्रीपघाट मार्ग के बिथरिया से राप्ती पुल तक कि सड़क की स्थिति दयनीय हो चुकी है।आपको बताते चलें कि शाहपुर नदी पर बने पुल पर भारी वाहनों के प्रवेश वर्जित होने के कारण सभी भारी वाहन बिथरिया से होकर ही जा रहे हैं जिसके कारण सड़क बुरी तरह टूट चुकी है। उक्त मार्ग पर सोमवार की सुबह एक बालू लदा ट्रक फंस गया जिससे वहां जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, जाम में कई स्कूली गाड़ियां और चारधाम यात्रा पर जा रही बसें फंस गई, किसी तरह गाड़ियों के आने जाने के लिये लोगों द्वारा रास्ता बनाया गया। आपको बताते चलें कि डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून उक्त मार्ग के निर्माण कार्य को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। उन्हें अभी हाल ही में बीते 13 अगस्त को प्रमुख सचिव को उक्त सड़क के निर्माण कार्य को लेकर पत्र लिखा है। सड़क के निर्माण कार्य पर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि वह ग्रामीण सड़क है लेकिन इन दिनों उक्त मार्ग से उसपर भारी वाहन आ जा रहे हैं जिससे सड़क और धंसती चली जा रही है कई बार इसपर रोड़े भी विभाग द्वारा डलवाया गया है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि हम लोगों के द्वारा उक्त सड़क के निर्माण का प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया है। ऐसे में उक्त सड़क का निर्माण कार्य न होने से लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइया हो रही हैं।



# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–09–09–2025

# छात्रसंघ चुनाव कराने को डीएम व प्राचार्य को छात्रों ने दिया ज्ञापन

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। छात्र संघ चुनाव कराये जाने की मांग को लेकर सोमवार को छात्र नेताओं ने हीरालाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद के प्राचार्य प्रो. ब्रजेश त्रिपाठी तथा कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी आलोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की है।


युवा छात्र नेता रितेश पाण्डेय, विशाल अहग्ररि, अमन चौरसिया, अमित कुमार यादव, सुधांशु चौरसिया, विशाल अग्रहरि, सुन्दरम पाण्डेय, राहुल पाण्डेय, अमन मिश्रा, प्रियांशु पाल, शुभम् पाण्डेय, योगेश्वर यादव, छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव सहित अन्य छात्र नेताओं ने कहा कि छात्रों ने सदैव भारत की दिशा और दशा तय की है। छात्र राजनीति से निकले हमारे देश के कई राजनेताओं का सर्वोच्च पदों पर योगदान रहा है। छात्र संघ चुनाव बंद कराये जाने से तमाम छात्र नेताओं और छात्र का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। इसलिए छात्र संघ चुनाव कराया जाय। छात्र नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि विगत वर्षों से छात्र संघ चुनाव बंद होने से हीरालाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद की स्थिति बहुत खराब हो गई है। छात्र नेताओं ने बताया कि सबसे पहले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ब्रजेश त्रिपाठी से वार्ता की गई लेकिन उन्होंने जिला व पुलिस प्रशासन के बिना सहयोग के लिए चुनाव कराये जाने में अपनी असमर्थता व्यक्त की। इसके बाद सभी छात्र नेता प्राचार्य को ज्ञापन देने के बाद कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। यहां पर कलेक्ट्रेट सभागार से बैठक करके बाहर निकलकर अपने कक्ष में आ रहे जिलाधिकारी आलोक कुमार का घेराव कर लिया। छात्र नेताओं ने प्राचार्य व उनके बीच हुई वार्ता को डीएम के समक्ष रखा। छात्रों ने कहा कि छात्र संघ चुनाव कराये जाने को लेकर हमारा आन्दोलन अभी शुरू हुआ और यह तब तक जारी रहेगा जब तक कि इस पर कोई निर्णय नहीं आ जाता है। छात्रों ने कहा कि एक से दो दिन में रणनीति तैयार करके महाविद्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।



डीएम का घेराव कर वार्ता करते छात्र नेता।

# प्रेम विवाह कर पत्नी की हत्या करने वाला गिरफ्तार

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के उमरिया बाजार एक युवक द्वारा झारखंड प्रान्त की एक 19 वर्षीय युवती के साथ प्रेम विवाह करने के बाद बीते 5 सितम्बर को अपने घर उमरिया बाजार में अवैध संबंध के शक में मारपीट कर पत्नी की हत्या करने के आरोप में धनघटा पुलिस ने थाने के उपनिरीक्षक की तहरीर पर मृतका के पति के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया। उमरिया बाजार निवासी 22 वर्षीय भोलेनाथ पुत्र चन्द्रबली तमिलनाडु में प्राइवेट नौकरी करता था। वहीं पर झारखंड प्रान्त के चेवासा जिले के हार्ड डुमरिया थानान्तर्गत किन्पोसी गांव निवासी 19 वर्षीय मनीषा पुत्री रोया सिंकू भी प्राइवेटं नौकरी करती थी। भोलेनाथ और मनीषा के बीच प्रेम संबंध हो गया और दोनों ने शादी कर ली। मनीषा शादी करने के बाद भी अन्य युवकों से बातचीत करती थी जिससे तंग होकर भोलेनाथ मनीषा को लेकर बीते 29 अगस्त 2025 को तमिलनाडु से अपने गांव उमरिया बाजार चला आया। उमरिया बाजार आने के बाद भी मनीषा अन्य युवकों से फोन पर बात करने लगी तो भोलेनाथ को यह बाते काफी नागवार गुजर रही थी। बीते 5 सितम्बर को सायंकाल व अन्य युवक से मोबाइल पर बात कर रही थी तो भोलेनाथ द्वारा उसे समझाया-बुझाया गया लेकिन वह नहीं मानी और कही कि वह अन्य प्रेमी युवकों से बात करेगी जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान कमरे में रखा लकडी मजबूत डंडा उठाकर भोलेनाथ ने मनीषा के सिर पर दो से तीन बार वार कर दिया जिससे मनीषा के सिर में गंभीर चोट लग गई और वह मौके पर ही बेहोश हो गई। उसके बाद भोलेनाथ ने परिजनों के साथ मिलकर बेहोशी की हालत में मनीषा को इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार पहुंचाया जहां डाक्टरों ने मनीषा को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया था। पीएम रिपोर्ट में जहां सिर में गंभीर चोट लगने से मनीषा की मृत्यु होने की पुष्टि हो गई तो वहीं पीएम के बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच थाने के उपनिरीक्षक जयप्रकाश कुशवाहा को सौपी थी। पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद उपनिरीक्षक जयप्रकाश कुशवाहा की तहरीर पर पुलिस ने मृतका मनीषा के कथित प्रेमी उमरिया बाजार निवासी भोलेनाथ पुत्र चन्द्रबली के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 के तहत सोमवार को मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमा दर्ज करने के बाद प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयप्रकाश दूबे एवं अपराध निरीक्षक धनघटा रामेश्वर यादव ने हमराही पुलिसकर्मी रजनीश यादव और मुन्नेलाल गुप्ता के साथ धनघटा-बिड़हरघाट मार्ग पर बिड़हरघाट से 100 मीटर पूर्व दोपहर करीब 12 बजे आरोपी भोलेनाथ को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया।



# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बखिरा (एसएनबी)।** खलीलाबाद-मेंहदावल मार्ग पर स्थित बालूशासन पुल के पास देर शाम में सड़क हादसे में बाइक सवार युवक अज्ञात वाहन से टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों व पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर मौजूद डक्टरों ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। कमाऊ बेटे की मौत से परिवार सदमे है । बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम जोगीडीहा निवासी 18 वर्षीय अंशुमान पुत्र राम नेरश के परिजनों ने बताया कि देर शाम अंशुमान खलीलाबाद सामान खरीदने गये थे। वापस लौंटते समय देर शाम बालूशासन पुल के पास एक अज्ञात वाहन से टक्कर हो गयी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों व पुलिस के मदद से एम्बुलेंस से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद डाक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां व पिता का रो रो कर बुरा हाल हो है। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। वह बंगलुरू में रह कर कमाता था। कमाऊ बेटे की मौत से पूरा परिवार सदमे है और इस घटना से पूरा क्षेत्र गमगीन है।

# इंस्टाग्राम पर आत्महत्या करने की पोस्ट डालने पर पहुंची पुलिस ने बचाई युवक की जान

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवक द्वारा सोशलमीडिया (इंस्टग्राम) पर आत्महत्या करने की पोस्ट डालने के बाद अलर्ट प्राप्त होने के बाद पुलिस मुख्यालय लखनऊ और सोशलमीडिया सेल संतकबीरनगर से प्राप्त सूचना को संज्ञान लेते हुए सोमवार को प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयप्रकाश दूबे पौली पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक नन्दू एवं हमराही पुलिसकर्मी सोनू पटेल और सलमान अंसारी के साथ युवक के घर पहुंच गए और युवक की जान बचाने के साथ प्रभारी निरीक्षक द्वारा उसकी काउन्सलिंग की गई और युवक को परिजनों के हवाले शुपुर्द करते हुए परिजनों को जरूरी हिदायत भी दी गई। विदित हो कि धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय अंकित कुमार मद्धेशिया पुत्र जगन्नाथ मद्धेशिया द्वारा सोमवार को सोशलमीडिया (इंस्टाग्राम) पर आत्महत्या करने के संबंध में पोस्ट अपलोड की गई थी जिसे संज्ञान में लेते हुए प्रभारी निरीक्षक धनघटा और पौली पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक हमराही पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर अविलंब पहुंच गए और युवक की जान बचा ली । युवक द्वारा पुलिस के समक्ष दुबारा ऐसी हरकत न करने की मौखिक बयान भी दिया गया।

# अस्पतालकर्मियों ने पत्रकारों से की मारपीट, दो नामजद, एक गिरफ्तार

**धनघटा (एसएनबी)।** प्रसव के बाद नवजात शिशु के मौत की सूचना के बाद पूर्वांचल न्यू आर्या हास्पिटल उमरिया बाजार का सीएचसी हैंसर बाजार के अधीक्षक डा.जितेन्द्र कुमार चौधरी द्वारा हास्पिटल का औचक निरीक्षण किए जाने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर कबरेज कर रहे पत्रकारों से अस्पतालकर्मी भिड़ गए और पत्रकारों से गाली-गलौज और फर्जी छेड़खानी और एससी-एसटी के मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं अस्पतालकर्मियों ने मारामारी करने के साथ ही एक पत्रकार की मोबाइल भी पटक कर तोड़ दिया। घटना को लेकर पीड़ित पत्रकार की तहरीर पर पुलिस ने दो अस्पतालकर्मियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर एक अस्पतालकर्मी को गिरफ्तार भी कर लिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में धनघटा थाना क्षेत्र के घोरांग गांव निवासी पत्रकार प्रमोद कुमार गोस्वामी पुत्र रामआसरे गोस्वामी ने बताया कि उक्त अस्पताल के औचक निरीक्षण की सूचना पर पत्रकार साथी बलवन्त पांडेय,अकील अहमद,गंगेश्वर यादव, अमित मिश्रा, असलम खान आदि के साथ मौके पर पहुंचकर कबरेज करने लगा। उसी समय अस्पताल में कार्यरत कर्मी विशाल पुत्र अज्ञात एवं महिमा पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी ग्राम चपरापूर्वी थाना धनघटा द्वारा कबरेज करने से मना करते हुए भद्दी-भद्दी गालियां एवं खुद को दलित बताते हुए एससी-एसटी और छेड़खानी के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाने लगी। कबरेज बन्द न करने पर उक्त अस्पतालकर्मी विशाल द्वारा सभी पत्रकारों को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए मोबाइल पकड़ लिया गया और हाथापाई शुरू कर दी गई। विशाल ने उसका हाथ ऐंठ दिया और पत्रकार बलवन्त कुमार पांडेय की कालर पकड़ कर जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया। इस दौरान मोबाइल पकड़ कर पटक दिया जिससे उसकी मोबाइल भी क्षतिग्रस्त हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अस्पतालकर्मी विशाल और महिमा के विरूद्ध बीएनएस की धारा 115 (2), 324 (2), 351 (3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर विशाल को गिरफ्तार कर लिया है और उसकी चालान एसडीएम न्यायालय भेज दिया है जहां उसकी जमानत अर्जी खारिज करते हुए एसडीएम ने उसे जेल भेज दिया।

# चोरी की घटनाओं से दहशत, रात में पहरा दे रहे ग्रामीण

लगातार चार दिनों से रोज रात में धनघटा थाना क्षेत्र में अलग-अलग गांवों में सामने आ रही चोरी की घटनाएं

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बनता जा रहा है। ग्रामीण रतजगा कर अपने घरों की सुरक्षा कर रहे हैं। अब हालत यह है कि चोरी की घटनाओं को रोकने में पुलिस की विफलता के चलते ग्रामीण चोरों से गांव की सुरक्षा करने का जिम्मा अपने कंधों पर लेना शुरू कर दिया है।

धनघटा थाना क्षेत्र में पूर्व में थाना क्षेत्र के परशहर पश्चिमी गांव निवासी गांव निवासी कमलेश उपाध्याय उर्फ टिल्लू बाबा के घर में बीते 3 अप्रैल को पहली चोरी की घटना सामने आई उसके बाद से क्षेत्र में चोरी होने की घटनाओं के रुकने का सिलसिला लगातार जारी है। उसके बाद बीते 24 जून को चोरों ने सिसवी गांव में तीन घरों को अपना निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दे दिया जिसका मुकदमा दर्ज कर पुलिस द्वारा खुलासा करते हुए आधा दर्जन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया लेकिन उसके बाद भी चोरी की घटना नहीं रुक पा रही है। उसके बाद 21 जुलाई को थाना क्षेत्र के डेबरी गांव निवासी गोपाल कृष्ण उपाध्याय, 31 जुलाई को थाना क्षेत्र के 31 जुलाई की रात थाना क्षेत्र के डुहिया बरगाह गांव निवासी रामदरश,रामराज और सुराती देवी के घरों को चोरों ने निशाना बनाया और तीनों के घरों में घुसकर लाखों नकदी समेत कीमती जेवरात उड़ा दिया उसके बाद 19 अगस्त को थाना क्षेत्र के औंटवा गांव निवासी रणविजय पुत्र रामसमुझ और संदीप उर्फ बृजकुमार पुत्र टिकोरी के घर को निशाना बना दिया। उसके बाद 25 अगस्त की रात पुलिस ने थाना क्षेत्र के मड़पौना गांव में उमाशंकर दूबे पुत्र कृष्णचन्द्र दूबे, अवधेश दूबे और विधवा बिन्दू देवी के घर में घुसकर चोरी की घटना को



अंजाम दे दिया इतने के बावजूद चोरी का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। 30 अगस्त को रात रामपुर-बारहकोनी गांव में कमलेश पुत्र हीरालाल के घर में घुसकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। उक्त सभी घटनाओं में शामिल चोरों को गिरफ्तार कर घटनाओं का खुलासा करने में पुलिस जुटी ही रही कि चोरों ने थाना क्षेत्र के जिगिना गांव के बैरहा टोला निवासी सुनीता पत्नी रामचन्दर के घर में 5 सितम्बर की रात को चोरी की घटना को अंजाम दिया तो वहीं 6 सितम्बर को थाना क्षेत्र के शिवापार और 7 सितम्बर की रात कोचरी गांव में एक-एक घरों में चोरी की घटना को अंजाम देकर दहशत फैला दिया। ग्रामीणों का कहना है कि ताबड़तोड़ हो रही चोरी की घटनाओं का प्रयास करने के बावजूद पुलिस खुलासा नहीं कर पा रही है अब उन्हें खुद मजबूर होकर गांव में पहरा देकर चोरों से गांव की रखवाली करना पड़ेगा।

## घर में घुसे अज्ञात चोरों ने उड़ाया नकदी समेत कीमती जेवरात

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के कोचरी गांव में रविवार की रात एक घर में घुसे अज्ञात चोरों ने 2000 नकदी समेत सोने-चांदी के कीमती जेवरात उड़ा दिया। गृहस्वामी सपन चौधरी पुत्र रामलखन चौधरी ने पुलिस को लिखित सूचना देकर घटना को लेकर कोई कानूनी कार्रवाई न करने की इच्छा जताई है। सपन चौधरी का पूरा परिवार भोजन करने के बाद रविवार की रात घर में सो रहा था उसी दौरान घर में घुसे अज्ञात चोरों ने घर के एक कमरे में खुले बाक्स में रखा सोने-चांदी के आधा दर्जन आभूषण और 2000 रुपए नकदी लेकर फरार हो गए और घर पर बेखबर नींद में सो रहे आधा दर्जन परिवार के सदस्यों को चोरी की घटना की भनक तक नहीं लग सकी। सुबह



होने पर परिवार के लोग चोरी की घटना के बारे में जान सके तो पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयप्रकाश दूबे पुलिस बल के साथ खुद मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद गृहस्वामी सपन चौधरी द्वारा पुलिस को कोई कार्रवाई न करने की लिखित मांग के बाद पुलिस द्वारा घटना को लेकर कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

# कोर्ट के स्थगन आदेश के अनुपालन में एसडीएम के निर्देश पर अवैध निर्माण ढहाया

**धनघटा।** महुली थाना क्षेत्र के कालीजगदीशपुर में कोर्ट के स्थगन आदेश के बाद कराए गए निर्माण कार्य को एसडीएम के लिखित आदेश के बाद महुली थाने के कालीजगदीशपुर पुलिस चौकी के चौकी प्रभारी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को बुलडोजर चलवा कर ध्वस्त करवा दिया। विरोध की आशंका पर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू होने से पूर्व पुलिस ने गांव के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि समेत तीन लोगों को हिरासत में भी ले लिया था। ध्वस्तीकरण की इस कार्रवाई से कुछ ग्रामीणों में जहां आक्रोश व्याप्त है तो वहीं गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। मुकदमे में न्यायालय का स्थगन आदेश भी पारित है। भूस्वामी मनीष का आरोप है कि उसकी भूमि के एक हिस्से पर विपक्षी द्वारा मकान बनवाया गया है और न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद अपने हिस्से की जमीन पर दीवार खड़ी कर उक्त मनीष द्वारा टीनशेड रख दिया गया था जिसके संबंध में विपक्षी ने जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देकर स्थगन आदेश के बाद कराए गए निर्माण को ध्वस्त कराने की मांग की थी जिसे संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने एसडीएम को लिखित आदेश पारित किया था जिसको लेकर एसडीएम धनघटा डा.सुनील कुमार ने बाकायदा पत्र लिखकर अवैध निर्माण को ढहवाने का आदेश थानाध्यक्ष महुली को लिखित तौर पर दिया था।

# घर में घुसे चोरों ने उड़ाए दो हजार नकदी समेत गहने

**धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद।** धनघटा थाना क्षेत्र के कोचरी गांव में रविवार की रात एक घर में घुसे चोरों ने 2000 नकदी समेत सोने-चांदी के कीमती जेवरात उड़ा दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानवीन शुरू कर दी है। गृहस्वामी कोचरी गांव निवासी सपन चौधरी पुत्र रामलखन चौधरी ने पुलिस को लिखित सूचना देकर घटना को लेकर कोई कानूनी कार्रवाई न करने की इच्छा जताई है।

सपन चौधरी का पूरा परिवार भोजन करने के वाद रविवार की रात घर में सो रहा था उसी दौरान घर में घुसे चोर घर के एक कमरे में खुले बाक्स में रखा सोने-चांदी के आधा दर्जन आभूषण और 2000 रूपए नकदी लेकर फरार हो गए। घर पर बेखबर नींद में सो रहे आधा दर्जन परिवार के सदस्यों को चोरी की घटना की भनक तक नहीं लग सकी। सुबह होने पर परिवार के लोग चोरी की घटना के बारे में जान सके तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयप्रकाश दूबे पुलिस बल के साथ खुद मौके पर पहुंच गए। घटना की गहनता से छानबीन की।

# बच्ची से छेड़खानी, बचाव में पहुंची मां को पीटा, केस

संतकबीरनगर। बखिरा क्षेत्र के एक गांव में घर में घुस कर आरोपी युवक ने मासूम बच्ची से जोरजबरदस्ती करने की कोशिश की। शोर पर बचाव में पहुंची मां और बेटी को मारापीटा। बाद में घर वालों को बुला कर टीनशेड तोड़ दिया और पीड़ित परिवार को धमकी दी। पुलिस ने आरोपी युवक और उसके पिता समेत पांच पर केस दर्ज किया।

पीड़िता दादा का आरोप है कि उसके गांव का आरोपी युवक चार अगस्त की शाम साढ़े पांच बजे धारदार चाकू लेकर उसके घर में घुस गया। उसकी 7 साल की पोती से आरोपी युवक जोर जबरदस्ती करने की कोशिश किया, लेकिन नातिन के चिल्लाने पर उसकी मां दौड़ कर पहुंची और अपनी बेटी को छुड़ाने लगी। तभी आरोपी ने मां-बेटी पर हमला किया। जिससे मां के हाथ और बेटी के सिर पर चोटे आई। शोर शराबा सुनकर वहां आए लोगों को देखकर आरोपी युवक चाकू लहराते हुए घर से बाहर आया।

# आत्महत्या की पोस्ट डालने वाले के घर पहुंची पुलिस

## बचाई जान

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** थाना धनघटा पुलिस ने एक युवक द्वारा आत्महत्या सम्बन्धी पोस्ट फोटो इंस्टाग्राम पर अपलोड करने की सूचना पर उसके घर पहुंच जान बचाई।

प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा जय प्रकाश दुबे ने बताया कि मेटा कम्पनी से अलर्ट प्राप्त होने पर पुलिस मुख्यालय लखनऊ व सोशल मीडिया सेल संतकबीरनगर से आत्महत्या के सम्बन्ध में थाना धनघटा को फोटो, मोबाइल नंबर व युवक का लोकेशन उपलब्ध कराया गया था। सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही करते हुए चौकी प्रभारी पौली थाना धनघटा उप निरीक्षक नन्दू, हेड कांसटेबल सोनू पटेल, कांस्टेबल सलमान अंसारी के साथ इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने वाले युवक के घर अविलम्ब पहुंचे। उसकी जान बचाई गई।

प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा जय प्रकाश दुबे ने उसकी काउंसलिंग की। युवक को उसके परिजनों को सुपुर्द करते हुए फिर ऐसा न करने की हिदायत दी गई। युवक द्वारा दोबारा ऐसी हरकत न करने के सम्बन्ध में मौखिक बयान दिया गया। परिजनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्यवाही की प्रशंसा कर आभार जताया गया।

# मार्ग दुर्घटना में महिला घायल

**बखिरा।** जसवल भरवलिया की रहने वाली एक महिला को चार पहिया वाहन की ठोकर लगने से घायल हो गई। उसका इलाज प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। घटना के समय घायल मन्यावती देवी पत्नी प्रमोद किसी कार्य से सड़क पर आई थीं। इसी दौरान सहजनवां से बखिरा की तरफ आ रहे एक चार पहिया वाहन ने ठोकर मार दिया।

# कमाऊ बेटे की मौत से सदमे में है परिवार

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के बालूशासन पुल के पास देर शाम में बाइक सवार की एक अज्ञात वाहन से टक्कर से हुई कमाऊ बेटे की मौत से परिवार सदमे में है। गंभीर रूप से घायल युवक को राहगीरों व पुलिस ने घायलावस्था में युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया गया । इस घटना से परिजनों में रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

बखिरा थाना क्षेत्र के जोगीडीहा गांव निवासी अंशुमान ( 18 ) पुत्र राम नरेश के परिजनों ने बताया कि देर शाम वह खलीलाबाद सामान खरीदने गया था। वापस लौटते समय बालूशासन पुल के पास एक अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। इससे अंशुमान गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों व पुलिस की मदद से एंम्बुलेस से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



अंशुमान (फाइल फोटो)।

# किशोरी को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने किशोरी को बहला -फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित आरोपी को सोमवार को अमरडोभा चौराहा के पास से गिरफ्तार किया। एसओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी को भगाने के मामले में पीड़ित मां ने आरोपी के खिलाफ 6 सितंबर को केस दर्ज कराया था। सूचना के आधार पर एसआई राजकुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल मनोज यादव ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

# मनबढ़ों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

मेंहदावल। मेंहदावल थाना क्षेत्र के सोमहिया बाजार में एक युवक को मारपीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना उस समय हुई जब युवक बाजार में तेल पेराने गया था। पीड़ित की मां के तहरीर पर पुलिस ने चार पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में धौरापार गांव निवासी लक्ष्मी पत्नी केशवर ने लिखा है कि सोमवार सुबह करीब नौ बजे उनका बेटा कृष्णा सोमहिया बाजार में तेल की पेराई करवाने गया था।

# वाहन की ठोकर से साइकिल सवार छात्रा घायल

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद के गौरापार मोड़ के पास सोमवार की शाम को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार छात्रा घायल हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल एबुलेंस बुलाकर घायल छात्रा को सीएचसी खलीलाबाद भेजवाया। कोतवाल ने बताया कि शाम को ममता पुत्री राजेश प्रसाद निवासी दशहरा स्कूल से साइकिल से अपने घर जा रही थी। छात्रा अभी गौरापार मोड़ के पास पहुंची ही थी कि उसी दौरान अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर लग जाने के कारण छात्रा चोटिल हो गई।

# किशोरी को अगवा कर ले गया युवक, केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र की रहने वाली किशोरी को बेलहर क्षेत्र का युवक बहला-फुसला कर भगा ले गया। खलीलाबाद शहर के रहने वाले पीड़ित पिता का आरोप है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को 04 सितंबर 2025 को बेलहर क्षेत्र का रहने वालर कमलेश यादव उसकी बेटी को बहला -फुसला कर कहीं भगा ले गया। जानकारी होने पर काफी खोजबीन किया,लेकिन पता नहीं चला। कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी कमलेश यादव के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

# डॉक्टर मिले न ही अन्य स्टाफ, अस्पताल हुआ सील

**जांच**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। धनघटा थाना क्षेत्र के चपरापूर्वी नेतवापुर स्थित पूर्वांचल एआर हास्पिटल में लापरवाही के कारण नवजात की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले की जानकारी होने से प्रसूता के पति के शिकायती पत्र पर हास्पिटल को सील कर दिया गया। साथ ही मामले की जांच के लिए त्रिस्तरीय समिति गठित कर दी गई।

पुलिस को दिए गए तहरीर में सोनाड़ी गांव के पंकज कुमार ने लिखा है कि उनकी पत्नी पूजा को बीते 5 ता. को प्रसव पीड़ा होने पर उक्त हास्पिटल में भर्ती किया गया। जहां पर उनका आपरेशन कर प्रसव कराया गया। प्रसव के दौरान उन्हें लड़का पैदा हुआ।



तहसीलदार राम जी की अगुआई में अस्पताल को सील करने की कार्रवाई करने पहुंची टीम।

आपरेशन के बाद दोनों ठीक रहे। अस्पताल के एक डाक्टर ने बच्चे की जांच के लिए बाहर दूसरे दिन बाहर से एक व्यक्ति को बुलाकर खून निकलवाया। जांच करने के नाम पर उनसे चार हजार नौ सौ रूपये लिए गए। कुछ देर बाद अस्पताल पर नवजात को एक इंजेक्शन लगाया गया। उसके बाद से ही उनकी हालत बिगड़ने लगी। हालत ठीक न होने पर मैंने अस्पताल पर मौजूद कर्मियों से कहा कि हमें दूसरे अस्पताल पर भेज दीजिए। बच्चे की हालत ठीक नहीं है। जिस पर उन लोगों ने कहा कि गोरखपुर बच्चे को ले जाइए। बोलेरो से बच्चे को उन लोगों के द्वारा बताए गए अस्पताल पर ले जाने लगा। लेकिन नाथनगर पहुंचते ही बच्चे की मौत हो गई।

> मामले की जानकारी एमओआईसी ने दी है। जांच के लिए कमेटी गठित की गई है। आए दिन उक्त अस्पताल पर लापरवाही बरतने की शिकायत आती रहती है। कड़ी कार्रवाई होगी।
>
> **डा. रामानुज कन्नौजिया,**
> सीएमओ

इस मामले की जानकारी होने पर सीएचसी हैंसर के प्रभारी चिकित्साधिकरी डा. जितेंद्र चौधरी ने अस्पताल पर मामले की जांच करने पहुंचे। जहां पर महिला ने डाक्टर से कहा कि साहब हमें बचा लीजिए ये लोग हमे मार डालेंगे। जांच के दौरान अस्पताल पर न तो चिकित्सक मिले न ही अन्य की कोई प्रशिक्षित कर्मी।

# बार चुनाव का बिगुल बजा, नामांकन आज

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। जनपद बार एवं सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव का बिगुल सोमवार को बज गया। दोनों बार एसोसिएशन का नामांकन 9 सितम्बर मंगलवार को शुरू होगा। जनपद बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए 17 सितम्बर को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है। जबकि सिविल बार का मतदान दूसरे दिन 18 सितम्बर को होगा। मतदान के दिन ही मतगणना कराई जाएगी और उसी दिन परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

जनपद बार एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष शशि कुमार ओझा की अध्यक्षता एवं महामंत्री राणा रविन्द्र सिंह के संचालन में हुई। बैठक में एल्डर्स कमेटी का चयन किया गया। इसके साथ ही 399 अधिवक्ता मतदाताओं की अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया। एल्डर्स कमेटी में जुम्मन खां को अध्यक्ष तथा काशी प्रसाद शर्मा, हरिशंकर राय, कृष्ण मोहन मिश्र व सुभद्रनाथ राय को सदस्य बनाया गया। चुनाव सहायक के लिए सुनील कुमार चौधरी को नामित किया गया। बैठक में अध्यक्ष व महामंत्री ने 399 मतदाताओं की सूची एल्डर्स कमेटी को सौंप दिया। महामंत्री राणा रविन्द्र सिंह ने बताया कि बार के एक सदस्य ओंकार नाथ चौरसिया ने सदस्यता से त्याग पत्र दिया। उनका त्याग पत्र कार्यकारिणी ने स्वीकार कर लिया। अध्यक्ष शशि कुमार ओझा ने बताया कि दिनांक 9 व 10 सितम्बर दो दिन नामांकन, 11 सितम्बर जांच व आपत्ति निस्तारण, दिनांक 12 सितम्बर को नाम वापस लिए जा सकेंगे। आगामी 17 सितम्बर को प्रातः 8 बजे से ढ़ाई बजे तक मतदान उसके बाद तीन बजे से मतगणना होगी जो परिणाम घोषित होने तक जारी रहेगी। चुनाव की तिथि घोषित होते ही कचहरी का वातावरण चुनावी हो गया।

## सिविल बार की एल्डर्स कमेटी में दो नए सदस्य नामित

संतकबीरनगर। सिविल बार एसोसिएशन के कार्यकारिणी की बैठक मे एल्डर्स कमेटी के पहले चयनित दो सदस्यों के स्थान पर नए सदस्यों का चयन किया गया। पहले चयनित सदस्य इन्द्रदेव यादव के उपाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने तथा राज बहादुर के व्यक्तिगत कारणों से त्याग पत्र देने के कारण पद रिक्त हो गया था। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि इन दोनों सदस्यों के स्थान पर भगवानदास यादव तथा शिव प्रकाश शुक्ल का चयन किया गया। महामंत्री राकेश जी मिश्र ने बताया कि चुनाव के वित्त संबंधी अधिकार के लिए एल्डर्स कमेटी के सदस्य ओंकार नाथ चौरसिया को अधिकृत किया गया है।

# संतकबीरनगर में बच्चों के विवाद में युवक की हत्या

**संतकबीरनगर/बेलहर/राजघाट, हिटी।** बेलहर क्षेत्र के दासडीह गांव में बच्चों के विवाद में रविवार की रात कुछ लोगों ने पड़ोसी युवक की पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी मां-बेटे और महिला के भाई पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों में मामा-भांजे नाबालिग हैं।

बेलहर क्षेत्र के दासडीह गांव की सोनी देवी पत्नी संतोष उर्फ पिंटू और पड़ोसी ज्योति पुत्री जगदीश के परिवार के बच्चों के बीच रविवार को विवाद हो गया। रात करीब साढ़े नौ बजे संतोष और ज्योति के बीच कहासुनी हुई। रात करीब 10 बजे ज्योति अपने नाबालिग बेटे और भाई के साथ संतोष के घर पहुंची और गाली-गलौज करते हुए रॉड से संतोष के सिर पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। संतोष को सीएचसी सेमरियावां ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर एसओ अनिल कुमार सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। एसओ ने बताया कि संतोष की पत्नी की तहरीर पर ज्योति, उसके बेटे और भाई पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है।



**महिला समेत तीन लोगों पर मुकदमा तीनों आरोपी गिरफ्तार**

> संबंधित खबर P03

# पिटाई का लगाया आरोप, केस दर्ज

**मेंहदावल।** कस्बे के सानी केवटलिया मोहल्ले में रविवार की देर रात एक युवक के घर पर चढ़कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि घर में घुसकर युवक को लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित रफील अहमद पुत्र लहुरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह घर पर सो रहा था, तभी रात करीब एक बजे सफीदुल्लाह पुत्र हकीकुल्लाह उसके घर पर चढ़ आया।

# तीन आरोपी पर दोषसिद्ध एक वर्ष के परिवीक्षा पर छूटे

**संतकबीरनगर, विधि संवाददाता।** मारपीट करने के तीन आरोपियों को एडीजे व विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट भूपेन्द्र राय की कोर्ट ने दोषसिद्ध करार देते हुए सशर्त एक वर्ष के परिवीक्षा पर छोड़ने का फैसला सुनाया। आरोपी शम्भू प्रसाद राय, सुरेन्द्र राय व दीनदयाल राय को सदाचरण बनाए रखने की शर्त पर 25-25 हजार रुपए के व्यक्तिगत बंधपत्र व समान धनराशि के दो जमानतनामा पर एससीएसटी एक्ट की कोर्ट ने रिहा किया। परिवीक्षाकाल के दौरान कोई अपराध कारित करने पर दण्डादेश के बिन्दु पर आदेश पारित करने का भी फैसला दिया। कोर्ट ने आरोपियों को एससीएसटी एक्ट के आरोप में दोषमुक्त करने का भी फैसला दिया।

विशेष लोक अभियोजक एससीएसटी एक्ट आशीष प्रसाद पांडेय ने बताया कि प्रकरण में रामलौट पुत्र राम बहाल ग्राम रजनौली थाना धनघटा ने केस दर्ज कराया था।उनका आरोप था कि 21 जुलाई 2014 को समय करीब सात बजे शाम को डिहवा बाजार स्थित अपने दुकान से घर वापस जा रहा था। रास्ते में गांव के अखिलेश राय पुत्र शम्भू व दीन दयाल राय रोक लिए और जमीन पर पटक-पटक मारने लगे।

# विवादित भूमि पर कब्जा, चला बुलडोजर

**कार्रवाई**

- महुली क्षेत्र के ग्राम काली जगदीशपुर का मामला
- पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि समेत तीन को हिरासत में ले लिया

**नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** महुली थाना क्षेत्र के काली जगदीशपुर बाजार स्थित एक विवादित भूमि पर लगे टीन शेड को सोमवार को राजस्व कर्मी और स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर जमीदोंज कर दिया गया। उक्त कार्रवाई के बाद दो पक्षों में तनाव की स्थिति बनने पर पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि समेत तीन को हिरासत में ले लिया। लेकिन बाद में प्रधान प्रतिनिधि को छोड़कर दो के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई।

धनघटा तहसील दिवस में काली जगदीशपुर निवासी एक व्यक्ति पेश हुआ। उसने शिकायत किया कि गांव में स्थित विवादित भूमि पर कुछ लोग टीन शेड रखकर अवैध कब्जा कर लिए हैं। जिस पर न्यायालय से स्थगन आदेश भी जारी हुआ है। मौजूद अधिकारियों ने तहसील प्रसाशन को मौके पर जाकर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। सोमवार को क्षेत्रीय कानूनगो, लेखपाल व पुलिस की मौजूदगी में विवादित भूमि पर रखे गए टिन शेड पर बुलडोजर से कार्रवाई करके उसे धराशायी कर दिया। जिसके लिए फोर्स तैनात कर दी गई है। इस संबंध में चौकी प्रभारी ललित कांत यादव ने बताया कि कुछ अधिकारियों के आदेश पर कार्रवाई की गई है। उपद्रव की आशंका को देखते हुए गांव के ही अमन पुत्र रामदीन, उपेंद्र पुत्र केसरी प्रसाद को हिरासत में लेकर एसडीएम न्यायालय भेज दिया है।

## पुलिस छावनी में तब्दील रहा काली जगदीशपुर बाजार

महुली क्षेत्र के काली जगदीशपुर बाजार में विवादित जमीन पर टिन शेड हटाने की कार्रवाई को लेकर पूरे दिन बाजार पुलिस छावनी में तब्दील रहा। भीड़ दूर से पुलिस कार्रवाई को देखती रही पर किसी की हिम्मत वहां तक पहुंचने की नहीं हो पाई।

**क्या है मामला :** महुली क्षेत्र के ग्राम काली जगदीशपुर निवासी राजीव चौधरी व मनीष चौधरी के बीच काफी दिनों से भूमि विवाद चल रहा है। राजीव चौधरी का कहना है कि उक्त भूमि पर उनके द्वारा न्यायालय का स्थगन आदेश भी ले रखा है। इसके बावजूद गांव के ही मनीष के समर्थकों द्वारा उस पर टीन शेड डाल दिया गया। जिसकी शिकायत पीड़ित ने शनिवार को तहसील दिवस के दौरान धनघटा तहसील में मौजूद डीएम और एसपी के मौजूदगी में प्रार्थना पत्र देकर अवैध रूप से रखे गए टिन शेड को हटाने की मांग किया था।

# दो युवकों को पुलिस ने उठाया, लगाया जाम

**आक्रोश**



युवकों को उठाने के विरोध में कांटे पुलिस चौकी के सामने हाईवे जाम करते ग्रामीण।

**संतकबीरनगर/कांटे, हिटी।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के लहुरादेवा गांव के दो युवकों को बस्ती पुलिस रविवार की रात उठा ले गई। मामले की जानकारी होने पर सोमवार की सुबह ग्रामीण भड़क उठे। ग्रामीण कांटे चौकी पर पहुंच कर गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग को चौकी के सामने जाम लगा दिए। सूचना पर पहुंचे कोतवाल ने समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। दो बार में करीब 30 मिनट तक लगे जाम से आवागमन प्रभावित हुआ।

ग्रामीणों का आरोप है कि रविवार की आधी रात को लहुरादेवा के विजय कुमार व अवधराज के घर पर करीब दर्जन की संख्या में लोग पहुंचे। इनमें एक महिला पुलिस की ड्रेस पहने हुए थी। सभी लोग अचानक घरों में घुसकर तोड़ फोड़ मचा दिए। घरों में सो रही महिलाएं दहशत में आ गईं। घर में सो रहे छोटे-छोटे बच्चे चीख पुकार मचाने लगे। आस पास के घरों के लोग मौके पर पहुंचे तो कुछ लोगों को ड्रेस में देखकर दंग रह गए। घटना की जानकारी गांव में सभी ग्रामीणों तक पहुंच गई। मामले के जानकारी के बाद सोमवार को काफी संख्या में ग्रामीण कांटे पहुंच पुलिस चौकी का घेराव करने लगे। ग्रामीणों की संख्या बढ़ती देखकर चौकी प्रभारी राम वशिष्ठ ने मामले की सूचना कोतवाल को दी। जैसे ही कोतवाल पंकज कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे वैसे ही आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों युवकों के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि युवकों को उठाए जाने की जानकारी नहीं है। इसके बाद फोन से बस्ती जनपद को पुलिस से संपर्क किया तो जानकारी मिली कि दोनों युवकों को बस्ती जनपद की पुलिस लेकर गई है। इसे सुनकर ग्रामीण इस बात पर आक्रोशित हो गए कि अपने जिले में दूसरे जनपद की पुलिस आकर इस तरह से युवकों को उठा ले जा रही है।

> "कांटे चौकी के सामने लहुरादेवा के ग्रामीणों के जाम लगाने की सूचना पर पहुंचे जरूर, लेकिन तब तक पुलिस जाम हटवा चुकी थी। पता किया गया तो मालूम हुआ कि दोनों युवकों को बस्ती की पुलिस छिनैती के एक मामले में पूछताछ के लिए ले गई है। हाईवे जाम कर यातायात प्रभावित करना कत्तई उचित नहीं है। ऐसा करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सुशील कुमार सिंह, एएसपी

आरोपी मां और नाबालिग बेटे व भाई पर हत्या का केस दर्ज, तीनों आरोपी गिरफ्तार, हत्या में प्रयुक्त गड़ता बरामद

# आक्रोश ने किशोरों को बना दिया अपराधी

**बेलहर की घटना**

**संतकबीरनगर।** छोटी सी बात को लेकर विपक्षियों का आक्रोश इतने चरम पर पहुंच गया कि बात हत्या तक पहुंच गई। आरोपी पड़ोसी ज्योति उर्फ सोनी अपने नाबालिग बेटे और भाई के साथ छत पर झगड़ा करने पहुंच गई। बिना आगे पीछे सोचे हुए प्राण घातक हमले कर जान ले ली। झगड़े के उन्माद पर दोनों किशोर इतना आगे बढ़ गए कि अपना भविष्य भी नहीं सोचा। जो उम्र पढ़ने लिखने व भविष्य बनाने की होती है उसी उम्र में अपराधी बनकर जेल पहुंच गए।

**मासूम बच्चों का टूटा सहारा : इन नन्हें हाथों को अब कौन थामेगा:** गरीबी और गम से जूझ रहे परिवार की परवरिश पिता के साए के बिना अधूरी हो गई। परिजनों की उम्मीद टूट गई। दासडीह गांव की इस घटना ने न सिर्फ एक जान ली, बल्कि मासूम बच्चों का भविष्य भी अंधेरे में धकेल दिया। रविवार की रात आपसी विवाद में हुई मारपीट में संतोष ऊर्फ पिंटू (34) की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। संतोष अपने पीछे चार राजेश (8), नैना (7), मैना (5) व पारो (2) मासूम बच्चों को छोड़ गए हैं। जिनकी उम्र इतनी कम है कि उन्हें अभी पिता के असली मायने भी ठीक से समझ में नहीं आते हैं। अब ये मासूम बार-बार सिर्फ एक ही सवाल कर रहे हैं कि पापा कब आएंगे? लोगों की गमजदा आंखों से एक ही सवाल उठ रहा था कि इन मासूमों का सहारा कौन बनेगा।



संतोष की मौत से बेहाल परिजन व शुभचिंतक।

> बच्चों के विवाद को लेकर युवक की हत्या की गई है। इसमें आरोपी महिला ज्योति और उसके नाबालिग बेटे और भाई के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त गड़ता बरामद किया। तीनों आरोपियों कोर्ट में पेश किया गया, वहां से महिला को जेल भेजा गया। जबकि आरोपी किशोर मां-भांजे को बाल सुधार गृह बस्ती भेजा गया। **सुशील कुमार सिंह, एएसपी**

- मासूम बच्चों का भविष्य भी अंधेरे में धकेल दिया
- इकलौते बेटे की मौत से बिखर गया परिवार

## गरीबी ने बढ़ाई मुश्किलें

संतोष का परिवार पहले से ही गरीबी से जूझ रहा था। वे ही घर के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनकी असमय मौत ने घर की रोजी-रोटी पर भी संकट खड़ा कर दिया है। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है, जिससे बच्चों की पढ़ाई, इलाज और पालन-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। रोते-बिलखते परिजन और अनिश्चित भविष्य से पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। वह कहती हैं अब इन बच्चों का भविष्य कौन संवारेगा। कैसे पढ़ेंगे-लिखेंगे खाने तक के लाले पड़ जाएंगे।

## इकलौते बेटे की हत्या से बिखर गया परिवार

पोस्टमार्टम हाउस आए वृद्ध चाचा छुपचंद ने नम आंखों से बताया कि उसका भतीजा संतोष उर्फ पिंटू अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था। भाभी की मौत करीब 10 वर्ष पहले हो गई थी भतीजे संतोष और आरोपी ज्योति का छत सटा हुआ है। छोटे-छोटे बच्चो के विवाद मे भतीजे की हत्या हो जाएगी, यह किसी ने सोचा तक नहीं था। भतीजे के चार बच्चे है। जिसमे तीन बेटिया और एक बेटा है। इकलौते बेटे की हत्या से बुजुर्ग पिता शिवराम की कमर ही टूट गई। पत्नी सोनी का रो-रो कर बुरा हाल था।

# सर्पदंश के शिकार युवक की उपचार के दौरान मृत्यु

**जासं, संतकबीरनगर :** गोरखपुर जनपद के सिकरीगंज थाना क्षेत्र के डाढ़ी उर्फ बनकटा गांव निवासी 40 वर्षीय युवक की रविवार को सर्पदंश से मौत हो गई। मृतक सोती पुत्र रामसूरत रविवार की शाम लगभग चार बजे बाजार जाने के लिए घर में कपड़े बदल रहे थे। इसी दौरान घर के अंदर मौजूद एक जहरीले सर्प ने उसे डंस लिया। शोर मचाने पर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। आनन-फानन मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल खलीलाबाद के आपातकालीन कक्ष (इमरजेंसी) में लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उन्हें तुरंत भर्ती कर उपचार शुरू किया, लेकिन करीब एक घंटे के भीतर ही युवक ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंच कर आवश्यक कार्यवाही की।

# स्थगन आदेश के विरुद्ध निर्माण पर चला बुलडोजर

- पुलिस और राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में हुई कार्रवाई
- शांति भंग की आशंका में तीन गिरफ्तार, जेल भेजे गए

जागरण संवाददाता, महुली : थाना क्षेत्र के ग्राम काली जगदीशपुर में सोमवार को स्थगन आदेश के बाद भी विवादित भूमि पर किए गए निर्माण टीन शेड को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया गया। यह कार्रवाई पुलिस और राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में हुआ। इस कार्रवाई के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात की गई थी।

एक पक्ष के मनोष चौधरी ने आरोप लगाया है कि टीन शेड बिना किसी लिखित आदेश के बुलडोजर चलवाया गया। यह कार्रवाई एक तरफा है। वह इस मामले को लेकर कोर्ट में जाएंगे।

बुलडोजर के साथ मौके पर पुलिस कर्मियों की मौजूदगी के बीच भूमि से जुड़े लोगों के बीच विवाद होता देख पुलिस ने तीन को हिरासत में ले लिया। बाद में दो को शांति भंग की आशंका में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस मामले में मनीष कुमार और राजीव कुमार के बीच लंबे समय से भूमि पर कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। इस पर न्यायालय से स्थगन आदेश भी है। मनीष का कहना है कि उन्होंने अपने हिस्से में केवल टीन शेड डाला था, जबकि दूसरे पक्ष ने तीसरी मंजिल तक निर्माण कर रखा है। इस कार्रवाई के चलते काली ज़गदीशपुर बाजार में पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गई है। व्यापारियों ने बताया कि पुलिसिया कार्रवाई के कारण दिनभर बाजार में अफरा-तफरी का माहौल रहा।



टीन शेड ध्वस्त करता बुलडोजर • जागरण

**भूमि पर था स्टे, निर्माण न होने के दिए गए थे निर्देश :** उपजिलाधिकारी धनघटा डा.सुनील कुमार ने बताया कि भूमि को लेकर तीन पक्षकार है। बंटवारा नहीं होने से भूमि की स्थिति अस्पष्ट है।

इसमें एक पक्ष की योग माया ने सिविल कोर्ट से स्टे ले रखा है। गुरुवार को इसकी जानकारी उनके द्वारा दी गई थी। महुली थाने को भूमि पर स्टे होने की जानकारी देने के साथ ही कोई निर्माण न होने देने के लिए निर्देशित किया गया था। शनिवार को यह मामला तहसील दिवस में डीएम के सामने भी आया था।

शिकायत करने वालों का आरोप था कि एक पक्ष निर्माण कर रहा है। इसको लेकर निर्माण रोकने और आदेश का पालन न करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया था। इस क्रम में हो सकता है पुलिस ने कोई कार्रवाई की हो, इसकी जानकारी उनको नहीं है।

---

### झारखंड प्रांत की रहने वाली थी मृतका, तमिलनाडु में हुई थी दोस्ती, दूसरे युवक से बात करने पर हुआ विवाद

# डंडे से पीटकर की थी मनीषा की हत्या, आरोपित कथित पति गिरफ्तार

जासं, धनघटा : झारखंड की रहने वाली 18 वर्षीय मनीषा की हत्या डंडे से पीटकर की गई थी। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित कथित पति भोलेनाथ को गिरफ्तार कर लिया है। घटना धनघटा थाना क्षेत्र के उमरिया बाजार की है। मृतका का शव बीते शनिवार को पुलिस ने कब्जे में लिया था।

घटना के बारे में आरोपित के घर वालों ने फंदे से लटक कर मनीषा के आत्महत्या किए जाने की जानकारी स्थानीय स्तर पर दी थी, जबकि सच्चाई यह थी कि आरोपित कथित पति ने ही डंडे से सिर पर वार कर मनीषा की हत्या की थी।

पुलिस के अनुसार हत्यारोपित भोलेनाथ (20 वर्ष) पुत्र चन्द्रबली निवासी उमरिया बाजार, थाना धनघटा, संतकबीर नगर तमिलनाडु की एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। झारखंड प्रांत की रहने वाली 18 वर्षीय मनीषा भी उसी कंपनी में कार्यरत थी। इसी दौरान दोनों के बीच गहरे संबंध बन गए।



गिरफ्तार हत्यारोपित भोलेनाथ • जागरण

#### बेटी की मौत की सूचना पर भी आए स्वजन, पुलिस बनी वादी

प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दूबे ने बताया कि मृतका मनीषा पुत्री रोया सिंकू निवासी कर्पासी थाना हाटगम्हरिया, जिला पश्चिमी सिंहभूम, झारझंड के स्वजन को दूरभाष पर घटना के बारे मे जानकारी दी गई लेकिन कोई नहीं आया। शव को पोस्टमार्टम कराने वाले धनघटा थाने के उपनिरीक्षक जयप्रकाश कुशवाहा की तरफ से हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है। साक्ष्यों के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

मनीषा भोलेनाथ के साथ गत 29 अगस्त को उसके गांव आ गई। पति-पत्नी की तरह यहां पर दोनों रह रहे थे। गत शनिवार की सुबह मनीषा के फोन पर किसी दूसरे युवक से बात करने को लेकर झगड़ा हुआ और डंडे से भोलेनाथ ने मनीषा के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी। बेहोशी की हालत में आरोपित और उसके घर वाले मनीषा को मलौली स्थित सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल कर्मी शव को रोक कर पुलिस को इसकी सूचना देने की बात करने लगे तो आरोपित शव लेकर जबरिया भागने लगा, लेकिन अस्पताल कर्मियों ने रोक लिया और इसकी जानकारी थाने पर दी।

प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दूबे ने बताया कि अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लेने के बाद भोलेनाथ से घटना के बारे में पूछताछ की जाने लगी तो बार-बार बयान बदलता रहा। प्राथमिक जांच में उसकी भूमिका संदिग्ध लगी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मनीषा की मौत की वजह सिर में गंभीर चोट लगना बताया गया। इसके बाद भोलेनाथ के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। सोमवार को बिड़हरघाट के पास आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पुलिस ने आत्महत्या करने जा रहे युवक की बचाई जान

जासं,संतकबीर नगरः धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने रविवार की रात इंस्टाग्राम पर आत्महत्या करने संबंधित मैसेज़ पोस्ट किया था। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस उसके घर पर पहुंचकर उसकी जान बचाई।

धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक रविवार की देर रात इंस्टाग्राम पर आत्महत्या करने से संबंधित मैसेज पोस्ट किया था। मानीटरिंग करने वाली लखनऊ स्थित मेटा कंपनी ने इसकी सूचना पुलिस मुख्यालय लखनऊ,धनघटा थाने को दी।

उस युवक का फोटो, मोबाइल नंबर और लोकेशन उपलब्ध कराया। इस पर धनघटा थाना के प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत युवक के घर पहुंची। उसे आत्महत्या करने से रोक लिया।

**रविवार की रात इंस्टाग्राम पर आत्महत्या करने संबंधित मैसेज, पोस्ट किया था। जानकारी मिलते ही पुलिस उसके घर पहुंच गई**

समझा-बुझाकर उसे शांत किया। दोबारा ऐसी हरकत करने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। स्वजन ने इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# किशोरी के अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

बखिरा : बखिरा पुलिस ने किशोरी के अपहरण के आरोपित युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साक्ष्य के आधार पर धारा की बढ़ोत्तरी की गई। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि एक महिला की शिकायत पर तीन दिन पूर्व अपहरण के आरोपित युवक पर मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार को सांगठ निवासी आरोपित शिवकुमार को अमरडोभा चौराहा से गिरफ्तार कर लिया गया। इसके साथ ही अपहृता को बरामद कर लिया गया। पूछताछ करने के बाद आरोपित युवक को जेल भेज दिया गया।

# नियम विरुद्ध हो रही निजीकरण की प्रक्रिया को तत्काल करें निरस्त




बैंक रोड स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय परिसर पर प्रदर्शन करते बिजली कर्मी

**जासं, संतकबीर नगर:** निजीकरण के विरोध में खलीलाबाद शहर के बैंक रोड स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय परिसर पर सोमवार को भी बिजली कर्मियों ने धरना दिया। नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी सुनील प्रजापति व नारायण चंद्र चौरसिया ने कहा कि निजीकरण की प्रक्रिया नियम विरुद्ध है। इसे तत्काल निरस्त किया जाए।

संगठन के पदाधिकारी प्रद्युम्न कुमार व पुष्पेंद्र भारती ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि आगरा फ्रेंचाइजी की बिडिंग में किए गए घोटाले व कैग की अनुशंसा दबाने के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराएं। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। संगठन के पदाधिकारी सूरज प्रजापति, श्रवण प्रजापति व विकास पंचाल ने कहा कि पावर कारपोरेशन प्रबंधन घाटे को लेकर इतना संवेदनशील है तो उसे सबसे पहले आगरा का फ्रेंचाइजी करार तत्काल रद्द कर देना चाहिए। जिसके चलते पावर कारपोरेशन को प्रति वर्ष एक हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

# बाजार गए युवक को पीटा, चार पर केस

**जासं,मेंहदावल :** मेंहदावल पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाने में दी गयी तहरीर में धौरापार गांव निवासी लक्ष्मीना ने यह उल्लेख किया है कि उनका बेटा कृष्णा तेल की पेराई कराने सोमहिया बाजार गया था। वहीं पर बिना किसी वजह के गगनई बाबू गांव निवासी विशाल,इंद्रेश,रमेश व सोमनाथ ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सहजनवा तिराहे पर अतिक्रमण से जाम

बखिरा : बखिरा के सहजनवां तिराहे पर अतिक्रमण से हमेशा जाम लगा रहता हैं। इससे राहगीरों को हर दिन परेशानी होती है। बखिरा कस्बा निवासी जय, मनीष, प्रकाश ने कहा कि दुकानदार घर के सामने ठेला लगवाकर उनसे महीना वसूलते हैं। शिकायत के बाद भी नगर पंचायत व प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसलिए अतिक्रमण हट नहीं रहा है। इससे लोगों को हर दिन परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# चोरी की झूठी सूचना पर हलकान रही पुलिस

जासं,धनघटा: कोचरी गांव में चोरी की झूठी सूचना पर धनघटा पुलिस हकलान हुई। इस गांव के निवासी पंचदेव चौधरी ने बीती रात करीब ढाई बजे पुलिस को सूचना दी कि उनके घर चोरी हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस को घर वालों ने बताया कि कमरे में रखा दो हजार रुपये नकद, चार लाख रुपये के जेवर चोर उठा ले गए।

इसी बीच प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंच गए। मामले की जांच करने पर पता चला कि पंचदेव चौधरी की दोनों पतोहू अपने अपने कमरे में सोई हुई थी। घर के अन्य परिजन चन्द्र ग्रहण के कारण जाग रहे थे। चोरो ने घर के कमरों में सो रही दोनों बहुओं के कमरे में न जाकर सास के कमरे की खंगाला। इसे जानकर मामला संदिग्ध लगने लगा। सख्ती से पूछने पर परिवार के लोग चोरी की घटना को झूठा बताते हुए पुलिस को लिखित बयान दिया कि उनके घर कोई चोरी नहीं हुई है।

चोरी होने की गलत सूचना दी गई। दूसरी तरफ गांव के लोग और पंचदेव की पत्नी द्वारा जारी वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने लगा था। बहरहाल इस पर विराम लग गया।

प्रभारी निरीक्षक जेपी दुबे ने बताया कि क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। रात्रि के दौरान संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, दो घायल

जासं, बखिरा : बखिरा कस्बे के ठठेरा मुहल्ला में छह सितंबर की शाम भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। घटना में एक पक्ष के दो लोग घायल हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ठठेरा मुहल्ला निवासी चंदन कुमार रोजी-रोटी के सिलसिले में अपने परिवार के साथ बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। उन्होंने अपनी तहरीर में बताया कि गैरमौजूदगी में उनके पड़ोसी ने उनके घर की खिड़की के सामने बिना अनुमति दीवार खड़ी कर दी। जब छह सितंबर को चंदन अपने परिवार सहित घर पहुंचे और रास्ते को साफ करने लगे, तभी पड़ोसी पक्ष के दो युवक और कुछ महिलाएं वहां पहुंचकर उन पर हमला कर दिया। इस हमले में चंदन और उनके परिजन श्रवण कुमार घायल हो गए। चंदन का आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी है और अब दोबारा हमला करने की योजना बना रहे हैं, जिससे उनका पूरा परिवार दहशत में है।

इस संबंध में बखिरा चौकी प्रभारी सुरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर प्राप्त हुई है, और जांच की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई जल्द की जाएगी।

# आत्महत्या करने जा रहे युवक की बचाई जान

संतकबीरनगर। धनघटा थाना क्षेत्र में एक युवक ने सोशल मीडिया पर आत्महत्या का पोस्ट डाल दिया। इसके बाद मेटा कंपनी एक्टिव हो गई। कॉल अलर्ट जारी करते हुए मामले की सूचना लोकेशन पुलिस को दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने पोस्ट डालने वाले युवक की जान बचाकर उसे समझाया बुझाया। युवक को दोबारा ऐसी हरकत न करने की हिदायत देकर उससे मौखिक माफी नामा लिया। इसके बाद युवक को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

एसओ धनघटा जय प्रकाश दूबे ने बताया कि काउंसलिंग प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा जय प्रकाश दूबे ने किया। उन्होंने बताया कि धनघटा थाना क्षेत्र पूर्व में भी मेटा से आत्महत्या के संबंध में पोस्ट डालने की सूचना पुलिस को मिला था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दो जान बचाया।

जानकारी के अनुसार इसी वर्ष छह जनवरी को धनघटा थाना क्षेत्र के अहरा गांव व 13 जून को मझौरा गांव से आत्महत्या के संबंध में सोशल मीडिया पर पोस्ट अपलोड किया गया। जिसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल सक्रिय होकर मौके पर पहुंचकर काउंसलिंग किया। संवाद

# लाठी, डंडे और नुकीले हथियार से मारकर युवक की हत्या

**बेलहर क्षेत्र के दासडीह गांव में बच्चों के विवाद में हुई घटना, तीन पर हत्या का मुकदमा तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात**

जागरण संवाददाता, संथा/राजघाट, (संतकबीर नगर): बच्चों के मामूली विवाद को लेकर रविवार की रात में 11.30 बजे एक युवक की लाठी-डंडे और नुकीले हथियार से पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया है। दो आरोपित फरार हैं। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना बेलहर थाना क्षेत्र के दासडीह गांव की है।



संतोष उर्फ पिंटू • फाइल फोटो

मृतक की पत्नी सोनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दो दिन पहले उसकी बेटी और आरोपिता ज्योति की बेटी के बीच मामूली विवाद हुआ था। इसे लेकर धमकी दी जा रही थी। रविवार की रात करीब 10 बजे पति संतोष उर्फ पिंटू (35 वर्ष) काली मंदिर के पास बैठे थे, इसी बीच अनिल पुत्र जगदीश, ज्योति पुत्री जगदीश और गोपाल पुत्र अज्ञात वहां पहुंचे और गाली देने लगे। विवाद से बचने के लिए संतोष घर की छत पर चले गए लेकिन आरोपित लाठी, डंडा और लोहे का नुकीला हथियार लेकर छत पर पहुंचे गए और हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल संतोष को सीएचसी सेमरियावां ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सर्वदमन सिंह और प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली।

## दो दिन से सुलग रही थी विवाद की चिंगारी, टकराव नहीं चाहता था मृतक

राजघाट : बेलहर थाना क्षेत्र के दासडीह गांव में छत पर बच्चों के द्वारा गंदगी किए जाने को लेकर हुआ विवाद हत्या तक पहुंच गया। दो दिन मृतक और आरोपितों के बीच इसको लेकर कहासुनी और हाथापाई हुई थी। यह मामला थाना और पुलिस चौकी तक भी नहीं गया।

दरअसल मृतक संतोष उर्फ पिंटू इस टकराव को टालना चाहता था, लेकिन विवाद की यह चिंगारी सुलगती रही और रविवार की रात हिंसक रूप ले लिया। मृतक और आरोपित का घर अगल-बगल ही है।

गांव में घटना को लेकर जो बात सामने आई, उसके अनुसार मृतक के बच्चे छोटे हैं और आरोपित के घर की छत उसके मकान से ही सटा है। गर्मी की वजह से पूरा परिवार छत पर ही सोता है। दो दिन पहले मृतक के बच्चों ने पड़ोसी की छत पर गंदगी कर दिया, इसको लेकर दोनों पक्षों में काफी तीखी बहस हुई थी।

- मृतक और आरोपितों का घर अगल-बगल, छत पर गंदगी करने को लेकर हुआ था विवाद
- दो दिन पहले हुई थी कहासुनी थाने पर नहीं दी गई थी घटना की लिखित व मौखिक सूचना



पिता की मृत्यु से अनाथ हुए बच्चे • जागरण



घटनास्थल का निरीक्षण करते अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह • जागरण

**चार मासूमों के सिर से उठा पिता का साया** : मृतक संतोष परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था और खेतीबारी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। संतोष की पत्नी सोनी का रो-रोकर बुरा हाल है, वह बार-बार यही कह रही है कि अब बच्चों की परवरिश कैसे होगी। संतोष के चार छोटे-छोटे बच्चे हैं।

> मृतक की पत्नी की तहरीर पर तीन आरोपितों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। एक आरोपित ज्योति को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> – सुशील कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक

# सुलह नहीं करने पर दो का सिर फोड़ा, केस

जासं,संतकबीर नगर: कोतवाली पुलिस ने एक मुकदमे में सुलह नही करने पर एक ही परिवार के चार लोगों पर हमला और किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोप में चार लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

खलीलाबाद शहर के एक मुहल्ला निवासी 16 वर्षीय किशोरी ने कोतवाली पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि कुछ माह पूर्व आरोपितों ने मारापीटा था। इस मामले में तीन लोगो पर उनकी मां ने मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मुकदमे में उक्त लोग सुलह करने का बार-बार दबाव बनाते है। इसी रंजिश को लेकर सोमवार की सुबह दस बजे के करीब मोहल्ले के ही रहने वाले इशांत चौधरी व उनके भाई प्रशांत चौधरी, मां अनीता चौधरी और पिता विजय प्रकाश चौधरी एक राय होकर उनके घर पर चढ़ गए। उसे व उसके पिता को अपशब्द कहने लगे।

विरोध करने पर छेड़खानी व अश्लील हरकत करतें हुए लाठी-डंडा, सरिया व ईट से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। इस घटना में किशारी व उसके पिता का सिर फट गया। रक्तस्राव अधिक होने से किशोरी बार-बार बेहोश हो जा रही है। बीच बचाव के लिए पहुंची किशोरी की मां और भाई को भी हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

इस घटना में किशोरी के कान की बाली और नाक की कील तथा उनकी मां के एक कान का झाला गायब हो गया। कोतवाली प्रभारी पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# भंगेश्वर नाथ चौराहे पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग

बखिरा : बखिरा क्षेत्र के बाबा भंगेश्वर नाथ चौराहा के पास अक्सर मार्ग दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बखिरा निवासी संतोष कांदू,विनोद,रामू ने कहा कि इस चौराहे पर हमेशा भीड़ रहती है।

प्रतिदिन तमाम वाहन तेज गति से आते-जाते रहते हैं। यहां से कुछ दूर आगे एक विद्यालय व मंद्रिर है। इसके कारण पढ़ने के तमाम बच्चे हर दिन आते हैं।

इसके अलावा अन्य लोग आते-जाते रहते हैं। तेज गति से चलने वाले वाहनों के कारण हादसा होने का खतरा बना रहता है। जनहित में जिला प्रशासन से यहां पर जल्द स्पीड ब्रेकर लगवाए।

# बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल

जासं, संत कबीर नगर : जनपद में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए सोमवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देश पर जिलेभर में एक साथ की गई कार्रवाई के दौरान 530 वाहनों से कुल 6 लाख 30 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह और यातायात क्षेत्राधिकारी अभयनाथ मिश्रा के नेतृत्व में यातायात जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया। इस दौरान स्कूलों और कोचिंग संस्थानों में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों और गंभीर चोटों को रोकने के उद्देश्य से पुलिस ने 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' जैसी नई पहल की शुरुआत भी की है। इसके अंतर्गत अब बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिलेगा। यह अभियान विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए शुरू किया गया है। पुलिस विभाग द्वारा स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को सड़क पर चलने के नियम, ट्रैफिक सिग्नल, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, ओवर स्पीडिंग और मोबाइल फोन के दुरुपयोग जैसे विषयों पर जानकारी दी गई।

> जनता की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। यातायात नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' जैसी पहल से लोगों में अनुशासन आएगा।
>
> **संदीप कुमार मीना**, पुलिस अधीक्षक

# कामकाज का बहिष्कार कर लेखपालों का धरना



खलीलाबाद तहसील परिसर में धरना देते लेखपाल● जागरण

जासं.संतकबीर नगर: लेखपालों ने सोमवार को भी सरकारी कामकाज का बहिष्कार किया।

इन्होंने खलीलाबाद तहसील कार्यालय में धरना दिया। नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष विवेक रंजन ने कहा कि लेखपालों के स्थानांतरण में नियमों का घोर उल्लंघन हुआ है।

इसको लेकर लेखपाल आक्रोशित हैं। उन्होंने एसडीएम पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके स्थानांतरण की मांग की। उनका यहां से स्थानांतरण किए जाने की मांग की। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होगी, तब तक वे लोग सरकारी कार्य का बहिष्कार कर धरना-प्रदर्शन जारी रखेंगे। धरना-प्रदर्शन में प्रदीप कुमार,इम्तियाज अहमद सहित अन्य लेखपाल शामिल रहे।

# परिवहन विभाग की सेवाओं के लिए नहीं लगाना होगा चक्कर

## जनसेवा केंद्रों से फेसलेस परिवहन सेवा का मिलेगा लाभ, लोगों के आसानी से होंगे काम

संतकबीरनगर। परिवहन विभाग की ज्यादातर सेवाएं ऑनलाइन कर दी गई हैं। इसके लिए जन सेवा केंद्रों को भी अधिकृत कर दिया गया है। फेसलेस परिवहन सेवा का लाभ अब जन सेवा केंद्र से भी लोगों को आसानी से मिल जाएगा और कार्यालय का चक्कर लगाने से राहत मिलेगा।

> परिवहन विभाग की आम जनमानस से जुड़ी फेसलेस सेवाएं जन सेवा केंद्र से ही पूरी हो जाएंगी। अपने से नजदीकी जन सेवा केंद्र पर जाकर लोग अपना काम आसानी से करा सकते हैं।
>
> **-प्रियंवदा सिंह,** एआरटीओ

विभाग के अनुसार, कुल 58 सेवाओं में से 44 सेवाएं (सारथी पोर्टल की 25 व वाहन पोर्टल की 19 सेवाएं) आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन की जा चुकी हैं। विभाग की इन सेवाओं का लाभ आसानी से उठाया जा सकता है। इसके लिए जन सामान्य को अब कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

सड़क परिवहन एवं राज्य मार्ग मंत्रालय ने आम जनमानस को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से कॉन्टैक्टलेस अथवा फेसलेस के रूप में जन सामान्य को उपलब्ध कराने के लिए आदेश भी जारी कर दिया है। इससे लोगों को एआरटीओ कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके आसपास जन सेवा केंद्र पर परिवहन विभाग की फेसलेस सभी सुविधा का लाभ आसानी से मिल जाएगा। ऑनलाइन विभाग की निर्धारित फीस को जमा करके लोग घर बैठे अपना काम करा सकेंगे। इससे उनका समय और धन दोनों का बचत होगा। संवाद

# 530 वाहन चालकों से शमन शुल्क वसूला

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 530 वाहन चालकों से शमन शुल्क वसूल किया।

चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 530 वाहन के चालकों से 6,30,000 रुपये जुर्माना भरवाया। संवाद

# कलक्ट्रेट में महिलाओं ने विधायकों को घेरा



कलक्ट्रेट में विधायकों का घेराव करतीं मगहर की महिलाएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## शराब की दुकान हटाए जाने की मांग, आश्वासन के बाद शांत हुईं महिलाएं

**संतकबीरनगर।** नगर पंचायत मगहर के काजीपुर रेहरवा और जोकहिया में शराब की दुकान हटाए जाने की मांग को लेकर महिलाएं सोमवार को डीएम से मिलने के लिए कलक्ट्रेट पहुंची।

इसी बीच मेंहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी व धनघटा विधायक गणेश चंद्र चौहान भी पहुंच गए। महिलाओं ने दोनों विधायकों का घेराव कर आबादी से शराब की दुकान हटवाने की मांग की। आश्वासन के बाद महिलाएं शांत हुईं।

नगर पंचायत मगहर के काजीपुर रेहरवा व जोकहिया निवासी आशा देवी, रीना देवी, पूनम आदि के नेतृत्व में महिलाएं मोहल्ले में शराब की दुकान के कारण हो रही दिक्कतों से अवगत कराने के लिए कलक्ट्रेट पहुंची। महिलाओं ने कहा कि मोहल्ले में शराब की दुकान स्थापित होने के बाद नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे महिलाओं को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है।

अभी महिलाएं डीएम से मिल भी नहीं पाई थी कि इसी बीच मेंहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी और धनघटा विधायक गणेश चंद्र चौहान बैठक में शामिल होने के लिए पहुंच गए।

आक्रोशित महिलाओं ने दोनों विधायकों को घेर लिया और समस्या से अवगत कराते हुए शराब की दुकान को हटवाए जाने की मांग किया। इस पर विधायकों ने मौके पर मौजूद एसडीएम सदर को महिलाओं की समस्या सुनकर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। आश्वासन के बाद महिलाएं शांत हुईं।

# सुंदरीकरण के छह माह बाद ही बिगड़ने लगी मेंहदावल बाईपास की खूबसूरती

## जगह-जगह टूटने लगी रेलिंग, बंद हो गया चौराहे पर लगा फौव्वारा, सड़क किनारे रखे गए हैं ईंट-बालू

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। सेफ सिटी के तहत मेंहदावल बाईपास का सुंदरीकरण कराया गया। इसके तहत चौराहे का चौड़ीकरण कराया गया। साथ ही आकर्षक स्वरूप देने के लिए फौव्वारा और झूमर लाइटें लगाई गईं। अभी यह कार्य हुए लगभग छह माह ही हुए हैं और व्यवस्था बिगड़ने लगी है। मेंहदावल रोड पर बनी रेलिंग जगह-जगह टूट रही है। इसके साथ ही लोगों ने कहीं ईंट-बालू रख लिए हैं तो अवैध वाहन स्टैंड बना लिया है। इससे इस चौराहे की खूबसूरती बिगड़ने लगी है।

शहर के प्रमुख चौराहों को व्यवस्थित करने के लिए सेफ सिटी योजना के तहत कार्य कराए जा रहे हैं। इसके तहत मेंहदावल की तरफ जाने वाले मार्ग पर पाथवे का निर्माण कराया गया है।

जाम की समस्या न हो, इसके लिए दीवार खड़ी कर रेलिंग लगाई गई। दुकानों को रेलिंग के पीछे लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही चौराहे पर फौव्वारा बनवाया गया। शुरू में फौव्वारा लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा, लेकिन अब बंद है।



मेंहदावल बाईपास पर रेलिंग तोड़कर कर लिया गया कब्जा। संवाद

### सेफ सिटी मुहिम के तहत चौराहे का हुआ था चौड़ीकरण और सुंदरीकरण

यहां पर बनाई गई रेलिंग टूटने लगी है। इसका कारण यह है कि कुछ स्थानों पर ईंट और बालू रख दिए गए हैं। पाथवे के आगे सड़क तक ठेला पर दुकानें लगाने वालों ने कब्जा कर रखा है तो नो पार्किंग जाने घोषित किए जाने के बाद भी वहां पर अवैध वाहन स्टैंड की स्थिति बन गई है।

> शहर के मेंहदावल चौराहे को आकर्षक लुक देने के लिए कार्य कराए गए हैं। यहां की व्यवस्था बिगड़ रही है तो इसको संज्ञान में लिया जाएगा और जो भी कमियां हैं उसे दूर कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा।
>
> -आलोक कुमार, डीएम

इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है और अक्सर जाम लग रहा है। रेलिंग के दूसरी तरफ फुटपाथ पर दुकानें लगाई जा रही हैं।



मेंहदावल बाईपास पर डिवाइडर की तोड़ी गई रेलिंग। संवाद

इससे यहां की खूबसूरती प्रभावित हो रही है। इसके बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस क्षेत्र के निवासी प्रेम चंद्र, राकेश कुमार आदि ने बताया कि यहां पर कार्य होने पर चौराहे की तस्वीर बदल गई थी, लेकिन अब स्थिति लगातार बिगड़ रही है। इस पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है, ताकि शहर की खूबसूरती बनी रहे।

# चोरी की झूठी सूचना पर हलकान हुई पुलिस

**धनघटा।** धनघटा थाना क्षेत्र के कोचरी गांव में रविवार की रात चोरी की सूंचना पर पुलिस हलकान हो गई। बाद में गृह स्वामी ने लिख कर दिया कि उनके घर कोई चोरी नहीं हुई है। तब जाकर पुलिस को राहत मिली।

पंचदेव चौधरी ने रात में करीब 2 बजे पुलिस को सूचना दिया कि उनके घर चोरी हो गई है और चोर दो हजार रुपये नकद तथा चार लाख का जेवर उठा ले गए हैं। सूचना पर 112 नंबर के पुलिसकर्मी पहुंचे और जांच पड़ताल कर ही रहे थे कि इसी बीच थानाध्यक्ष जयप्रकाश दुबे भी मौके पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि गहनता के साथ जांच पड़ताल किया गया तो पता की चला कि पंचदेव चौधरी की दोनों बहुएं अपने कमरे में सोई थीं और ग्रहण के कारण परिवार जाग रहा था। परिवार के लोगों ने चोरी की घटना को झूठा बताते हुए पुलिस को लिखित दिए कि उनके घर कोई चोरी नहीं हुई है। भ्रमवश चोरी की सूचना दी गई। संवाद

# बच्चों के विवाद में रॉड और खंती से पीटकर युवक की हत्या, केस

## बेलहरकला क्षेत्र के दासडीह गांव का मामला, एक महिला और दो नाबालिग गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

बेलहर। बेलहरकला थाना क्षेत्र के दासडीह गांव में रविवार की देर रात बच्चों के विवाद को लेकर एक युवक की रॉड व खंती से पीटकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। मामले में तहरीर मिलने पर एक महिला व दो नाबालिग के खिलाफ केस दर्ज किया है। तीनों आरोपी पुलिस हिरासत में हैं।



संतोष (फाइल फोटो)

जानकारी के अनुसार बेलहरकला थाना क्षेत्र के दासडीह गांव निवासी पिंटू उर्फ संतोष व सोनी उर्फ ज्योति के बीच बच्चों को लेकर विवाद चल रहा था। जिसको लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई। इसमें पिंटू उर्फ संतोष (30) पुत्र जीवराम को काफी गंभीर चोट आया। परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी सेमरियावां लेकर गए। जहां पर चिकित्सक की टीम ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस टीम ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी करके पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी भेज दिया। मामले की सूचना के बाद एएसपी, सीओ भी दासडीह गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

मृतक की पत्नी सोनी देवी ने बेलहरकला थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सात सितंबर को रात लगभग 9:30 बजे उनकी पड़ोसी सोनी उर्फ ज्योति और पति पिंटू उर्फ संतोष के बीच बच्चों के झगड़ा को लेकर आपस में कहासुनी हो रही थी। पति वहां से आकर अपने छत पर बैठ गए। कुछ देर बाद ज्योति उर्फ सोनी अपने बेटे व भाई के साथ खंती और रॉड लेकर आए और गाली देते हुए पति के सिर पर मारकर हत्या कर दिया। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि मामले में मृतक के पत्नी सोनी की तहरीर पर आरोपी ज्योति उर्फ सोनी व उसके बेटे और भाई के खिलाफ हत्या का केस दर्जकर गिरफ्तार कर लिया गया है।



मृतक संतोष के रोते-बिलखते परिजन। संवाद

### काली मंदिर पर हुआ था विवाद

पुलिस छानबीन में पाया गया कि आरोपी ज्योति उर्फ सोनी अपने मायके में रहती है। दोनों एक ही बिरादरी के हैं। विवाद का कारण मृतक की बेटी और आरोपी की बेटी के बीच घटना से दो दिन पूर्व काली मंदिर पर झगड़ा हुआ था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच दो दिन से कहासुनी हो रही थी। घटना से पूर्व मृतक पिंटू उर्फ संतोष काली मंदिर पर बैठा हुआ था। जो आरोपी के घर के सामने ही है। जहां पर आरोपी व उसके परिवार के लोग उसे उल्टासीधा बोलने लगे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच फिर से झगड़ा हुआ था।

### चार मासूमों के सिर से उठ गया पिता का साया

क्षेत्र के दासडीह गांव में बच्चों के विवाद को लेकर हुई मारपीट में जहां सोनी का सुहाग उजड़ गया वहीं उसके चार मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। परिवार के कमाऊ सदस्य की मौत से परिवार के समक्ष दो जून की रोटी का संकट उत्पन्न हो गया। मृतक की पत्नी सोनी देवी सहित सभी परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक का सबसे बड़ा बेटा राजेश दस साल, पुत्रियां नैना आठ साल, मैना पांच साल तथा परी महज दो साल की है।

थाना बेलहरकला थाना के दासडीह गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना पर एसओ तत्काल मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक की पत्नी से तहरीर लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

-सुशील कुमार सिंह, एएसपी

# गैरइरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने गैर इरादतन हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने अपनी प्रेमिका को डंडे से मारकर हत्या कर दिया था।

जानकारी के अनुसार उमरिया निवासी भोलेनाथ ने 5 सितंबर को अपनी प्रेमिका को किसी अन्य से बात करने से मना करने व आपसी विवाद करते हुए प्रेमिका के सिर पर डंडे से मारा। जिससे वह बेहोश हो गई। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने थाना स्थानीय पर प्राप्त मेमो के आधार पर केस पंजीकृत किया। पुलिस ने मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार कर समस्त विधिक कार्रवाई पूरी करे संबंधित न्यायालय भेज दिया। जहां से आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।




अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन करते बिजलीकर्मी। स्रोत-बिजली कर्मी

# सीएजी की रिपोर्ट पर कार्रवाई कर टोरेंट का करार रद्द किया जाए

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**संतकबीरनगर।** विद्युत निगमों के निजीकरण के विरोध में सोमवार को भी बिजली कर्मियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना दिया। इस दौरान बिजली कर्मियों ने निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त करने की मांग की। इसके साथ ही सीएजी की रिपोर्ट पर कार्रवाई कर टोरेंट पावर का करार रद्द करने की भी मांग उठाई।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी पुष्पेंद्र भारती ने आगरा फ्रेंचाइजी की बिडिंग में किए गए घोटाले और कैग की अनुशंसा दबा देने के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और घोटाला करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश में पूर्व में हुए आगरा और ग्रेटर नोएडा के निजीकरण में घोटाले को देखते

## निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों ने दिया धरना

हुए पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जानी चाहिए। संघर्ष समिति के पदाधिकारी विकास पंचाल ने कहा कि पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। यह उपभोक्ताओं व कर्मचारियों के हित में नहीं है। ऐसे में निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त किया जाए।

इस दौरान इंजीनियर मुकेश गुप्ता, दिलीप मौर्य, भास्कर पांडेय, सुनील प्रजापति, मारायण चंद्र, प्रदुम्न कुमार, श्रवण प्रजापति, धीरेंद्र यादव, उमेश चौधरी, विजय कुमार, रमेश प्रजापति, अशोक कुमार, आर्यन कुमार, आशीष कुमार, मनीष मिश्रा, देवप्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# प्रधान को पीटा, 12 पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## बेलहरकला क्षेत्र के बेलवा मिश्र गांव का मामला

**संतकबीरनगर।** बेलहरकला थाना क्षेत्र के बेलवा मिश्र गांव में मनबढ़ों ने प्रधान के साथ मारपीट की घटना की। पुलिस ने ग्राम प्रधान की तहरीर पर 12 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

एसओ अनिल कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बेलवा मिश्र गांव निवासी अतीकुर्रहमान ने अपने शिकायत पत्र में बताया कि वह वर्तमान ग्राम प्रधान हैं। वह गांव में 4 सितंबर को रात लगभग 10 बजें मकतब मदरसा पर ईद मिलादुन्नबी के प्रोग्राम से होकर अपने गांव के पूरब अकेले जा रहे थे। रास्ते में लगे बैनर को पलट कर देख लिया। उसी बात को लेकर मोहम्मद जुबेर उर्फ सहजाद व वलीउल्लाह गाली व जान से मारने की धमकी देने लगे। मना करने पर दोनों पीछे से उनके सिर पर मार दिए।

उनके बुलाने पर अनीस, इरफान, इमरान, मोहम्मद साद उर्फ आजाद, गयासुद्दीन, एकलाक, ओबैदुल्लाह उर्फ मुन्ना, सफीउल्लाह, अमीरुल्लाह, शमसुलवरा एक होकर लाठी डंडा व रॉड से मारने पीटने लगे। जुबेर उर्फ सहजाद अपनी चार पहिया गाड़ी से उनके ऊपर चढ़ाने की कोशिश की। जब वह अपने घर की तरफ भागे तो उक्त लोग एकजुट होकर घर पर चढ़कर उन्हें मारे-पीटे।

एसओ ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्जकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# दो दोषियों को जेल में बिताई गई अवधि की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

अदालत से

**संतकबीरनगर।** न्यायालय ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत मारपीट के मामले में दो दोषियों को जेल में बिताई गई अवधि और दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

पुलिस के गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन की प्रभावी पैरवी के बाद 8 सितंबर को न्यायालय जेएम की कोर्ट ने थाना कोतवाली खलीलाबाद से संबंधित अभियुक्त रामसांवर यादव व रामवेलास यादव को दोषसिद्धि के आधार पर जेल में बिताई गई अवधि व प्रत्येक 1000-1000 रुपये जुर्माने से दंडित किया।

जुर्माना अदा न करने पर अभियुक्त प्रत्येक को 5-5 दिन के साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। संवाद

GONDA POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–09–09–2025

# मारपीट के दो मामलों में 14 लोग नामजद

संवाद न्यूज एजेंसी

तरबगंज। मारपीट के दो मामलों में पुलिस ने 14 लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पहला मामला बनगांव (बढ़ई पुरवा) का है। प्रदीप मिश्र ने आरोप लगाया कि रविवार शाम वह अपनी आबादी की भूमि पर टिन शेड रख रहे थे। तभी गांव के ही बांकेलाल और उसके तीन बेटे राजू, श्याम व टोनी, पत्नी मीना, नन्हे, ईश्वर दीन और अमित मिश्र ने ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इससे प्रदीप की पत्नी निर्मला, भाई देवेंद्र कुमार सहित कई लोग घायल हो गए। इसी मामले में दूसरे पक्ष की पार्वती ने आरोप लगाया कि भूमि विवाद में प्रदीप मिश्र, उसके भाई संदीप, आशुतोष मिश्र और संजय उनके सहन-दरवाजे पर आकर लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर से हमला कर दिए। इसमें पार्वती स्वयं, सुनीता, राजू और बांकेलाल घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरा मामला बौरिहा गांव का है। अमरेश कुमार ने गांव के ही तेज बहादुर सिंह और उसके बेटे विक्रांत पर आरोप लगाया कि मजदूरी बकाया होने के बावजूद उन पर मजदूरी करने का दबाव बनाया गया। शनिवार शाम जब अमरेश घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में पिटाई कर दी गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट और एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज किया है। विवेचना क्षेत्राधिकारी करेंगे।

## ट्रेन से गिरकर यात्री घायल

मसकनवा। सोहिला गांव में रेलवे अंडरपास के निकट रविवार रात ट्रेन से गिरकर यात्री नरेश चौहान (50) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सोमवार सुबह जानकारी होने पर स्थानीय लोगों ने नरेश को छपिया सीएचसी पहुंचाया, जहां से दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज अयोध्या भेज दिया गया। छपिया इंस्पेक्टर राम समुझ प्रभाकर ने बताया कि नरेश ग्राम रायपुर खोपा थाना नेबुआ नौरंगिया जिला कुशीनगर के निवासी है। वह सामान्य टिकट पर कुशीनगर एक्सप्रेस से मुंबई जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए। परिजनों को सूचना दी गई है। (संवाद)

# युवक को तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट रख 1.15 लाख हड़पे

संवाद न्यूज एजेंसी

परसपुर। साइबर जालसाजों ने एक युवक के फोन पर अश्लील फोटो व वीडियो भेजकर गिरफ्तारी का भय दिखाते हुए तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 1.15 लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने चौथे दिन परसपुर पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने छानबीन शुरू की है।

पांडेयपुरवा सकरौर निवासी दिनेश यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह परसपुर बाजार में कपड़े की दुकान पर नौकरी करते हैं। बीते चार सितंबर को फोन पर अश्लील फोटो-वीडियो के मेसेज आने लगे। वह कुछ समझ पाते इससे पहले जालसाजों ने पुलिस की वर्दी में एक युवक की पिटाई करते हुए दो लोगों का वीडियो भेज दिया। इससे वह दहशत में आ गए। आरोपी जालसाजों ने तीन दिन तक धमकी देकर उनसे 12 बार में खाते से 1.15 लाख रुपये कुछ खातों में ट्रांसफर करा लिए।

बीते सात सितंबर को दोबारा कॉल कर 45 हजार रुपये की मांग की। रकम न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी के साथ ही गिरफ्तारी का डर दिखाते रहे। घबराए दिनेश ने अपने साथियों को जानकारी दी। जालसाजों ने एक वीडियो भेजा, जिसमें पुलिस वाहन का सायरन बजता सुनाई पड़ रहा है। पीड़ित ने बताया कि वह परिवार सहित दहशत में आ गए। इसलिए किसी को जानकारी नहीं दी। थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है।

**चौथे दिन शिकायत लेकर परसपुर थाने पहुंचा पीड़ित छानबीन कर रही पुलिस**

## शादी का झांसा देकर नकदी व गहने हड़पे

गोंडा। खोड़ारे इलाके के एक गांव निवासी युवक को शादी कराने का झांसा देकर दंपती ने नकदी व जेवर हड़प लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। युवक ने थाने में तहरीर देकर बताया कि पांच साल पहले पत्नी की मौत हो गई थी।

**खोड़ारे के एक गांव का मामला**

**दंपती के खिलाफ केस दर्ज**

बीते 28 अगस्त की सुबह परसा खुजवा निवासी मुन्नू यादव अपनी पत्नी मीना के साथ उनके घर पहुंचे। अपनी बेटी से शादी करने की बातचीत की। इसके दो दिन बाद युवक उनके गांव पहुंचा तो लड़की को दिखाने के नाम पर एक जोड़ी पायल, सोने की एक अंगूठी और 31 हजार रुपये ऐंठ लिए। युवक का आरोप है कि गांव से बाहर आने पर मुन्नू यादव के बेटे सुभाष ने गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि दंपती इस तरह से पहले भी कई लोगों से ठगी कर चुके हैं। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है। (संवाद)

# कीर्तिवर्धन मामले में अब 22 को होगी सुनवाई

**गोंडा।** विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर के मामले की सोमवार को सुनवाई टल गई है। विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए कोर्ट अपेक्षा सिंह ने सोमवार को इस मामले में एफआईआर की कॉपी प्रस्तुत करने या मनकापुर कोतवाल को न्यायालय में हाजिर होने को कहा था। अब इस मामले में सुनवाई 22 सितंबर को होगी।

**अदालत से**

विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए कोर्ट ने भूमि विवाद के मामले में मनकापुर के भिटौरा निवासी अजय सिंह की याचिका पर 11 अगस्त को कीर्तिवर्धन सिंह सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का मनकापुर कोतवाल को आदेश दिया था। आदेश के खिलाफ कीतिवर्धन ने निगरानी वाद दाखिल किया है, जिस पर जनपद न्यायाधीश ने 20 सितंबर को सुनवाई तय की है। (संवाद)

# युवक ने फंदा लगाकर जान दी

भंभुआ/करनैलगंज। राजेपुर मलौली बंजरिया निवासी मोनू (28) ने सोमवार सुबह अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। उपनिरीक्षक सरफराज खान ने छानबीन कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। छानबीन की जा रही है। (संवाद)

# जांच के 14 वर्ष बाद दर्ज हुआ केस

## संपूर्ण समाधान दिवस पर सदर तहसील में विधायक, डीएम, एसपी व सीडीओ ने की जनसुनवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

रुपईडीह/मनकापुर/करनैलगंज/तरबगंज। सदर तहसील में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विधायक प्रतीक भूषण सिंह, डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी विनीत जायसवाल ने जनसमस्याओं की सुनवाई की। खरगूपुर के चौरी परिहार निवासी फरियादी छविराम वर्मा ने बताया कि उनकी शिकायत पर 20 जून 2009 को तत्कालीन मंडलायुक्त डीसीडी भार्गव व डीएम मुक्तेश मोहन मिश्र के निर्देश पर एसडीएम ने जांच की। इसके बाद वर्ष 2023 में नगर कोतवाली पुलिस ने लेखपाल, रजिस्ट्रार कानून-गो समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ दस्तावेजों में हेराफेरी समेत अन्य आरोपों में रिपोर्ट दर्ज की। मगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। इतने वर्षों में अनगिनत के बार प्रार्थनापत्र दे चुके हैं। इस पर डीएम व एसपी ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

रुपईडीह के लैबुड़वा की प्रधान संगीता ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों ने पंचायत भवन व आंगनवाड़ी केंद्र की भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है। बीते 18 मार्च को कमिश्नर शशिभूषण लाल सुशील के आदेश पर एसडीएम ने नायब तहसीलदार की अगुवाई में राजस्व टीम भेजी। इस दौरान आरोपियों ने अभिलेख फाड़ दिए। टीम बिना अतिक्रमण हटाए ही लौट गई। राजाजोत के रमेश पांडेय ने विकास कार्यों की जांच की मांग की।८

डीएम ने नायब तहसीलदार व बीडीओ को तत्काल अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए हैं। सीडीओ अंकिता जैन ने भी समस्याओं की सुनवाई कर निराकरण का निर्देश दिया।



सदर तहसील में समाधान दिवस शिविर में प्रार्थनापत्र देते फरियादी। स्रोत : सूचना विभाग

| तहसील | शिकायतें | निस्तारण |
|---|---|---|
| गोंडा सदर | 137 | 06 |
| करनैलगंज | 97 | 08 |
| मनकापुर | 70 | 03 |
| तरबगंज | 67 | 06 |

(आंकड़ा स्रोत- चारों तहसील)

सदर तहसील में डीएम व एसपी ने एक-एक शिकायत सुनी। इसके बाद संबंधित अधिकारी को निस्तारण की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं, फरियादियों की संख्या अधिक होने के चलते सभागार में अव्यवस्था रही। कई बार डीएम को खुद शांत करने के लिए लोगों से अनुरोध करना पड़ा। इसके बाद कतारबद्ध तरीके से सुनवाई की गई।

### कागज में हो गया कनेक्शन काट रहे चक्कर

बेलसर के एली परसौली निवासी छोटू व मंगल प्रसाद ने तरबगंज तहसील में एसडीएम विश्वमित्र सिंह को व्यथा सुनाई। कहा कि वर्ष 2018 से उनके घर में बिजली का बिल आ रहा है। मगर मौके पर न तो कनेक्शन किया गया और न ही बिजली का उपभोग किया है। कई बार प्रार्थनापत्र दे चुके हैं। मगर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मनकापुर में सीआरओ महेश प्रकाश से क्षेत्र पंचायत सदस्य संजीव तिवारी समेत दर्जनों लोगों ने लेखपाल की मनमानी की शिकायत की। इसके बाद सीआरओ ने लेखपाल की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। जबकि करनैलगंज तहसील में एडीएम आलोक कुमार ने सुनवाई की। इस दौरान सबसे अधिक भूमि विवाद से जुड़े मामले सामने आए।

# ड्रोन दिखने व चोरी की अफवाहों से सहमे लोग

**उतरौला।** नगर और ग्रामीण इलाकों में बीते कुछ दिनों से उड़ते ड्रोन और चोरी की अफवाहों लोग सहमे हुए हैं। कई गांवों में अज्ञात ड्रोन दिखने की चर्चा ने जोर पकड़ रखा है। वहीं, पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है।

प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने कहा कि ड्रोन उड़ने और चोरी की घटना में कोई सच्चाई नहीं है। अफवाह के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। क्षेत्र के मुजहनी, उतरौला ग्रामीण, पिपरा रामचंद्र, बभनी भुरूकुंडा, बनई, पिपरा यकूब सहित दर्जनों गांवों में बीते दिनों ग्रामीणों ने उड़ते ड्रोन देखने का दावा किया।

क्षेत्र के जफरुल इस्लाम, प्रहलाद, शनि आदि का कहना है कि रात में आसमान में टिमटिमाती रोशनी के साथ गोल-गोल घूमती चीज दिखाई दी, जिसे देखकर लोग सहम गए। (संवाद)

# अग्रिम जमानत निरस्त

गोंडा : तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार ने ग्राम टेगहना थाना परसपुर निवासी विनोद कुमार का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर लौट रहे अधिवक्ता आशुतोष के भाई पर हमला कर छीनैती की थी। पीड़ित के स्वजन ने आरोपित व उसके साथियों के विरुद्ध थाना परसपुर में मुकदमा कराया था। (संसू)

# उमस भरी गर्मी में बहाया पसीना और आश्वासन लेकर लौट गए

## संपूर्ण समाधान दिवस

जागरण टीम • गोंडा : दोपहर के एक बज रहे थे। सदर तहसील सभागार में सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी विनीत जायसवाल शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे।

उमस भरी गर्मी से फरियादी के साथ ही अधिकारी भी बेहाल दिखे। कोई माथे का पसीना पोछ रहा था तो कोई गर्मी से परेशान होकर निकल रहा था। कांशीराम कालोनी व आसरा आवास में अवैध कब्जे की शिकायत पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने ईओ को जांच करके कार्रवाई के निर्देश दिए। धानेपुर की गीता ने मकान पर अवैध कब्जे की शिकायत की। एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश दिए। यहां कतार में इंतजार करने के बाद फरियादियों को आश्वासन लेकर लौटना पड़ा। यहां आई 137 में से सिर्फ छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका। डीएम ने कहा कि अवैध अतिक्रमण व चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के

अधिकारी मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। तालाब की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण को पुलिस फोर्स के साथ हटवाएं। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं और उनके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें। निस्तारण की फोटोग्राफी/ वीडियोग्राफी भी कराई जाए। सीडीओ अंकिता जैन, एसडीएम अशोक कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। तरबगंज : एसडीएम विश्वमित्र सिंह ने शिकायतों की सुनवाई। यहां 76 शिकायतें आईं, जिसमें से छह का मौके पर निस्तारण किया गया। जमालुद्दीनपुर के सूर्यलाल ने चकमार्ग, रांगी के प्रेमचंद ने जलमग्न भूमि पर कब्जे की शिकायत की। कर्नलगंज व मनकापुर में भी एसडीएम ने जनशिकायतों की सुनवाई की।

कर्नलगंज : स्थानीय तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने की। उप जिलाधिकारी जितेंद्र गौतम,सीओ अभिषेक दावान्या, तहसीलदार सुभद्र प्रसाद, नायब तहसीलदार की उपस्थिति में हुई सुनवाई में 97 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें अधिकांश शिकायतें अवैध कब्जे की रहीं। आठ के मौके पर ही निस्तारण का दावा किया गया। टर्टल सर्वाइवल एलाइंस के पदाधिकारियों ने नवरात्रि में प्रतिमाओं का विसर्जन सरयू नदी में न कराकर वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की।



सदर तहसील में जनसुनवाई करतीं डीएम प्रियंका निरंजन बाएं से दूसरी सौ सूचना विभाग

# दबंगों ने किया कब्जा, डीएम ने दिए कार्रवाई के आदेश

संसू, जागरण • गोंडा : नगर पंचायत धानेपुर के बाबूरामपुरवा निवासी गीता देवी ने डीएम को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि मुहल्ले में बने मकान पर विपक्षी कब्जा कर रहे थे। एसडीएम सदर को पत्र देने पर मकान में ताला लगवा दिया गया था। विपक्षी ने ताला व दीवार तोड़कर पीछे से निर्माण करा रहे हैं। विरोध करने पर अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने डीएम से अवैध अतिक्रमण हटवाने व अवैध कब्जेदारों के खिलाफ मुकदमा कराने की मांग की है। डीएम प्रियंका निरंजन ने एसडीएम सदर को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

# निगरानी प्रार्थनापत्र का निस्तारण लंबित, 22 को होगी सुनवाई

संसू, जागरण • गोंडा : एमपी/एमएलए न्यायालय की विशेष मजिस्ट्रेट अपेक्षा सिंह ने जिला न्यायाधीश के न्यायालय पर केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के निगरानी प्रार्थनापत्र के लंबित होने पर पीड़ित पक्ष की ओर से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई के लिए 22 सितंबर की तारीख नियत की है। बीते एक सितंबर को न्यायालय ने कोतवाली मनकापुर के प्रभारी निरीक्षक से आठ सितंबर तक आख्या के साथ प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति मांगी थी।

सोमवार को पीड़ित के प्रार्थनापत्र पर सुनवाई के दौरान आदेश के विरुद्ध निगरानी के लंबित होने की जानकारी के बाद न्यायालय ने अगली तारीख दी। मनकापुर के ग्राम भिटौरा निवासी पीड़ित अजय सिंह ने जमीन फर्जीवाड़े में दर्ज मुकदमे में सुलह का दबाव बनाने व धमकाने का आरोप लगाया था। पीड़ित ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173(4) के अंतर्गत न्यायालय में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया था और आरोप लगाया कि मनकापुर में पत्नी मनीषा सिंह के नाम भूमि बैनामा कराई थी। उक्त भूमि का ही विपक्षियों ने तीन वर्ष पुराने स्टांप पेपर का उपयोग करके कथित बैनामा करा लिया। फर्जी बैनामे को लेकर पीड़ित ने मुकदमा कराया था। भूमि फर्जीवाड़े से संबंधित मुकदमे में सुलह का दबाव बनाने के लिए पीड़ित को तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा था और फर्जी आरोप लगाकर पीड़ित के विरुद्ध दो मुकदमे भी कोतवाली मनकापुर में दर्ज कराए गए। सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। न्यायालय ने केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, उनके प्रतिनिधि राजेश सिंह, ड्राइवर पिंकू व दो अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश बीते 11 अगस्त को दिया था। पीड़ित ने आदेश की प्रति 13 अगस्त को कोतवाली मनकापुर के प्रभारी निरीक्षक को दिए जाने के बाद 18 दिनों बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था। पीड़ित ने बीते 28 अगस्त को आदेश का अनुपालन कराए जाने की मांग कर न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया था। विशेष मजिस्ट्रेट ने रिपोर्ट तलब की है। वहीं दूसरी ओर विशेष मजिस्ट्रेट के आदेश के विरुद्ध केंद्रीय राज्यमंत्री ने जिला न्यायाधीश के न्यायालय पर निगरानी प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया था जिसकी सुनाई 20 सितंबर होनी है।

# गश्त के दौरान नगर पंचायत के नाले में गिरा पीआरडी जवान

संसू, जागरण • कटराबाजार (गोंडा): ब्लाक मुख्यालय के एसबीआइ बैंक पर तैनात पीआरडी (प्रांतीय रक्षा दल) का जवान राकेश पासवान सात सितंबर की रात में गश्त के दौरान नगर पंचायत के नाले में गिरकर घायल हो गए। पुलिस ने उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। अधीक्षक डा इंदू सिंह राणा ने बताया कि घायल जवान को प्राथमिक उपचार के बाद बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया है। घायल के भाई छैलू पासवान ने बताया कि चिकित्सक ने पैर व कमर में फ्रैक्चर होने की बात कही है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि पीआरडी जवान राकेश का इलाज चल रहा है। अधिशासी अधिकारी सुरभि पांडेय ने बताया कि नगर पंचायत के खुले नालों पर शीघ्र ही ढक्कन लगवाया जाएगा।



अस्पताल में भर्ती घायल पीआरडी जवान राकेश पासवान • जागरण

# कलवार पुरवा में किसान को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

संसू, जागरण • कौड़िया (गोंडा) : ग्राम पंचायत महापार के मजरा कलवार पुरवा गांव के पास खेत की रखवाली कर रहे किसान को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

स्वजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। बताया जाता है कि कलवार पुरवा निवासी रायबहादुर जायसवाल रविवार की रात में खेत की रखवाली करने गए थे। खेत के पास सड़क पर बैठे थे कि अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। रायबहादुर जायसवाल के दो छोटे बच्चे हैं। दो वर्ष का बेटा सार्थक और पांच वर्ष की बेटी सौम्या है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पत्नी सुमन देवी के तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा किया गया है।

# ई रिक्शा में सवार महिला का पर्स छीन ले गए बदमाश

मोतीगंज : वीरेपुर निवासी चंद्रकला सिंह ने दी गई तहरीर में कहा कि वह अपनी बहू नेहा सिंह के साथ चिस्तीपुर मौर्य डाक्टर के यहां से दवा लेकर घर वापस जा रही थी। गोविंदपारा के आगे बिरवा मोड़ पर दो बाइक सवार युवकों ने बहू के हाथ से पर्स छीन कर फरार हो गए। बैग में मोबाइल, रुपये व जरूरी कागजात थे। (संसू)

# ट्रेन से गिरा युवक गंभीर रूप से घायल

**छपिया।** मसकनवा-छपिया रेलवे स्टेशन के मध्य दीननगर अंडरपास के पास ट्रेन से गिरने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

रविवार की रात दीननगर अंडर पास के पास कुशीनगर एक्सप्रेस ट्रेन से नरेश चौहान पुत्र हरिहर चौहान उम्र 42 साल निवासी ग्राम रायपुर खोपा थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर गिर गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर चौकी प्रभारी मसकनवा तेज नारायण गुप्ता ने उपचार के लिए उसे सीएचसी ले गये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि युवक ट्रेन से मुम्बई जा रहा था।

# भूमि विवाद में दोनों पक्षों के 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज

तरबगंज। भूमि विवाद में पुलिस ने दोनों पक्षों के बारह लोगों के खिलाफ क्रास केस दर्ज किया है।

बनगांव बढ़ई पुरवा निवासी प्रदीप कुमार मिश्रा ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीते रविवार को अपने आबादी में टीनशेड रख रहा था। इसी बीच विपक्षी बांकेलाल, राजू, श्याम, टोनी, मीन, नन्हे व ईश्वरदीन आकर ईंट-पत्थर फेंकने लगे। इसमें पत्नी निर्मला देवी व भाई देवेन्द्र कुमार, अवध नारायन और संजय को चोटें आईं। यहीं नहीं जब संजय घर के तरफ भागा तो लोहे की छड़ से मारे है। वहीं दूसरे पक्ष की पार्वती पत्नी कुन्नू शर्मा का आरोप लगाया है कि भूमि विवाद को लेकर विपक्षीगण प्रदीप मिश्रा, संदीप मिश्रा, आशुतोष मिश्रा व संजय निवासी उसके सहन दरवाजे पर पहुंचकर अभद्रता करने लगे।

विरोध पर उसे व परिवार वालों सुनीता, राजू व बांकेलाल को अपशब्द कहते हुए हाथ, लात व लाठी से मारने पीटने लगे। शोर मचाने पर विपक्षीगण ईंट-पत्थर फेककर भी मारने पीटने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। कोतवाल ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज किया है।

# साहब ! बस परमिट को महीनों से दौड़ा रहे अफसर

**समाधान दिवस**

- 137 से अधिक फरियादी अपनी अर्जी लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे
- जिलाधिकारी ने तत्काल समस्या का निस्तारण करने का आदेश दिया



सोमवार को सदर तहसील में लोगों को समस्याएं सुनती डीएम और अन्य अफसर।

**गोण्डा, संवाददाता।** साहब, मिनी बस की परमिट के लिए चार महीने से विभाग का चक्कर काट रहे है। कई बार आश्वासन मिला लेकिन परमिट बन नहीं सकी। शहर के महाराजगंज निवासी दिव्यांग शत्रुध्न लाल शर्मा ने बताया कि वह परेशान हैं। परिवार की आजीविका चलाने के लिए मिनी बस खरीदी है लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी चार महीने से दौड़ा रहे है।

यह सुनते ही जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने संबंधित अफसर को फौरन कार्यवाही का आदेश दिया। डीएम ने दिव्यांग की शिकायत पर आरटीओ के अधिकारियों से बात का तत्काल पीड़ित को वहीं जाने को कहा। सोमवार को उमसभरी गर्मी के बाद भी सैकड़ों फरियादी न्याय पाने की आस में संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। सदर तहसील के सभागार में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की भीड़ रही। यहां विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, एसपी विनीत जायसवाल और सीडीओ अंकिता जैन ने लोगों की फरियाद सुनी। खरगूपुर की एक पीड़िता ने रस्ते पर दबंगों के कब्जा करने की शिकायत की। डीएम ने तत्काल समस्या का निस्तारण करने का आदेश दिया। ऐसी शिकायतें लेकर 137 से अधिक फरियादी अपनी अर्जी लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे और जिलाधिकारी से गुहार लगाई। जिसमें छह प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया।

# महिला से एक लाख रुपये ठगे, रिपोर्ट दर्ज

गोण्डा। कोतवाली देहात क्षेत्र की एक महिला ने ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपियों ने उससे एक लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता पूनम के अनुसार आरोपी शिवकुमार, शान्ति देवी और प्रिंस पटवा ने फर्जी तरीके से उसके वाहन से दुर्घटना कारित करने की बात कहकर उसके खाते से 95 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए, और 5 हजार रुपये नगद ले लिए। महिला ने बताया कि आरोपियों ने उसे 10 रुपये के स्टाम्प पेपर पर लिखा पढ़ी करवाया जिसमें कोई अग्रिम कार्यवाही न करने की बात कही गई है।

# मारपीट के मामले में चार पर मुकदमा

उमरी बेगमगंज। थाना क्षेत्र के अमदही पूरे काजी पुरवा में रविवार शाम को हुई मारपीट और धमकी देने के घटना में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

श्यामधर पुत्र तेजबहादुर ने थाने में दी तहरीर में बताया कि रविवार को शाम संतोष कुमार, संजय, शिवम और मिठ्ठू लाल ने उनकी पत्नी गुड़िया, बेटे उत्तम और विशाल के साथ अभद्र व्यवहार किया। आरोपियों ने अपशब्द कहते हुए लाठी, मुक्के और ईंट-पत्थर से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने श्यामधर की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# आलू का पैसा मांगने पर किसान को पीटा, केस

- किसान की तहरीर पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा

रुपईडीह, संवाददाता। कन्नौज के किसान ने आलू खरीद कर पैसा न देने एवं मारने पीटने व जान से मार डालने की धमकी देने की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने तीन नामजद सहित चार लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

जनपद कन्नौज के नगला अंगद के निवासी श्याम सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर कहा कि वह आलू की खेती करते हैं। उन्होंने अपनी उपज आलू को बेचने के लिए आलू की बानगी व्यापारियों के ग्रुप पर डाला था। जिस पर गोंडा जिले के आर्यनगर के आलू व्यापारी हीरालाल अवस्थी व सूरज अवस्थी निवासी गौवनरिया थाना खरगूपुर ने 30 टन 250 किलोग्राम आलू तीन लाख बाइस हजार में खरीद करते हुए ट्रक से मंगवा लिया। इस आलू को हाजी मुन्नू निवासी अब्दुल रहमान एंड कंपनी बलरामपुर के यहां उतरवाते हुए मंडी में पैसा देने की बात कहते हुए उसे बाइक पर बैठकर गोंडा बस स्टॉप पर ले गए।

# कोर्ट ने पुलिस से तलब की रिपोर्ट

गोंडा। धोखाधड़ी करके भूमि बैनामा प्रकरण में एमपी/एलएमए (सीनियर डिवीजन) कोर्ट ने पुलिस से रिपोर्ट मांगी। कोर्ट ने मामले की अगली अग्रिम सुनवाई की तिथि 22 सितम्बर नियत की है। केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह की ओर से पैरवी कर रहे फौजदारी मामलों के वरिष्ठ अधिवक्ता व बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी व रमेश प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि वादी अजय सिंह द्वारा अपने प्रार्थनापत्र में विषय वस्तु एवं यथा स्थिति को भी छिपाकर केस दायर किया गया था।

जिसमें कोर्ट को गुमराह करके एफआईआर का आदेश पारित करा लिया गया था। जिसके विरुद्ध केंद्रीय राज्य मंत्री की तरफ से जिला जज के समक्ष निगरानी प्रस्तुत की गई।

# BALRAMPUR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–09–09–2025

# चरस तस्कर को 14 वर्ष कारावास

**बलरामपुर।** चरस तस्करी के मामले में आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार ने 14 वर्ष साश्रम कारावास व एक लाख 40 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

थाना जरवा में तैनात उप निरीक्षक राम कुमार वर्मा ने 24 अगस्त 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप लगाया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी राज विश्वकर्मा पुत्र दयामन निवासी ग्राम ककरवानाका थाना सिरिया जनपद दांग नेपाल राष्ट्र को 7.967 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था।

# आए दिन चोरी से दहशत में ग्रामीण रात भर जाग रहे

**आक्रोश**

**उतरौला, संवाददाता।** उतरौला नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बीते कई दिनों से चोरों की अफवाह ने लोगों के बीच भय का माहौल बना दिया है। हालात यह हैं कि पूरे क्षेत्र में लोग चौकन्ने होकर रातभर जागकर पहरा दे रहे हैं।

बताया जाता है कि राजा बाज़ार स्थित मदीना मस्जिद के पास रविवार देर रात अचानक भगदड़ मच गई। लोगों ने चोरों की आशंका जताई, जिसके बाद पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसी तरह उतरौला के पूर्वी हिस्से में हलवाई की गली में भी अफवाहों के चलते लोग घरों से बाहर निकल आए और शोर-गुल मच गया। पूरे नगर में लोग पूरी रात जगवाही करते देखे जा रहे हैं। महिलाएं, बच्चे और बुज़ुर्ग भी मजबूरी में अपने-अपने घरों में जागकर चौकसी कर रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में भी दहशत का माहौल है। इसी तरह ग्राम बदलपुर, चौखड़िया, इमलिया, बनकटवा, चीती समेत दर्जनों गांवों में रातभर लोग पहरा देते नज़र आ रहे हैं। सैकड़ों की तादाद में लोग हाथों में डंडे, टॉर्च और लाठी लेकर गलियों और मोहल्लों में गश्त लगा रहे हैं। स्थानीय लोग प्रशासन से क्षेत्र में नियमित गश्त और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग कर रहे हैं, ताकि अफवाहों पर लगाम लगाने के साथ सच्चाई का पता लगाया जा सके।

## चोर को पकड़ा, सामान भी बरामद किया

**बलरामपुर।** अलग-अलग चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चोर को थाना कोतवाली नगर की पुलिस ने रविवार को पकड़ लिया है। आरोपी चोर के पास से चोरी किए गए सामान को पुलिस ने बरामद किया है। आरोपी चोर पर अलग-अलग थाने में लगभग ढाई दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं। सीओ सदर ज्योति श्री ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि थाना कोतवाली नगर में हुई चोरी से संबंधित अभियुक्त गैजहवा निवासी सूरज कनौजिया पुत्र बुधई मेवालाल हनुमान मंदिर के पास मौजूद है। वह अन्य जगह चोरी करने की फिराक में है। सूचना पर एक दर्जन पुलिस टीम के साथ आरोपी को पकड़ने के लिए पहुंच गए। उन्होंने बताया कि पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा। जिसका पीछा करते हुए पुलिस टीम ने दिपवा बाग स्थित कब्रिस्तान के पास पकड़ लिया।



उतरौला में रविवार की देर रात लाठी और डंडा देकर पहरा करते लोग। इन दिनों यहां चोरियों से लोगों में दहशत व्याप्त है। पूरे इलाके के लोग टाइम टेबल बनाकर रातों में पहरा दे रहे हैं। साथ ही पुलिस प्रशासन से चोरियों पर लगाम कसने की भी मांग की है।

# छात्र-छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की जरूरत



मोहकमपुर में कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते विधायक, एसएसबी जवान व अन्य

**जरवा, संवाददाता।** सशस्त्र सीमा बल 9वीं वाहिनी बलरामपुर की ओर से ग्राम पंचायत मोहकमपुर जरवा सचिवालय में नागरिक जन कल्याण कार्यक्रम के तहत 20 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर छात्राओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

प्रशिक्षण शिविर का संचालन प्रेरणा फाउंडेशन की ओर से किया जा रहा है, जिसके अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण के पहले दिन छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर की मूलभूत जानकारी दी। प्रशिक्षण में कुल 35 बच्चों को चयनित किया गया है, जिनमें 30 लड़कियां और 5 लड़के शामिल हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों को कंप्यूटर का प्रारंभिक ज्ञान देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टूराम एवं तुलसीपुर क्षेत्राधिकारी बृजनंदन राय रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा आवश्यक हो गई है। एसएसबी की ओर से की गई यह पहल सराहनीय है।

# सामान के साथ चोर को पकड़ा गया

**बलरामपुर** । शहर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर को थाना कोतवाली नगर की पुलिस ने उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह चोरी किए गए सामान को बेचने की फिराक में था। थाना कोतवाली नगर की पुलिस उसे पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही थी। पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया है।

सीओ ज्योति श्री ने बताया कि भगवतीगंज निवासी ज्ञान प्रकाश गुप्ता पुत्र स्व रामचन्दर गुप्ता निवासी ने 21 अगस्त को सूचना दिया कि अज्ञात चोर उसके घर के अंदर घुस कर घर के अंदर रखी दो तिजोरियो के अंदर से लगभग 25 हजार रुपए, चांदी का सिक्का चुरा ले गये है। उन्होंने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की गई। साथ ही 31 अगस्त को आकाश श्रीवास्तव निवासी मोहल्ला तुलसीपार्क के घर पर चोरी की सूचना मिली।



पेट्रोल पंप पर बाइक चालकों को हेलमेट लगाने के लिए जागरूक करते यातायात कर्मी

# मांस-मछली की बिक्री बंद कराने को ज्ञापन

संवादसूत्र, जागरण • तुलसीपुर (वलरामपुर): हाईवे व प्रमुख सड़कों के किनारे खुलेआम मांस मछली की ब्रिक्री की जा रही है। इसी को लेकर सनातन जागृति मंच ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी राकेश कुमार जयंत को सौंपा।

संयोजक दिलीप कुमार गुप्त ने बताया कि स्टेशन रोड देवीपाटन मंदिर जाने का मुख्य मार्ग है, जहां जगह-जगह मांस की बिक्री होने से श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचती है। इसी प्रकार नगर के जरवा रोड, लाल चौराहा, इटवा चौराहा व बलरामपुर रोड पर सहित कई स्थानों पर हाईवे व प्रमुख सड़क के किनारे मांस-मछली की बिक्री की जाती है। कहा कि प्रशासन की उदासीनता के चलते फिर से नगर के अलग-अलग हिस्सों में दुकानें खुल गईं। मांग की है कि नगर क्षेत्र की सभी मांस-मछली की दुकानों को हटाकर पुरवा तिराहे के पास स्थान दिया जाए। नगर अध्यक्ष जगराम, गुड्डू, सागर, अखिलेश, सुमित सोनी, जतिन, विक्की सत्यम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चोरी का माल बरामद, पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर

जासं• बलरामपुर: नगर के भगवतीगंज में 20 दिन पहले ज्ञान प्रकाश गुप्त व 30 अगस्त को तुलसीपार्क मुहल्ला निवासी आकाश श्रीवास्तव के घर में हुई चोरी का राजफाश पुलिस ने कर दिया है। नगर कोतवाली पुलिस ने चोरी का सामान बरामद करते हुए आरोपित सराय फाटक घसियारा मुहल्ला निवासी मोहम्मद अनीस उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है।

क्षेत्राधिकारी नगर ज्योतिश्री ने बताया कि बीते 21 अगस्त को ज्ञान प्रकाश गुप्त ने तहरीर दी कि उनके घर में घुसकर चोर दो तिजोरियों से 25 हजार रुपये नकद व चांदी के सिक्के उठा ले गए। मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक शिवलखन सिंह को सौंपी गई। इसके बाद 31 अगस्त को वादी आकाश श्रीवास्तव निवासी तुलसीपार्क ने तहरीर दी कि चोर उनके घर में घुसकर अलमारी से चांदी के आभूषण



नगर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में चोर • सौ. पुलिस मीडिया सेल

और 20 हजार नकद उठा ले गए। साथ ही उनके मकान मालिक के घर से चांदी के गिलास व चांदी की प्लेट, सिक्के व पांच घड़ियां चुरा ले गए थे। एसआइ संतोष कुमार को विवेचना दी गई थी।

प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपित मो. अनीस उर्फ गोलू को नहर बालागंज रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तीन सिक्के व एक जोड़ी पायल बरामद की गई है।

## चोरी में दो को अर्थदंड

बलरामपुर : न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम एवं सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट ने चोरी के अलग-अलग मामलों में दो अभियुक्तों को जेल में बिताई अवधि की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों को अर्थदंड से भी दंडित किया है। एएसपी विशाल पांडेय ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने श्रावस्ती के सिरसिया थाना स्थित खेरी तराइ गांव निवासिनी मामूला पत्नी छेदी को जेल में बिताई अवधि संग 3000 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। ललिया के मधवापुर गांव निवासी शोभाराम ने मामूला के विरुद्ध 31 अक्टूबर 1993 को मुकदमा दर्ज कराया था। इसी तरह सिविल जज सीनियर डिवीजन ने देहात कोतवाली के शेखरपुर गांव निवासी विनोद कुमार को 2000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अभियुक्त के विरुद्ध वादी बाबूराम की तहरीर पर 17 जून 1995 को मुकदमा दर्ज हुआ था।

# नेत्र परीक्षण सहायक ने फांसी लगाकर दी जान

**हस्ताक्षर बनाकर अस्पताल से कमरे पर चले आए थे नरेंद्र, आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी पुलिस**

संवादसूत्र. जागरण • सादुल्लाहनगर (बलरामपुर): सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहराबाजार में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत तैनात नेत्र परीक्षण सहायक नरेंद्र पांडेय की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव छत के कुंडे से साड़ी के फंदे के सहारे लटकता पाया गया। वह मूल रूप से ग्राम महादेव कला इटियाथोक गोंडा के निवासी थे। रेहराबाजार में किराये के मकान में पत्नी रंजना, 14 वर्षीय पुत्री मानवी व छह वर्ष के बेटे अप्पू के साथ किराये के मकान में रहते थे। घटना के समय नरेंद्र घर में अकेले थे। पत्नी व बच्चे स्कूल गए हुए थे।


मृतक नरेंद्र पांडेय • फाइल फोटो

मृतक के पिता ओम प्रकाश पांडेय उतरौला तहसील में कानूनगो पद पर तैनात हैं। बताया कि तीन बेटों में सबसे बड़े नरेंद्र वर्ष 2012 से सीएचसी रेहरा में तैनात थे। उनकी पत्नी रंजना स्वर्गीय रामलाल सिंह स्मारक कृषक बालिका इंटर कालेज में शिक्षक हैं। बताया कि सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे उनकी नरेंद्र से फोन पर बात हुई थी। इसके बाद नरेंद्र अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर ड्यूटी के लिए निकल गए। बताया जाता है कि नरेंद्र सीएचसी में हस्ताक्षर बनाने के बाद सुबह 10 बजे निकल गए। स्थानीय लोगों के अनुसार नरेंद्र कमरे पर आए और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। दोपहर में जब पत्नी स्कूल से घर लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखा के नरेंद्र छत के कुंडे से साड़ी के फंदे के सहारे लटके हुए हैं।

उन्होंने शोर मचाना शुरू किया तो स्थानीय लोग पहुंच गए। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा। इसके बाद नरेंद्र का शव नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। रेहराबाजार थाना के प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि छानबीन की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# चरस बरामदगी में नेपाली युवक को 14 वर्ष कारावास व एक लाख 40 हजार जुर्माना

जागरण संवाददाता ● बलरामपुर: अपर सत्र न्यायाधीश ने चरस बरामदगी मामले में नेपाल के ककरहवा नाका गांव पालिका थाना सीरिया जनपद दांग निवासी राज विश्वकर्मा को 14 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख 40 हजार अर्थदंड से दंडित किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने बताया कि जरवा कोतवाली पुलिस ने राज विश्वकर्मा के कब्जे से 7.967 किग्रा चरस बरामद कर मुकदमा दर्ज किया था।

एसआइ चंद्रभान पासवान मामले की विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। विशेष लोक अभियोजक धर्मेंद्र त्रिपाठी, मानीटरिंग सेल प्रभारी बृजानंद सिंह ने प्रभावी पैरवी कर आरोपित को सजा दिलाई।

---

# 169 अपराध पीड़िताओं को मिली 6.51 करोड़ रुपये की मदद

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। जघन्य अपराधों की शिकार महिलाओं और बालिकाओं को अब न्याय की राह में सहारा मिल रहा है। रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष से जिले में अब तक 173 प्रकरणों में मदद की स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें 169 पीड़िताओं के बैंक खातों में कुल 6 करोड़ 51 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भेजी गई है।

योजना का उद्देश्य उन महिलाओं और बच्चियों को संबल देना है, जो हत्या, दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध की शिकार हुई हैं। सरकार ने इन्हें केवल पीड़िता नहीं, बल्कि लड़ाकू मानकर उनकी हिम्मत को जीवित रखने के लिए आर्थिक क्षतिपूर्ति का प्रावधान किया है।

योजना में पीड़िता अथवा उसके आश्रितों को एक लाख से दस लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है। जिले की प्रगति रिपोर्ट बताती है कि नोडल पुलिस अधिकारी द्वारा पोर्टल पर कुल 363 प्रकरण अपलोड किए गए थे, जिनमें से 327 प्रकरण जिला संचालन समिति तक पहुंचे। समिति ने अब तक 173 प्रकरणों को मंजूरी दी है, वहीं 62 प्रकरणों का निस्तारण किया गया है।

## 73 प्रकरणों का नहीं हो सका निस्तारण

योजना में अभी 73 प्रकरणों की फाइलें लंबित हैं, जिन पर जल्द निर्णय होना है। 01 जुलाई 2025 को हुई जिला संचालन समिति की बैठक में 26 नए प्रकरणों पर चर्चा हुई। समिति ने इन प्रकरणों को निस्तारित कर आगे की कार्रवाई अनुमोदन के लिए भेज दी है।

योजना में वर्ष 2015 से जून 2024 तक जिले में कुल 148 प्रकरण स्वीकृत किए गए थे, जबकि अप्रैल 2025 से अब तक 25 नए प्रकरणों को स्वीकृति मिल चुकी है। इस योजना ने कई परिवारों को दुख की घड़ी में राहत दी है। जिन घरों की बेटियों ने असहनीय पीड़ा झेली, वहां यह आर्थिक सहयोग न सिर्फ जीवनयापन का सहारा बना, बल्कि न्याय की उम्मीद को भी जीवित रखने का काम कर रहा है।

## पीड़िताओं को मिलेगी मदद

यह योजना पीड़िताओं और उनके परिजनों को संबल देने का सशक्त माध्यम है। प्रशासन का प्रयास है कि कोई भी पात्र महिला या बच्ची इस सहायता से वंचित न रहे और समयबद्ध ढंग से उन्हें लाभ पहुंचाया जा सके। -**सुशील कुमार सिंह**, जिला प्रोबेशन अधिकारी

---

# इलाज में लापरवाही का आरोप, शिकायत

बलरामपुर। उतरौला स्थित शाहपुर इटई क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राम प्रताप वर्मा ने संयुक्त जिला चिकित्सालय में इलाज में लापरवाही की शिकायत की है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय के अधीन संचालित संयुक्त अस्पताल में उनके क्षेत्र की मरीज प्रियंका (15) भर्ती है। उसको खून की कमी थी और खून चढ़ाया जाना था। उसने अपने एक साथी के साथ ब्लड बैंक में ब्लड डोनेट किया। खून ले जाने के बाद इमरजेंसी में कोई खून चढ़ाने वाला नहीं था। घंटों इंतजार करने के बाद भी कोई नहीं आया।

चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही से मरीज की जान जोखिम में पड़ गई है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मरीज को दो यूनिट ब्लड चढ़ाया गया है। एक यूनिट ब्लड और चढ़ाया जाएगा। मरीज की हालत में सुधार है। (संवाद)

# चोरी का सामान बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** नगर क्षेत्र की पुलिस ने सोमवार को चोरी के दो मामलों का खुलासा करते हुए सामान बरामद किया है। चोरी के आरोपी नगर के मोहल्ला सराय फाटक घसियारा निवासी अनीस उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला भगवतीगंज गोंडा रोड निवासी ज्ञान प्रकाश गुप्त ने 21 अगस्त को 25 हजार रुपये व चांदी का सिक्का चोरी होने का केस दर्ज कराया था। मोहल्ला तुलसीपार्क निवासी आकाश श्रीवास्तव ने 31 अगस्त को 20 हजार रुपये व जेवर चोरी का केस दर्ज कराया। एसपी विकास कुमार के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक नगर सुधीर कुमार सिंह की टीम ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। (संवाद)

# घर से नकदी और जेवर चोरी

**बलरामपुर।** देहात क्षेत्र के ग्राम सोनपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार मौर्य के अनुसार रविवार रात करीब 11 बजे भोजन के बाद परिवार के लोग बरामदे में बैठकर बातचीत कर रहे थे। घर के सभी कमरों में ताला लगा हुआ था।

रात करीब एक बजे धर्मेंद्र मोबाइल चार्जर उठाने गए तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। उनके अनुसार वह कमरे के अंदर गए तो करीब 50 हजार रुपये और लाखों के जेवर गायब थे।

उनका कहना है कि किसी ने पीछे की तरफ से घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया है। वहीं घर के आंगन में दो काले कपड़े भी मिले हैं। यह बात गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक देहात गिरजेश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी अधिवक्ता गिरफ्तार

**बलरामपुर।** 11 माह से फरार दुष्कर्म के आरोपी अधिवक्ता सुधाकर मणि तिवारी निवासी मोहल्ला स्वाभिमानपुरम को रविवार शाम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अपने पैतृक गांव हरैया क्षेत्र के ग्राम विशुनपुर बढ़ईपुर सोनपुर भागने की फिराक में था, तभी माया होटल धुसाह के पास पकड़ लिया गया। देहात कोतवाली में एक वादकारी महिला ने नवंबर 2024 में दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद से आरोपी फरार था। (संवाद)

# बेटियों को किया जागरूक

**बलरामपुर।** देहात क्षेत्र के हरिहरगंज बाजार में युवतियों को सुरक्षा और कानून व्यवस्था के बारे में जागरूक करने के लिए सोमवार को अभियान चलाया गया। नारी सुरक्षा दल व महिला बीट की पुलिस टीम ने हरिहरगंज बाजार में जागरूकता अभियान चलाया। महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, यूपी 112 व 181 के साथ सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। उन्हें ऑपरेशन रक्षा, बचपन, नशामुक्ति व खोज और गुड व बैड टच के बारे में बताया गया। घरेलू हिंसा से बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई। (संवाद)

# कंप्यूटर सीखकर बेटियां बनेंगी आत्मनिर्भर

संवाद न्यूज एजेंसी

**जरवा।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की नौवीं वाहिनी ने सीमावर्ती गांव की बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल की है। सोमवार को नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती गांव मोहकमपुर में युवतियों के लिए 20 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक पल्टूराम ने किया।

उपकमांडेंट नैंसी सिंगला ने बताया कि इस प्रशिक्षण में ग्राम जरवा की 30 युवतियों को कंप्यूटर की मूलभूत शिक्षा दी जाएगी। उद्देश्य है कि सीमावर्ती इलाकों की बेटियां डिजिटल साक्षर बनकर रोजगार के नए अवसर तलाश सकें और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ें। एसएसबी की यह पहल नारी सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



मोहकमपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। स्रोत: एसएसबी

## एसएसबी ने 20 दिवसीय बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुरु किया संचालन

इस अवसर पर ग्राम प्रधान मोहकमपुर मो. शकील खान, मुख्य आरक्षी कस्टम जरवा शशांक सिंह, एएसपी तुलसीपुर बृजनंदन राय, जरवा के निरीक्षक राकेश पाल, एटीएस के विमल कुमार राणा, निरीक्षक राहुल रंजन, अनंता मेक, उप निरीक्षक रक्षा सोनी सहित बड़ी संख्या में जवान और ग्रामीण मौजूद रहे।

## नशे के दुष्परिणाम बताए

कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यशाला भी आयोजित की गई। इसमें युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। समाज को नशा मुक्त बनाने का आह्वान किया गया। विधायक पल्टूराम ने कहा कि एसएसबी का यह कदम सराहनीय है। डिजिटल शिक्षा आज की जरूरत है और इस तरह के प्रयास महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ ग्रामीण समाज के विकास में भी सहायक होंगे।

# भीखारी बन घर में घुसे, चाकू की नोंक पर लूटे आभूषण

**बलरामपुर, संवाददाता।** श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के गौर रमवापुर, जमुनहवा में सोमवार दोपहर भीख मांगने के बहाने दो महिलाओं ने घर में घुसकर किशोरी को बंधक बना लिया। उन्होंने चाकू की नोंक पर 15 वर्षीय पूनम को जान से मारने की धमकी देते हुए अलमारी में रखे लगभग ढाई लाख रुपये के आभूषण लेकर फरार हो गई।

कलावती पत्नी पारसनाथ ने बताया कि सोमवार दोपहर लगभक एक बजे उनकी बेटी पूनम घर में अकेली थी। घर के बाकी सदस्य काम से बाहर गए हुए थे। इसी बीच दो महिलाएं भीख मांगने के बहाने घर में दाखिल हुईं और उन्होंने मौका पाकर किशोरी का मुंह दबाकर चैनल गेट बंद कर दिया। इसके बाद पास में रखा चाकू उठाकर उसकी गर्दन पर रख दिया और अलमारी के लाकर में रखे आभूषण निकाल लिए। बताया कि महिलाओं ने बक्से की भी तलाशी ली, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। जेवर लेने के बाद दोनों पीछे के रास्ते से भाग निकलीं।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः–09–09–2025

हिन्दुस्तान हिन्दुस्तान

# बाइक सवार को घेरकर किया हमला

**बहराइच।** दवा लेने बाइक से जा रहे युवक को सोमवार दोपहर में घात लगाए हमलावरों ने लाठी डंडे, धारदार हथियार से घायल कर दिया। असलहे की नाल सटा गोली चलाए जाने पर मिस होने से जान बच गई। बचाने आए तीन परिजनों को भी हमलावरों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को थाने लाए जाने पर चिकित्सकों ने चिरैय्या टांड़ सीएचसी मेडिकल को भेजा है। हुजूरपुर थाने क्षेत्र निवासी निरंकार सिंह सोमवार दोपहर में लगभग 3:30 बजे बाइक से पटसिया चौराहे से दवा लाने को घर से निकले थे। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए हमलावरों ने उसे रोक लाठी डंडे, धारदार हथियार से हमला कर दिया।

# ग्राम प्रधान के भाई ने की छेड़छाड़, केस दर्ज

**बहराइच।** एक युवती को ग्राम प्रधान का भाई लंबे समय से आशा बहू पद पर नौकरी दिलाने का झांसा दे रहा था। रविवार रात वह युवती के कमरे में घुस कमरा बंद कर छेड़छाड़ करने लगा। युवती के शोर पर जब परिजन दौड़े तो जान माल की धमकी देकर फरार हो गया। रामगांव थाने क्षेत्र निवासनी एक युवती को लंबे समय से सलमान आशा बहू पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर घर में आ जा रहा था। पीड़िता के मुताबिक वह ग्राम पंचायत प्रधान का सगा भाई है। रविवार रात सलमान घर में घुस युवती के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर छेड़छाड़ करने लगा। युवती के शोर मचाने पर परिजन दौड़े और दरवाजा खोलने को कहा। हमलावर ने युवती के देवर से मारपीट कर जान माल की धमकी दे फरार हो गया।

हिन्दुस्त

# दिव्यांग के साथ कुकर्म का प्रयास, शांति भंग में जेल

**कार्रवाई**

- राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष पर मोतीपुर में लगाया आरोप
- एसडीएम कोर्ट पर पेश किए जाने पर जेल भेज दिया गया

**बहराइच, संवाददाता।** राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष पर एक महिला ने अपने दिव्यांग बेटे के साथ कुकर्म के प्रयास की तहरीर थाने में दी। पुलिस ने नामजद आरोपी पर केस दर्ज न कर शांति भंग में कार्रवाई कर एसडीएम कोर्ट पर पेश किया। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेजा गया है।

मोतीपुर थाने के एक गांव निवासी महिला ने आरोप लगाया है कि उसका 22 वर्षीय बेटा दिव्यांग है। जो 29 अगस्त की रात अपने घर के आगे चारपाई पर सोया हुआ था। उसी रात लगभग 3:30 बजे राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष ने उसके चलने फिरने से असमर्थ दिव्यांग बेटे के साथ कुकर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर उसकी जम कर बेरहमी से धुनाई कर डाली। शोर मचाने पर पीड़ित दिव्यांग का पिता व भाई घर से निकल बाहर पहुंचे। तो वह जान माल की धमकी देकर फरार हो गया।

छह सितम्बर को पीड़ित की मां की ओर से थाने में तहरीर पहुंचते ही हड़कंप मच गया। दरअसल आरोपी काफी रसूखदार व दबंग नेता है। उधर आरोपी के परिजनों का कहना है कि साजिशन दिव्यांग को मोहरा बनाकर षड्यंत्र के तहत फर्जी केस में फंसाने की पेशबंदी की गई है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज न कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई कर एसडीएम कोर्ट में पेश किए जाने पर जेल भेज दिया गया है।

थानाध्यक्ष आनंद कुमार चौरसिया ने बताया कि तहकीकात चल रही है। आरोपी पर शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

## पहली पत्नी के रहते युवक ने की दूसरी शादी

बाबागंज। पहली पत्नी के रहते युवक ने दूसरी शादी कर ली थी। जिस पर पहली पत्नी ने इसकी शिकायत थाने में की गई।

पुलिस ने इस मामले में पहली पत्नी व युवक की आपसी रजामंदी से उसे घर व भूमि में हिस्सेदारी पर समझौता करा दिया गया है। रूपईडीहा थाने के वीरपुर निवासनी सुनीता देवी पत्नी बच्छराज ने थाने में तहरीर दी थी कि उसके पति ने उसके रहते दूसरी युवती से शादी कर लिए हैं। पुलिस ने युवक व उसकी पहली पत्नी सुनीता के बीच आपसी सुलह कराई गई है। पीड़ित महिला को घर, भूमि में हिस्सा देने की बात तय हुई है।

## अतिक्रमणहटानेकेदौरानकांग्रेसजिलाध्यक्षसेझड़प

बहराइच। बहराइच कर्नेलगंज रोड स्थित रमवापुर चौराहे पर प्रशासनिक अमले की ओर से सोमवार को अतिक्रमण हटवाया जा रहा था। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गरीब कारोबारियों की ढावली आदि हटवाए जाने का विरोध किया। तो पुलिस कर्मियों ने एसएचओ ब्रहम गोंड को जानकारी दी। एसएचओ मौके पर पहुंचे। तो कांग्रेस जिलाध्यक्ष व एसएचओ से तीखी झड़प हुई। बाद में मामला शांत हो गया।

---

# मुनाफे का झांसा देकर कारोबारी से 37 लाख ठगे

**कार्रवाई**

**बहराइच, संवाददाता।** साइबर ठगों के जाल में फंस कर कारोबारी ने 37 लाख गवां दिए। शहर में एक फर्म चला रहे कारोबारी से साइबर ठगों ने निवेश पर अच्छे मुनाफे लालच दिया था। कारोबारी ने 37 लाख लगा दिए।

जब डेढ़ करोड़ के निवेश के लिये फिर दबाव डाला। तो पीड़ित को एहसास हुआ। ठगी के शिकार पीड़ित ने साइबर थाने में केस दर्ज कराया है।

देहात कोतवाली के रायपुर राजा निवासी सतीश तिवारी के मोबाइल पर जनवरी के पहले सप्ताह में काल कर साइबर ठगों ने जाल में फंसाया। ठगों ने हर हफ्ते अच्छे मुनाफे का लालच दिया तो सतीश ने अपनी फर्म में तैनात महिला कोआर्डिनेटर के पेन कार्ड आदि दस्तावेज भेज पहली किश्त में 20 हजार रुपये जमा कराये। फिर 8 फरवरी को अपना भी खाता खुलवा निवेश शुरू किया। यह खेल कई सितम्बर तक जारी रहा।

## लोक अदालत के वादों को निपटाएं

**बहराइच।** राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को सिविल कोर्ट सभागार में न्यायिक अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें न्यायिक अधिकारियों को जरूरी निर्देश व उनके सुझाव प्राप्त किए गए। जनपद न्यायधीश ने अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, लोक अदालत अरबिंद गौतम की मौजूदगी में आगामी 13 सितम्बर को होने वाली लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में वादों को चिह्नित कर उनके निस्तारण पर चर्चा किया।

हिन्दुस्तान

# एआरटीओ का छापा, 11 वाहन सीज



रुपईडीहा में सोमवार कोवाहनों के साथ एसडीएम सहित छापामार दल।

**रुपईडीहा, बहराइच**। सोमवार सुबह एआरटीओ, एआरएम, उप लाधिकारी नानपारा व एसएचओ रुपईडीहा ने एक साथ इंडो-नेपाल बार्डर पर छापामारी कर 10 छोटे वाहन व एक नेपाल-भारत मैत्री सेवा की बस को सीज कर दी।

उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी, एआरटीओ प्रवर्तन ओपी सिंह, एआरएम रुपईडीहा डिपो राम प्रकाश व प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बार्डर पर 10 छोटे वाहन व एक नेपाल-भारत मैत्री सेवा की बस सीज कर दी। एआरटीओ ओपी सिंह ने बताया कि छोटे वाहन बार्डर पर ही नेपाली सवारियों को पकड़ लेते थे। एक भी वाहन टैक्सी मे रजिस्टर्ड नहीं हैं। ये सिर्फ सवारियां ढोने का काम करती हैं। जिससे रोडवेज को भारी क्षति होती है। छोटे वाहनों पर ढाई लाख का जुर्माना लगाया गया है। नेपाल-भारत मैत्री सेवा में परमिट सत्र उलंघन, डीएल नहीं था, नम्बर प्लेट रिफ्लेक्टर आदि कमियां पाई गई। इसपर 46 हजार का जुर्माना लगाया गया।

हिन्दुस्तान

# कोतवाल के खिलाफ लेखपाल लामबंद

## धरना

**नानपारा, बहराइच।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पर कथित दुर्व्यहार का आरोप लगाकर तहसील नानपारा के लेखपालों ने हड़ताल शुरू कर दी और धरने पर बैठ गए। प्रांगण में काफी देर तक हंगामा रहा। आरोप लगाते हुए राजस्वकर्मियों ने कार्रवाई की मांग की। इस वजह से तहसील में आए वादकारियों को भी दुश्वारी झेलनी पड़ी।

लेखपाल संघ अध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव ने बताया कि चार सितंबर को कानूनगो श्याम सुंदर, लेखपाल अरुण कुमार, अमरेंद्र प्रताप राजस्वकार्य निपटाने शिवपुर जा रहे थे। इसी दौरान नगरपालिका के पास जाम लगा था जिसमे से मोटरसाइकिल निकालने के दौरान कोतवाल नानपारा ने डांट लगा दी। लेखपालों का आरोप है राजस्वकर्मी बताने पर अपशब्द भी कहे। संघ ने मांग की है थानाध्यक्ष कोतवाली नानपारा का तत्काल स्थानान्तरण कराया जाय। वरना कोई भी लेखपाल थाना समाधान दिवस में प्रतिभाग नहीं करेगा। प्रशासन द्वारा सार्वजनिक भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाये जाने के लिए टीम का गठन पुलिस बल के साथ किया जाता है तो कोई भी लेखपाल उक्त टीम के साथ अतिक्रमण हटवाने नहीं जायेगा। अनुज श्रीवास्तव, पंकज बाबू, विनोद कुमार, सत्यम, इंद्रजीत सहित अन्य मौजूद रहे।



सोमवार को तहसील में धरना देते लेखपाल।

# 26 एप बंद होने से समस्या **हालचाल लेकर** फोन काट दे रहे लोग

जासं • बहराइच/रुपईडीहा : नेपाल में वाट्सएप समेत 26 एप बंद होने पर भारतीयों को अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है। नेपाल में रह रहे लोगों का हालचाल लेने के लिए भारतीयों को 12 रुपये प्रति मिनट खर्च करना पड़ रहा है। अधिक दाम खर्च होने से अब लोग सिर्फ हालचाल लेकर फोन काट दे रहे हैं। वाट्सएप बंद होने से लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिले के पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में इस समय बवाल मचा है। यह बवाल नेपाल में नियमित सेवाएं में लगे 26 एप के बंद होने पर शुरू हुई है। नेपाल में इन एप के बंद होने पर युवाओं ने भारी विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। युवा संसद में भी घुस गए। इसके चलते सेना को गोली चलानी पड़ी। नेपाल में एप बंद होने से भारतीय क्षेत्र में रह रहे उनके रिश्तेदारों की धड़कनें भी बढ़ गई हैं। सभी वाट्सएप पर अपने लोगों से बात नहीं कर पा रहे हैं। आइएसडी काल का ही सहारा है। आइएसडी काल के लिए 12 रुपये प्रति मिनट खर्च करने से लोगों की जेब भी ढीली हो रही है।

**केस एक** शहर निवासी दीपिका साहू का नेपाल में मायका है। बताती हैं कि पहले वाट्सएप काल से आसानी से हालचाल मिल जाता है, लेकिन अब 12 रुपये प्रति मिनट खर्च करने पड़ रहे हैं।





रुपईडीहा में गश्त करते एसएसबी और पुलिस के जवान • जागरण

## काठमांडू में बवाल के बाद सीमा पर अलर्ट

संसू, जागरण • रुपईडीहा (बहराइच): नेपाल राष्ट्र के काठमांडू में हो रहे बवाल के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रुपईडीहा बार्डर पर गश्त और तेज कर दी गई है। एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम पगडंडियों पर गश्त कर निगरानी कर रहे है। नेपाल के काठमांडू में सोशल मीडिया पर बैन लगाने के बाद बवाल हो गया। इसको देखते हुए रुपईडीहा बार्डर पर गश्त तेज कर दिया गया है। आने-जाने वाले लोगों की सघन तलाश की जा रही है। सोमवार को एसएसबी टीम के साथ रुपईडीहा थानाध्यक्ष रमेश सिंह रावत ने गश्त की। थानाध्यक्ष ने बताया कि नेपाल में हो रहे क्रियाकलाप को देखते हुए सीमा पर अलर्ट है। निगरानी और तेज कर दी गई है।

**केस दो** रुपईडीहा निवासी नीरज बरनवाल व्यापारी हैं। उन्होंने बताया कि उनका कारोबार भी नेपाल से है। रिश्तेदारी भी है, लेकिन नेपाल सरकार के फैसले से काफी समस्याएं हो रही है। वाट्सएप पर सूचनाएं मिल जाती थी। अब काफी परेशानी हो रही है।



**केस तीन** दुर्गेश ने बताया कि नेपाल में कर्फ्यू के चलते सीमावर्ती बाजार रुपईडीहा में सन्नाटा है। इससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। नेपाल में युवा विरोध जता रहे हैं। इसके चलते व्यापारी नहीं आ रहे हैं। हम जल्द समाधान चाहते हैं।



**केस चार** चंडीगढ़ के पंचकुला निवासी दीपक खरैल की ससुराल नेपाल के दांग जिले के तुलसीपुर में है। पत्नी व परिवार के अन्य सदस्य वहीं है। प्रतिबंध के चलते दो दिन से बात नहीं हुई है। नेपाल में एक काल करने के प्रति मिनट 12 रुपये कट रहे हैं।



# पंचायत में हंगामा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष से अभद्रता, वीडियो प्रसारित



रानीपुर इलाके के रामपुरवा चौराहा पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह व पुलिस से होती झड़प • इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित फोटो

जासं • बहराइच : रानीपुर इलाके में आयोजित पंचायत में हंगामा हो गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष से अभद्रता की गई। जिलाध्यक्ष ने थानाध्यक्ष पर जूते से मारने व फर्जी मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया है। जिलाध्यक्ष ने दावा किया है कि धमकी देते हुए वीडियो है, जो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रानीपुर थाना के रमपुरवा चौराहे पर बीते आठ दिन पहले आनंद सिंह की दुकान को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया था। इस प्रकरण को लेकर सोमवार को रमपुरवा चौराहे पर पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत में सदर विधायक के पति अशोक जायसवाल समेत कई भाजपा नेता बुलाए गए थे। बैठक में

**कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने थानाध्यक्ष पर जूता मारने व फर्जी मुकदमे में फंसाने का लगाया आरोप**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष होने के नाते मुझे भी बुलाया गया था। उन्होंने बताया कि पंचायत के बीच रानीपुर थानाध्यक्ष ने मेरे साथ अभद्रता करते हुए गाली देने लगे और जूता मारने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जूता मारने की बात वीडियो में कैद है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में सदर विधायक के पति बीच-बराव करते नजर आ रहे है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रकरण की शिकायत एसपी व मुख्यमंत्री से की गई है। एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# चोरी की बिजली से चल रहा था मोबाइल टावर, पांच लाख रुपये का जुर्माना

## फखरपुर क्षेत्र के बुबकापुर का मामला, तीन लोगों पर मुकदमा

जासं • बहराइच : फखरपुर इलाके में चोरी की बिजली से संचालित हो रहे निजी कंपनी के मोबाइल टावर पर बिजली विभाग ने छापेमारी के दौरान चोरी पकड़ी। यहां कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। विभाग ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। विभाग की इस कार्रवाई से बिजली चोरी करने वाले लोगों में अफरातफरी मची है।

बिजली विभाग की ओर से जिले में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। कैसरगंज के अधिशासी अभियंता प्रबोध कुमार राजपूत ने बताया कि फखरपुर इलाके के बुबकापुर गांव में मुखबिर से सूचना मिली कि यहां पर स्थित एक निजी कंपनी के मोबाइल टावर को चोरी की बिजली से चलाया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ के नेतृत्व में जेई ललित कुमार व टीजी-2 ने दलबल के साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पाया गया कि डबल पोल से काले रंग के सिंगल कोर सर्विस केबल से डायरेक्ट कटिया डालकर करीब 6500 वाट की बिजली का प्रयोग किया जा रहा था।

एक्सईएन ने बताया कि यहां पर प्रवीण कुमार, अरुण त्रिपाठी व गिरिजेश मौर्य केयरटेकर के रूप में कार्य करते मिले। इन तीनों के खिलाफ विजिलेंस थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। चोरी पकड़े जाने पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

**केबल जोड़कर की जा रही थी चोरी** : कैसरगंज एक्सईएन ने बताया कि फखरपुर इलाके के अचौलिया गांव में चेकिंग के दौरान सुरेंद्र सिंह के घर में चोरी पकड़ी गई। यहां पोल से आ रही सर्विस केबल से डायरेक्ट कटिया लगाकर बिजली चोरी की जा रही थी। यहां पर करीब 2040 वाट बिजली प्रयोग की जा रही थी। इनके खिलाफ विजिलेंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।



जमुनहा के प्रतापपुर गांव में फुंके ट्रांसफार्मर के पास बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते ग्रामीण • जागरण

## ट्रांसफार्मर फुंका, 20 दिन से अंधेरे में दो हजार आबादी

**जमुनहा के प्रतापपुर में ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ की नारेबाजी, बिजली आपूर्ति बहाल कराने की उठाई मांग**

संसू, जागरण • कानीबोझी (श्रावस्ती) : जमुनहा के ग्राम पंचायत कानीबोझी के प्रतापपुर गांव में 20 दिन से ट्रांसफार्मर फुंका है। इससे लगभग दो हजार की आबादी अंधेरे में गुजर-बसर करने को विवश है। सोमवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने फुंके ट्रांसफार्मर के पास खड़े होकर बिजली विभाग के विरुद्ध नारेबाजी की। विभाग के उच्चाधिकारियों से ट्रांसफार्मर बदलवाकर आपूर्ति बहाल कराने की मांग की। ग्रामीण मुहम्मद यासीन ने बताया कि बिजली आपूर्ति ठप होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग भीषण गर्मी में व्याकुल हैं। बाबूराम ने बताया कि बिजली न होने से शाम होते ही गांव में अंधेरा पसर जाता है। इससे चोर-उचक्कों व जंगली जानवरों का डर बना रहता है। आशाराम ने बताया कि बरसात के मौसम में जहरीले जंतुओं के साथ मच्छरों के प्रकोप से ग्रामीण परेशान हैं। राज कुमार, अनीता, रामसरन, राममनोहर, बहोरी, मेराजुल ने बताया कि गांव में 20 दिन से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। इससे बिजली आपूर्ति ठप है। मोबाइल चार्ज करने के लिए भी दूसरे गांवों में जाना पड़ता है। समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़े स्तर पर आंदोलन होगा।

# प्रभारी निरीक्षक की अभद्रता पर हड़ताल पर राजस्वकर्मी



तहसील नानपारा में धरना प्रदर्शन करते राजस्वकर्मी • जागरण

संसू, जागरण • नानपाराः तहसीलदार के निर्देश पर शिवपुर के पिपरिया गांव में चकमार्ग की नपाई करने जा रहे राजस्व कर्मियों ने कोतवाल पर अभद्र व्यवहार व अपशब्द कहे जाने का आरोप लगाया है।

लेखपाल संघ अध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्व निरीक्षक श्याम सुंदर, लेखपाल अमरेंद्र कुमार, अरुण कुमार के साथ शिवपुर के पिपरिया गांव जा रहे थे। इसी दौरान कोतवाली नानपारा के पास जाम लग गया। जाम से वाहन निकालने के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने अभद्र टिप्पणी की। आरोप है कि राजस्व कर्मचारी बताने पर भी अपशब्द कहा, जिससे नाराज तहसील के राजस्व निरीक्षक संघ, लेखपाल संघ, अमीन संघ सहित संग्रह अनुसेवकों ने सोमवार को हड़ताल कर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसान व वादकारी खसरा के लिए परेशान दिखाई दिए। संघ ने मांग किया कि कोतवाल के स्थानांतरण न होने तक लेखपाल थाना दिवस में प्रतिभाग नहीं करेंगे और न ही अतिक्रमण हटाने पुलिस टीम के साथ जाएंगे।

# सीमा पर 10 डग्गामार वाहन सीज, ढाई लाख का जुर्माना

संसू, जागरण • नानापारा/रुपईडीहा (बहराइच) : जिले में संचालित हो रहे अवैध डग्गामार वाहनों के खिलाफ सोमवार को नानपारा एसडीएम व एआरटीओ ने संयुक्त अभियान चलाया। अभियान में 10 डग्गामार वाहनों को सीज किया गया और ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी व एआरटीओ ओपी सिंह ने बताया कि यह छोटे वाहन बार्डर पर ही नेपाली सवारियों को अवैध तरीके से बैठाते थे। एक भी वाहन टैक्सी में रजिस्टर्ड नही हैं। यह सिर्फ सवारियां को ढोने का काम करते हैं, जिससे रोडवेज को भारी क्षति होती है। छोटे वाहनों पर ढाई लाख का जुर्माना लगाया गया है। नेपाल-भारत मैत्री सेवा में परमिट सत्र उल्लंघन, डीएल न होने, नंबर प्लेट, रिफ्लेक्टर आदि कमियां पाई गई। इस पर 46 हजार का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, नानपारा इलाके में भी चेकिंग अभियान चलाया गया। इस मौके पर राम प्रसाद एआरएम, रमेश सिंह रावत थानाध्यक्ष रुपईडीहा, उपनिरीक्षक जितेश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# गोशाला के बाहर मिले मवेशी के अवशेष, वीडियो प्रसारित

संसू, जागरण • विशेश्वरगंज/पुरैनाबाजार(बहराइच) : विकास खंड विशेश्वरगंज के ग्राम गेंधरिया की गोशाला के बाहर मवेशी के अवशेष मिले। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। इसे देखकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। मामला प्रशासन तक पहुंचा तो जिलाधिकारी ने जांच के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा.राजेश उपाध्याय ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। ग्राम विकास अधिकारी महेश प्रताप सिंह ने बताया कि गोशाला में एक मवेशी की मौत हुई थी, जिसे गड्ढे में दफनाया गया था। किसी जानवर ने गड्ढा खोद दिया, जिससे अस्थियां बाहर आ गईं। बाद में अस्थियों को मिट्टी से ढकवा दिया गया। ग्राम प्रधान, पशु चिकित्सक आनंद पांडेय, गोली पांडेय, चेतराम पुजारी, विजय आदि मौजूद रहे।

# किशोरी के अपहरण का आरोप

विशेश्वरगंज : एक गांव निवासी किशोरी को भगा ले जाने का आरोप एक व्यक्ति ने लगाया है। पीड़ित की तहरीर पुलिस ने पयागपुर इलाके के अभिषेक पांडेय के खिलाफ केस दर्ज किया है। एसओ ज्ञान सिंह ने बताया कि किशोरी की बरामदगी और आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। (संसू)

# तस्कर को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**बहराइच।** कटरा बाजार जनपद गोंडा निवासी एक व्यक्ति को चरस की तस्करी के आरोप में सोमवार को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। अर्थदंड अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

**अदालत से**

जगदीशपुर चौराहे पर 28 अक्तूबर 2020 को थाना हुजूरपुर की पुलिस गश्त कर रही थी। उसी दौरान संदिग्ध अवस्था में जा रहे एक व्यक्ति की जांच की गई, तो उसके पास से एक किलो सौ ग्राम चरस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम जिला गोंडा के पहलीपुरवा कटराबाजार निवासी बाबू पासवान बताया।

थाने की पुलिस ने चरस सीज करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया था। सोमवार को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने मुकदमे में सुनवाई करते हुए अभियुक्त को सजा सुनाई। (संवाद)

# लखनऊ से जुड़े हैं संरक्षित पशुओं की हत्या करने वालों के तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जिले में संरक्षित पशुओं की हत्या में शामिल चार आरोपियों को दरगाह शरीफ पुलिस ने सोमवार को आसाम रोड पर टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में तीन बहराइच के और एक लखनऊ का रहने वाला है। पुलिस ने इनके पास से एक पिकअप, धारदार हथियार और रस्सियां बरामद की हैं।

दरगाह थाने के प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अब्दुल कादिर और मसूद रजा, दोनों निवासी सासापारा थाना दरगाह शरीफ, बहराइच के रहने वाले हैं। इनके साथ ही चांदपुरा थाना कोतवाली नगर बहराइच का निहाल अहमद भी पकड़ा गया, जबकि चौथा आरोपी शादिक अहमद लखनऊ की आशियाना कॉलोनी, रायबरेली रोड का निवासी है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शादिक कुछ दिनों से ननिहाल में रह कर संरक्षित पशुओं की हत्या के मामलों में संलिप्त था। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान सांसरपारा में दो दिन पूर्व हुए संरक्षित पशुओं की हत्या में भी इन सभी का हाथ होने का पता चला है, साथ ही लखनऊ से भी तार जुड़े होने की आशंका भी जताई जा रही है।

## लखनऊ की आशियाना निवासी है एक आरोपी, चार गिरफ्तार

■ **ग्रामीणों ने मौके पर दो दिन पहले देखी थी पिकअप :** सांसरपारा गांव के लोगों ने दो दिन पहले क्षेत्र में संरक्षित पशुओं के वध की सूचना पुलिस को दी थी। ग्रामीणों ने मौके पर पिकअप को देखा था और उसका नंबर दरगाह पुलिस को उपलब्ध कराया था। हालांकि, उस समय आरोपी मौके से भाग गए थे।

पकड़े गए लोगों के कब्जे से पिकअप, चापड़, तीन छुरा, रेती और तीन रस्सियां बरामद हुई हैं। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी पकड़ी गई सामग्री से संरक्षित पशुओं के वध की तैयारी कर रहे थे।

पकड़े गए आरोपियों पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, गोवध निवारण अधिनियम और आयुध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर न्यायालय भेजा, वहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

# आशा बहू की नौकरी का झांसा दे छेड़छाड़, केस

**बहराइच।** रामगांव क्षेत्र की एक महिला को आशा बहू की नौकरी दिलाने का झांसा देकर ग्राम प्रधान के सगे भाई ने घर में घुसकर छेड़छाड़ की। महिला के विरोध करने और देवर के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला ने रामगांव पुलिस को तहरीर देकर कहा कि शनिवार रात ग्राम प्रधान का भाई सलमान उसके घर आया और कहा कि आशा बहू के पद पर उसका चयन हो गया है, उसे अगले दिन प्रशिक्षण में जाना है। रात करीब नौ बजे आरोपी ने घर का दरवाजा बंद कर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी।

विरोध करते हुए शोर मचाने पर उसका देवर मौके पर पहुंचा, तो आरोपी ने उससे मारपीट की और घर से भागते समय जान से मारने की धमकी भी दी।

थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने बताया कि महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। (संवाद)

# नेपाल में प्रदर्शन, सीमा पर निगरानी सख्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**रुपईडीहा।** नेपाल में सोशल मीडिया पर पाबंदी के खिलाफ बढ़ते विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी तेज कर दी गई है। किसी भी असामाजिक गतिविधि या अवांछित प्रवेश को रोकने के लिए सोमवार को रुपईडीहा थाना पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त की।

इस दौरान जवानों ने सीमा पर स्थित पगडंडियों, नाकों और आवागमन के संवेदनशील बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया। सुरक्षा बलों का कहना है कि किसी भी हालत में अशांति का असर भारतीय सीमा पर नहीं पड़ने दिया जाएगा।

रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि सीमा पार से संभावित अशांति को देखते हुए पूरी चौकसी बरती जा रही है। सुरक्षा बलों की गश्त बढ़ा दी गई है और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## गुमटी हटवाने के विरोध में प्रदर्शन

**बहराइच।** रमपुरवा चौराहे पर कुछ दिन पूर्व पुलिस ने 24 गुमटियों को अतिक्रमण के चलते हटवा दिया था। इसको लेकर सोमवार को कांग्रेस ने घटनास्थल पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह के साथ ही अन्य लोग एकत्र हुए। उनका आरोप था कि गरीबों को पुलिस रोजगार नहीं करने दे रही है। इस दौरान प्रदर्शन करने वालों के साथ पुलिस ने धक्का-मुक्की भी की। इस पर जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि हम लोग गरीबों के समर्थन में न्याय की मांग कर रहे थे, लेकिन एसओ रानीपुर द्वारा वहां मौजूद लोगों के साथ गलत व्यवहार किया गया। वहीं एसएचओ का कहना है कि किसी के साथ कोई भी दुर्व्यवहार नहीं किया गया है, केवल उन्हें उग्र प्रदर्शन करने से रोका गया है। (संवाद)

# गोशाला में गोवंश के बिखरे मिले अवशेष, प्रशासन ने की जांच, दिए निर्देश

**बहराइच।** ग्राम गिंधारिया की गोशाला में मृत गोवंश के अवशेष इधर-उधर पड़े होने की सूचना मिली थी, इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेकर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को मामले की जांच के निर्देश दिए। ग्राम विकास अधिकारी महेश प्रताप सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंचकर टीम ने जांच की तो पता चला कि गोशाला की कुछ मृत गायों को गड्ढे में दफनाया गया था, लेकिन जंगली जानवरों ने गड्ढा खोद दिया जिससे अवशेष बाहर आ गए। जांच के बाद टीम ने अवशेषों को मिट्टी से ढकवा दिया। जांच टीम ने गोशाला प्रबंधन को हिदायत दी कि भविष्य में मृत पशुओं को सुरक्षित तरीके से दफनाया जाए। जांच के दौरान ग्राम प्रधान, पशु चिकित्सा कर्मी आनंद पांडेय, गोली पांडेय, चेतराम पुजारी, विजय कुमार, कोटेदार और कई ग्रामीण मौजूद रहे। (संवाद)

# दिव्यांग युवक से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**बहराइच।** राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार वर्मा पर दिव्यांग युवक के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगा है। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को शांति भंग में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। एसडीएम कोर्ट से आरोपी को जेल भेज दिया गया। मोतीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसका 22 वर्षीय बेटा दिव्यांग है। 29 अगस्त की रात वह घर के बाहर चारपाई पर सोया हुआ था। आरोप है कि भोर में हेमंत वहां पहुंचा और युवक के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर उसने दिव्यांग को बेरहमी से पीटा। शोरगुल सुनकर युवक का पिता और भाई बाहर निकले तो आरोपी धमकी देकर मौके से भाग गया। महिला ने इस संबंध में 6 सितंबर को मोतीपुर थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक आनंद चौरसिया ने बताया कि आरोपी का चालान न्यायालय किया गया, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। (संवाद)

हिन्दुस्त

# चरस तस्कर को 10 साल सश्रम कारावास की सजा

- एक लाख रुपये का जुर्माना, अदा न करने पर एक साल काटेंगे जेल
- वर्ष 2020 में हुजूरपुर थाने में पुलिस ने दर्ज किया था मुकदमा

**बहराइच, संवाददाता।** न्यायालय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने अवैध चरस मामले में सोमवार को अपराधी को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। पांच साल से यह मामला कोर्ट में चल रहा था।

हुजूरपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर चौराहे के पास पुलिस ने गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा था। तलाशी के दौरान इसके पास से एक किलो 100 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई थी। इस मामले में पुलिस ने गोंडा जिले के पहलीपुरवा कटरा बाजार निवासी बाबू पासवान पुत्र बहादुर पासवान पर साल 2020 में मुकदमा दर्ज किया था। मामला न्यायालय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश के यहां चल रहा था। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद अभियुक्त को 10 साल की सजा के साथ एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

SHRAWASTI POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांकः–09–09–2025

# 'श्रावस्ती में पर्यटन की अपार संभावनाएं'

संसू, जागरण • इकौना(श्रावस्ती) : इकौना स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में पर्यटन सर्वेक्षण की रूपरेखा तय करने के लिए सोमवार को बैठक हुई। पर्यटन व स्थानीय उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने से प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य प्राप्ति में योगदान की संभावनाओं पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डा. पुनीत कनौजिया ने कहा कि श्रावस्ती में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

प्रोफेसर ने थारू समुदाय की ओर से बनाए गए वस्तुओं की बिक्री से संबंधित समाज के आर्थिक उन्नयन के साथ व्यापार की बढ़ोत्तरी की संभावनाओं पर विस्तार से अपनी बात रखी। पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार विविध पर्यटन योजनाएं संचालित कर रही है।

इन प्रयासों से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के साथ स्थानीय उत्पादों की बिक्री भी बढ़ेगी। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। निवेश यूपी के प्रतिनिधि साकेत रंजन ने एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में सर्वेक्षण की उपयोगिता बताई।

डायट प्रवक्ता डा. अमित कुमार पाठक, गिरीश प्रसाद मिश्रा, दिव्य प्रताप, रवि प्रताप सिंह, इमरान अहमद मौजूद रहे।

# अपराधियों को सजा दिलाने को हुई बैठक

**श्रावस्ती** ।एएसपी मुकेश चन्द्र उत्तम की अध्यक्षता में सोमवार को जिले के चिन्हित टाप-10 अपराधियों को ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाने के लिए पुलिस कार्यालय सभागार में बैठक हुई। बैठक में अभियोगों की प्रभावी पैरवी कर ज्यादा से ज्यादा मामलों में सजा दिलवाने, जमानत खारिज करवाने, न्यायालय में वादों की मॉनीटरिंग करने, दोषमुक्त वादों में अपीलों की मॉनीटरिंग करने आदि पर चर्चा की गई। ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी ने कहा कि विवेचक की कोई भी समस्या हो तो अभियोजन अधिकारी से विधिक राय ले सकते हैं।

# यातायात पुलिस ने किया जागरूक

**श्रावस्ती**। नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के तहत सोमवार को यातायात पुलिस ने लोगों को जागरूकता किया। प्रभारी यातायात की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में स्थित पेट्रोल पम्प संचालकों से मुलाकात कर बिना हेलमेट पेट्रोल न देने की हिदायद दी। साथ ही लोगों को जागरूक किया। लोगों को हेलमेट लगाने के फायदे बताए। कहा कि सड़क दुर्घटना होने पर यदि बाइक सवार ने हेलमेट पहन रखा है तो सिर में चोट लगने की संभावना नहीं रहती। इससे उसके जीवन को बड़ा नुकसान नहीं होता। लोगों को यातायात नियमों का पालन करने, नशे में वाहन न चलाने आदि के लिए जागरूक किया।

# दिन-रात नशा करते हो डरते नहीं हो तुम...

संसू, जागरण • हरिहरपुररानी (श्रावस्ती) : इकौना के सीताद्वार मंदिर स्थित लवकुश पार्क में सोमवार को काव्य गोष्ठी हुई। कवि आरके पांडेय राही ने दिन-रात नशा करते हो डरते नहीं हो तुम, कहते हैं तुमसे लोग पिघलते नहीं हो तुम, क्यूं अपनी जिंदगी को तू बर्बाद कर रहा, राही जिंदा हो समाज में चलते नहीं हो तुम पढ़कर लोगों से नशा से दूर रहने की अपील की।

कवि श्रवण कुमार सायक ने बादलों की तान सुनकर मेढकों को राग आया, छटपटाती मछलियों ने जाल में जब कैद पाया रचना पढ़ी। शुभम पांडेय ने तुम्हारी चाह तो फिर चूम लूं चंचल हवाएं, है तिमिर जीवन हमारा, ढूढ़ लूं अपनी दिशाएं पढ़कर खूब गुदगुदाया। अनुपम पाठक ने गीत सूखती भावों की सरिता शून्य होती कल्पनाएं, गीत हम कैसे बनाएं प्रस्तुत की। सुरेश सैनिक ने मतांतरण के मास्टर माइंड छांगुर पर रचना पढ़ी- वर्तमान जा रहा है छांगुरी छलो से छला, सीखे न स्वयं तो पीढ़ियों को क्या सिखाओगे। संचालन नीरज नालायक ने किया। महेंद्र मिश्र, उमाशंकर तिवारी, प्रदीप रस्तोगी, अजय वर्मा, सियाराम यादव, सूर्यकुमार श्रीवास्तव आदि ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

## अतिक्रमण से परेशानी

श्रावस्ती : भिनगा के पुरानी बाजार में सड़क की दोनों पटरियों पर अतिक्रमण से लोग परेशान हैं। अभियान न चलने से लोगों के हौसले बुलंद हैं। (संसू)

# यूरिया वितरण में गड़बड़ी पर भड़के किसान, बौद्ध परिपथ पर लगाया जाम

संसू, जागरण • श्रावस्ती : इकौना के कंजड़वा इफ्को केंद्र पर सोमवार को यूरिया वितरण के लिए टोकन बांटने में गड़बड़ी की आशंका पर किसान भड़क गए। नाराज किसानों ने बौद्ध परिपथ पर जाम लगा दिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश पांडेय ने किसानों को समझा कर जाम हटवाया। लगभग 20 मिनट तक आवागमन प्रभावित रहा।



यूरिया वितरण में गड़बड़ी को लेकर बौद्ध परिपथ पर जाम किए किसान • जागरण

यूरिया वितरण की सूचना पर सैकड़ों किसान भोर होते ही कंजड़वा स्थित इफ्को केंद्र पहुंच गए। केंद्र संचालक ने किसानों को सुबह ही टोकन बांट दिया, लेकिन यूरिया नहीं बांटी। अनियमितता की आशंका पर किसान भड़क गए और इकौना बाईपास पर बौद्ध परिपथ जाम कर दिया। मार्ग के दोनों ओर के वाहन जाम में फंस गए।

# कंबोडिया मंदिर में की पूजा-अर्चना



श्रावस्ती के कंबोडिया मंदिर में पूजा करते अनुयायी। -संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**श्रावस्ती।** बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती सोमवार को मैनपुरी से आए अनुयायियों के 40 सदस्यीय दल से गुलजार रही। सभी अनुयायियों ने कंबोडिया मंदिर में रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना की। इस दौरान शिक्षक अशोक कुमार शाक्य ने सभी को भगवान बुद्ध के आदर्शों की जानकारी दी।

अनुयायियों को संबोधित करते हुए अशोक कुमार शाक्य ने कहा कि भगवान बुद्ध की पूजा करने से मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि की प्राप्ति होती है। साथ ही पिछले कर्मों का प्रायश्चित करने, बुराई को दूर भगाने, ज्ञान और सम्मान प्राप्त करने में भी मदद मिलती है।

बताया कि बुद्ध की प्रतिमा घर में सकारात्मक ऊर्जा लाती है, जो शांति और सौभाग्य का प्रतीक है। भगवान बुद्ध निर्वाण और सही मार्ग की ओर ले जाते हैं। सभी अनुयायियों ने जेतवन परिसर का भ्रमण कर इतिहास की जानकारी ली।

इसके बाद सभी ने गंध कुटी, कौशांबी कुटी, शिवली स्तूप, सभा मंडप, बोधि वृक्ष, राहुल कुटी, संघमित्रा कुटी, संघाराम बुद्ध विहार, कच्ची कुटी-पक्की कुटी आदि के बारे में भी जाना। अनुयायियों के दल में डॉ. छोठो लाल, रूपलाल शाक्य, मनोज शाक्य, राम सिंह शाक्य, राज किशोर, रंजीत शाक्य व राहुल शाक्य आदि शामिल रहे।

# खाना बनाते समय सिलिंडर में विस्फोट, लाखों का सामान जला

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**वीरपुर।** इकौना कस्बा स्थित एक घर में सोमवार सुबह खाना बनाते समय गैस सिलिंडर में विस्फोट हो गया। विस्फोट से घर का छज्जा ढह गया व लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि परिजन हताहत नहीं हुए।

इकौना-भिनगा मार्ग स्थित साईं मंदिर के पास रहने वाले अशोक कुमार गुप्ता सोमवार सुबह अपनी किराने की दुकान गए थे। घर में महिलाएं खाना बना रही थीं। खाना बनाते समय अचानक सिलिंडर में आग लग गई। इस पर महिलाएं शोर मचाते हुए घर के बाहर भागीं। शोर सुन स्थानीय लोग इकट्ठा हुए, सभी सिलिंडर बुझाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उसमें विस्फोट हो गया।

ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी और आग बुझाना शुरू किया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर दमकल के आने से पहले ही आग पर काबू पा लिया।



**घर में बिखरा पड़ा सामान।** - संवाद

पीड़ित अशोक कुमार ने बताया कि आग से रेफ्रिजरेटर, खाद्य सामग्री, बर्तन समेत लाखों का सामान जल गया है। इकौना थाना प्रभारी अखिलेश पांडेय ने बताया कि टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे, तब तक आग पर काबू पा लिया गया था। कोई भी हताहत नहीं हुआ है।

# लाइनमैन की मौत के मामले में चार पर केस

**श्रावस्ती/तुलसीपुर।** ग्राम पंचायत हरदत्त नगर गिरंट के मजरा काशीपुरवा निवासी लाइनमैन विनोद कुमार की मौत के मामले में पुलिस ने विद्युत कर्मी सहित चार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताते चलें कि विद्युत उल्लहवा उपकेंद्र में तैनात विनोद कुमार 29 जुलाई की शाम बलिदानपुरवा निवासी अवधेश, जितेन्द्र व रमेश के कहने पर लाइन ठीक करने गए थे।

**29 जुलाई को लाइन जोड़ते समय हुआ था हादसा**

**शटडाउन के बावजूद चालू हो गई थी बिजली आपूर्ति**

विनोद की पत्नी सोनी का आरोप है कि विनोद ने विद्युत उपकेंद्र उल्लहवा में तैनात कर्मी अखिलेश पांडेय को फोन कर शटडाउन लिया था। बावजूद इसके लाइन सही करने के दौरान ही आपूर्ति बहाल कर दी गई। इससे विनोद गंभीर रूप से झुलस गए और लखनऊ में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

हरदत्त नगर गिरंट थाना प्रभारी महिमानाथ उपाध्याय ने बताया कि विनोद की पत्नी सोनी की तहरीर पर अवधेश कुमार, जितेंद्र कुमार, रमेश व अखिलेश पांडेय पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (संवाद)